CMYK

सूर्योदय : 6:52
सूर्यास्त : 5:47
अधिकतम तापमान : 24.0
न्यूनतम : 12.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-219 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 31 जनवरी 2025
01 शाबान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# बजट सत्र में आएगा वक्फ बिल

## सत्र से पहले राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक

- वक्फ पर जेपीसी ने स्पीकर को सौंपी रिपोर्ट
- एक फरवरी को पेश किया जाएगा बजट



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को संसद के बजट सत्र से पहले सभी राजनीतिक दलों के नेताओं की बैठक बुलाई। सत्र शुक्रवार को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ शुरू होगा। केंद्रीय बजट 1 फरवरी को पेश किया जाएगा। सत्र का पहला चरण 13 फरवरी को समाप्त होगा और दूसरा चरण 10 मार्च से जारी रहेगा। सत्र 4 अप्रैल को समाप्त होगा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में सरकार के विधायी एजेंडे के बारे में जानकारी दी गई। वहीं, विपक्ष से उन मुद्दों के बारे में जानकारी ली गई, जो वे संसद में सत्र के दौरान उठाने वाले हैं। बैठक में भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, कांग्रेस के गौरव गोगोई और जयराम रमेश, द्रमुक के टीआर बालू, सुदीप बंद्योपाध्याय और टीएमसी के डेरेक ओ ब्रायन सहित कई नेता भाग ले रहे हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू भी मौजूद थे। बता दें कि वक्फ कानूनों में संशोधनों से संबंधित विधेयक पर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट को 11 मतों की तुलना में 15 मतों के बहुमत से स्वीकार कर लिया गया। माना जा रहा है कि जेपीसी लोकसभा सचिवालय को गुरुवार को अपनी रिपोर्ट सौंप दी और आगामी बजट सत्र में इसे दोनों सदनों में पेश किया जाएगा। मानसून सत्र के दौरान पेश किए जाने के समय से ही विपक्ष वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध करता रहा है। जेपीसी की बैठक के दौरान भी यह देखने को मिला। आशंका जताई जा रही है कि बजट सत्र के दौरान विपक्ष वक्फ संशोधन विधेयक का मुद्दा उठाएगी। सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों ने महाकुंभ मेले में अव्यवस्था और वीआईपी संस्कृति पर आपत्ति जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आम जनता की अनदेखी कर केवल वीआईपी लोगों को विशेष सुविधाएं दे रही है।

### हंगामे के आसार

संसद का बजट सत्र शुक्रवार से शुरू हो रहा है, लेकिन इसकी शुरुआत हंगामेदार हो सकती है। विपक्षी दल प्रयागराज में महाकुंभ मेले में हुई भगदड़, जिसमें 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी, को लेकर सरकार पर निशाना साधने की तैयारी में हैं। विपक्षी दलों ने सरकार पर संसदीय समितियों का राजनीतिकरण करने और अपने बहुमत का इस्तेमाल कर जबरन अपना एजेंडा लागू करने का आरोप लगाया। बजट सत्र का पहला भाग 31 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा, जिसके बाद बजट प्रस्तावों की समीक्षा के लिए अवकाश होगा। वहीं बजट सत्र का दूसरा भाग 10 मार्च से 4 अप्रैल तक चलेगा।

## राहुल गांधी ने अरविंद केजरीवाल से पूछा सवाल

# यमुना में डुबकी कब लगाएंगे केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर यमुना के पानी पर जंग तेज हो गयी है। गुरुवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने यमुना नदी के प्रदूषण को लेकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला। राहुल गांधी ने गुरुवार को एक वीडियो जारी कर नदी में प्रदूषण के मुद्दे को उठाया और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल को इसमें डुबकी लगाने की चुनौती दी।



उन्होंने कहा कि यमुना की भयावह स्थिति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केजरीवाल की सरकारों की लापरवाही और भ्रष्टाचार के संगम का नतीजा है। राहुल गांधी ने अपने यूट्यूब चैनल पर नदी के किनारे की अपनी यात्रा साझा की, जिसमें उन्होंने बताया कि यमुना का पानी कितना प्रदूषित है। राहुल गांधी ने कहा किअगर आप मेरी तरह दिल्ली के निवासी हैं, तो आपको यमुना जी की दुर्दशा देखकर बहुत दुख होता होगा। कल सुबह मैं यमुना जी के तट पर पहुंचा और स्थानीय निवासियों, नाविकों और यमुना की स्थिति के बारे में चिंतित कार्यकर्ताओं से चर्चा की।

### न्यूज डायरी

#### महाकुंभ में टेंट में लगी आग

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेले में गुरुवार सुबह 15 टेंट में आग लग गई, अधिकारियों ने बताया। चटनाग घाट के पास लगे टेंट में लगी आग में अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। समाचार एजेंसी एएनआई ने अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी के हवाले से बताया कि हालांकि टेंट तक पहुंचने में दमकल की गाड़ियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा क्योंकि वहां पहुंचने के लिए कोई रास्ता नहीं था, लेकिन वे समय रहते आग बुझाने में सफल रहे और किसी के हताहत होने या घायल होने की खबर नहीं है।

#### चुनाव आयोग की पड़ी रेड

**नई दिल्ली।** पांच फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले राजधानी में राजनीति पूरे चरम पर है। आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के दिल्ली स्थित घर पर गुरुवार को चुनाव आयोग ने छापा मारा। आयोग की टीम कपूरथला हाउस तलाशी लेने पहुंची है। वहीं, आप के आरोप पर चुनाव आयोग ने कहा कि हमने कोई छापा नहीं मारा। आयोग एजेंसियों के काम में हस्तक्षेप नहीं करता है। इस कार्रवाई पर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने ट्विटर पर लिखा, दिल्ली पुलिस भगवंत मान के दिल्ली के घर पर रेड करने पहुंची है।

#### भगदड़ की जांच करने पहुंचे मुख्य सचिव और डीजीपी

**महाकुंभ नगर।** मौनी अमावस्या पर संगम नोज पर हुई भगदड़ की जांच करने के लिए मुख्य सचिव मनोज कुमार और डीजीपी प्रशांत कुमार घटनास्थल पर पहुंचे हैं। उनके साथ बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद है। दोनों अधिकारियों ने संगम तट पर पहुंचकर भगदड़ वाले स्थान का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों से घटना की जानकारी ली। मौनी अमावस्या पर अनियंत्रित भीड़ के दबाव से बैरिकेडिंग टूट जाने के बाद संगम नोज पर रात्रि एक से दो बजे के बीच भगदड़ मच गई। इसमें दम घुटने से 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और जबकि 60 लोग घायल हो गए। घायलों को इन्हें मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जिसमें 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। महाकुंभ स्नान पर्व पर भीड़ का दबाव बढ़ने पर बैरिकेंडिंग टूट गई थी। इसके बाद लोग तेजी से आगे बढ़ने लगे, इस दौरान ब्रह्म मुर्हुत पर स्नान करने के इंतजार में बैठे श्रद्धालुओं के ऊपर से भीड़ का रेला गुजर गया। इसमें 90 घायल श्रद्धालुओं को एंबलुंस से मेडिकल कालेज ले जाया गया। इसमें 30 की इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

# अमृत और प्रमुख स्नानों पर वीआईपी मूवमेंट होगा प्रतिबंधित : मुख्यमंत्री

**नहीं रहेगा कोई प्रोटोकॉल**



**लखनऊ।** महाकुम्भ-2025 में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ-साथ वीआईपी और वीवीआईपी भी त्रिवेणी संगम में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित करने आ रहे हैं। हालांकि, अमृत स्नान और प्रमुख स्नान पर्वों पर इस तरह के प्रोटोकॉल पर योगी सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया है। सीएम योगी की मंशा के अनुसार, अमृत स्नान व प्रमुख स्नान पर्वों पर तथा इसके समीप की तिथियों पर प्रशासन द्वारा किसी प्रकार का वीआईपी प्रोटोकॉल लागू नहीं होगा। योगी सरकार की ओर से मेले की शुरुआत से पहले ही इसकी घोषणा की गई थी। अब इस फैसले को सख्ती से लागू किए जाने की पहल की गई है। उल्लेखनीय है कि महाकुम्भ मेला-2025 के प्रारंभ में ही योगी सरकार ने अमृत स्नान व प्रमुख स्नान पर्वों पर तथा उसके एक दिन पहले व एक दिन बाद की तिथियों पर वीआईपी मूवमेंट रोकने को लेकर एक सर्कुलर जारी किया था। योगी सरकार की इस पहल के जरिए आम श्रद्धालुओं को स्नान पर्व के अवसर पर यादगार अनुभव उपलब्ध कराया जा सकेगा, जहां वह वीआईपी मूवमेंट के कारण हुई असुविधा, मार्ग परिवर्तन, बाधा और रोक से हटकर चिंतामुक्त होकर स्नान व यात्रा कर सकेंगे। जारी सर्कुलर में इस बात का साफ उल्लेख किया गया है कि अमृत स्नान समेत सभी प्रमुख स्नान पर्वों व उसके आसपास के दिनों में वीआईपी मूवमेंट पर रोक रहेगी। ऐसे में, वसंत पंचमी, माघ पूर्णिमा और महाशिवरात्रि तथा उसके एक दिन पहले व एक दिन बाद तीर्थराज प्रयागराज में मूवमेंट के इच्छुक वीआईपी व वीवीआईपी डेलिगेशन को वीआईपी प्रोटोकॉल नहीं मिल सकेगा।

# आठ फरवरी को 'आप' पार्टी का हो जाएगा सूपड़ा साफ : अमित शाह

**नई दिल्ली।** पांच फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर राजधानी में राजनीतिक रैलियों और जनसभाओं का आयोजन जारी है। इस कड़ी में केंद्र गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रोहिणी से भाजपा विधानसभा प्रत्याशी विजेंदर गुप्ता के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। गृह मंत्री ने अपने संबोधन में अरविंद केजरीवाल पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि केजरीवाल हार देखकर बौखला गए हैं। केजरीवाल झूठ बोलने और बहाने बनाने में नंबर वन हैं।

मैं केजरीवाल से कहना चाहता हूं कि चुनाव जीतने के लिए झूठ बोलना बंद करो। ये कहते हैं कि भाजपा वालों ने दिल्ली वालों को परेशान करने के लिए हरियाणा से यमुना जी के जल में जहर मिलाया है। अरे, केजरीवाल जी कौन सा जहर मिलाया है, कौन सी लेबोरेटरी में आपने टेस्ट कराया है, उसका नाम बताइए। आप कह रहे हैं कि जहर मिलाया हुआ पानी आपने रोक दिया। अरे, यमुना का पानी रुकता है तो गांवों में बाढ़ आती है। लेकिन, आप बताइए दिल्ली के किसी गांव में बाढ़ आई है क्या? दिल्ली में हजारों करोड़ रुपये का घोटाला हुआ। 5 तारीख को दिल्ली की जनता के सामने आप को हटाकर मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनाने का मौका है। इन्होंने कहा था कि हम रिहायशी इलाकों से शराब की दुकान बंद करेंगे। केजरीवाल जी, रिहायशी इलाके तो छोड़िए आपने तो स्कूल और मंदिरों के पास भी शराब की दुकानें खोलने का काम किया।

### दिल्ली को भ्रष्टाचार से करेंगे मुक्त



अमित शाह ने कहा कि दिल्ली की जनता को कमल के निशान पर बटन दबाना है और भाजपा सरकार बनानी है। बटन इतने जोर से दबाना है कि केजरीवाल के शीश महल के शीशे टूट जाएं। हमारी सरकार बनी तो दिल्ली सुंदर बनेगी, कूड़े के पहाड़ खत्म हो जाएंगे, दिल्ली को भ्रष्टाचार से मुक्त करेंगे, सड़कों और गलियों की शानदार सफाई भी करेंगे और साथ में जल प्रबंधन भी हम करेंगे। गृह मंत्री ने हमला बोलते हुए कहा कि केजरीवाल, चुनाव में अपनी हार को जान गए हैं, इसलिए इतनी हल्की राजनीति कर रहे हैं। केजरीवाल जी आपने यमुना को प्रदूषित करके, प्रदूषित पानी पीने के लिए दिल्ली को मजबूर किया है और आपने पानी के शुद्धिकरण, सड़कों की सफाई और जल बोर्ड के स्वच्छ पानी देने के सारे पैसे आप के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिए हैं।

# दिल्ली में फिर बनेगी 'आप' सरकार : अखिलेश

- अखिलेश यादव ने किया दिल्ली में बड़ा दावा
- किराड़ी विधानसभा क्षेत्र में केजरीवाल ने अखिलेश के साथ किया रोड शो



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को समर्थन देते हुए दावा किया कि दिल्ली में एक बार फिर से आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी।

भारतीय जनता पार्टी को सभी 70 सीटों पर हार का सामना करना पड़ेगा। दिल्ली के किराड़ी विधानसभा क्षेत्र में केजरीवाल के साथ रोड शो के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि जनता का अपार समर्थन आम आदमी पार्टी के पक्ष में है। आम आदमी पार्टी भाजपा के खिलाफ ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़ रही है। अखिलेश ने ये भी कहा कि दिल्ली की जनता के बीच आम आदमी पार्टी की नीतियां और योजनाएं बहुत ही लोकप्रिय हैं। जो आगामी चुनावों में पार्टी को मजबूत बनाएंगी। अखिलेश यादव ने कहा मैं आज अरविंद केजरीवाल के लिए इस विधानसभा और दिल्ली की सभी विधानसभाओं के लिए मुझे अपील करने का मौका मिला है. मैं जो जनसमर्थन अभी देखता हुआ आ रहा हूं. एक ऐतिहासिक जन समर्थन दिख रहा है. मैं यह कह सकता हूं कि एक बार फिर दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी पर भरोसा कर उन्हें ऐतिहासिक जीत दिलाने जा रही है. इसके लिए मैं केजरीवाल को अग्रिम बधाई दे रहा हूं। हो सकता है कि इस बार 70 में 70 सीटें भारतीय जनता पार्टी हार जाए। केजरीवाल ने कहा कि सभी लोगों ने देखा किस तरह से रोड शो में जबरदस्त समर्थन लोगों का मिल रहा था। क्योंकि आम आदमी पार्टी काम करने वाली पार्टी है. भाजपा गालियां देने वाली पार्टी है. उनके पास ये बताने को नहीं है कि 10 साल में क्या किया और अगले 5 साल में क्या करेंगे। 24 घंटे केजरीवाल को गाली देते हैं. हम मोहल्ला क्लीनिक के जरिए लोगों को इलाज देते हैं। स्कूलों में शानदार फ्री शिक्षा दे रहे हैं. हमने पानी फ्री किया, महिलाओं की बस में फ्री सफर दिया।

### भाजपा नेता बांट रहे पैसे : केजरीवाल

केजरीवाल ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान दिल्ली के कपूरथला में निवास करते हैं। उनके ऊपर शायद रेड की जा रही है। मुझे समझ नहीं आता है कि पैसे तो भाजपा नेता बांट रहे हैं। खुलेआम पैसे, चादरें, साड़ियां, जूते, जैकेट, सोने की चेन बांट रहे हैं लेकिन रेड भाजपा नेताओं के यहां नहीं बल्कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के यहां हो रही है। यह कहां का राज है। रामचंद्र कह गए सिया से ऐसा कलयुग आएगा हंस चुगेगा दाना कौवा मोती खाएगा। आज हमारे देश का यही हाल हो रहा है।

# दरोगा और हेडकांस्टेबल ने आजम के खिलाफ दी गवाही

### नफरती भाषण केस

- चार मार्च को होगी अगली सुनवाई



**रामपुर।** सपा नेता आजम खां के खिलाफ भोट थाने में दर्ज नफरती भाषण के मामले में बृहस्पतिवार को सुनवाई हुई। इस दौरान बिजनौर के शेरगढ़ थाने में तैनात दरोगा ओगेंद्र कुमार और हेडकांस्टेबल जगदेव सिंह ने कोर्ट पहुंचकर गवाही दी। दरोगा की गवाही पूरी हो गई जबकि हेड कांस्टेबल से जिरह शेष है।

इस मामले की अगली सुनवाई चार मार्च को होगी। यह मामला 2019 के लोकसभा चुनाव के वक्त का है। उस वक्त सपा नेता ने भोट क्षेत्र में जनसभा की थी। इसमें सपा नेता ने प्रशासनिक अफसरों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी और इसका वीडियो वायरल हुआ था। इस मामले में वीडियो अवलोकन के प्रभारी अनिल चौहान ने 11 मई 2019 को भोट थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना के बाद पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की। यह मामला एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल कोर्ट में विचाराधीन है। अभियोजन अधिकारी स्वदेश कुमार शर्मा ने बताया कि अब इस मामले की सुनवाई चार मार्च को होगी।

### संवाद सत्र

## वैश्विक मामलों में ट्रंप की नीतियों से होगा बदलाव

# पीएम मोदी और ट्रंप के बीच अच्छे हैं रिश्ते

- दुनिया में बदल रही भारत के प्रति धारणा
- विदेश नीति राष्ट्रीय हित में चलाना होगा

**नई दिल्ली।** 20 जनवरी को डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति बने। उनके शपथ ग्रहण समारोह में भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शिरकत की। अब उम्मीद जताई जा रही है कि अगले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका की यात्रा पर जाएंगे। जहां दोनों नेताओं की मुलाकात होगी। इस बीच विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत-अमेरिका के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंधों पर खुलकर बात की।

दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज में एक संवाद सत्र के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिकी राष्ट्रवादी बताया। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच मजबूत संबंध हैं। उन्होंने वैश्विक कूटनीति की बदलती प्रकृति और भारत के दृष्टिकोण पर अपनी बात रखी। सत्र में जब विदेश मंत्री से पूछा गया कि डोनाल्ड ट्रंप भारत के मित्र हैं या शत्रु तो उन्होंने दिलचस्प जवाब दिया। विदेश मंत्री ने कहा कि मैंने हाल ही में उनके शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया। हमें अच्छा व्यवहार मिला। मेरा मानना है कि वह एक अमेरिकी राष्ट्रवादी हैं।

### संयोग से राजनीति में आया : विदेश मंत्री

विदेश मंत्री जयशंकर ने शिक्षा के बाद कूटनीति और बाद में राजनीति में आने के अपने सफर कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं नौकरशाह बनूंगा। राजनीति में मेरा प्रवेश संयोग से हुआ। दूसरे शब्दों में इसे भाग्य कहें या मोदी कहें। उन्होंने अपने राजनीति में आने का श्रेय पीएम मोदी को दिया। पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच मजबूत व्यक्तिगत संबंधों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ हमारे संबंध मजबूत हैं और मोदी के ट्रंप के साथ अच्छे व्यक्तिगत संबंध हैं। वैश्विक स्तर पर भारत का प्रभाव पहले से काफी बढ़ा है। दुनियाभर में देश के बारे में लोगों की धारणाओं में भी बदलाव आ रहा है। इस पर भी विदेश मंत्री ने बात की। उन्होंने कहा कि अब तो गैर-भारतीय भी खुद को भारतीय कहते हैं। उन्हें लगता है कि इससे उन्हें विमान में कहीं सीट मिल जाएगी।



# अयोध्या : भीड़ के मामले में टूटा प्राण प्रतिष्ठा के समय का रिकॉर्ड

**अयोध्या।** प्रयागराज में डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं का पलट प्रवाह अयोध्या की ओर है। श्रद्धालुओं की भीड़ नया कीर्तिमान भी बना रही है। रामलला के दरबार में भक्तों की भीड़ इस कदर उमड़ रही है कि राममंदिर ट्रस्ट को व्यवस्थाएं बदलनी पड़ी। सात दिनों में रामलला के दरबार में 18 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंच चुके हैं जबकि प्राण प्रतिष्ठा के बाद सात दिनों में 16 50 लाख श्रद्धालु आए थे। 23 जनवरी से ही अयोध्या में श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा है। इन दिनों रामलला के दरबार में रोजाना ढ़ाई से तीन लाख श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। 26 से 29 जनवरी के बीच रोजाना तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किए। श्रद्धालुओं में रामलला के दर्शन की ललक को देखते हुए मंदिर सुबह पांच बजे से रात 11 बजे तक निरंतर खुल रहा है। इससे पहले मंदिर सुबह सात बजे से रात 9:30 बजे तक खुलता था। भीड़ की स्थिति यह है कि रामलला को दोपहर में विश्राम भी नहीं कराया जा रहा है। भोग आरती के लिए महज 10 मिनट के लिए मंदिर का पट दोपहर 12:30 बजे बंद किया जाता है।



सात दिनों में 18 लाख लोग पहुंचे राम मंदिर

# संभल हिंसा में आरोपी दो महिलाओं समेत 15 की जमानत खारिज



**31 जनवरी से सात फरवरी तक होगी सुनवाई**

**संभल।** जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान भड़की हिंसा के 41 आरोपियों की जमानत अर्जी पर आज सुनवाई होनी थी, जिनमें 26 ने स्थगन ले लिया, जबकि 15 आरोपियों की जमानत अर्जी अधिवक्ताओं द्वारा की गई बहस के बाद खारिज कर दी गई। इनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। बाकी के 26 आरोपियों के जमानत प्रार्थना पत्रों पर 31 जनवरी से सात फरवरी तक सुनवाई होनी है। गुरुवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश रेप एंड पॉक्सो निर्भय नारायण राय की अदालत में संभल थाना में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 333 में आमिर, समीर, याकूब, सुजाउद्दीन उर्फ सज्जू, मुहम्मद रिहान, मुहम्मद अली, नईम, मुहम्मद गुलफाम, मुहम्मद सलीम, तहजीब, मुहम्मद फिरोज, शारिक एवं मुहम्मद शादाब के जमानती प्राथना पत्रों पर सुनवाई की गई। अभियोजन पक्ष के सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता हरिओम प्रकाश उर्फ हरीश सैनी एवं बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं ने बहस की।

# डीएम ने ली जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक, दिए निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों की



समीक्षा के लिए मंगलवार शाम को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। हेल्थ डैशबोर्ड रैंकिंग में मंडल पर प्रथम, प्रदेश में आठवे स्थान प्राप्त करने पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने पूरे स्वास्थ्य महकमें को बधाई देकर सराहना की। बैठक में मुख्य रुप से सीडीओ अभिषेक कुमार, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता मौजूद रहे समीक्षा करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने हेल्थ डैशबोर्ड रैंकिंग में जनपद मंडल पर प्रथम स्थान और प्रदेश में आठवे स्थान पर प्राप्त करने पर बधाई दी। इसे भविष्य में भी बनाए रखने के लिए निर्देशित किया। पूरे स्वास्थ्य महकमे को फील्ड में एक्टिवेट करें व स्वास्थ्य संकेतको में बेहतर परफॉर्मेंस दिखाएं। सभी अधीक्षक लीडरशिप रोल लेते हुए अपने-अपने ब्लॉक में स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराते हुए डेली मॉनिटरिंग करें। मरीज व उनके तीमारदारों से चिकित्सक बेहतर व्यवहार करें। मरीजों को दिया जाने वाला भोजन की गुणवत्ता एमओआईसी स्वयं चेक करें। सीएचसी व पीएचसी की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया जाए। निर्देश दिए कि सभी पोर्टल्स पर फीडिंग को अपडेट रखा जाए सीडीओ अभिषेक कुमार ने समीक्षा करते हुए कहा की जन्म मृत्यु पंजीकरण, आरसीएच सहित अन्य पोर्टल पर डाटा एंट्री ससमय शत-शत सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ब्लॉकवार आयुष्मान गोल्डन कार्ड की समीक्षा की, प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए।

## युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया नमन



**लखीमपुर-खीरी।** युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महात्मा गांधी की पुण्य तिथि 30 जनवरी के अवसर पर प्राचार्य प्रो. हेमन्त पाल, चीफ प्राक्टर प्रो. सुभाष चन्द्रा, डॉ. जे.एन. सिंह, प्रो. नीलम त्रिवेदी, प्रो. संजय कुमार, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. ओ.पी. सिंह, डॉ. अमित सिंह, अच्छे लाल, नर सिंह भदौरिया तथा रवीन्द्र सिंह ने गांधी जी के चित्र पुष्प अर्पित कर नमन किया। तत्पश्चात दो मिनट का मौन रखकर कार्यक्रम रखा गया। इसी कम में प्राचार्य प्रो. हेमन्त पाल ने गांधी जी की शहादत पर देश के लिए उनके योगदानों की चर्चा करते हुए कहा कि गांधी जी ने सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के सिद्धान्तों को भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में प्रयोग कर आजादी के आंदोलन में जनमानस को जोड़ा। गांधी वैचारिकी भारत ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण विश्व के लोगों को शांति एवं वसुधैव कुटुम्बकम की ओर ले जाने में उपयोगी है। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों सहित छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

# शहादत दिवस के रूप में मनाई गई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** देशव्यापी कार्यक्रम की कड़ी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहादत दिवस के रूप में कई जगहों पर मनाई गई जिसमें की निवर्तमान अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी प्रहलाद पटेल ने कैंप कार्यालय भारत भूषण कॉलोनी में बापू जी के चित्र पर माल्यार्पण के उपरांत गोष्ठी का आयोजन किया जिसमें प्रमुख रूप से प्रमुख कांग्रेसियों ने अपने अपने विचार रखें और महात्मा गांधी को साहित्य अहिंसा के पुजारी बताते हुए उनकी शहादत को देश कभी भुला नहीं पाएगा ! 10:59 पर 2 मिनट का मौन रख करके उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर रामकुमार वर्मा, प्रेम कुमार वर्मा, अमित गुप्ता, योगेंद्र वाजपेई पिंटू, आदेश कुमार गुप्ता, अजीत ,हरगोविंद वर्मा ,जावेद अली खान, आफताब अंसारी, डॉ



जैन, फकीर मोहम्मद, पंकज पटेल, विकास सोनी, कुशाल राम राठौर, योगेंद्र विक्रम सिंह पटेल सहित दर्जनों कांग्रेस जन उपस्थित रहे। इसी प्रकार से संजय गोस्वामी ,रामपाल शाक्य रईस अहमद उस्मानी, राजेंद्र गुप्ता, राजीव कुमार, तथा मोहम्मदी में बलराम वरुण नगर अध्यक्ष मोहम्मदी द्वारा, पलिया, स्सहित कई जगह पर गांधी जी को याद किया गया।

## आपातकालीन स्थिति के लिए स्काउट गाइड का प्रशिक्षण जरूरी: सागर जैन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** पायस एजुकेशनल ग्रुप में चल रहे तीन दिवसीय स्काउट एंड गाइड शिविर में सभी टोलियों द्वारा देश के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक विरासत, स्ट्रेचर, पिरामिड, मानव एंबुलेंस आदि का बेहतर प्रस्तुतिकरण किया।

गागलहेडी स्थित स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसपी देहात सागर जैन, विशिष्ट अतिथि दिनेश गुप्ता, बृजेश गुप्ता, प्रवीण गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित एवं स्काउट एंड गाइड के ध्वज को फैलाकर किया। हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड उत्तर प्रदेश के सचिव मनोज सिंधी ने सभी अतिथियों का स्कार्फ और वॉगल पहनाकर स्वागत किया। शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं की श्रंखला में टोलियों ने प्रतिभाग किया। सभी टोलियों के द्वारा देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृतिक विरासत, स्ट्रेचर, पिरामिड, मानव एंबुलेंस आदि का प्रस्तुतिकरण किया गया। मुख्य अतिथि एसपी देहात सागर जैन ने स्काउट गाइड के हैरतअंगेज प्रदर्शन का निरीक्षण करते हुए स्काउट प्रशिक्षकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर विद्यार्थियों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्काउट गाइड गतिविधियां ने केवल बच्चों को शारीरिक रूप से सक्षम बनाती है बल्कि उनमें सामाजिक जिम्मेदारी और नैतिक मूल्यों का भी विकास करती है। सर्वप्रथम स्काउट गाइड ने मुख्य अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर देकर अभिवादन किया। संस्थान के प्रबंधक पंकज गर्ग ने कहा कि स्काउट अनुशासन, एकता, कर्तव्य परायणता, देशभक्ति, साहस और सामूहिक रूप से कार्य करना सिखाता है।

# 50 लाख की स्मैक के साथ महिला समेत तीन नशा तस्कर गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना कोतवाली नगर पुलिस ने अवैध स्मैक की तस्करी करने के मामले में एक महिला अभियुक्ता समेत तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने नशा तस्करों के कब्जे से 415 ग्राम अवैध स्मैक, 6140 रूपये की नगदी व अन्य सामान बरामद किया है। बरामद स्मैक की अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख रूपये आंकी गयी है।

पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए एसपी सिटी व्योम बिंदल ने बताया कि थाना कोतवाली नगर प्रभारी धर्मेन्द्र गौतम व वरिष्ठ उपनिरीक्षक रईस अहमद, उपनिरीक्षक रविन्द्र धामा, वेद प्रकाश, अमरीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर मौहल्ला नूरबस्ती में मुस्तफा के मकान से शातिर नशा तस्कर मुस्तफा पुत्र गफ्फूर,. भूरा उर्फ रईस पुत्र गफ्फूर व श्रीमती नवाबो पत्नी मुस्तकीम निवासीगण मौहल्ला



नूर बस्ती थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 415 ग्राम अवैध स्मैक, 6140 रूपये की नगदी, दो इलेक्ट्रानिक कांटे व पैकिंग का अन्य सामान बरामद कर लिया। बरामद स्मैक की अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख रूपये आंकी गयी है। पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ वांछित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। श्री बिंदल ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि हमारा भाई सोनू उर्फ शकील पुत्र गफ्फूर काफी समय पहले से स्मैक बेचने का काम करता है तथा कुछ महीने पहले पुलिस ने शकील के घर पर ज्यादा दबिश देना शुरू कर दिया था, जिस कारण सोनू उर्फ शकील ने अपना स्मैक बेचने का काम इस घर में शुरू कर दिया था तथा हम सभी एक ही परिवार के है, जिस कारण हम सभी लोग एक साथ ही मिलकर स्मैक बेचने का काम करते है और उसी काम में कुछ दिन पहले सोनू बरेली से शमीम नाम के व्यक्ति से काफी मात्रा में लाखो रूपये की स्मैक खरीद कर ले आया था आज हम तीनो लोग अपने 03 अन्य साथियो के साथ स्मैक को पीसकर पाउडर बनाकर उन्हे तय मात्रा के अनुसार छोटी, बडी पुडियाओ में पैक कर रहे थे कि तभी पुलिस ने हम तीनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## 01 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना धौरहरा पुलिस गैगेस्टर एक्ट में वांछित 01 नफर अभियुक्त दिलशाद पुत्र एकलाख निवासी मो0 आचार्य टोला कस्बा व थाना धौरहरा जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## बाइक से जोरदार हुई टक्कर हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल

**लखीमपुर-खीरी।** मितौली क्षेत्र के गांव देवमनिया खुर्द निवासी सोहित अपने बहनोई के यहां मितौली थाना क्षेत्र के मझिगवां गया था। वापस बहनोई राहुल के साथ सोहित घर देवमनियां जा रहा था। इसी दौरान कस्ता भीखमपुर मार्ग के नरवा माइनर के पास भीखमपुर तरफ से आ रहे बाइक सवार शेर सिंह निवासी मक्सूदाबाद की बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में तीनों गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची मितौली पुलिस ने सभी घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी मितौली भेजा।

## नौंवी कक्षा के किशोर ने खाया जहरीला पदार्थ

**लखीमपुर-खीरी।** थाना हैदराबाद के गांव लक्ष्मीपुर एक नौंवी कक्षा के किशोर ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसके कारण उसकी हालत गंभीर हो गई। परिजन उसको अस्पताल ले गये। लेकिन कुछ घंटे इलाज चलने के बाद उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। थाना हैदराबाद के गांव लक्ष्मीपुर निवासी कुलदीप वर्मा का सोलह वर्षीय पुत्र अंशू वर्मा कक्षा नौ का छात्र था। बुधवार की देर शाम अंशू ने कुछ जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसके कारण उसकी हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ने पर परिजन उसको अस्पताल ले गये। कई घंटे इलाज चलने के बाद रात करीब तीन बजे उसकी मौत हो गई। मौत की खबर आते ही परिवार सहित पूरे गांव मे कोहराम मच गया।

## 04 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर 02 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना सम्पूर्णानगर पुलिस, स्वॉट/सर्विलांस टीम व वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा थाना सम्पूर्णानगर क्षेत्रान्तर्गत रामा बैरियर के पास ग्राम सुमेरनगर से 02 नफर अभियुक्तों रंजीत उर्फ जीता सिंह व जसप्रीत सिंह के कब्जे से 04 अदद चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना सम्पूर्णानगर पर मु0अ0सं0 13/25 धारा 317 2 बीएनएस पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## 66 वर्षीय तीरथ राम मौर्य हुये कुम्भ से लापता बच्चों का रो रो कर बुरा हाल

**लखीमपुर-खीरी।** महाकुंभ में संगम तट पर मंगलवार रात हुए हादसे के बाद से लखीमपुर के तीरथ राम मौर्य 66 वर्ष लापता हैं। उनके परिजन परेशान हैं। कुंभ में उनके साथ गए लोग उनकी तलाश में जुटे हैं। परिजनों के मुताबिक गुरुवार दोपहर तक उनके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। इधर, उनके बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है जानकारी के मुताबिक थाना ईसानगर क्षेत्र के गांव अदलिशपुर निवासी तीरथ राम मौर्य इलाके के कमलेश कुमार, बुद्धा, छन्नू और जगदंबा सोमवार को सुबह ट्रेन से प्रयागराज जाने के लिए निकले थे। वह मंगलवार रात से लापता हैं। तीर्थ राम के तीन बच्चे हैं। बेटों का नाम सर्वेश, मुकेश और एक बेटी गुड़िया है। तीरथ राम की पत्नी का निधन तीन वर्ष पहले हो गया था। तीरथ राम की बेटी की उम्र लगभग 20 वर्ष है। उसका रो-रोकर बुरा हाल है। बेटी ने बताया कि जब हादसे की जानकारी मिली, तब से उनके साथ गए लोगों से संपर्क किया गया। कमलेश ने बताया कि तीरथ राम रात में सब लोगों के साथ ही में थे। हादसे के बाद बिछड़ गए। हम लोग उनको खोज रहे हैं, लेकिन वह कहीं मिल नहीं रहे।

# कबड्डी पुरूष प्रतियोगिता में सहारनपुर स्टेडियम टीम रही विजेता

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर खेल कुंभ में दूसरे दिन बैडमिंटन और कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में लगभग 70 विद्यार्थियों ने बैडमिंटन और 6 टीमों ने कबड्डी की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। कबड्डी प्रतियोगिता (पुरुष वर्ग) में 55 किलोग्राम वर्ग में सहारनपुर स्टेडियम टीम विजेता रही और सहारनपुर सुरमा टीम उपविजेता रही।

डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में चल रही प्रतियोगिता का उद्घाटन जिलाधिकारी मनीष बंसल, नगर विधायक राजीव गुंबर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रवीण कुमार, हेमंत अरोड़ा, प्रांत उपाध्यक्ष और राष्ट्रीय कार्यालय कार्यकारिणी सदस्य डॉ.दिनकर मलिक, विभाग संगठन मंत्री चैतन्य स्वरूप, महानगर मंत्री आवेश त्यागी ने संयुक्त रूप से स्वामी विवेकानंद और मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित और पुष्प अर्पित कर किया। सभी वक्ताओं ने खेलों का महत्व बताते हुए इसमें अधिक से अधिक छात्र



एवं छात्राओं को प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बैडमिंटन प्रतियोगिता (पुरुष वर्ग) 13 वर्ग आयु में राज (स्टेडियम) ने प्रथम, दैविक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता (महिला वर्ग) 13 वर्ग आयु में आरना कौर ने प्रथम, सयूरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

बैडमिंटन प्रतियोगिता ( पुरुष वर्ग) 17 वर्ग आयु में अनिरुद्ध सिंह ने प्रथम, गौरव कोहली ने द्वितीय, बैडमिंटन प्रतियोगिता (महिला वर्ग) 17 वर्ग आयु में प्रगति गुप्ता ने प्रथम, अलीशा मलिक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में अक्षत धीमान ने रेफरी तथा अंश हांडा, अनिरुद्ध सिंह, आर्यन चौधरी, गौरव धीमान और अंशुल धीमान ने तकनीकी अधिकारी की भूमिका का निर्वहन किया। कबड्डी प्रतियोगिता (पुरुष वर्ग) में 55 किलोग्राम वर्ग में सहारनपुर स्टेडियम टीम विजेता रही और सहारनपुर सुरमा टीम उपविजेता रही। कबड्डी प्रतियोगिता में रवि कोरी और संजीव ने रेफरी तथा निशांत कुमार, शिवा सैनी, दुष्यंत चौधरी, विशाल कुमार और अमित कुमार ने तकनीकी अधिकारी की भूमिका का निर्वहन किया। कार्यक्रम का संचालन आर्यावर्त ने किया। कार्यक्रम में सिटी मजिस्ट्रेट गजेंद्र सिंह, एडीएमई श्रीमती अर्चना द्विवेदी, जेवी जैन कॉलेज प्राचार्य डॉ.हरिओम गुप्ता, मुन्नालाल जय नारायण खेमका गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर अनुपम बंसल, शीतल बिश्नोई ने सभी पदक विजेताओं, रेफरी और तकनीकी अधिकारी को ट्रॉफी और मैडल प्रदान कर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर डॉ.संदीप कुमार, डॉ.गुरदेव सिंह, डॉ.दुर्गेश राज मोहन, डॉ.विनीता दुबे, जिला विस्तारक विपिन अलुना, हिमांशु सैनी, विवेक पंचाल, अर्पित सैनी, अक्षय सैनी, दीपक पुंडीर, मयंक शर्मा, रमेश शर्मा, नवीन गुप्ता, चरण सैनी आदि उपस्थित रहे।

## वृक्षारोपण 2025 के लिए सभी विभाग भूमि चयन कर दें जानकारी: मनीष बंसल

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने वृक्षारोपण के लिए भूमि चयन करते समय सभी विभागों को निर्देश दिए कि जल स्रोतों के निकट की भूमि को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही उन्होंने वृक्षारोपण 2025 के लिए निर्धारित लक्ष्य 33,44,280 के लिए सभी विभागों को शीघ्र भूमि चयन करने के साथ जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी मनीष बंसल कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण, वृक्षारोपण और गंगा समिति की बैठक में विभागीय अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने जनपद में विगत वर्ष हुए पौधरोपण की समीक्षा करते हुए जियो टैगिंग पूर्ण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कैलाशपुर वेटलैंड की सफाई एवं सौंदर्यकरण के लिए बनाए गए मॉडल पर विशेषज्ञों के साथ चर्चा कर बेहतर निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसके लिए डीपीआरओ को उपजिलाधिकारी सदर के साथ बैठक करने के भी निर्देश दिए।

मनीष बंसल ने जनपद में प्लास्टिक का एकत्र करने के लिए चलाए जा रहे अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के खुले मैदानों में पड़े वेस्ट प्लास्टिक को एकत्रित करने के निर्देश दिए। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत समस्त ब्लॉक, वार्ड एवं गांव में प्लास्टिक एकत्र करने का अभियान चलाया जाए जिसमें समस्त विभाग के अधिकारियों की सहभागिता भी रहे। उन्होंने और अधिक वेस्ट प्लास्टिक कलेक्शन के लिए नगर निगम, निकाय, ब्लॉक और ग्राम पंचायतों को निर्देश दिए। इकट्ठा प्लास्टिक का उपयोग करने के लिए सभी निकायों को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## बिल्ड भारत एक्सपो-2025 की मेजबानी करेगा आईआईए: खन्ना

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** इण्डियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के चैप्टर चेयरमैन अनूप खन्ना ने कहा कि बिल्ड भारत एक्सपो-2025 विगत् 19 से 21 मार्च तक भारत मंडपम, प्रगति मैदान



नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में औद्योगिक नवाचार, व्यावसायिक सहयोग को बढ़ावा देने और दुनिया के सामने भारत की विनिर्माण क्षमता को प्रदर्शित किया जायेगा है। एक्सपो का उद्देश्य भारतीय उद्योगों की ताकत, क्षमता और नवाचारों को प्रदर्शित करना है, जो एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत बनने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

चैप्टर चेयरमैन अनूप खन्ना प्रताप मार्केट स्थित आईआईए कार्यालय पर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत मंडपम में भारत सरकार और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संगठनों के गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। इस एक्सपो का उद्घाटन समारोह 19 मार्च को होगा। उन्होंने कहा कि 21 मार्च को समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार की वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण शिरकत करेंगी। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजी सुनेजा ने बताया कि बिल्ड भारत एक्सपो-2025 की मुख्य विशेषतायें यह है कि इसमें 340 स्टॉल पर औद्योगिक उत्पादो और क्षेत्रों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की जाएगी, जिसमें ग्रीन एंड क्लीन एनर्जी, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण, बिल्डिंग एंड कंस्ट्रक्शन मटेरियल, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स आदि शामिल होंगे। इस एक्सपो में नए उत्पादों, प्रौद्योगिकियों और सेवाओं का लॉन्च होगा, जो भारत की औद्योगिक और तकनीकी प्रगति को रेखांकित करेगा।

राष्ट्रीय सचिव प्रमोद सडाना ने बताया कि इस एक्सपो को एमएसएमई मंत्रालय द्वारा समर्थित किया गया है, जो सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) के लिए स्टॉल शुल्क की 80-100 प्रतिशत तक की प्रति पूर्ति प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि एक्सपो में जापान, रूस, दक्षिण कोरिया, वियतनाम, थाईलैंड और मलेशिया आदि सहित 25 से अधिक देशों के प्रतिनिधिमंडलो के आने की उम्मीद है, जिससे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और सहयोग के अवसर पैदा होंगे।

## सांस के रोगी मौसम के तापमान में बदलाव का रखें ध्यान: डॉ. इकबाल

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित मासिक सेमिनार में फोर्टिस अस्पताल मोहाली से आये छाती रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जफर अहमद इकबाल ने बताया कि आजकल सीओपीडी के मरीज अनेको वजह से बढ़ रहे हैं। जिसमें जेनेटिक समस्याएं, अस्थमा, वायु प्रदूषण, धूम्रपान और इंफेक्शन आदि मुख्य वजह है। रेलवे रोड स्थित एक सभागार में आयोजित मासिक सेमिनार में बोलते हुए छाती रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जफर इकबाल ने बताया कि सीओपीडी के मरीजो को छाती का सीटी स्कैन भी करवा लेना चाहिए, जिससे की फेफड़ों की अंदरूनी स्थिति का सही पता चल सकें और समय-समय पर स्पायरोमेट्री की जांच भी जरूरी है। इस प्रकार के मरीजों को ज्यादा कम और अधिक दोनों तरह के तापमान से बचना चाहिए। उन्होंने बताया कि आरएसवी, कोविड, फ्लू और जूस्टर कि वैक्सीन सीओपीडी की रोकथाम में मददगार देखी गई है। नई दवाओं में एनसिफेंट्रीन और डुप्लीमेब काफी कारगर है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आईएमए अध्यक्ष डॉ नरेश नौसरान ने बताया कि सीओपीडी के मरीजो को अपना वजन सही रखना चाहिए और इन्हेलर्स का इस्तेमाल सही तरीके से करना चाहिए। सचिव डॉ.महेश चंद्रा ने आईएमए के आगामी खेलों के आयोजन की जानकारी दी। सेमिनार में कोषाध्यक्ष डॉ.विकास अग्रवाल, डॉ.रजनीश दाहूजा, डॉ. अनुपम मलिक, डॉ. प्रवीण शर्मा, डॉ.विक्रम पुंडीर, डॉ. आरएस पंवार, डॉ संजीव मित्तल, डॉ सत्यानन्द, डॉ.राम चावला, डॉ.ममता चावला, डॉ.सौम्य जैन, डॉ. रविकांत निरंकारी, डॉ.शशिकांत सैनी, डॉ.राहुल सिंह, डॉ.सऊद हसन, डॉ.रजनीश सिंघल, डॉ.रूपम गुप्ता, डॉ.अमरजीत पोपली, डॉ.मनदीप सिंह, डॉ.नीरज आर्य, डॉ.अनिल भल्ला, डॉ.संजीव मिगलानी, डॉ.सुदर्शन नागपाल, डॉ.स्वर्णजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

# गांधी जी का त्याग व बलिदान युग-युगांतर तक प्रेरणा स्रोत बना रहेगा: संदीप

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने शहीद दिवस के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 77वीं




पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के त्याग एवं बलिदान के साथ-साथ उनके दक्षिणी अफ्रीका के संघर्ष के दिनों को भी याद किया। गुरूद्वारा रोड स्थित महानगर कार्यालय पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा ने गांधी जी को त्याग और बलिदान की प्रतिमूर्ति बताया। उन्होंने कहा कि गांधी जी के त्याग व बलिदान की संस्कृति देश के नागरिकों के लिए युग-युगांतर तक प्रेरणा स्रोत बनी रहेगी। गांधी जी ने अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए पहले दक्षिण अफ्रीका में और उसके बाद सन 1915 में भारत आकर आजादी की लड़ाई के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता ने देश में छुआ-छूत जैसी व्याप्त कुरीतियों का पुरजोर विरोध कर देश में सामाजिक न्याय का मार्ग भी प्रशस्त किया। पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल एवं महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा ने राष्ट्रपिता को याद करते हुए उन्हें अहिंसा का पुजारी बताया। पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल ने कहा कि महात्मा गांधी एक महान विचारक थे और उनकी सोच हमेशा मानवता को समर्पित रहती थी। महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा ने कहा कि गांधी जी ने पूरे विश्व को अहिंसा का वो पाठ पढ़ाया जो कि आज भी तर्कसंगत है। कार्यक्रम के अंत में प्रयागराज महाकुंभ में शाही स्नान के दौरान मची भगदड़ में मारे गए तीर्थ यात्रियों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर कांग्रेसजनों ने 2 मिनट का मौन रखा। इस दौरान मुख्य रूप से पीसीसी धर्मपाल जोशी, नरेंद्र शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष हरिओम मिश्रा, पूर्व पार्षद चंद्रजीत सिंह निक्कू, पूर्व जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस नितिन शर्मा, कांग्रेस सेवा दल जिला अध्यक्ष इमरान कुरैशी, कांग्रेस महानगर उपाध्यक्ष इकराम खान, सेवादल नगर अध्यक्ष अनुज शर्मा, सौरभ भारद्वाज, नसीब खान, राकेश वर्मा, मयंक शर्मा, प्रभजीत सिंह, बरकत अंसारी, इरशाद प्रधान आदि मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में नैतिक शिक्षा के पेपर के साथ खत्म हुई द्वितीय सत्र की परीक्षा

**अवधनामा संवाददाता**



**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद के विकासखंड कायमगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में नैतिक शिक्षा पेपर के साथ खत्म हुई द्वितीय सत्र परीक्षा, इंटरवल के बाद बच्चों ने मनाया नो लेप्रोसी डे-तीस जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनकी पुण्यतिथि को नो लेप्रोसी डे मनाया जाता है। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने बच्चों के साथ उपस्थित स्टाफ को शपथ दिलाते हुए कहा कि कुष्ठ रोगी कोई अभिशाप नहीं है।

हमें कुष्ठ रोगियों और उनके परिजनों से किसी भी तरह का भेदभाव नहीं करना चाहिए अपितु उनकी हर संभव मदद करनी चाहिए। द्वितीय सत्र परीक्षा समाप्त होने पर बच्चों में उत्साह दिखाई दिया। श्री शुक्ल ने बच्चों को बताया कि शनिवार को उनका परीक्षाफल घोषित कर दिया जाएगा।

## शिक्षकों ने दो छात्रों को पीटा, नकल के लिए रुपये लेने का आरोप

**अलीगढ़।** अलीगढ़ के एक डिग्री कॉलेज में परीक्षा के दौरान दो छात्रों को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। पीड़ित छात्रों ने आरोप लगाया है कि कॉलेज में परीक्षा के दौरान नकल कराने के नाम पर 2000 से 4000 रुपये की मांग की गई। उन्होंने जब पैसे देने से इनकार किया, तो उनके साथ मारपीट की गई. दोनों छात्र आपस में सगे भाई हैं. पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, घटना गंगीरी थाना क्षेत्र की है। यहां बीएससी 5वें सेमेस्टर की परीक्षा देने आए छात्रों को कॉलेज प्रशासन और अन्य लोगों पर मिलकर पीटने का आरोप है। दरअसल, बीएससी 5वें सेमेस्टर के छात्र यश और विशाल वशिष्ठ एग्जाम देने के लिए बुधवार को परीक्षा सेंटर पहुंचे थे।

## नियमित और अधिक आय सुनिश्चित करती है एकीकृत कृषि प्रणाली : डॉ. सिंह

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के कृषि संकाय में गुरुवार कोअतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ. सच्चिदानंद सिंह मौजूद रहे। डॉ. सिंह ने अपने व्याख्यान में 'एकीकृत कृषि प्रणाली' के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में एकीकृत कृषि प्रणाली को अपनाना समय की मांग है। इससे किसानों को पूरे वर्ष नियमित और अधिक आय प्राप्त होना सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि एकीकृत कृषि प्रणाली पर्यावरण के अनुकूल है और इससे मृदा को स्वस्थ बनाए रखते हुए अत्याधिक उत्पादन किया जा सकता है। प्रचलित कृषि प्रणाली में किसान एक मुख्य फसल पर आत्मनिर्भर रहता है लेकिन एकीकृत कृषि प्रणाली से किसानों को मुख्य फसल के अतिरिक्त आय के अन्य स्रोत सृजित करने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ. विमल कुमार दुबे ने की। इस अवसर पर डॉ. विकास कुमार यादव, डॉ. सरस्वती प्रेम कुमारी, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. आयुष कुमार पाठक, डॉ. नवनीत सिंह और कृषि संकाय के विद्यार्थियों की सहभागिता रही।

## डीएम ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को दी श्रद्धांजलि

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा शहीद दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में बलिदान देने वाले शहीदों को स्मरण करते हुए मौन रखकर शहीदों को नमन किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दो मिनट का मौन धारण कराया। उन्होंने वीर शहीदों की सेवा और बलिदान को याद करते हुए कहा कि आजादी के बाद हमें अपने देश को निरंतर आगे बढ़ाने के अपने दायित्वों और कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करना चाहिए।

# दो फरवरी को हल्लौर में होगा महफ़िल-ए-नूर का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**महफ़िल ए नूर में हल्लौर में रहेगा बैरूनी शायरों का जमावड़ा, पेश करेंगे तरही कलाम**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** किसी शायर ने क्या खूब कहा है मौत के सैलाब में हर खुश्क व तर बह जाएगा, हाँ फकत नामे हुसैन इब्ने अली रह जायेगा - जिसकी रगों में आतिशे बदरो हुनैन है, उस सूरमा का इसमें गिरामी हुसैन है।

विलादत ब सआदत हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के मौके पर आगामी 2 फरवरी (शबे 3 शाबान) बरोज़ इतवार इमाम बारगाह वक्फ शाह आलमगीर सानी दरगाह चौक हल्लौर में अंजुमन फरोग मातम रजि0 के ज़ेरे निगरानी महफ़िल ए नूर का आयोजन मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी इमाम जुमा व जमात हल्लौर की सदारत में किया जायेगा। जिसकी मिसरे तरह-हुसैनियत को अभी और हुर बनाने है, खालिके मिसरा दर्द हल्लौरी, पर बैरूनी व मुकामी शायर अपने अपने कलाम पेश करेंगे। महफ़िल ए नूर की निज़ामत किरतास करबलाई करेंगे जबकि जीनते मसनद पर मौलाना मोहम्मद अब्बास शारिब, मौलाना अली अब्बास ज़ैनबी, मौलाना तफ़सीर हसन रिज़्वी, ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई व अज़ीम हैदर रहेंगे। महफ़िल ए नूर का आगाज़ कारी शकील अहमद के तिलावते कलाम पाक से होगा। बैरूनी शायरों में मौलाना मीर हिलाल रिज़्वी, अख्तर लखनवी, सागर बनारसी, जफर नसीराबादी, मुन्तज़िर जौनपुरी, मीसम काज़मी, मुबारक जलालपुरी के अलावा मुकामी शायरों द्वारा अपना अपना कलाम पेश किया जाएगा। यह जानकारी सिकरेट्री तसकीन हैदर रिज़्वी ने देते हुए रविवार शाम इमाम बारगाह वक्फ शाह आलमगीर सानी (बड़ा इमामबाड़ा) दरगाह चौक हल्लौर में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचने की गुज़ारिश की है।

## ओवरलोड बालू लदे सात ट्रंको को पकड़कर की गई कार्रवाई

**उरई (जालौन)।** बालू के अवैध परिवहन के खिलाफ प्रशासन का अभियान जारी है। देर रात्रि प्रशासनिक टीम ने सात ओवरलोड ट्रकों को पकड़कर करवाई की गई। बालू का अवैध परिवहन करने वालो मे हड़कंप मच गया। प्रशासन की अचानक छापेमारी और कार्यवाही से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है। देर रात उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने सीओ अवधेश सिंह, आटा थानाध्यक्ष अजय सिंह व खनिज अधिकारी द्वारा कालपी चंडौत मार्ग पर अचानक चैकिंग अभियान चलाया गया इस दौरान टीम के हत्थे 7 ट्रक चढ़े। जिनके पास बैध खनिज प्रपत्र भी नही थे जिसके चलते टीम ने सभी ट्रकों को कोतवाली पुलिस की अभिरक्षा में गल्ला मंडी परिसर कालपी में खड़े करा दिए गए है। एसडीएम कालपी सुशील कुमार सिंह का कहना है कि समय-समय पर ओवरलोड ट्रकों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है बालू के अवैध परिवहन के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

# मप्र उर्दू अकादमी द्वारा गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में जश्न ए जम्हूरियत मुशायरा आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**




**लखनऊ।** मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग द्वारा गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में जश्न ए जम्हूरियत मुशायरा 29 जनवरी 2025 को शाम 6:30 बजे राज्य संग्रहालय सभागार, श्यामला हिल्स, भोपाल में आयोजित किया गया। आयोजित मुशायरे में देश भर से ख्याति प्राप्त शायरों ने उपस्थित होकर अपना कलाम पेश किया। अकादमी की निदेशक डॉ नुसरत मेहदी ने कार्यक्रम के प्रारम्भ में सभी शायरों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी द्वारा जश्ने जम्हूरियत मुशायरा के आयोजन का उद्देश्य देशभक्ति और लोकतंत्र की मूल्यों के महत्व को महसूस करना है और यह संदेश भी देना है कि देशभक्ति केवल एक भावना नहीं, बल्कि एक निरंतर प्रक्रिया है, जिसमें प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह राष्ट्रहित के लिए अपने विचार और कर्मों को समर्पित करे। उर्दू शायरी भी ऐसी भावनाओं को व्यक्त करने का सशक्त एवं प्रभावशाली माध्यम है। प्रख्यात शायर एवं साहित्यकार प्रो. शहपर रसूल की अध्यक्षता में आयोजित मुशायरे में देश भर से उपस्थित होने वाले जिन शायरों ने अपना कलाम पेश करेंगे उनके नाम और कलाम इस प्रकार हैं। प्रो. शहपर रसूल न शायरी की हवस है न फ़िक्रे शोहरत-ओ-नाम सो हमने सोचा बहुत है मगर कहा कम है डॉ. अंजुम बाराबंकवी मेरे सर का ताज है हिन्दोस्तान फ़ख्र है अंजुम यहाँ की धूल पर हिना रिज़्वी हैदर इश्क़ नादानों का है खेल, हमीं कहते थे और फिर हमने ही इक रोज़ ये नादानी की क़ाज़ी मलिक नवेद झुक झुक के सलामी दे मग़रूर समन्दर भी दरिया भी क़दम चूमे क़तरा हो तो ऐसा हो नफ़ीसा सुल्ताना अना मखमूर हवाएँ हैं फ़क़त मेरे वतन की लब पर भी दुआएँ हैं फ़क़त मेरे वतन की आशु मिश्रा सूखते पेड़ से पंछी का जुदा हो जाना खुद-परस्ती नहीं एहसान फ़रामोशी है चराग़ शर्मा नज़रें मिलीं तो बात नहीं कर? सकूँगा मैं दो काम एक साथ नहीं कर सकूँगा मैं शादाब आज़मी ये दुनिया है यहाँ बैठे बिठाए कुछ नहीं होता जो तूफ़ानों से लड़ता है उसी का नाम होता है।


भारत सरकार : रेल मंत्रालय
अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन, मानक नगर, लखनऊ-226011
दूरसंचार अनुरक्षण अनुभाग

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, दूरसंचार अनुरक्षण अनुभाग, अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन, मानक नगर, लखनऊ, द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई - निविदा आमंत्रित की जाती है।

| ई-निविदा सूचना | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रू0) | बयाना राशि (रू0) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समय अवधि | जमा करने की अन्तिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| एसटीटीएमएसए सटीटेलिकॉम सिविल | आरडीएसओ परिसर में विभिन्न सिविल गतिविधियों के संबंध में दूरसंचार कार्य | 17,80,239.75 | 35600.00 | निल | 120 दिन | 20.02.2025 को 15:00 बजे तक |

उपरोक्त ई-निविदा प्रपत्र वेब साइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकर्ता अपनी निविदा दिनांक 28.01.2025 से दिनांक 20.02.2025 को 15.00 बजे तक प्रेषित कर सकते हैं। उपरोक्त निविदा के लिए केवल ई-निविदा ही स्वीकार्य होगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य केवल ऑनलाईन पेमेन्ट के माध्यम से जो कि आईआरईपीएस पोर्टल पर उपलब्ध है जमा करा सकते है, इसके अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से भुगतान स्वीकार्य नही होगी। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के लिए सीआरआइएस/नई दिल्ली के सहायता प्रकोष्ठ में संपर्क कर सकते हैं।

फोन न0-01124105180, 24102855, 23370704, 23370703

(बृजेश कुमार)
ए डी ई /टीएम एस
कृते महानिदेशक, अ0अ0मा0सं0, लखनऊ

फाइल संख्या :- एसटीटीएमएसएसटीटेलिकॉम सिविल
दिनांक :- 28/01/2025





**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

# कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां



कुम्भ मेला–2025 के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

**दिनांक 01.02.2025 (शनिवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04228 | अयोध्या धाम जं. | 16:45 | प्रयागराज जं. | 21:50 | अयोध्या कैंट, भरतकुण्ड, कूड़ेभार, सुल्तानपुर, चिलबिला जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ एवं फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04274 | जौनपुर जं. | 18:40 | फाफामऊ जं. | 22:20 | जफराबाद जं., मंड़ियाहूँ, जंघई जं एवं फूलपुर स्टेशन |
| 04292 | लखनऊ जं. | 14:00 | प्रयागराज जं. | 19:55 | उतरेटिया, मोहनलाल गंज, बछरावाँ, रायबरेली जं., ऊँचाहार जं., परियावाँ कालाकाँकर रोड, गढ़ी मानिकपुर, लालगोपालगंज एवं फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, चिलबिला, खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट,भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी, सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली, रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | राय बरेली जं., लखनऊ जं., हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन |
| 04408 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | गाजियाबाद, हापुड, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 02417 | सुबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सुबेदारगंज | 19:40 | |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायन छपिया, मसकनवाँ, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., मसकनवाँ, स्वामी नारायन छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, मगहर एवं सहजनवा स्टेशन |
| 05078 | गोण्डा जं. | 21:40 | अयोध्या धाम जं. | 23:50 | बरुआ चक, मोतीगंज, झिलाही, मनकापुर जं., टिकरी, नवाबगंज गोंडा, कटरा एवं रामघाट हॉल्ट स्टेशन |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | सुल्तानपुर, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं., देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं. जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05312 | काठगोदाम | 13:50 | झूँसी जं. | 13:00 | हलद्वानी, लालकुआँ जं., किच्छा, बहेरी, भोजीपुरा जं., पीलीभीत जं., पूरनपुर, मैलानी, गोला गोकरननाथ, लखीमपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, भटनी जं., मऊ जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी एवं बनारस स्टेशन |
| 05314 | कासगंज | 19:50 | झूँसी जं. | 17:45 | सोरों शूकर क्षेत्र, उझानी, बदायूँ, बरेली जं., बरेली सिटी, इज्जतनगर जं., भोजीपुरा जं., पीलीभीत जं., पूरनपुर, मैलानी, गोला गोकरननाथ, लखीमपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, भटनी जं., मऊ जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी एवं बनारस स्टेशन |
| 05286 | झूँसी जं. | 17:45 | जयनगर | 10:15 | ज्ञानपुर रोड, वाराणसी, औंडिहार जं., गाज़ीपुर सिटी, बलिया, छपरा, दिघवारा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., ढोली, समस्तीपुर जं., दरभंगा जं., सकरी जं. एवं मधुबनी स्टेशन। |
| 05004 | गोरखपुर जं. | 21:30 | झूँसी जं. | 06:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |

**दिनांक 02.02.2025 (रविवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04222 | अयोध्या धाम जं. | 10:10 | प्रयागराज | 15:45 | अयोध्या कैंट, भरतकुंड, कूड़ेभार, सुल्तानपुर, चिलबिला जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ एवं फाफामऊ. स्टेशन |
| 04228 | अयोध्या धाम जं. | 16:45 | प्रयागराज | 21:50 | अयोध्या कैंट, भरतकुंड, कूड़ेभार, सुल्तानपुर, चिलबिला जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ एवं फाफामऊ. स्टेशन |
| 04274 | जौनपुर जं. | 18:40 | फाफामऊ जं. | 22:20 | जफराबाद जं., मंड़ियाहूँ, जंघई जं. एवं फूलपुर स्टेशन |
| 04292 | लखनऊ जं. | 14:00 | प्रयागराज जं. | 19:55 | उतरेटिया, मोहनलाल गंज, बछरावां, रायबरेली जं., ऊँचाहार जं., परियावाँ कालाकाँकर रोड, गढ़ी मानिकपुर, लालगोपालगंज एवं फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, चिलबिला, खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट,भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी, सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली, रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04407 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं. लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड एवं गाजियाबाद स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सुबेदारगंज | 19:40 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायन छपिया, मसकनवाँ, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., मसकनवाँ, स्वामी नारायन छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, मगहर एवं सहजनवा स्टेशन |
| 05078 | गोण्डा जं. | 21:40 | अयोध्या धाम जं. | 23:50 | बरुआ चक, मोतीगंज, झिलाही, मनकापुर जं., टिकरी, नवाबगंज गोंडा, कटरा एवं रामघाट हॉल्ट स्टेशन |
| 05077 | अयोध्या धाम जं. | 00:45 | गोण्डा जं. | 03:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | सुल्तानपुर, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं., देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं. जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05177 | गोरखपुर जं. | 15:00 | झूँसी जं. | 01:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेल्थरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05179 | गोरखपुर जं. | 10:30 | झूँसी जं. | 19:50 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05180 | झूँसी जं. | 23:00 | गोरखपुर जं. | 08:30 | |
| 05185 | गोरखपुर जं. | 20:30 | प्रयागराज रामबाग | 05:30 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास एवं झूँसी स्टेशन |
| 05129 | छपरा | 18:30 | झूँसी जं. | 02:25 | सुरेमनपुर, सहतवार, बाँसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, नंदगंज, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05163 | थावे जं. | 15:30 | झूँसी जं. | 02:45 | गोपालगंज, मांझागढ़, रतन सराय, सिधवलिया, दिघवा दुबौली, राजापट्टी, मसरख, शाम कौड़िया, मढ़ौरा, पटेरही, खैरा, छपरा कचहरी, छपरा, सुरेमनपुर, सहतवार, बांसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं. बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन। |
| 05125 | छपरा | 10:05 | प्रयागराज रामबाग | 18:35 | सुरेमनपुर, सहतवार, बांसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, नंदगंज, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास एवं झूसी जं. स्टेशन |
| 05126 | प्रयागराज रामबाग | 21:55 | छपरा | 06:30 | |
| 05121 | दोहरीघाट | 08:00 | प्रयागराज रामबाग | 16:45 | मुरादपुर (हॉल्ट), अमिला, घोसी, कोपागंज, इंदारा जं., मऊ जं., पनियरा, पिपरी डीह, नायक डीह, दुल्लहपुर, जखनियां, हुरमुजपुर हाल्ट, सादात, माहपुर, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास और झूसी स्टेशन |
| 05122 | प्रयागराज रामबाग | 21:45 | दोहरीघाट | 06:00 | |
| 05101 | आजमगढ़ | 22:45 | झूँसी जं. | 05:20 | सिधारी हॉल्ट, सठियांव, मुहम्मदाबाद, खुराहट, पलिगढ़, मऊ जं., पनियरा, पिपरी डीह, नायक डीह, दुल्लहपुर, जखनियां, हुरमुजपुर हॉल्ट, सादात, माहपुर, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05159 | भटनी जं. | 21:00 | झूँसी जं. | 03:30 | पिवकोल, सलेमपुर जं., लार रोड, तुरतीपार, बेलथरा रोड, गोबिंदपुर दुगली, कीड़िहरापुर, चकरा रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, जखनियां, सादात, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और हंडिया खास स्टेशन |
| 05311 | झूँसी जं. | 15:00 | काठगोदाम | 13:55 | बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, मऊ जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., लखीमपुर, गोला गोकरननाथ, मैलानी, पूरनपुर, पीलीभीत जं., भोजीपुरा जं., बहेरी , किच्छा, लालकुआँ जं. एवं हल्द्वानी स्टेशन |
| 05313 | झूँसी जं. | 19:45 | कासगंज | 18:00 | बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, मऊ जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं.,लखीमपुर, गोला गोकरननाथ, मैलानी, पूरनपुर, पीलीभीत जं., भोजीपुरा जं., इज्जतनगर जं., बरेली सिटी, बरेली जं., बदायूँ, उझानी एवं सोरों शूकर क्षेत्र स्टेशन |
| 05004 | गोरखपुर जं. | 21:30 | झूँसी जं. | 06:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05003 | झूँसी जं. | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | |
| 07109 | नरसापुर | 06:00 | बनारस | 15:45 | भीमवरम जं., तणुकु, निडदवोलु जं., राजमंड्री, सामलकोट जं., अन्नवरम, एलमंचिली, अनकापल्ली, दुव्वाडा, उत्तर सिम्हाचलम, पेन्दुर्ति, कोत्तावलसा जं., विजयनगरम जं., बोब्बिलि जं., पार्वतीपुरम, रायगड़, मुनिगुड़ा, केसिंगा, टिटिलागढ जं., बलांगीर, बरगढ़ रोड, सम्बलपुर, झारसुगुड़ा जं., राउरकेला, हटिया, रांची, मूरी, बरकाकाना जं., टोरी, लातेहार, बरवाडीह जं., डालटनगंज, गढ़वा रोड जं, जपला, सोन नगर जं., डेहरी ऑनसोन, सासाराम, भभुआ रोड, चन्दौली मझवार, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., काशी एवं वाराणसी स्टेशन। |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिएरेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

पर हमें फॉलो करें

## किशोरी को प्रेम-प्रसंग में बहला-फुसला कर ले गया युवक , पांच दिन बाद देहरादून के जंगल में पड़ा मिला किशोरी का शव

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** पढ़ुआ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को दूसरे समुदाय का युवक पांच दिन पहले प्रेम-प्रसंग में बहला-फुसला कर ले गया किशोरी का शव उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के जंगल में पड़ा मिला। पुलिस के अनुसार किशोरी के साथ पहले दुष्कर्म किया गया। उसके बाद हत्या कर शव को जंगल में फेंक दिया गया। पुलिस ने प्रेमी समेत छह आरोपियों को हिरासत में लिया है। मृतका के पिता ने बताया कि 25 जनवरी शाम करीब पांच बजे उनकी 17 वर्षीय पुत्री लापता हुई थी। तलाश के बाद परिवारवालों को जब पता नहीं चला तब पीड़ित पिता ने थाने में 11 लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी मामला दूसरे समुदाय का होने के कारण पुलिस हरकत में आई और सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से बाइक पर बैठी किशोरी और उसके प्रेमी की पहचान की। उसके बाद पुलिस को नजीमाबाद तक बाइक की लोकेशन मिली जांच में जो तथ्य सामने आए उसके आधार पर ढखेरवा चौकी इंचार्ज संदीप यादव अपनी टीम के साथ देहरादून पहुंचे। वहां पर रामनगर थाने के नेहवाला स्थान से किशोरी के प्रेमी छोटू उर्फ आसिफ समेत छह लोगों को दबोच लिया। उनकी निशानदेही पर रामनगर जंगल से किशोरी का शव बरामद किया। किशोरी के चेहरे और गले पर निशान थे। कपड़े भी फट गए थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि आरोपी युवक उनकी बेटी का धर्मांतरण कराना चाहते थे। बेटी ने मना किया था। इससे नाराज आरोपियों ने बेटी से पहले दुष्कर्म किया। उसके बाद उसकी गला दबाकर हत्या कर दी।

## कुमारगंज में रोड शो करके डिम्पल यादव ने दिखाया दमखम

*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** गुरुवार को विधान सभा मिल्कीपुर के कस्बा कुमारगंज से सपा की स्टार प्रचारक डिम्पल यादव ने रोड शो शुरू किया। अपराह्न करीब पौने दो बजे डिम्पल यादव महर्षि वामदेव आश्रम पहुंची जहां स्थित शिवालय पर करीब आठ मिनट तक पूजा अर्चना की। मठ के आचार्य अमित पाण्डेय , जय कुमार पाण्डेय , सचिन तिवारी , राकेश पाण्डेय और बाल योगी महंत रामदास महाराज मौजूद रहे। शिवालय में माथा टेकने के बाद बाहर निकलकर कार्यकर्ताओं से बात की।

महर्षि वामदेव आश्रम से डिम्पल यादव भारी लव लश्कर के साथ कुमारगंज खण्डासा मोड़ पर पहुंचने के बाद खुली गाड़ी से मछली शहर की सांसद प्रिया सरोज और विधायक रागिनी सोनकर के साथ रोड शो शुरू किया। खण्डासा मोड से रोड शो का काफिला मिल्कीपुर की तरफ चलने के बाद बाजार के लोगों ने जगह जगह स्वागत किया।



कुमारगंज से मिल्कीपुर पेट्रोल पंप तक करीब 40 जगहों पर उनके स्वागत की तैयारी की गई।

खुली कार में प्रत्याशी और महिला नेताओं के साथ सवार डिंपल यादव लोगों का अभिवादन करती रहीं। इससे पहले यहां महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उन्होंने मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में महाकुंभ हादसे पर संवेदना प्रकट करते हुए मुआवजा बढ़ाने की बात कही। उन्होंने कहा कि महाकुंभ की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और सरकार को संवेदनशीलता से काम लेना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि मिल्कीपुर से पीडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है। हलांकि एयरपोर्ट पर डिंपल यादव से न मिलने देने पर महिला जिला अध्यक्ष सरोज यादव काफी नाराज हुई और जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव पर धोखे का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जिले के नेता धोखेबाज हैं।

सपा की स्टार प्रचारक के रोड शो के दौरान उमड़ी भीड़ में कितना प्रतिशत वोट सपा के पक्ष में जायेगा यह तो मतदान के बाद ही पता चल पाएगा। इस दौरान तमाम कांग्रेसियों ने भी हाथ में कांग्रेस का झंडा लिए डिम्पल यादव का स्वागत किया।

देखना यह होगा कि रोड शो में एकत्र हुई भीड़ वोट में कितना प्रतिशत बदलेगी। क्योंकि बुधवार को अवधेश प्रसाद के आवास पांच नंबर के पास के मैदान में, नगीना के संसद और आजाद समाज पार्टी के मुखिया चन्द्र शेखर आजाद की भी रैली में लोगो का हुजूम दिखा। खास बात यह रही कि चंद्रशेखर आजाद की रैली में स्थानीय लोगों की ही तादात थी। वही डिम्पल यादव की रोड शो में गैर जनपद से आए लोगों की भी अच्छी तादात दिखी। रोड शो के दौरान सांसद डिम्पल यादव बगल में अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद और उनके पुत्र और सपा प्रत्याशी भी मौजूद रहे।

## महात्मा गांधी की मनाई गई पुण्य तिथि

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर उनके चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल तथा संचालन जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने किया। महात्मा गांधी को याद करते हुए महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहा गांधी जी एक व्यक्ति नहीं विचार थे। वह भारत की आत्मा है तथा हर हिंदुस्तानी के हृदय में आज भी उनके सिद्धांत जीवन्त है। पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा ने कहा शहीद दिवस पर हम बापू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। वे हमारे राष्ट्र के मार्गदर्शक रहे। सत्य, अहिंसा और सर्वधर्म समभाव के उनके विचार हमारे मार्ग को प्रकाशित करते रहते हैं। हमें उन लोगों के खिलाफ लड़ने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए जो समानता और सभी के उत्थान के उनके आदर्शों को नष्ट करना चाहते है।

जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने कहा गांधीजी ने न सिर्फ आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई बल्कि समाज सुधार के लिए काम किया। उन्होंने भारतीय समाज में व्याप्त छुआछूत जैसी बुराइयों के प्रति लगातार आवाज उठाई। वो चाहते थे कि ऐसा समाज बने जिसमें सभी लोगों को बराबरी का दर्जा हासिल हो क्योंकि सभी को एक ही ईश्वर ने बनाया है। उनमें भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। नारी सशक्तीकरण के लिए भी वह हमेशा प्रयासरत रहे।

उन्होंने कहा कि गांधी के अहिंसा और सत्य के सिद्धांत का लोहा पूरी दुनिया ने माना ।महात्मा गांधी की दुनिया भर में लोकप्रियता का अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं कि गांधीजी अकेले ऐसे महापुरुष हैं जिनकी प्रतिमा सबसे अधिक देशों में हैं। उनकी मूर्तियां भारत के अलावा पाकिस्तान, चीन, जापान, ब्रिटेन, अमेरिका, स्विट्जरलैंड, अफ्रीकी देशों और जर्मनी सहित 84 देशों में लगी हुई हैं।

## सपा के एजेंडे में परिवारवाद को बढ़ावा देना है : बृजेश पाठक

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** मिल्कीपुर के विद्यामंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित युवा सम्मेलन में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा संसद में दिए गए बयान पर हमला करते हुए कहा कि अयोध्या का राजा कौन होगा ये अखिलेश कैसे तय कर सकते है। युगों युगों से अयोध्या के राजा तो राजा राम है। उन्होंने कहा भाजपा और सपा में फर्क साफ समाजवादी पार्टी की सरकार में रामभक्तों पर गोली चलवाकर सरयू की धारा को रामभक्तों के खून से लाल कर दिया जाता है। वही भाजपा सरकार में भव्य दिव्य अयोध्या धाम का निर्माण हुआ। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के एजेंडे में गरीब नहीं है। उनके एजेंडे में परिवारवाद को बढ़ावा देना है। यही मिल्कीपुर में भी दोहराने का प्रयास हो रहा है। पिता सांसद हो गया तो बेटे को विधायक बनाने की तैयारी कर ली गई। लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि मिल्कीपुर के लोग ऐसा होने नही देंगे। उन्होंने कहा भाजपा सरकार में गरीब को घर दिया। अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए ऐतिहासिक कार्य हुए है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इतिहास गवाह है कि दुनिया में हर बड़े परिवर्तन में युवाओं की बड़ी भूमिका होती है। इसलिए मिल्कीपुर विधानसभा के उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के लोगों द्वारा जनता को गुमराह कर वोट लेने की हर साजिश को विफल करना है। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि हजारों करोड़ की परियोजनाओं से अयोध्या का विकास किया जा रहा है। आध्यात्मिक उर्जा की केन्द्र रामनगरी विश्व पर्यटन मानचित्र पर स्थापित हो रही है। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में किए गए विकास को देश के हर नागरिक ने महसूस किया है। पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में युवाओं को नित नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं। किसान समृद्धशाली हुए है।

## सपा के लिए परिवार पहले है और भाजपा के लिए देश पहलेः डिप्टी सीएम

## कुचेरा बाजार में आयोजित हुआ प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन

*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** कुचेरा बाजार के एसआरएम पब्लिक स्कूल में पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी के संयोजन में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सपा सरकार में हर जिले में मिनी सीएम हुआ करते थे। गुंडे अपराधियों का बोलबाला था। कहा कि समाजवादी पार्टी जाति की राजनीति करती है। अयोध्या में रामभक्तों पर गोली सिर्फ इसलिए चलवाई गई ताकि एक वर्ग विशेष का वोट हासिल किया जा सके।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने अपनी सरकार में सैफई को गांव से ब्लॉक बना दिया। सैफई में हवाई पट्टी , पीजीआई बना दिया। सैफई महोत्सव के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च करके नाच गाना देखा गया। लेकिन अयोध्या में सपाइयों ने क्या किया। केवल रामभक्तों पर गोली चलवाकर सरयू की धारा को रामभक्तों के खून से लाल करने का



काम सपा सरकार में हुआ। विकास की हर योजना से अयोध्या को वंचित रखा गया। उन्होंने सम्मेलन में उपस्थित प्रबुद्ध वर्ग के नागरिकों से अपील की कि वे सपाइयों से पूछे कि उन्होंने अयोध्या और मिल्कीपुर के विकास के लिए क्या किया।

डिप्टी सीएम ने समाजवादी पार्टी पर परिवारवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि इनके परिवारवाद का ताजा उदाहरण मिल्कीपुर है। पिता सांसद बन गए तो बेटे को टिकट दे दिया गया । क्या ये ठीक है। क्या सपा में कोई और कार्यकर्ता नहीं है। उन्होंने कहा सपा के लिए परिवार पहले है और भाजपा के लिए देश पहले है।

पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू ने कहा डबल इंजन की सरकार में बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ सभी पात्रों को दिया गया है। परिवार वाद तथा जातिवाद से उपर उठकर हमें विकास वाद को चुनना है। 8 फरवरी को मिल्कीपुर में भगवा लहराना है। भाजपा नेता करूणाकर पाण्डेय ने कहा कि सरकार की हर योजना में जनकल्याण की भावना निहित है। सभी वर्गों का सम्मान भाजपा में ही है। मौके पर जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, लक्ष्मी प्रसाद शर्मा, भवानी मिश्रा, राकेश तिवारी शत्रुघ्न पांडे, बंशीधर दुबे, शीतल बाजपेई, विजय शुक्ला प्रधान, उपेंद्र शुक्ला, अजय विक्रम सिंह मौजूद रहे।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

### मुसहर टोला में 125 लोगों हुआ स्वास्थ्य जांच व दिया गया दवा




**निचलौल ( महराजगंज)।** निचलौल सीएचसी द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन। ग्राम चरगहा बड़हरा के मुसहर टोला में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । इस दौरान 125 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सा परामर्श दिया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अमर नाथ जायसवाल के नेतृत्व में इस मुसहर बाहुल्य ग्राम में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर मुसहर मंच निचलौल के बैनर तले किया गया। इस दौरान 125 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं जरूरी स्वास्थ्य परामर्श सहित आवश्यक दवाइयां भी भी वितरित किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान राजकुमार कुशवाहा चिकित्सा टीम में फार्मासिस्ट सत्य प्रकाश चौबे लैव टेक्नीशियन आदित्य पटेल वार्ड बॉय शत्रुघ्न तिवारी आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## बापू की याद में गांधीवादियों ने शुरू किया गांधी स्मृति दिवस, रेठ नदी में किया दीपदान

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** गांधी आज भी दुनिया की सबसे बड़ी ताकत है। वह अपने जीवनकाल से ज्यादा वर्तमान में प्रासंगिक हैं। गांधी को कोई भी गोली से नही मार सकता। वह आज भी हमारे दिलों में गांधी जिंदा है। आप गांधी को जितना जी सकते हो, जी कर देखो। यही उनके प्रति सबसे सच्ची श्रद्धांजलि होगी। यह बात गांधी भवन में गुरूवार को गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट द्वारा महात्मा गांधी के 77वें बलिदान दिवस पर आयोजित गांधी स्मृति कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप ने कही। वहीं सायंकाल आलापुर स्थित रेठ नदी पर दीपदान करके महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गुरूवार को गांधी भवन में कार्यक्रम की शुरूआत गांधी भजन से हुई। इसके उपरान्त पूर्व मंत्री अरविन्द



सिंह गोप, नगर पालिका परिषद के चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह वर्मा, पूर्व विधायक सरवर अली खान, गांधीवादी राजनाथ शर्मा और पूर्व मंत्री हाजी फरीद महफूज किदवई समेत अन्य लोगों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पूर्व मंत्री फरीद महफूज किदवई ने चरखा चलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार एवं लोकतंत्र रक्षक सेनानी धीरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव ने कहा कि महात्मा गांधी जाउम्र सद्भाव के लिए लड़ते रहे। हमें अपने मन में गांधी को जिन्दा रखना है। ताकि हमें नफ़रत से लड़ने की ताकत मिल सके। पूर्व मंत्री फरीद महफूज किदवई ने कहा कि जब महात्मा गांधी ने विदेशी वस्त्रों के बहिस्कार का आन्दोलन चलाया तब मेरे मरहूम चचा सफी अहमद किदवई की बेगम अनीस किदवई ने बापू के आह्वान पर लंदन से बनकर आया बेशकीमती शादी का जोड़ा आग के हवाले कर दिया। यह उनकी गांधी के प्रति आस्था थी। गांधीवादी राजनाथ शर्मा ने कहा कि देश में दो विचारधाराएं चल रही है। इन विचारधाराओं में हमें संवेदना, मानवता, एकता, बंधुत्व और प्रेम की विचारधारा को अपनाना है। जो हमारी आने वाली नस्ल को सवांर सके। पूर्व विधायक सरवर अली खान ने कहा कि जिस शरीर से कुछ लोग घबराते थे, उस विचार से उनके वंशज आज भी डरते घबराते हैं। गाँधी हमें हमारे दिलों से डर निकालने का नाम हैं। गाँधी उस विस्तार का नाम हैं, जो हमेशा बढ़ता जाएगा, जिसका दायरा हमेशा फैलेगा। पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेन्द्र सिंह वर्मा ने कहा कि गांधी के विचारों से हमें प्रेरणा मिलती है। गांधी के बिना देश की आजादी का संभव नहीं थी। उन्होंने देशवासियों को जगाने और अन्याया, शोषण और अत्याचार के खिलाफ लड़ने का अहिंसक हथियार दिया।

## पुलिस उच्च अधिकारियों ने अयोध्या का किया निरीक्षण



**अयोध्या।** अपर महा निदेशक लखनऊ जोन एस बी शिरोड़कर , मण्डलायुक्त गौरव दयाल व आईजी प्रवीण कुमार द्वारा महाकुम्भ 2025 के दौरान भारी संख्या में अयोध्या आ रहे श्रद्धालुओं को सुगम श्रीराम मंदिर दर्शन , स्नान आदि हेतु प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं का भौतिक निरीक्षण कर जायजा लिया गया।

सभी अधिकारियों द्वारा लता मंगेश्कर चौक से बिड़ला धर्मशाला तक श्री राम मंदिर दर्शन हेतु जा रहे श्रद्वालुओं के साथ पैदल चलकर राम पथ पर भीड़ की स्थिति के दृष्टिगत संवेदनशील स्थलों बिड़ला धर्मशाला, श्रृंगार हाट/श्री हनुमान गढ़ी तिराहा, दन्त धावन कुण्ड, पोस्ट आफिस तिराहा सहित अन्य स्थलों का भौतिक निरीक्षण कर वहां पर तैनात पुलिस अधिकारियों को श्रद्वालुओं की सुविधा हेतु उन्हें मार्गो के बारे में जानकारी देने उनके गंतव्य तक पहुंचाने हेतु बसों आदि की व्यवस्था के बारे में उन्हें बताने के साथ ही उनसे मित्रवत व्यवहार करने के निर्देश दिये गये। इस दौरान अधिकारियों द्वारा सुदूर प्रदेशों से आने वाले श्रद्वालुओं से बातचीत भी की गयी।

अधिकारियों द्वारा अन्य प्रमुख स्थलों का भी निरीक्षण सतत रूप से कर भीड़ नियंत्रण के सम्बंध में आवश्यक कार्यवाही की जाती रही।

## कार्यालयों तक आगंतुकों के पहुंच को आसान बनाएंः जिलाधिकारी



**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने गुरुवार को सदर तहसील परिसर का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने तहसील परिसर में एसडीएम कार्यालय, सीओ कार्यालय, तहसीलदार कार्यालय सहित नाजिर कक्ष, रिकॉर्ड रूम, पूर्ति निरीक्षक कक्ष आदि का अवलोकन किया।

जिलाधिकारी ने तहसील परिसर के सुंदरीकरण और मरम्मत को लेकर तहसीलदार सदर को जरूरी निर्देश दिया। साथ ही तहसील परिसर में साफ-सफाई को और बेहतर करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परिसर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखें। विभिन्न अनुभागों को व्यवस्थित करें और विभिन्न कार्यालयों तक आगंतुकों की पहुंच को आसान बनाने हेतु सूचक चिन्हों को भी दीवारों पर पेंट करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने आगंतुकों के लिए प्रतीक्षालय बनवाने के लिए भी निर्देशित किया। साथ ही तहसील परिसर में आने वाले आगंतुकों के लिए स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से कैंटीन भी शुरू करवाने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा, सीओ आभा सिंह, तहसीलदार सदर पंकज शाही, नायब तहसीलदार देश दीपक त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

## भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की स्मृति में कलेक्ट्रेट में दो मिनट का मौन धारण रखा



*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण रखा। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 30 जनवरी से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ अभियान 2025 का संदेश पढ़ा। उन्होंने कहा कि हम सभी जनपद-शाहजहाँपुर के लोग और जिला प्रशासन विकसित भारत अभियान के अवसर पर यह घोषणा करते हैं कि हम अपने जनपद को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोडेगें। कुष्ठ रोग को पहचानना बहुत आसान है और यह साध्य है। हम सभी कुष्ठ रोगियों को जितनी जल्दी हो सके खोजने के लिए हर सम्भव प्रयास करेगें। हम इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जिले में उपलब्ध सभी संसाधनों का उपयोग करेगें। इसके साथ हम कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति से कोई भेदभाव नहीं करेगें और न ही किसी दूसरे व्यक्ति को कुष्ठ रोग प्रभावित व्यक्ति और उनके परिवार के सदस्यों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव करने देगें। हम व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों से जुडे कलंक और भेदभाव को समाप्त करने और उनको समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए अपना पूर्ण योगदान देगें। हम सभी कलंक एवं भेदभाव के प्रति शून्य सहिष्णुता के लिये आइए मिलकर जागरूकता फैलाएँ, भ्रातियों को दूर भगायें, कुष्ठ प्रभावित कोई पीछे छूट न जाय की प्रतिज्ञा लेते हैं।

## जैदपुर पुलिस की दबंगई जबरन दुकानदार से वसूले पैसे

*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर।** जैदपुर थाना क्षेत्र में पुलिस की दबंगई का मामला सामने आया है। थाने में तैनात दो सिपाहियों पर मीट दुकानदारों से अवैध वसूली का आरोप लगा है। आरोपी सिपाही पंकज सिंह और मनमोहन सिंह लाइसेंसी मीट की दुकानों पर पहुंचे और वसूली की कोशिश की। दुकानदार के भाई जावेद के अनुसार, दोनों सिपाही दुकान पर आकर दबंगई दिखा रहे थे और अवैध वसूली की मांग कर रहे थे। इस दौरान दुकानदारों और स्थानीय ग्रामीणों ने दोनों सिपाहियों को घेर लिया और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। चौराहे पर जमा भीड़ और बढ़ते हंगामे को देखते हुए दोनों सिपाही मौके से फरार हो गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें ग्रामीण



पुलिसकर्मियों की कार्रवाई का विरोध करते दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। इस घटना से पुलिस विभाग की छवि को भी नुकसान पहुंचा है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से इस मामले में उचित कार्रवाई की मांग की जा रही है।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कुष्ठ रोग मुक्त की शपथ ली गयी

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर गुरुवार को पंचायत भवन बड़ागांव मे आयोजित बैठक मे कुष्ठ रोग मुक्त की शपथ ली गयी तथा कार्यक्रम मे सभी से सहयोग की अपील की गयी। बैठक मे उपस्थित आशा बहू, आंगनवाड़ी एव स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ, स्वय समूह संगठन की सदस्यों से रूबरू होते हुए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने कहा कि कुष्ठ रोगियों को स्पर्श करने पर किसी भी प्रकार का रोग नहीं होगा, ये संक्रामक रोग नहीं है। कुष्ठ रोगियों से हाथ मिलाने, उनके साथ बैठकर खाने से यह रोग संक्रमित नहीं होता है। ऐसे में कुष्ठ रोगियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न किया जाए कुष्ठ रोग असाध्य नहीं है। दवा से इसका पूर्ण इलाज संभव है। प्रधान प्रतिनिधि ने कहा यह पूर्वजन्म के पापों का फल नहीं है, बल्कि रोग है जो माइक्रोबैक्टेरियम लेप्रे नाम के जीवाणु से होता है। जो एमडीटी की दवा से पूरी तरह से ठीक हो जाता है। इसके इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, आशा या एएनएम व स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करके मुक्त कराया जा सकता है।



बैठक मे उपस्थित लोगो को कुष्ठ रोग मुक्त की शपथ दिलाते हुए जन जागरूक करने की अपील की। इस मौके पर पंचायत सहायक सैय्यदा बानो, रचना गुप्ता, अंजू रस्तोगी, वंदना, विमला, मोहिनी सहित समूह की तमाम महिलाए मौजूद रही।

# जनता इस जनविरोधी सरकार से ऊब चुकी है : इदरीश पटवारी

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** कस्बे के नरकटहा पशुपतिनगर वार्ड में बृहस्पतिवार को समाजवादी पार्टी पी डी ए की जन पंचायत चौपाल संपन्न हुई। चौपाल को संबोधित करते हुए नपा अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने कहा कि पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक मिलकर इस जनविरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करे। उन्होंने कहा कि हमारे मुखिया अखिलेश यादव समाज के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान देखना चाहते है।

वही भाजपा की सरकार सत्ता पाने के लिए समाज को तोड़ने का काम कर रही है। इनके मुखिया संविधान को बदलने के फिराक में लगे है। पूर्व नपा अध्यक्ष व समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मो इदरीश पटवारी ने कहा कि पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गांव गांव और घर घर जाकर पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता इस जनविरोधी सरकार से ऊब चुकी है और इसे उखाड़ फेंकने की तैयारी में है। हम सब को एकजुट होकर इस साकार को बदलना है। चौपाल को नगर अध्यक्ष कपिल देव, सब्बू खान, पवन कुमार यादव, बुद्धिराम प्रजापति ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अरुण गुप्ता, परमात्मा, महताब आलम सन्नू, मैनू नेता,पवन कुमार यादव, दिल्लू, गोलू मेकरानी मुन्ना पांडेय, सारिक ख़ान, अलीम सिद्दीकी, अज़हर ख़ान, सालिक राम, निवास यादव, प्रहलाद, साकिर अली, राम निवास, गणेश दत्ता, के सी त्रिपाठी, सरताज अली सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# गणतंत्र दिवस पर शानदार प्रदर्शन करने पर बच्चे सम्मानित, पुरस्कार पाकर खिल उठे चेहरे

अवधनामा संवाददाता



भनवापुर के प्राथमिक विद्यालय मंगराव के बच्चों को हेड मास्टर व प्रधान ने वितरित किया पुरस्कार

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक संसाधन केंद्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय मंगराव में बृहस्पतिवार को बच्चों को दोपहर 2 बजे ग्राम प्रधान राम विलास और प्रधानाध्यापक दुर्गेश कुमार मिश्रा के अगुवाई में थाली और गिलास देकर सम्मानित किया गया।

बताते चलें कि बीते गणतंत्र दिवस पर इस विद्यालय में आयोजित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था जिसमें मुख्य रूप से खण्ड विकास अधिकारी भनवापुर आलोक दत्त उपाध्याय, खण्ड शिक्षा अधिकारी भनवापुर राजेश कुमार, तहसीलदार डुमरियागंज रवि कुमार यादव, ब्लॉक प्रमुख भनवापुर लवकुश ओझा, पूर्व विधायक डुमरियागंज राघवेंद्र प्रताप सिंह जी समेत बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित होकर बच्चों को नगद पुरस्कार के रूप में एक बड़ी धनराशि दी थी। इस धनराशि से बृहस्पतिवार को प्रतिभागी 70 बच्चों में प्रत्येक को एक थाली और गिलास देकर पुरस्कृत किया गया। प्रधानाध्यापक दुर्गेश कुमार मिश्रा ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है, ग्राम प्रधान राम विलास ने कहा कि आज वितरित किए जा रहे इस पुरस्कार से अन्य बच्चों को भी बेहतर कार्य कर पुरस्कार जीतने के लिए प्रेरणा मिलेगी, इस दौरान राजकुमारी, सुनीता, दुर्गा, श्यामकली, तोताराम, कुसुम समेत बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

## हत्या के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** बीते दिवस जैतपुर थाना क्षेत्र के वल्लीपुर गांव में एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गौरतलब हो कि बीते सोमवार को आदित्य उपाध्याय उर्फ काजू की निर्मम हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में पहले ही एक आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस के अनुसार, हत्या का कारण शराब पीने के दौरान विवाद मे घटना घटित हुई थी। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की छानबीन शुरू की और सुरागों के आधार पर दूसरे आरोपी को पकड़ा। इस हत्या मामले ने वल्लीपुर गांव और आसपास के इलाकों में सनसनी फैला दी है। ग्रामीणों ने पुलिस से मामले की त्वरित सुनवाई और आरोपियों को सख्त सजा दिलाने की मांग की है। पुलिस ने दूसरे आरोपी मुन्नू निवासी वल्लीपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जैतपुर थाना अध्यक्ष वंदना अग्रहरि ने बताया कि दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## सफाई नायको व सफाई कर्मचारियों की एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**टांडा अम्बेडकरनगर।** दिनांक 29.01.2025 को स्वच्छ भारत मिशन नगरीय 2.0 के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 व ODF ++ के निर्धारित मानकों सफाई कार्यो को सुचारू रूप बेहतर बनाने गिला कूड़ा सुख कूड़ा पृथक्कीकरण डोर टू डोर कूड़ा एकत्र करने कूड़ा प्रबंधन की समुचित व्यवस्था के सम्बन्ध में पालिका में कार्यरत सफाई नायकों सफाई कर्मचारियों को प्रशिक्षण/कार्यशाला पालिका सभागार कछ में आयोजित किया गया जिसमे सफाई कार्य डोर टू डोर कूड़ा पृथक्कीकरण व एकत्र करने वाले सफाई कर्मचारियों वाहन चालकों को श्री डॉ0 आशीष कुमार सिंह अधिशाषी अधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया जिसमे वैभव पाण्डेय मंडल कार्यक्रम प्रबंधक श्री हीरदयानंद यादव जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री शमशाद जुबैर कर अधीक्षक श्री राकेश कुमार गौरव प्रभारी सफाई निरीक्षक रामबाबू गुप्ता राजस्व निरीक्षक श्री जलील अहमद सफाई लिपिक निशांत पाण्डेय कार्यालय अधीक्षक श्री आशीष कुमार चौहान जलकल अभियंता श्री मोहम्मद हुसैन मोहम्मद अहमद मोहम्मद रब्बानी मोहम्मद इदरीश मोहम्मद रब्बानी महेंद्र कुमार शकील अहमद परवेज अहमद सफाई नायक और सफाई कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने सीमाई क्षेत्र में लगाया पशु चिकित्सा शिविर

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** गुरुवार को 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, के सीमा चौकी बजहा के कार्यक्षेत्र में रक्सेल गाँव में ओ.पी.डी. तथा पशु चिकित्सा शिविर लगाकर निःशुल्क पशु चिकित्सा प्रदान किया गया। 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, सिद्धार्थनगर द्वारा भारत- नेपाल सीमा की सुरक्षा के साथ-साथ सीमावर्ती गाँवो मे बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु अनेक जन कल्याणकारी कार्यक्रम जैसे ओ.पी.डी. के माध्यम से निःशुल्क मानव और पशु चिकित्सा शिविर, ग्रामीणों को कौशल विकास के माध्यम से रोजगार प्राप्त कराने, ग्रामीणों के मुलभुत सुविधाओं को मुहैया कराने, खेल-कूद के क्षेत्र में युवाओं को आगे बढ़ाने तथा शैक्षिक भ्रमण/समा दर्शन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को अपने देश के ऐतिहासिक, शैक्षणिक संस्थाओं व संस्कृति से रु-ब-रु होने का अवसर प्रदान करने जैसे कार्यक्रम आयोजित करती आ रही है। इसी क्रम में आज 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, सिद्धार्थनगर द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत सीमा चौकी बजहा के रक्सेल गाँव में डॉ0 एस.एस.पारेकर, द्वितीय कमान अधिकारी /पशु चिकित्सक के सहयोग से ओ.पी.डी. तथा पशु चिकित्सा शिविर लगाकर निःशुल्क पशु चिकित्सा प्रदान किया गया जिसके दौरान सीमावर्ती रक्सेल, गैजर, पोखरभिटवा, मुंडिला, सरदारनगर और भरवालिया गांवों के कुल 25 पशु मालिकों के 129 पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया। डॉ0. एस.एस. पारेकर, द्वितीय कमान अधिकारी /पशु चिकित्सक के द्वारा ग्रामीणों को जागरूक करते हुए मौजूदा ठंड के समय में पशुओं के देखभाल और उनके खान- पान के बारे में जानकारी दिया गया। उपरोक्त आयोजन के दौरान 43वीं वाहिनी सीमा चौकी बजहा से निरीक्षक राजेश कुमार मीना व अन्य कार्मिकों के साथ साथ देवेन्द्र चौधरी, ग्राम प्रधान रक्सेल व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# दाऊदपुर गाँव में वार्षिक जुलुसे सफरे हुसैनी का हुआ आयोजन



**जलालपुर, अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जलालपुर तहसील क्षेत्र के दाऊदपुर गांव में गुरुवार को अंजुमन मोईनुल अजा के बैनर तले पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन की याद में 28 रजब का जुलूसे सफरे हुसैनी का वार्षिक आयोजन हुआ। जुलूस से पूर्व कर्बला पर हुई मजलिस को मौलाना सैयद बकी जाफरी ने खिताब करते हुए कहा कि इमाम हुसैन ने मदीने की हुरमत को बचाने के लिए 28 रजब सन 60 हिजरी को परिवार सहित मदीना छोड़ दिया। तकरीर के बीच हजरत अब्बास का अलम, इमाम हुसैन का जुलजनाह, अली असगर का गहवारा और जनाबे जैनब, उम्मे कुलसूम, बीबी फिज्जा की अमारियां बरामद हुईं। अजादारों ने नम आखों से शबीह की जियारत की। अंजुमने बज्मे अब्बासिया ने नौहा पढ़ा-मदीना होता है सूना हुसैन जाते हैं, पछाड़ें खाती हैं सुगरा हुसैन जाते हैं। नौहे पर नौजवानों ने मातम किया। अंजुमने फरोगे अजा बाराबंकी ने पढ़ा - मदीना उजड़ेगा आबाद कर्बला होगी, सफर पे आज है आमादा शाह का कुनबा। अंजुमन रौनके इस्लाम मुस्तफाबाद, सफीरे नासेरुल अजा समेत मुकामी अंजुमन मोईनुल अजा दाऊदपुर ने नौहाख्वानी की। वहीं दौराने जुलूस मौलाना मोहम्मद आमिर काजमी, मौलाना परवेज कमाल, मौलाना अमीर हसन व मौलाना सैयद नूरुल हसन रिजवी ने अलग अलग स्थानों पर तकरीर की। जुलूस देर शाम मस्जिद पर जाकर समाप्त हुआ। जुलूस को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सम्मनपुर पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।

## विद्यालय कक्ष का दरवाजा तोड़कर चोर उठा ले गए मोटर

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के नगवा गांव में



स्थित प्राथमिक विद्यालय के कमरे का दरवाजा तोड़कर चोर मोटर उठा ले गए है। विद्यालय की प्रधानाध्यापक अंकिता राय ने कोतवाली बांसी में दिए गए तहरीर में लिखा है कि। बृहस्पतिवार की सुबह साढ़े नौ बजे जब रसोईयां विद्यालय की साफ-सफाई के लिए विद्यालय गेट का ताला खोला तो देखा कि विद्यालय के एक कक्ष का दरवाजा टूटा है। कक्ष के अन्दर देखने पर देखा गया कि कक्ष में लगा मोटर गायब है। उन्होंने मामले की जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने की मांग किया है।

## मुख्य आकर्षण का केंद्र बना स्मार्ट सिटी मॉडल इन फ्यूचर



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** बीएसए ग्राउंड में चल रहे सिद्धार्थनगर महोत्सव में देवेंद्र सामाजिक और शैक्षिक सेवा संस्थान सिद्धार्थनगर के एक यूनिट के रूप में कार्य कर रहे देवेंद्र नाथ इंस्टीट्यूट आफ इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी के ओ-लेवल के छात्राओं एवं प्रशिक्षकों की ओर से सिद्धार्थनगर स्मार्ट सिटी इन फ्यूचर का मॉडल तैयार किया गया। इस मॉडल में आईओटी टेक्नोलॉजी का कॉन्सेप्ट उपयोग करके ऑटोमेटिक कर पार्किंग जोन, ऑटोमेटिक डेस्टबिन, ऑटोमेटिक सोलर ट्रैकर, ऑटोमेटिक रोड लाइट, ऑटोमेटिक फुहारा का आर्डयूनो बोर्ड एवं सेंसर का यूटिलाइजेशन किया गया है। मोबाइल के माध्यम से अपने घर के लाइट्स फैन एक कंट्रोल करने की टेक्नोलॉजी को प्रदर्शित किया जा रहा है। सिद्धार्थनगर के बच्चों को अब लेटेस्ट टेक्नोलॉजी की शिक्षा के क्षेत्र में ट्रेंड किया जा रहा है। स्मार्ट सिटी को निदेशक अमित त्रिपाठी के निर्देशन में छात्र दिव्यांश पाठक, साक्षी, दीपक गौड़ एवं प्रशिक्षक विजय लक्ष्मी, दीपाली कसौधन की भूमिका अहम है।

## कुत्ते द्वारा किए जा रहे गंदगी का विरोध करने पर पीटा

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा थाना क्षेत्र के नौसढ़ में कुत्ते द्वारा किए जा रहे गंदगी का विरोध करने पर मनबढ़ो ने पिट कर घायल कर दिए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से नीतू देवी पत्नी रामकिशन निवासी नौसढ़ के पड़ोसी ने कुत्ता पाल रखा हैं। और उसे दरवाजे के सामने बांधती थी। वह आए दिन गंदगी करता था। जिससे आने जाने में दिक्कत होती थी। महिला ने इसका विरोध किया तो आरोपी अपने भाई के साथ आधा दर्जन मनबढ़ो को बुलाकर लाठी डंडे मारपीट कर घायल कर दिए। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर बिनु, खुशबू, सोनु, बबलू तथा आधा दर्जन अज्ञात पर केस दर्ज कर लिया है।

## महिला को मनबढ़ो ने घर में घुसकर पीटा, केस दर्ज

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवां थाना क्षेत्र के तीवरान चूड़िहारा निवासी रीना देवी पत्नी रामशब्द गजब के मनबढ़ो ने रंजिश को लेकर घर में घुस आए और लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी हरिकिशन, रेखा, आरती के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# केमिकल वाले टैंकर में लगी आग टैंकर जलकर हुआ खाक

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ थाना क्षेत्र के रमवापुर तिवारी चौराहा के पास स्थित इंडियन पेट्रोल पंप के सामने एक केमिकल वाले ट्रंकर में अचानक आग लग गयी जिससे सड़क पर अफरा तफरी का माहौल हों गया। सूचना पर पहुंची प्रशासन ने आग बुझाने में जुट गयी, बड़ी मस्क्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

शोहरतगढ़ खुनुवा मेन रोड पर रमवापुर तिवारी में जय किसान सेवा केन्द्र के नाम से इंडियन आयल का पेट्रोल पंप है। गुरुवार को दिन में करीब साढ़े ग्यारह बजे नेपाल से केमिकल को खाली करके एक टैंकर आ रही थी। इसी रोड़ पर स्थित पेट्रोल पंप पर डीजल लेने के लिए जैसे मुड़ी कि टैंकर में आग लग गई। आग का आभास होते ही ड्राइवर और खलासी गाड़ी से कूद गये, और सुरक्षित बच गये। पेट्रोल पंप पर आग की खबर पाकर शोहरतगढ तहसील प्रशासन और शोहरतगढ थाना के साथ खुनुवा पुलिस चौकी की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर आग बुझाने में जुट गई और बड़ी मस्क्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग बुझाने में बड़ी कठिनाई हुई क्योंकि वहां आग बुझाने के लिए पानी की दिक्कत था। जहां टैंकर खड़ी थी वहां ग्यारह हजार बोल्टेज के बिजली सप्लाई तार गया है लोगों के द्वारा आशंका है कि हाई बोल्टेज तार के चपेट में आने से टैंकर में आग लगी। गाड़ी के ड्राइवर संतोष व कलाम दोनों सुरक्षित है। आग बुझते बुझते नगर पंचायत से पानी का टैंकर व फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंच गयी थी। इस दौरान शोहरतगढ एसडीएम राहुल सिंह, शोहरतगढ थानाध्यक्ष विन्देश्वरी मणि त्रिपाठी, नगर पंचायत ईओ अजय कुमार के साथ भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रही।

# हजपुरा बाज़ार में गंदगी का अम्बार संक्रमित बीमारियों की फैलने की आशंका

दानिश मेहदी



**हजपुरा अम्बेडकरनगर।** तहसील जलालपुर क्षेत्र के हजपुरा बाजार में कूड़े के ढेर व गंदगी का अंबार लगा हुआ है। बाजार वासियों की तमाम शिकायतों के बावजूद इस समस्या की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि हजपुरा बाजार जिला पंचायत के अंतर्गत आता है, और यहां किसी भी सफाई कर्मचारी की नियुक्ति नहीं है। जो सफाई कर्मी मौके पर है, उसका काम हजपुरा गांव में साफ सफाई वह स्कूल में साफ सफाई का ही है। जिला पंचायत की तरफ से कोई सफाई कर्मी नियुक्त न होने से उक्त बाजार के बगल बाग में कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। तथा चारों तरफ गंदगी व्याप्त है। ऐसे में तमाम प्रकार की संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है।

बाजार वासी अशोक प्रजापति, प्रवेश कुमार, सुनील कुमार, विनय कुमार, प्रदीप सिंह, चिंताराम, संतराम गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता व गोपाल मद्धेशिया आदि तमाम लोगों ने बताया कि बाजार के बगल वाली बाग में चारों तरफ कूड़े के ढेर लगे हैं, और चारों तरफ गंदगी व्याप्त है। तमाम बार की शिकायतों के बाद भी इस समस्या की तरफ किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। ऐसे में तमाम प्रकार की संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा प्रबल हो गया है। बाजार आने वाले लोगों को कूड़े व गंदगी की वजह से उठने वाली सड़ांध से लोग परेशान हो उठते हैं। हजपुरा के व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रहलाद वर्मा का कहना है कि यह बाजार काफी दिनों से पंचायत के अंतर्गत आती है। यहां पेयजल, साफ सफाई, नाली वगैरह की जिम्मेदारी जिला पंचायत की होती है। व्यापार मंडल अध्यक्ष सहित हजपुरा बाजार वासियों ने जिला पंचायत अध्यक्ष से उक्त बाजार के बगल वाली बाग में लगे कूड़े के ढेर व गंदगी को अविलंब दूर कराए जाने की मांग की है।

# दो दंपत्ति लापता महाकुंभ में स्नान के दौरान लापता परिवार परेशान



अवधनामा संवाददाता

**इटवा सिद्धार्थनगर।** महाकुंभ में एक चिंताजनक घटना सामने आई है, जहां इटवा के बरगदवा पश्चिम गांव के दो दंपत्ति स्नान के दौरान लापता हो गए हैं। लापता हुए लोगों में हरिराम (65) और उनकी पत्नी गुलाबी देवी (62), तथा होली प्रसाद (63) और उनकी पत्नी पदमावती (62) शामिल हैं। सोमवार की सुबह को गांव से कुल 26 लोग अलग-अलग समूहों में महाकुंभ स्नान के लिए निकले थे। मंगलवार को प्रयागराज पहुंचने के बाद, दोनों दंपत्तियों ने अपना मोबाइल और अन्य सामान गांव के केशरी को सौंपकर स्नान के लिए प्रस्थान किया। इसके बाद से वे लापता हैं। महाकुंभ में भगदड़ की घटना के बाद परिजनों ने जब संपर्क करने का प्रयास किया, तो कोई जवाब नहीं मिला। गुरुवार की सुबह परिजनों ने प्रधान व्यास चतुर्वेदी के साथ इटवा थाने में सूचना दर्ज कराई। एसएचओ श्रीप्रकाश यादव ने बताया कि मेला प्रशासन को सूचित कर दिया गया है और हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करने की सलाह दी गई है। फिलहाल परिजन खोजबीन के लिए प्रयागराज रवाना हो गए हैं। पुलिस और प्रशासन लापता श्रद्धालुओं की तलाश में जुटे हैं, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है।

## महाकुंभ में दम तोड़ चुका है सड़क सुरक्षा अभियान

**अमेठी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में सुरक्षित आवागमन पूरी तरह बेमानी साबित हो रहा है। महाकुंभ -2025में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने के कारण सरकार की सारी व्यवस्थाएं फेल हो गई है। जनवरी महीने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की सरकार की जिला प्रशासन और सरकार की पूरी कार्ययोजना बेकार साबित हो रही है ?। सड़क दुघर्टनाएं रोज हो रही हैं। नेशनल हाईवे पर त्रिशुंडी के पास बुधवार को श्रद्धालुओं से भरी एक बोलेरो रोडवेज बस से टकराने के कारण दो महिलाओं की मौत हो गई थी। गुरुवार को अयोध्या प्रयागराज हाईवे पर एक बस में अचानक आग लग गई। बुधवार को अयोध्या प्रयागराज हाईवे पर सड़क दुघर्टना में दो महिलाओं की मौत हो गई थी,आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। लखनऊ सुल्तानपुर नेशनल हाईवे और पूर्वांचल एक्सप्रेस -वे पर रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत सुरक्षित यातायात के लिए तैयार की गई कार्ययोजना फाइलों में कैद है।

# बदहाल एएनएम सेंटर से ग्रामीणों का कैसे हो इलाज

पद्मनाभ मिश्र



**हजपुरा अम्बेडकरनगर।** एक तरफ सरकार जहां जनता के लिए तमाम स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करने का दावा कर रही है। और जनता के लिए स्वास्थ्य से संबंधित तमाम योजनाएं भी चलाई जा रही हैं। वहीं स्वास्थ्य संबंधित लाभों से ग्राम सभा गोलपुर पूरी तरह से वंचित है।

जलालपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा गोलपुर में करीब 5 साल पूर्व लाखों रुपए की लागत से बना एएनएम सेंटर देख-रेख के अभाव में सांप,बिच्छू व तमाम विषैले जंगली जीव- जंतुओं का अड्डा बना हुआ है। ए एन एम सेंटर जर्जर होकर खंडहर में तब्दील हो गया है। ग्रामीणों द्वारा उक्त ए एन एम सेंटर के बदहाली व ए एन एम की नियुक्ति के बारे में अनेकों बार शिकायत की गई, लेकिन संबंधित व जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही व उदासीनता के चलते सुनवाई नहीं हुई।पूरा भवन अंदर और बाहर जंगल झाड़ियां से घिरा है। दरवाजे से सारी खिड़कियां गायब हैं । जिसमें तमाम जंगली जीव -जंतुओं ने अपना बसेरा बना लिया है। यहां आदमी दिन में भी जाने से डरते हैं। जिसके चलते ग्रामीणों को काफी असुविधाओं एवं समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

गांव की तमाम महिलाओं, बच्चों, पुरुषों आदि लोग को छोटी-मोटी समस्याओं के लिए भारी भरकम फीस देकर बाहरी डाक्टरों से स्वास्थ्य सुविधाएं लेने को मजबूर हैं। जिसका फायदा तमाम झोला छाप डॉक्टर उठा रहे हैं। वही इलाज के लिए महिलाएं व बच्चे दूर दराज के प्राइवेट नर्सिंग होम व झोलाछाप डॉक्टरों के चक्कर में पड़कर अपनी गाढ़ी कमाई का हिस्सा इन तथाकथित डॉक्टरों को देने पर मजबूर हैं। केंद्र की बदहाली को लेकर भी यहां पर एन एम पूनम यादव की तैनाती 3 वर्ष पूर्व में की गई थी उन्होंने बताया कि भवन चारों तरफ से जंगल झाड़ियां से घिरा हुआ है।और हमेशा जंगली जीव जंतुओं का खतरा रहता है। इसलिए वे गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय में बैठकर अपना काम कार्य निपटाती है।सी एच ओ राखी सिंह की तैनाती एक साल पूर्व हुई है। अभी तक उनको हेल्थ वैलनेस सेंटर भी नसीब नहीं हो सका है। जिससे उन्हें गांव में ही किसी के घर पर अथवा प्राथमिक विद्यालय में बैठकर मरिजो को देखना पड़ रहा है। ग्रामीण प्रदीप पांडे, शिवांश पांडे, अवधेश पांडे, मनमोहन मिश्रा, लालमन वर्मा, कपिल देव वर्मा, महेंद्र वर्मा, राम प्यारे आदि लोगों ने जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारी से अविलंब एन एम सेंटर को अस्तित्व में लाने की है।

# खेल सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम : ई. एजाज अंसारी



अवधनामा संवाददाता

**टांडा अम्बेडकरनगर।** नगर पालिका टांडा अंतर्गत मोहल्लह काजीपुरा में कैरम टूर्नामेंट का उद्घाटन टांडा नगर पालिका परिषद के पूर्व प्रत्याशी समाजवादी प्रदेश सचिव इंजीनियर एजाज अंसारी ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेल हमे खेल के दौरान खिलाड़ी मैदान में भले ही प्रतिद्वंदी रहते हैं, लेकिन खेल को खेल के भावना से खेल कर मिशाल भी प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेल से शरीर के साथ बुद्धि की भी बृद्धि होती है। खेल अनिश्चितताओं का खेल है। खेल प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य है कि युवाओं में खेलों के माध्यम से सामुदायिक भावना का विकास हो, जो निश्चय ही इस ग्राउंड पर फलीभूत होगी। इस तरह का खेल अच्छी पहल है। खेल से न केवल शरीर स्वस्थ्य होता है, बल्कि मष्तिष्क भी स्वस्थ्य होता है। खेल सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। इस दौरान फैजान अंसारी, गुडलक अंसारी, मो. तारिक, तनवीर चौधरी, हाजी तारिक, हाजी आफताब, शमसाद खां, खालिद न्यूटन, मो, इस्माइल, डॉ आतिफ अंसारी, अजीजुर्रहमान पूर्व सभाषद, कमाल क्रिकेटर, कुतुब आलम, रईस मियां, जावेद अंसारी, बल्लू, दारा आदि सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## भगदड़ के बावजूद स्नान

महाकुंभ में आस्था और श्रद्धा का जन-सैलाब उमडना ही था। भगदड़ की भी आशंकाएं थीं, क्योंकि कुछ भक्त सीमाओं को लांघने पर उतारू थे। मेले में भीड़ अपरिमित और आशातीत थी। अंततः रात में ही करीब 2 बजे बैरिकेड लांघन का दुस्साहस किया गया, अनुशासन तोड़ दिया गया, प्रशासन के निर्देशों को नकार दिया गया, नतीजतन भगदड़ मची और श्रद्धालु घायल हुए। कुछ गंभीर घायल भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताए हैं, लेकिन बुधवार सुबह 11 बजे तक हताहत और घायलों का कोई अधिकृत आंकड़ा घोषित नहीं किया गया था। कुछ अंतरराष्ट्रीय मीडिया एजेंसियों ने मरने वालों की संख्या बताई है, लेकिन हम उसे अंतिम जिम्मेदारी नहीं मानते। यकीनन भगदड़ अप्रत्याशित होगी, तभी प्रधानमंत्री मोदी ने तीन घंटे में ही चार बार मुख्यमंत्री योगी को फोन किए और हालात की जानकारी लेते रहे। गृहमंत्री अमित शाह ने भी फोन पर मुख्यमंत्री से बातचीत कर विस्तृत ब्योरा लिया। प्रधानमंत्री ने महाकुंभ में हुए हादसे को 'दुखद' करार दिया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना भी जताई है। साफ है कि कुछ मौतें भी हुई हैं। बहरहाल मुख्यमंत्री आदित्यनाथ का अनुमान था कि 'मौनी अमावस्या' को 'अमृत स्नान' करने 9-10 करोड़ श्रद्धालु प्रयागराज में आए। बुधवार सुबह करीब 9 बजे तक करीब 4 करोड़ श्रद्धालु त्रिवेणी और आसपास के घाटों पर स्नान कर चुके थे। भगदड़ भयावह रूप धारण न करे, लिहाजा अखाड़ों के साधु-संतों ने मुख्यमंत्री और प्रशासन से बातचीत कर तय किया कि देश भर से पधारे भक्तों को पहले स्नान करने दिया जाए।

उसके बाद दबाव कम होने पर ही अखाड़े 'अमृत स्नान' करेंगे। अंततः वह 'प्रतीकात्मक स्नान' ही कर पाए। अमूमन व्यवस्था यह होती है कि पहले शंकराचार्य और फिर अखाड़ों के साधु-संत, तय समय के अनुसार, स्नान करते हैं, फिर आम श्रद्धालु का नंबर आता है, लेकिन इस बार महाकुंभ में भक्तों के सैलाब ने विश्व-कीर्तिमान बना दिए, नया इतिहास लिखा गया और आस्था, अध्यात्म के तमाम रिकॉर्ड टूट गए। मंगलवार तक करीब 20 करोड़ भक्त संगम त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगा चुके थे और करीब 17 करोड़ ने अयोध्या के राम मंदिर में अपने प्रभु राम के दर्शन किए। ऐसा रहा सनातन का आस्थामय कीर्तिमान..! नतीजतन अयोध्या तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चंपत राय को सार्वजनिक अपील करनी पड़ी कि उप्र के श्रद्धालु 15-20 दिन बाद दर्शन करने आएं, क्योंकि कुंभ में जाने वाले अयोध्या आकर भी दर्शन-लाभ लेना चाहते हैं। उन्हें दर्शन करने दिए जाएं, क्योंकि वे दूरदराज से पधार रहे हैं। बहरहाल औसतन 1.21 करोड़ भक्तों ने हररोज संगम में आस्था की डुबकी ली और निर्वाण के पुण्य अर्जित किए। इतनी भीड़ का प्रबंधन और नियंत्रण ही 'वैश्विक उदाहरण' बन गया। अमरीकी कंपनी नासा ने अंतरिक्ष से उस आस्था-सैलाब की तस्वीरें भी वैश्विक कीं। इन लम्हों तक कोई भगदड़, कोई घटना, आपदा अथवा हादसा सामने नहीं आया, हालांकि कुंभ-आयोजन में हादसे होते रहे हैं। स्वतंत्र भारत के सर्वप्रथम कुंभ 1954 में तो व्यापक त्रासदी सामने आई थी, जब भगदड़ में करीब 800 मौतें हुई थीं। इस बार भी भगदड़ के बाद मुख्यमंत्री और साधु-संतों को आह्वान करने पड़े कि जो भक्त जिस घाट के करीब हैं, वे वहीं स्नान करें। उन्हें संपूर्ण पुण्य-लाभ मिलेगा।

## स्वर्णिम भारत का प्रतिबिम्ब है अक्षुण्ण विरासत

भारत में वर्ष 2025 में 76 वाँ गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है। संविधान लागू हुए 75 वर्ष पूरे हो गए। गणतंत्र दिवस 2025 की थीम/प्रसंग है- स्वर्णिम भारत-विरासत और विकास। गणतंत्र दिवस 2025 के मुख्य अतिथि के तौर पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो को चुना गया। भारतीय संविधान की प्रस्तावना को 13 दिसंबर 1946 को जवाहरलाल नेहरू द्वारा संविधान सभा में पेश किया गया था। इसे 22 जनवरी 1947 को स्वीकार किया गया था। 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा भारतीय संविधान को अपनाया गया। आजादी के बाद देश को चलाने के लिए डॉ भीमराव अम्बेडकर के नेतृत्व में हमारे देश का संविधान लिखा गया। जिसे लिखने में पूरे 2 वर्ष 11 महीने और 18 दिन लगे। 26 जनवरी 1950 में भारतीय संविधान को लागू किये जाने के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। गणतंत्र दिवस की पहली परेड 1955 ई. को दिल्ली के राजपथ पर हुई थी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति तिरंगा फहराते हैं और हर साल 21 तोपों की सलामी दी जाती है। गणतंत्र दो शब्दों से मिलकर बना है । गण और तंत्र। वैदिक काल में गण का शाब्दिक अर्थ था दल/समूह/लोक। तंत्र का शाब्दिक अर्थ होता है डोरा/सूत (रस्सी)। अर्थात ऐसी रस्सी/डोरा, जो लोगों के समूह को जोड़े। लोकतंत्र कहलाता है और यही गणतंत्र है। अतएव हम कह सकते हैं कि गणतंत्र दिवस भारतीय संविधान को लागू किये जाने का द्योतक है। संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता शब्द बाद में भारत की भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी द्वारा भारतीय आपातकाल के दौरान जोड़े गए थे। भारत में आपातकाल (25 जून 1975 - 21 मार्च 1977) के दौरान, इंदिरा गांधी सरकार ने संविधान के बयालीसवें संशोधन में कई बदलाव किए थे। इसी संशोधन के ज़रिए समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों को संप्रभु और लोकतांत्रिक शब्दों के बीच जोड़ा गया और राष्ट्र की एकता शब्दों को राष्ट्र की एकता और अखंडता में बदल दिया गया। भारत एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न समाजवादी धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक देश है। अतएव भारत में सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक दृष्टि से स्वावलम्बन, स्वाभिमानता और समानता परिलक्षित होती है। स्वावलम्बिता, स्वाभिमानिता और समानता के मूल में स्वाधीनता वास करती है। अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता, विचारों की स्वतन्त्रता, विश्वास की स्वतन्त्रता, आस्था और पूजा की स्वतन्त्रता स्वतंत्र भारत की पहचान है। अतएव हम कह सकते हैं कि अक्षुण्ण विरासत और विकास की सेतु पर खड़ा सविधान ही भारतीय गणतंत्र व्यवस्था की पहचान है। आत्मविश्वास का होना ही आपको आत्मनिर्भर बनाता है। भगवद गीता में लिखा है नायं आत्मा बलहीनेन लभ्यः अर्थात यह आत्मा बलहीनो को नहीं प्राप्त होती है। आत्मबल ही आत्मविश्वास की जननी है। आत्मबल और आत्मनिर्भर शब्द एक दूसरे के पूरक हैं। आत्मनिर्भरता, स्वावलम्बी होने को दर्शाता है। स्वावलम्बन जीवन की सफलता की पहली सीढ़ी है। सफलता प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को स्वावलम्बी अवश्य होना चाहिए। रामराज्य की परिकल्पना मोहनदास करमचंद गांधी की दी हुई थी। गांधीजी ने भारत में अंग्रेजी हुकूमत से मुक्ति के पश्चात ग्राम स्वराज के रूप में रामराज्य की कल्पना की थी। आत्मनिर्भरता, रामराज्य की परिकल्पना पर आधारित है। आत्मनिर्भर भारत की नींव गांधी के रामराज्य पर टिकी थी। गाँधी जी का स्वराज्य, रामराज्य की परिकल्पना का आधार था। स्वराज का अर्थ है जनप्रतिनिधियों द्वारा संचालित ऐसी व्यवस्था जो जन-आवश्यकताओं तथा जन-आकांक्षाओं के अनुरूप हो। यही स्वराज्य रामराज्य कहलाया। स्वराज का तात्पर्य स्वतंत्रता से है। बिना आत्मनिर्भर हुए स्वतंत्र नहीं हुआ जा सकता है। आत्मनिर्भरता या स्वावलम्बिता स्वतंत्र होने की एक कड़ी है। जब हम स्वतंत्र होंगे तभी हम स्वाभिमानी होंगे अर्थात स्वाभिमानिता के लिए स्वाधीनता जरुरी है। हिन्दुस्तान को गांधी का रामराज्य चाहिए। राम राज्य भगवान् राम के पुरुषार्थ और शासन का द्योतक है। भगवान् राम सहिष्णुता के प्रतीक थे। राम सत्य के प्रतीक थे। तभी तो भगवान् राम ने रामराज्य स्थापित किया था। आज आत्मनिर्भर भारत बनाने की बात हो रही है और वहीं दूसरी ओर विदेशी कम्पनियाँ और विदेशी सामान की हिन्दुस्तान में बाढ़ आ गई है। प्रत्येक संस्था का निजीकरण होता जा रहा है। बेरोजगारी बढ़ रही है।


डॉ. शंकर सुवन

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**ग्लोबल वार्मिंग के खतरों ने दुनिया को चिन्ता में डाला है, इसने भारतीय जनजीवन, पर्यावरण, जीवजंतु, एवं कृषि के दरवाजे पर ऐसी दस्तक दी है, जो न केवल चिन्ताजनक है बल्कि अनेक खतरों की टंकार है। रिकॉर्ड तोड़ गर्मी से जहां सामान्य जन-जीवन बाधित है, पीने के शुद्ध पानी के स्रोत सूखने लगे है, वहीं खेती किसानी पर भी नया संकट मंडरा रहा है। गत वर्ष भारत मौसम विज्ञान विभाग ने जानकारी दी थी कि वर्ष 2024 में भारत में गर्मी के सारे पुराने रिकॉर्ड टूट गये थे।**

# जलवायु परिवर्तन से बच्चों का जीवन संकट में

संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ की रिपोर्ट 'लर्निंग इंटरप्टेड रू ग्लोबल स्नैपशॉट ऑफ क्लाइमेट-रिलेटेड स्कूल डिसरप्शंस इन 2024' में चौंकाने वाले तथ्यों एवं खुलासे ने बच्चों को लेकर चिन्ता को बढ़ा दिया है। अब तक कृषि व मौसम के चक्र पर ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के अध्ययन निष्कर्ष तो सामने आते रहे हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन का बच्चों के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य विषयक ऐसा संवेदनशील अध्ययन पहली बार सामने आया है, जिसने जहां नीति-निर्माताओं और शिक्षाविदों को चिन्ता में डाला है वहीं अभिभावकों की परेशानियों को बढ़ा दिया है। सरकार पर भी दबाव बनाया कि वह बच्चों व शिक्षा पर जलवायु परिवर्तन से होने वाले घातक असर को कम करने के लिये कारगर नीतियां बनाये एवं उन्हें तत्परता से लागू करें। इस रिपोर्ट के अनुसार गत वर्ष सिर्फ भारत में लगभग पांच करोड़ छात्र लू एवं अत्यधिक गर्मी के कारण प्रभावित हुए। जलवायु परिवर्तन सिर्फ हमारे पर्यावरण पर ही असर नहीं डाल रहा है बल्कि बच्चों की शिक्षा पर भी गहरा और खतरनाक असर डाल रहा है। ओस्लो विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान की पोस्ट डॉक्टरल फेलो डॉ केटलिन एम प्रेंटिस और उनके सहयोगियों ने इस बारे में विस्तृत अध्ययन किया है। 'नेचर क्लाइमेट चेंज' पत्रिका में प्रकाशित इस अध्ययन के अनुसार दक्षिण एशिया, खासकर भारत, बांग्लादेश और कंबोडिया जैसे देशों में अप्रैल महीने में गरम हवा की लहरों (हीटवेव) ने शिक्षा व्यवस्था को बुरी तरह से प्रभावित कर दिया। जलवायु परिवर्तन के लिहाज से भारत को बेहद संवेदनशील देश करार दिया गया। वर्ष 2024 में दुनिया के 85 देशों में 24.2 करोड़ बच्चों की पढ़ाई चरम मौसम के कारण बाधित हुई। इसका अर्थ यह है कि वर्ष 2024 में दुनिया भर के स्कूल जाने वाले हर सात बच्चों में से एक बच्चा मौसमी बाधाओं के कारण कभी न कभी स्कूल नहीं जा सका। शोध के अनुसार बढ़ती गर्मी एवं गर्म दिनों की अधिक संख्या ने न केवल बच्चों के स्वास्थ्य को बल्कि परीक्षा परिणामों को खराब किया। मौसमी बाधाओं का असर बच्चों की शिक्षा पर लंबे समय तक रहता है। यूनिसेफ ने अपनी रिपोर्ट में चेताया है कि यदि ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन ऐसे ही जारी रहा, तो वर्ष 2050 तक बच्चों के गरम हवाओं के संपर्क में आने की संभावना आठ गुनी बढ़ जाएगी। सार्वभौमिक तापमान में लगातार होती इस वृद्धि के कारण विश्व के पर्यावरण पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है, उससे मुक्ति के लिये जागना होगा, संवेदनशील होना होगा एवं विश्व के शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को सहयोग के लिये कमर कसनी होगी तभी हम जलवायु परिवर्तन से जुड़े बच्चों के संकट से निपट सकेंगे अन्यथा यह विश्व के बच्चों के प्रति बड़ा अपराध होगा, उनके विनाश का कारण बनेगा।


ललित गर्ग



ग्लोबल वार्मिंग के खतरों ने दुनिया को चिन्ता में डाला है, इसने भारतीय जनजीवन, पर्यावरण, जीवजंतु, एवं कृषि के दरवाजे पर ऐसी दस्तक दी है, जो न केवल चिन्ताजनक है बल्कि अनेक खतरों की टंकार है। रिकॉर्ड तोड़ गर्मी से जहां सामान्य जन-जीवन बाधित है, पीने के शुद्ध पानी के स्रोत सूखने लगे है, वहीं खेती किसानी पर भी नया संकट मंडरा रहा है। गत वर्ष भारत मौसम विज्ञान विभाग ने जानकारी दी थी कि वर्ष 2024 में भारत में गर्मी के सारे पुराने रिकॉर्ड टूट गये थे। यह वर्ष 1901 के बाद से सबसे गर्म साल के तौर पर दर्ज हुआ था। यूनिसेफ ने स्पष्ट किया है कि जलवायु संकट न केवल बच्चों की शिक्षा, बल्कि उनके पूरे भविष्य को खतरे में डाल रहा है। यदि इस संकट से निपटने के लिए तत्काल प्रभावी एवं जरूरी कदम नहीं उठाये गये, तो इसके बुरे असर को लंबे समय तक महसूस किया जाएगा और नयी पीढ़ी का जीवन अनेक खतरों से घिर जायेगा। अब जरूरी हो गया है कि सरकार शिक्षा पर जलवायु परिवर्तन के असर को कम करने के लिए ठोस रणनीतियां बनाने को आगे आये।

जलवायु परिवर्तन से बच्चों की शिक्षा ही नहीं, बल्कि अन्य कई तरह के प्रभाव पड़ते हैं। जलवायु परिवर्तन से बच्चों का शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, और शिक्षा प्रभावित होती है। विशेषतः गर्मी से होने वाली बीमारियां और मौतों का खतरा बढ़ता है और हैज़ा, मलेरिया, डेंगू, और जीका जैसी बीमारियां खतरनाक तरीके से जीवन को घेरती है। गर्भावस्था के दौरान अत्यधिक गर्मी के संपर्क में आने से जन्म के समय कम वज़न के बच्चे पैदा होने की संभावनाएं बढ़ जाती है। पर्यावरण विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आने का खतरा बढ़ता है। अत्यधिक गर्मी की वजह से होने वाली आपदाओं में मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है और अवसाद, चिंता, नींद संबंधी विकार और सीखने की कठिनाइयां उग्रतर हो जाती है। इन्हीं सब कारणों से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है एवं परीक्षा परिणाम अपेक्षानुसार नहीं आ पाते हैं। बच्चे वयस्कों की तुलना में जलवायु और पर्यावरणीय झटकों के प्रति शारीरिक और शारीरिक रूप से अधिक संवेदनशील होते हैं। वे बाढ़, सूखा, तूफान और गर्मी जैसी चरम मौसम की मार झेलने और उससे बचने में कम सक्षम होते हैं। बच्चों को जलवायु परिवर्तन का सर्वाधिक खामियाजा उठाना पड़ता हैं क्योंकि यह उनके अस्तित्व, संरक्षण, विकास और भागीदारी के मौलिक अधिकारों को प्रभावित करता है।

बच्चों पर जलवायु परिवर्तन के अन्य संभावित प्रभाव पड़ते हैं, जैसे- अनाथ, तस्करी, बाल श्रम, शिक्षा और विकास के अवसरों की हानि, परिवार से अलग होना, बेघर होना, भीख मांगना, आघात, भावनात्मक व्यवधान, बीमारियाँ आदि हैं। यह संकट यूं तो पूरी दुनिया में है लेकिन दक्षिण एशिया के अन्य देशों के मुकाबले दुनिया की सर्वाधिक जनसंख्या वाले भारत में इसका ज्यादा प्रभाव देखा गया है। ग्लोबल वार्मिंग के भयावह संकट को नियंत्रित करना सबसे बड़ी चुनौती है। चिन्ताजनक तथ्य यह भी है कि यदि देश-दुनिया में ग्रीन हाउस गैसों के नियंत्रण के लिये वैश्विक सहमति शीघ्र नहीं बनती तो आने वाले वर्षों में तापमान में और वृद्धि हो सकती है। जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने के लिए अमीर एवं शक्तिशाली देशों की उदासीनता एवं लापरवाहपूर्ण रवैया भी विडम्बनापूर्ण है। दुनिया में जलवायु परिवर्तन की समस्या जितनी गंभीर होती जा रही है, इससे निपटने के गंभीर प्रयासों का उतना ही अभाव महसूस हो रहा है। जलवायु परिवर्तन से पिछले एक साल में दुनिया में हालात ज्यादा गंभीर हुए है, बिगड़े हैं। दरअसल कार्बन उत्सर्जन घटाने एवं जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर अमीर देशों ने जैसा रुख अपनाया हुआ है, वह इस संकट को गहराने वाला है।

# क्यों न सेवानिवृत्ति आयु पर पुनर्विचार किया जाए

**दिल्ली हाईकोर्ट ने अपने हालिया फैसले में कहा है कि सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु निर्धारित करने में केवल उम्र को एकमात्र मानदंड नहीं बनाया जाना चाहिए। इसके बजाय, कर्मचारियों की मानसिक और शारीरिक स्थिति को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। फिलहाल, यह निर्णय केवल दिल्ली सरकार के कर्मचारियों पर लागू होता है, लेकिन इसके दूरगामी प्रभाव हो सकते हैं।**

भारत में सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु हमेशा से एक संवेदनशील और बहस का विषय रही है। सरकारी तंत्र के भीतर इस मुद्दे को लेकर समय-समय पर चर्चाएँ होती रही हैं। हाल ही में, दिल्ली हाईकोर्ट के एक ऐतिहासिक फैसले ने इस बहस को नए आयाम दिए हैं। अदालत ने कहा है कि 60 वर्ष की आयु को रिटायरमेंट के लिए उपयुक्त सीमा मानना अब प्रासंगिक नहीं रह गया है। इस फैसले ने देशभर में सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति को लेकर एक नई सोच को जन्म दिया है और यह प्रश्न उठाया है कि क्या मौजूदा आयु सीमा में बदलाव की आवश्यकता है?


बलदेव राज भारतीय

वर्तमान में, अधिकांश सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 58 या 60 वर्ष निर्धारित है। लेकिन समय के साथ स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और जीवन प्रत्याशा में वृद्धि के चलते यह सीमा अब सीमित लगने लगी है। जैसे-जैसे लोग अधिक समय तक स्वस्थ और कार्यसक्षम बने रहते हैं, उनकी कार्यक्षमता का लाभ सरकार और समाज को भी मिल सकता है। भारत में पिछले कुछ दशकों में चिकित्सा सुविधाओं में भारी सुधार हुआ है। आधुनिक चिकित्सा प्रणालियाँ, बेहतर पोषण और जागरूकता ने लोगों की औसत जीवन प्रत्याशा को बढ़ा दिया है। 1950 के दशक में भारत में औसत जीवन प्रत्याशा लगभग 40-45 वर्ष थी, लेकिन आज यह बढ़कर 70 वर्ष के करीब पहुँच गई है। यदि जीवन प्रत्याशा लगातार बढ़ रही है और लोग लंबे समय तक मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रह रहे हैं, तो यह तर्कसंगत होगा कि सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु भी बढ़ाई जाए। इससे न केवल कर्मचारियों की आर्थिक सुरक्षा मजबूत होगी, बल्कि संस्थानों को भी उनके अनुभव का अधिकतम लाभ उठाने का अवसर मिलेगा।

बढ़ती प्रतियोगिता और चयन प्रक्रिया में देरी के कारण आजकल अधिकांश युवाओं को सरकारी नौकरी देर से प्राप्त होती है। कई राज्यों में सरकारी सेवाओं में प्रवेश की अधिकतम आयु सीमा 42 से 47 वर्ष तक निर्धारित है। ऐसे में, यदि ये कर्मचारी शारीरिक और मानसिक रूप से पूर्णतः सक्षम हैं, तो उन्हें भी अधिक सेवा अवधि का अवसर मिलना चाहिए। इससे न केवल उनकी पेशेवर स्थिरता बनी रहेगी, बल्कि सरकार और समाज को भी उनके अनुभव व दक्षता का दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होगा। अनुभवी कर्मचारियों की उपस्थिति किसी भी संस्थान के लिए अमूल्य होती है। सरकारी विभागों में विशेष रूप से, वरिष्ठ कर्मचारियों का अनुभव, निर्णय क्षमता और प्रशासनिक समझ संस्थान को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके दशकों के अनुभव का लाभ युवा कर्मचारियों को मार्गदर्शन के रूप में मिल सकता है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में, भारत के कई सरकारी विभागों में नेतृत्व क्षमता की कमी देखी जा रही है, विशेषकर विशेषज्ञता वाले क्षेत्रों में। यदि रिटायरमेंट की आयु बढ़ा दी जाती है, तो वरिष्ठ कर्मचारियों की विशेषज्ञता और ज्ञान का उपयोग अधिक समय तक किया जा सकता है, जिससे प्रशासनिक दक्षता में सुधार हो सकता है।



दिल्ली हाईकोर्ट ने अपने हालिया फैसले में कहा है कि सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु निर्धारित करने में केवल उम्र को एकमात्र मानदंड नहीं बनाया जाना चाहिए। इसके बजाय, कर्मचारियों की मानसिक और शारीरिक स्थिति को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। फिलहाल, यह निर्णय केवल दिल्ली सरकार के कर्मचारियों पर लागू होता है, लेकिन इसके दूरगामी प्रभाव हो सकते हैं। यदि अन्य राज्यों और केंद्र सरकार ने भी इस फैसले पर विचार किया, तो संभव है कि पूरे देश में सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की नीति में बदलाव देखने को मिले और ऐसा होना भी चाहिए। यह फैसला न केवल कर्मचारियों के लिए बल्कि समाज और सरकार के लिए भी लाभकारी हो सकता है। इससे वरिष्ठ कर्मचारियों को आर्थिक रूप से अधिक सुरक्षित महसूस होगा, और सरकार को अनुभवी कर्मचारियों की सेवाएँ अधिक समय तक मिल सकेंगी। यदि कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ा दी जाती है, तो वे अधिक समय तक वेतन और अन्य भत्तों का लाभ उठा सकेंगे, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। सरकारी विभागों में वर्षों के अनुभव वाले कर्मचारियों की मौजूदगी प्रशासनिक निर्णयों में गुणवत्ता सुधारने में मदद करेगी। बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के कारण कर्मचारी लंबे समय तक स्वस्थ और कार्यक्षम बने रह सकते हैं, जिससे वे अधिक समय तक उत्पादक रहेंगे। यदि सेवानिवृत्ति आयु बढ़ा दी जाती है, तो सरकार को पेंशन देने का बोझ कुछ समय के लिए टल सकता है, जिससे सरकारी खजाने पर कम दबाव पड़ेगा।

यद्यपि सेवानिवृत्ति की उम्र बढ़ाने के कई लाभ हैं, लेकिन इसके कुछ नकारात्मक प्रभाव भी हो सकते हैं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है। यदि वरिष्ठ कर्मचारी लंबे समय तक सेवा में बने रहते हैं, तो नई भर्तियों की संभावना कम हो सकती है, जिससे युवाओं को सरकारी नौकरी पाने में कठिनाई हो सकती है। रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाने से अधीनस्थ कर्मचारियों के प्रमोशन में देरी हो सकती है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष पैदा हो सकता है। कुछ मामलों में, बढ़ती उम्र के साथ कर्मचारियों की कार्यक्षमता में गिरावट आ सकती है, जिससे प्रशासनिक दक्षता प्रभावित हो सकती है। कोई भी कर्मचारी स्वयं को सेवानिवृत्ति के लिए प्रस्तुत नहीं करेगा। क्योंकि सरकार ओल्ड पेंशन देती नहीं। सरकारी कर्मचारी एनपीएस या यूपीएस में नाममात्र पेंशन पाएगा। अतः वह नहीं चाहेगा कि वह कभी रिटायर हो। दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के आधार पर सरकार को एक संतुलित नीति अपनाने की आवश्यकता है। रिटायरमेंट आयु को पूरी तरह से बढ़ाने के बजाय, एक लचीली नीति बनाई जा सकती है। जो कर्मचारी जल्दी रिटायर होना चाहते हैं, उन्हें स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के तहत प्रोत्साहित किया जा सकता है। कोई आयु सीमा निश्चित करने की अपेक्षा अधिकतम सेवा अवधि निश्चित की जानी चाहिए। जैसे कि 30 साल की सेवा पूर्ण करने वाले कर्मचारी को सेवानिवृत किया जाए। सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने से पहले कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच अनिवार्य की जानी चाहिए, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे कार्य करने में सक्षम हैं। सेवानिवृत्ति आयु को तुरंत बढ़ाने के बजाय इसे चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाए, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी उपलब्ध रहें। दिल्ली हाईकोर्ट का यह फैसला निश्चित रूप से एक नई सोच की ओर संकेत करता है। भारत में बढ़ती जीवन प्रत्याशा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यह तर्कसंगत प्रतीत होता है कि सेवानिवृत्ति आयु पर पुनर्विचार किया जाए। हालांकि, इसके संभावित नकारात्मक प्रभावों को भी ध्यान में रखते हुए सरकार को संतुलित और व्यावहारिक नीति बनानी होगी। एक लचीली सेवानिवृत्ति योजना, स्वास्थ्य परीक्षण और संक्रमणकालीन नीति के माध्यम से इस बदलाव को सुचारू रूप से लागू किया जा सकता है। भविष्य में यह देखना दिलचस्प होगा कि सरकार इस फैसले पर कैसे प्रतिक्रिया देती है।

# सर्विस टाइम में किया भ्रष्टाचार, रिटायरमेंट बाद जिंदगी लाचार

**हम भ्रष्टाचार निवारण में समाज की भूमिका की करें तो, समाज ही सभी अच्छाईयों व बुराईओं का स्त्रोत व उत्तरदायी हैं। समाज द्वारा चुने लोग ही सरकार में भेजे जाते हैं। हमारे समाज के लोग ही सरकारी नौकरियों व पदों पर रखे जाते हैं। इसका अर्थ यह है कि समाज के अन्दर ही भ्रष्टाचार का बीज विद्यमान हैं। हमें अपने समाज में सुधार करने की आवश्यकता हैं। इसके लिए आवश्यक हैं कि हमे ऐसे लोगो को प्रमुख जिम्मेदारी देनी चाहिए जो विद्वान, योग्य हो और समाज हित व देश हित की मंशा रखते हैं।**

वर्ष 1957 में प्रदर्शित फिल्म चंडीपूजा का रामचंद्र नारायणजी द्विवेदी उर्फ कवि प्रदीप द्वारा लिखा गीत, कोई लाख करे चतुराई कर्म का लेख मिटे ना रे भाई, जरा समझो इसकी सच्चाई रे, कर्म का लेख मिटे ना रे भाई यह गीत आज हर शासकीय कर्मचारी, युवा वर्ग और भ्रष्टाचार रूपी मीठी मिठाई खाने वालों को जरूर सुनना चाहिए, क्योंकि भ्रष्टाचार एक ऐसा बीज़ है, जो हमेशा उसे बोने के लिए ललचाता है, खुद हर किसी के शरीर में जाकर पनपने को लालायित रहता है ताकि अपनी जड़ें जमा कर अपने शिकार को वर्तमान सहित उसके रिटायरमेंट के बाद अधिक सुविधा और शुद्धता से अपना निवाला बना सके! उसकी जिंदगी नर्क करे। परंतु हम मनीषजीव उसकी इस चाल को समझ नहीं पाते और आधुनिक सुख- सुविधाओं, अपने क्षमताओं से अधिक सुख भोगने, समाज में दिखावा करके, एंजॉयमेंट रसों लोगों का स्वाद चखने, अपनीं अपनीं जिंदगी जरूरत से अधिक सुगम बनाने के लिए भ्रष्टाचार रूपी खतरनाक बीज के झांसे में आकर उसे अपनाते है अपने शरीर में उससे खरीदी वस्तुओं का उपभोग कर अपने खून में उसे घोलतें है, जिससे उस बीज को शरीर में फलने फूलने का आश्रय और विकास करने की क्षमता प्रदान करतें है, जिसका भुगतान भ्रष्टाचारी को खुद और अपने परिवार सहित अपने कुल को चक्रवर्ती ब्याज सहित भुगतान करना पड़ता है,जिसे हम सब अपने आसपास और समाज में देखते भी हैं कि किस तरह ऐसे लोग हमेशा विवादों में तकलीफों में बीमारियों के घेरे में रहते हैं, उनके परिवार हमेशा विपत्तियों के घेरे में रहते हैं और उम्र के अंतिम पड़ाव में नोटों के पहाड़ ढहने लगते हैं जिसका उदाहरण हम तीन दिन पूर्व ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को जानकारी दी कि उसने मध्य प्रदेश परिवहन विभाग के सेवानिवृत्त कांस्टेबल सौरभ शर्मा और अन्य से जुड़े बैंक खातों में 30 लाख रुपये की शेष राशि को फ्रीज कर दिया है। इसके अलावा, एजेंसी ने 12 लाख रुपये की अघोषित नकदी, 9.9 किलोग्राम चांदी (जिसकी कीमत लगभग 9.17 लाख रुपये है), डिजिटल उपकरण और संपत्ति से जुड़े दस्तावेज भी जब्त किए हैं। पिछले कुछ दिनों में ईडी सीबीआई और अन्य एजेंसियों के रेड में प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में देख सुन रहे हैं करीब- करीब रोज टीवी चैनलों पर चमकती हुई नोटों की हरी गुलाबी गडियां दिखाई जाती है जिन्हें गिनने मशीनें भी कम पड़ जाती है। इसलिए बड़े बुजुर्गों की कहावत सही है जब संभलो सवेरा तभी शुरू होता है, सुबह का भूला शाम को लौटे तो भुला नहीं कहते इसलिए कवि प्रदीप का उपरोक्त गीत सुनकर समझने की कोशिश करें,ऐसा मेरा मानना है, इसके साथ ही मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि मेरा उद्देश्य किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचानां नहीं है अपितु भ्रष्टाचार रूपी असुर दानव को भारत माता की गोद से कोसों दूर भगाना है जो दीमक की तरह देश को चट कर रहा है।


किशन भावनानी




साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार निवारण में समाज की भूमिका की करें तो, समाज ही सभी अच्छाईयों व बुराईओं का स्त्रोत व उत्तरदायी हैं। समाज द्वारा चुने लोग ही सरकार में भेजे जाते हैं। हमारे समाज के लोग ही सरकारी नौकरियों व पदों पर रखे जाते हैं। इसका अर्थ यह है कि समाज के अन्दर ही भ्रष्टाचार का बीज विद्यमान हैं। हमें अपने समाज में सुधार करने की आवश्यकता हैं। इसके लिए आवश्यक हैं कि हमे ऐसे लोगो को प्रमुख जिम्मेदारी देनी चाहिए जो विद्वान, योग्य हो और समाज हित व देश हित की मंशा रखते हैं। हमें सबसे पहले शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को शुरू से ही अच्छे कार्य करने की शिक्षा देनी चाहिए। उन्हे गलत कार्यों व लालच से दूर रहने की सलाह देनी चाहिए। यह जिम्मेदारी प्रत्येक माता पिता, बुजुर्ग, शिक्षक व अन्य सभी प्रमुख व्यक्तियों की है कि, वे भ्रष्टाचार मुक्त समाज व राष्ट्र का निर्माण करने में सहायक बने और दूसरों को भ्रष्टाचार करने से रोकें व उन्हें शिक्षित करें। साथियों बात अगर हम केंद्र सरकार को मिलने वाली भ्रष्टाचार की शिकायतों की प्रक्रिया की करें तो, शिकायतें केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) के जरिये मिलती है, जो एक ऑनलाइन पोर्टल है, जो नागरिकों को सरकारी विभागों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने की सुविधा देता है।प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा विकसित और निगरानी रखी जाने वाली केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली हर दिन 24 घंटे उपलब्ध एक ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म है जो केंद्र और राज्यों के सभी मंत्रालयों और विभागों के साथ जुड़ा हुआ है।लोग वेब पोर्टल गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध मोबाइल एप या उमंग एप के द्वारा शिकायत दर्ज कर सकते हैं। प्रत्येकशिकायत पर विशिष्ट पंजीकरण आईडी मिलती है जिससे उपयोगकर्ता अपनी शिकायत निवारण प्रगति का पता कर सकते हैं। इसके अलावा %माई ग्रीवांस% एप शिकायत दर्ज करने और इसकी प्रगति की जांच के लिए एक स्वतंत्र प्लेटफ़ॉर्म के तौर पर भी काम करता है। यदि कोई व्यक्ति शिकायत समाधान से असंतुष्ट है, तो वह शिकायत निपटान बंद होने के बाद फिर से अपील दायर कर सकता है। यदि प्रतिपुष्टि खराब की श्रेणी में चिह्नित कियाजाए तो अपील का विकल्प सक्रिय हो जाता है। शिकायत पंजीकरण संख्या के उपयोग से अपील की स्थिति की जानकारी मिल सकती है। इसके अलावा शिकायत निवारण की समय सीमा 30 दिन सेघटाकर 21 दिन कर दी गई है।

साथियों बात अगर हम प्रभावी शिकायत निवारण के लिए दिशानिर्देशों की करें तो, केंद्रीयकृत लोक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) अब 92 केंद्रीय मंत्रालयों विभागों और संगठनों को 36 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से जुड़ी है जो 73, हज़ार से अधिक सक्रिय अधीनस्थ उपयोगकर्ताओं द्वारा एक सुगम शिकायत निपटान मंच प्रदान करती है।इसके साथ 96,295 संगठनों के पंजीकृत होने से नागरिक जुड़ाव और सेवा वितरण में उल्लेखनीय सुधार हुआ है वर्ष 2022 से 2024 तक, इस प्रणाली से 70,03,533 शिकायतों का समाधान किया गया और 31अक्टूबर 2024 तक 1,03,183 शिकायत निवारण अधिकारियों का डेटा या सूचना दृश्य प्रतिनिधित्व दर्शाया दिसंबर 2024 में चौथें सुशासन सप्ताह और प्रशासन गांव की ओर अभियान शिकायत निवारण में उत्प्रेरक रहा जिसका उद्देश्य पूरे देश में सार्वजनिक शिकायतों को सुलझाना और सेवा प्रदान व्यवस्था में सुधार लाना था।

# महानगर के सभी मंडलों में चला भाजपा का सेवा सहयोग शिविर

अवधनामा संवाददाता




**प्रयागराज।** मौनी अमावस्या के महा स्नान पर्व पर भाजपा संगठन ने प्रयागराज के सभी 15 मंडलों में सेवा सहयोग शिविर लगाकर श्रद्धालुओं की हर तरह से सेवा सहायता की।

महाकुंभ क्षेत्र के सेक्टर 6 नागवासुकी थाना के पास स्थित संगठन के राष्ट्रीय शिविर में भी कार्यकर्ता मुस्तैद रहे और कई भूले भटके श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से मिलाने के सहित उनके भोजन आदि की व्यवस्था में लगे रहे। प्रयागराज महानगर के सिविल लाइन, चौक, मुट्ठीगंज, कीडगंज, भारद्वाज, शिवकुटी, विश्वविद्यालय, वेणी माधव, जैसे श्रद्धालुओं की भीड़ वाले प्रमुख मंडलों में सेवा सहयोग शिविर लगाकर श्रद्धालुओं को चाय बिस्किट नमकीन लाई चना और भोजन इत्यादि का वितरण किया गया। इसके अलावा खुल्दाबाद, प्रीतम नगर, राजरूप पुर, आदि मंडलों में भी सेवा सहायता शिविर लगाया गया।

इस अवसर पर विधायक दीपक पटेल, गुरु प्रसाद मौर्य, हर्षवर्धन बाजपेयी, भाजपा प्रयागराज महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने कार्यकर्ताओं के साथ सेवा सहायता शिविर में श्रद्धालुओं को चाय इत्यादि का वितरण किया व श्रद्धालुओं की हर संभव सहायता की। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने कई जगहों पर भंडारे की व्यवस्था कर श्रद्धालुओं की सहायता की। मीडिया प्रभारी विवेक मिश्रा ने बताया कि प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह व काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल मौनी अमावस्या पर लगातार संगठन के राष्ट्रीय शिविर से लेकर महानगर के सभी 15 मंडलों में लगाए गए सेवा सहायता शिविर की जानकारी लेते रहे। इस अवसर पर अवधेश चंद्र गुप्ता, संजय गुप्ता, मनोज कुशवाहा, मीडिया प्रभारी विवेक मिश्रा, विजय श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, आनंद सोनकर, राजेश गोंड, नवाब खान, बिलाल अहमद, मो असद बबली, आनंद वैश्य सुदर्शन, आदि कार्यकर्ताओं ने सेवा सहयोग शिविर में योगदान दिया।

# मरीजों को फल वितरित



अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** रोटी बैंक सोसाइटी की महिला टीम ने जिला महिला अस्पताल में सैकड़ों मरीजों और उनके तीमारदारों को फल,बिस्किट आदि वितरित किए। इस कार्यक्रम का आयोजन सोसाइटी के संरक्षक शेख़ सादी जमा और सह संरक्षक चंद्रमौली भारद्वाज के संरक्षण में किया गया,जबकि महिला टीम की अध्यक्ष तबस्सुम फ़ात्मा और महिला उपाध्यक्ष तरन्नुम फ़ात्मा के नेतृत्व में यह कार्य संपन्न हुआ। महिला टीम के सहयोग से यह कार्यक्रम महिला जिला चिकित्सालय की मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुनीता सिंह के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस दौरान महिला टीम की उपाध्यक्ष तरन्नुम फ़ात्मा और रेखा गुप्ता ने मरीजों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया। फल और बिस्किट पाकर मरीजों और तीमारदारों ने रोटी बैंक टीम को आशीर्वाद और दुआओं से नवाजा। कार्यक्रम में रिज़वान अली (अध्यक्ष), मोहम्मद सलीम (उपाध्यक्ष), सुनील सक्सेना (संगठन मंत्री),मोहम्मद इदरीश (सचिव) अब्दुल मुजीब (मीडिया प्रभारी मोहम्मद शमीम(कार्यालय प्रभारी रिचा रैकवार (महिला सोशल मीडिया प्रभारी),फरज़ाना बेगम नग्गो ख़ातून,नेहा ख़ातून,मोहम्मद सादान अली (सदस्य) सहित अन्य पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। इस पहल से समाज में सकारात्मक संदेश फैल रहा है और रोटी बैंक की टीम का यह प्रयास मरीजों के लिए एक बड़ी राहत बनकर उभरा है।

# राज्य ललित कला अकादमी की राष्ट्रीय प्रदर्शनी को मुख्यमंत्री सहित जनता ने सराहा

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** महाकुंभ के पावन पर्व पर प्रयागराज में सरकार के संस्कृति विभाग पंडाल कलाकुंभ सेक्टर। में राज्य ललित कला अकादमी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय चित्रकला प्रदर्शनी आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी हुई है चित्रकला प्रदर्शनी में देश-प्रदेशो के आला अधिकारी , शिक्षाविद , कला प्रेमी व प्रमुख राजनेता शिरकत कर रहे हैं प्रदर्शनी का उद्घाटन व अवलोकन करने आए उ0 प्र0 के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ , केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, महापौर मा.गणेश केसरवानी तथा अनेक मंत्री परिवारजनों आदि ने चित्रकला प्रदर्शनी की जमकर सराहना की एवं कलाकार रवीन्द्र कुशवाहा एवं अर्चना पांडेय के पेंटिंग के सामने अपनी फोटो खिंचवाई।

प्रदर्शनी में बुलंदशहर जनपद के चित्रकार व सदस्य - राज्य ललित कला अकादमी के दुर्जन सिंह राणा की महादेव कलाकृति भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है जिसमें भगवान शिव को ध्यान-मग्न मुद्रा में दिखाया गया है पृष्ठभूमि में ब्रह्मांड और शिवलिंग का चित्रण है। चित्ताकर्षक गंगा अवतरण कलाकृति में अकादमी के सदस्य रवीन्द्र कुशवाहा ने दर्शाया है कि पूर्ण वेग से गंगा जी शिवजी की जटाओं में समा रहीं हैं और इस पवित्र पावनी गंगा जी के मिलन से यह त्रिवेणी संगम बना है। इसके अलावा सहसंयोजक अर्चना पांडेय की कलाकृति साध्वी एवं कलाकार मनीष कुमार गोंड,अनिल सोनी,आशा, सुमित ठाकुर, डॉ अजय पाठक व अन्य कलाकारों की कलाकृतियां भी दर्शकों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित कर रहीं हैं।

राज्य ललित कला अकादमी के अध्यक्ष व विख्यात राष्ट्रीय चित्रकार डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि आगामी कुछ दिनों में अकादमी की ओर से चित्रकला शिविर आयोजित किए जाएंगे जिसमें देश भर के प्रसिद्ध कलाकार अपनी अपनी तुलिकाओं से भारतीय संस्कृति और कुंभ को चित्रित करेंगे।

## मथुरा रिफाइनरी ने करवाया बाद प्राथमिक विद्यालय का निर्माण

**मथुरा।** शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रिफाइनरी ने सी एस आर निधि से प्राथमिक विद्यालय, बाद के लिए दो क्लास रूम का निर्माण करवाया है। इन कक्षाओं का उदघाटन अजय कुमार तिवारी, कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख ने किया। इसके साथ ही बच्चों के विकास और तकनीकी ज्ञान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो कम्प्युटर भी स्कूल को भेंट किएद्य

कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए स्कूल की प्रधानाध्यापिका श्रीमति नीरज मथुरिया ने मथुरा रिफाइनरी की सराहना की और इस कार्य में स्कूल को दिये सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। विद्यालय के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर सभी का स्वागत एवं अभिनंदन किया। रिफाइनरी द्वारा प्रदत्त कंप्यूटर पाकर सभी बच्चे बड़े उत्साहित हुए और अपने अच्छे प्रदर्शन के लिए कटिबद्ध हुए। मथुरा रिफाइनरी ने हर कदम पर बृजवासियों का साथ दिया है।

# मेले में आने-जाने के रास्ते अलग किए

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुंभ में बुधवार को हुई भगदड़ के बाद गुरुवार को भीड़ कम है। मेले में आने-जाने के रास्ते अलग कर दिए गए हैं। प्रयागराज शहर में गाड़ियों की एंट्री पर रोक है। मेला क्षेत्र को पूरी तरह से नो-व्हीकल जोन घोषित कर दिया है। यानी यहां किसी भी गाड़ी की एंट्री नहीं होगी। इसके अलावा, वीवीआईपी पास भी रद्द कर दिए गए हैं। यह नियम 4 फरवरी तक लागू रहेंगे।

डीजीपी प्रशांत कुमार और मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह मेला क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे हैं। वह उस जगह पर मौजूद हैं, जहां 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर भगदड़ मची थी।गुरुवार दोपहर 12 बजे तक 1.15 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। मौनी अमावस्या पर मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात को भगदड़ मच गई थी। हादसे में 35 से 40 मौतें हो गईं। सरकार की ओर से अब तक 30 मौतों की पुष्टि की गई है। वहीं. 60 घायल हुए हैं।

सरकार ने 2019 में कुंभ में तैनात रहे दो अफसरों आईएएस आशीष गोयल और भानु गोस्वामी को तत्काल प्रयागराज बुलाया है, ताकि व्यवस्थाएं और बेहतर की जा सकें।

सुप्रीम कोर्ट में भगदड़ को लेकर जनहित याचिका दायर की गई। इसमें यूपी सरकार से स्टेटस रिपोर्ट और जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई की मांग की गई है। कहा गया है कि धार्मिक आयोजनों में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए ठोस व्यवस्था बनाई जाए। महाकुंभ का आज 18 वां दिन है। 13 जनवरी से अब तक 27.58 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। कल मौनी अमावस्या (29 जनवरी) पर करीब आठ करोड़ लोगों ने स्नान किया था।

## पिता की बंदूक से बेटे ने कर ली खुदखुशी

**मथुरा।** प्राइवेट कंपनी में कार्यरत युवक ने गुरुवार को पिता की लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अजय कौशल ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। युवक ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया पुलिस इसकी पडताल कर रही है। बताया जा रह है कि कस्बा राया के मोहल्ला घड़ी निवासी श्यामसुंदर शर्मा के 38 वर्षीय पुत्र मनोज शर्मा ने दोपहर अपने पिता की लाइसेंसी बंदूक से गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोग घर की तरफ दौड़ पड़े। जहा आंगन में मनोज का शव लहुलुहान हालात में पड़ा था। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कौशल घटनास्थल पर पहुच गए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। घटना के समय उनकी पत्नी व बेटी घर पर ही मौजूद थे वही। लोगो ने बताया मनोज एक प्राइवेट कंपनी में नोकरी करता था। मनोज का छोटा पुत्र स्कूल पढ़ने गया था।

# भाषा विवि में मनाया गया स्वयम दिवस

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में स्वयम दिवस का आयोजन किया गया। विदित है कि सरकार ऑनलाइन स्वयम पोर्टल के माध्यम से अनिवार्य ऑनलाइन शिक्षा उपलब्ध करा रही है जिसके अंतर्गत भाषा विश्वविद्यालय में स्वयं दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को स्वयम पोर्टल और ऑनलाइन कोर्स के बारे में जानकारी दी गई। इसी श्रृंखला में ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में माननीय कुलपति प्रो. जेपी पांडेय के कुशल मार्गदर्शन में सभी विभागों में स्वयम दिवस का आयोजन किया गया। भाषा विवि की नोडल अधिकारी डॉ. रुचिता सुजॉय चौधरी ने बताया कि स्वयम दिवस के माध्यम से शासन द्वारा निर्धारित मिनिमम 40 प्रतिशत कोर्स अब स्वयम के माध्यम से ही पढ़ाए जाएंगे। स्वयम दिवस को मनाते हुए पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के डॉ. काज़िम रिज़वी ने बताया कि विभाग के विद्यार्थी अब ऑनलाइन शिक्षा का लाभ घर बैठे एक क्लिक पर लिया जा सकता है। वहीं विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. शचींद्र शेखर ने सभी विद्यार्थियों को समझाते हुए कहा कि आप सभी विद्यार्थीगण स्वयम पोर्टल के माध्यम से शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं। जिसकी परीक्षा और मूल्यांकन नोडल केंद्र पर किया जा सकेगा। स्वयम दिवस के अवसर अंग्रेजी विभाग के डॉ. हारून रशीद ने कहा कि स्वयम पोर्टल के माध्यम से वे विभिन्न विषयों में ऑनलाइन पाठ्यक्रम कर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकते हैं और अपनी शिक्षा को और अधिक सशक्त बना सकते हैं। भाषा विवि की डॉ. चितवन मिश्रा ने कहा कि स्वयम पोर्टल के माध्यम से छात्र पत्रकारिता, मानविकी, समाजशास्त्र, विज्ञान, कला, और अन्य विभिन्न विषयों में कोर्स कर सकते हैं, जिनसे उन्हें प्रमाणपत्र प्राप्त होता है और उनका करियर बेहतर बनता है। कार्यक्रम में छात्रों को स्वयम पोर्टल पर कोर्स चयन और रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से बताया गया। छात्रों ने भी इस पहल को बहुत सराहा और इस तरह की डिजिटल शिक्षा के अवसरों को महत्व दिया। इसी संदर्भ में विश्वविद्यालय प्रशासन ने भी छात्रों को सस्वयम पोर्टल का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया और भविष्य में इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन की बात कही। स्वयम दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने बढ़चढकर प्रतिभाग किया।

## कुष्ठ प्रभावित कोई पीछे छूट न जाये की प्रतिज्ञा लें: डीएम

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने जनपद वासियों को संदेश दिया है कि हम सभी मथुरा जनपद के लोग और जिला प्रशासन विकसित भारत अभियान के अवसर पर यह घोषणा करते हैं कि हम अपने जनपद को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोडेगें। कुष्ठ रोग को पहचानना बहुत आसान है और यह साध्य है। हम सभी कुष्ठ रोगियों को जितनी जल्दी हो सके खोजने के लिए हर सम्भव प्रयास करेगें। हम इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जिलें में उपलब्ध सभी संसाधनों का उपयोग करेगें। इसके साथ हम कुष्ठ प्रभावित व्यक्ति से कोई भेदभाव नहीं करेंगे और न ही किसी दूसरे व्यक्ति को कुष्ठ रोग प्रभावित व्यक्ति और उनके परिवार के सदस्यों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव करने देंगे। हम व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों से जुडे कलंक और भेदभाव को समाप्त करने और उनको समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए अपना पूर्ण योगदान देंगे।

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने किया नमन



अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विक्रम वाल्मीकि की अध्यक्षता में होली गेट स्थित महानगर कांग्रेस कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का 77वां शहादत दिवस पर प्रार्थना सभा रामधुन एवं गोष्ठी कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर मनाई गई। अध्यक्षता करते हुए विक्रम बाल्मीकि ने सर्वप्रथम उनके चित्र पर मालार्पण करते हुए कहा कि सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को आजाद करने वाले राष्ट्रपति महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें आज हम कोटि-कोटि नमन करते हैं उनका संपूर्ण जीवन देश एवं समाज के कल्याण के लिए समर्पित रहा आज हम सब मिलकर बापू के आदर्श जीवन व उनके दिखाएं मार्ग पर चलकर देश की उन्नति में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प ले और गांधीजी सिर्फ एक व्यक्ति नहीं वह भारत की आत्मा है और हर भारतीय में आज भी जीवित हैं इंडिया गठबंधन मथुरा लोकसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश धनगर ने कहा कि तपस्या की प्रतिमूर्ति दुनिया को अहिंसा और स्वच्छता का पाठ पढ़ने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को आज उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं सत्य अहिंसा और निडरता की शक्ति बड़े से बड़े साम्राज्य की जड़े दिला सकती है पूरा विश्व उनके इस आदर्श से प्रेरणा लेता है। कार्यक्रम का संचालन जिलानी कादरी ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस जनों में सर्वश्री पार्षद संतोष पाठक अप्रतिम सक्सेना मानवेंद्र पांडव महेश चौबे राजू फारुकी आशीष अग्रवाल अबरार कुरैशी रवि वाल्मीकि पूरन सिंह मुस्लिम कुरैशी अनिल खरे देवेंद्र कुमार लाला अनूप गौतम पप्पू खान विजेंद्र मीणा आदि कांग्रेस जनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# भाकियू भानू बिजली निजीकरण के विरोध में करेगी प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

- निजीकरण का विरोध कर रही संयुक्त संघर्ष समिति को दिया समर्थन

**मथुरा।** भारतीय किसान यूनियन भानु ने वरिष्ठ राष्ट्रीय प्रवक्ता हरेश ठेनुआ एवं जिला अध्यक्ष देवेंद्र पहलवान के नेतृत्व में उपखंड कार्यालय के सभागार मथुरा में भाकियू भानु सैकड़ो के पदाधिकारी एवं उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारी के साथ विद्युत निजीकरण के विरोध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारतीय किसान यूनियन भानु के वरिष्ठ राष्ट्रीय प्रवक्ता हरेश ठेनुआ ने कहा कि किसान अपने बच्चों को खेत बेचकर इसलिए इंजीनियरिंग नहीं कराता कि उसका बेटा एक संविदा कर्मी बने। अगर विद्युत निजीकरण हुआ तो इसके विरोध में भारतीय किसान यूनियन भानू राष्ट्रीय व्यापी आंदोलन करेगी किसी भी कीमत पर विद्युत विभाग को निजी हाथों में नहीं जाने देंगे। विद्युत निजीकरण से किसानों पर मनमानी करते हुए किसानों का उत्पीड़न किया जाएगा जोकि स्वीकार्य नहीं है। जिला अध्यक्ष देवेंद्र पहलवान ने कहा कि विद्युत विभाग का निजीकरण ईस्ट इंडिया कंपनी की तरह है अगर सरकार पर विद्युत व्यवस्था नहीं संभाली जा रही तो इस्तीफा दे देना चाहिए। निजी करण से विद्युत विभाग के कर्मचारी और किसानों का अहित होगा। अगर देश को बचाना है तो निजीकरण को हटाना है सरकार विद्युत विभाग में अधिकारी और कर्मचारियों की भर्ती करे। जिस से रोजगार की कमी भी दूर होगी और संविदा कर्मियों के वेतन में बढ़ोतरी करें। विद्युत कर्मचारी भी इस देश के नागरिक हैं और हमेशा मौत का खतरा इन पर बना रहता है उनकी सुरक्षा का ध्यान रखते हुए मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराए।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस पर अर्पित की गयी श्रद्धांजलि

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस पर गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ल के नेतृत्व में पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने सुबह 10:59 बजे सायरन बजते ही दो मिनट का मौन रखा राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने दिल्ली के राजघाट स्थित महात्मा गांधी की समाधि स्थल पहुंच राष्ट्रपिता को श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर सांसद तनुज पुनिया और इमरान मसूद और पूर्व सांसद प्रदीप जैन आदित्य भी मौजूद थे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ल की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी आयोजित हुई। बृजेन्द्र सिंह के संचालन में आयोजित विचार गोष्ठी में शामिल नेताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए श्याम किशोर शुक्ल ने कहा कि आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के मूल्यों और आदर्शों की पूरी दुनिया में पूजा हो रही है, लेकिन दुख की बात है कि मौजूदा सरकार के समर्थन में कुछ ऐसे तत्व हैं जो राष्ट्रपिता की हत्या करने वाली विचारधारा का संरक्षण करते हैं। ओंकारनाथ सिंह ने कहा कि मौजूदा माहौल को देख कर अंदाजा लगाना सहज है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कितने कठिन और मुश्किल हालात में हमें आजादी दिलाई होगी। पूर्व प्रवक्ता बृजेन्द्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस का गौरव है कि आजादी के इन 76 सालों में तमाम अच्छे-बुरे दौर पार्टी के सामने आए, लेकिन कांग्रेस ने कभी भी गांधीवादी मूल्यों, आदर्शों से कोई समझौता नहीं किया। हालात जरूर मुश्किल हैं लेकिन राष्ट्रपिता के बताए रास्ते से ही देश आगे बढ़ सकता है और एकजुट रह सकता है। आज गांधी के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लेने की जरूरत है। गोष्ठी को संजय शर्मा, नरेन्द्र दत्त त्रिपाठी, रमेश मिश्रा, जीवन परवीन ने भी अपने विचार व्यक्त किये। गोष्ठी में पूर्व विधायक इंदल रावत, विजय बहादुर, नरेन्द्र त्रिपाठी, विजय सक्सेना, संजय शर्मा, डॉ. शहजाद आलम, अनीस अंसारी, जगदीश सिंह, सिद्धिश्री, पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, सुभाष मिश्र, अरशी रजा, आलोक सिंह रैकवार, के.डी. शुक्ला, डॉ. इमरान, मनोज कुमार वर्मा, बाकर मेहदी, अयाज खान, राजेन्द्र पाण्डेय, मनोज कुमार शुक्ला, अय्यूब सिद्दीकी सहित अन्य कांग्रेसी शामिल थे।

# अवैध प्लाटिंग पर एलडीए ने चलाया बुलडोजर

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को कृष्णानगर के अलीनगर सुनहरा में 25 एकड़ व 20 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही दो अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया। इसके अलावा बख्शी का तालाब में चंद्रिका देवी रोड पर चल रही एक अवैध प्लाटिंग को भी ध्वस्त कराया। प्रवर्तन जोन-3 की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय ने बताया कि न्यू गोल्डन सिटी सहकारी आवास समिति लि. के फजल मोहम्मद, चित्रेश तिवारी, आकांक्षा, अरुण सिंह, हिमांशु सक्सेना व अरुण द्विवेदी की ओर से कृष्णानगर के अलीनगर सुनहरा में लगभग 20 एकड़ क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग कर कॉलोनी विकसित की जा रही थी। इसके अलावा संदीप पाल, राघवेन्द्र यादव व अन्य की ओर से अलीनगर सुनहरा में लगभग 25 बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग कर अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। दोनों अवैध प्लाटिंग के खिलाफ विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश दिये थे, जिस पर गुरुवार को बुलडोजर चला अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करायी गयी। प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि बख्शी का तालाब के ग्राम भवानीपुर में चंद्रिका देवी रोड पर पर्वतपुर तिराहे के पास स्वतंत्र देव मिश्रा व अन्य की ओर से लगभग 5 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग कर अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। विहित न्यायालय ने अवैध प्लाटिंग के खिलाफ ध्वस्तीकरण के आदेश दिये थे, जिस पर गुरुवार को कार्रवाई करायी गयी।

# बेअसर साबित हो रहे अधिकारियों के निरीक्षण

## ऑक्सीजन प्लांट, पीकू वार्ड, ट्रोमा सेंटर हर जगह मिली अनियमितता

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** अधिकारियों के निरीक्षण बेअसर साबित हो रहे हैं। न निर्देशों पर सुनवाई हो रही है और नहीं अवहेलना पर कोई कार्यवाही। सीडीओ मनीष मीना ने गुरूवार को महिला जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कि या। निरीक्षण के समय चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय मथुरा अनुपस्थित थीं। चिकित्सालय में तैनात स्टॉफ की उपस्थित पंजिका के अवलोकन से संज्ञान में आया है कि चिकित्सालय में तैनात कई कर्मचारी अनुपस्थित थे। इसके संबंध में चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय मथुरा को निर्देशित किया है कि अनुपस्थित कार्मिकों से स्पष्टीकरण प्राप्त कर उनके कार्यालय में पत्रावली पर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। इससे पूर्व 23 सितम्बर में चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय मथुरा को निर्देशित किया गया था कि आयुष्मान मित्र को ओपीडी के पास बैठाया जाये, परन्तु वर्तमान निरीक्षण में भी आयुष्मान मित्र ओपीडी से अन्यत्र स्थान पर बैठा हुआ पाया गया। जिला शासी निकाय की बैठक में निर्देश दिये जाने के उपरान्त भी निरीक्षण के समय पीकू वार्ड प्रयोग में नहीं पाया गया। साथ ही पीकू वार्ड में रखे गये उपकरणों का भी प्रयोग नहीं किया जा रहा है। चिकित्सालय में बने ट्रोमा सेंटर बन्द पाया गया। ट्रोमा सेण्टर का प्रयोग में नहीं लाया जा रहा है। आईसोलेशन वार्ड के पास बने कमरों का भी इनके द्वारा कोई प्रयोग नहीं किया जा रहा है।

### बाहर से की जा रही आक्सीजन की आपूर्ति

चिकित्सालय में ऑक्सीजन प्लान्ट होने के उपरान्त भी ऑक्सीजन सलैण्डर के द्वारा बाहर से आपूर्ति ली जा रही है। उक्त के सम्बन्ध में चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय मथुरा से बाहर से ऑक्सीजन सलैण्डर की आपूर्ति लेने का कारण पूछने एवं कब-कब कितने सलैण्डर की आपूर्ति बाहर से ली गयी है कि जानकारी करने पर उनके द्वारा कोई भी जवाब नहीं दिया गया।

### कल्याण समिति की धनराशि का नहीं मिला रिकार्ड

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निरीक्षण के समय पाया गया कि रोगी कल्याण समिति की धनराशि का कोई भी सदुपयोग नहीं किया जा रहा है।

- इस के अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय मथुरा से रोगी कल्याण समिति की पत्रावली मांगी गयी, तो उनके द्वारा पत्रावली के बारे में भी कोई जानकारी नहीं दी गयी।

### तीन दिवस में पत्रावली पर उनको प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन नहीं किया जाता है। चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय मथुरा द्वारा अपने मनमाने तरीके से कार्य करने, चिकित्सालय में अव्यवस्था फैलाने एवं निरीक्षण के समय अनुपस्थित पाये जाने पर इनका माह जनवरी 2025 से अग्रिम आदेशों तक वेतन बाधित किया जाता है। साथ ही इनको निर्देशित किया जाता है कि निरीक्षण के समय पायी गयी समस्त कमियों एवं अनुपस्थित कार्मिकों का स्पष्टीकरण प्राप्त कर तीन दिवस में पत्रावली पर उनको प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

# नाटक हत्या का मंचन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।**हेरिटेज ऑफ अवध की ओर से गोमती नगर स्थित संगीत नाटक अकादमी के बाल्मीकि सभागार में नाटक हत्या का मंचन किया गया। नाटक के कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों को नाटक से जोड़े रखा। नाटक में दिखाया गया है कि आरोपी आदर्श तिवारी के पिता की कैंसर से मृत्यु हो जाती है। आरोपी धनाभाव के चलते अपने पिता का सही से इलाज नहीं करा पाता और इस वजह से इतना दुखी हुआ कि ईश्वर से नाराज हो ईश्वर की हत्या कर दी। नाटक में दिखाया गया है कि आरोपी और वकील में बहस होती है जिसमें वकील यह मानने को तैयार नहीं कि कोई शख्स ईश्वर की हत्या कर सकता है। पूरे नाटक में वकील और आरोपी की बहस आम जिंदगी के विभिन्न पहलुओं को छूती है और सिस्टम पर तमाम सवाल खड़े करती है। नाटक के जरिए संदेश दिया गया कि हमें धर्म को आत्मसात नहीं करना बल्कि धर्म को अपने अंदर उतारना है, जैसे कोई शख्स पानी में उतरता है लेकिन उसकी प्यास तब तक नहीं बुझती जब तक वह पानी को अपने अंदर न उतारे। नाटक में जज की भूमिका निभाने वाले बी.डी. नकवी वास्तविक जीवन में जज रह चुके हैं। नाटक में वकील के रूप में प्रणव श्रीवास्तव, आरोपी के रूप में आदर्श तिवारी, यमराज के रूप में अतुल द्विवेदी, पत्नी के रूप में मुस्कान सोनी, पिता के रूप में रंजीत पाल व लाला के रूप में संकल्प आदि ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। रियाज अल्वी के निर्देशन में हुए नाटक में रहमान निदेशक के रूप में रहमान खान, मुजतबा खान प्रोड्यूसर, म्यूजिक सहायक अलिश्बा खान ने अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन अंजुम ने किया।

# मुख्य विकास अधिकारी ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी द्वारा विकास खण्ड कार्यालय टड़ियावां का निरीक्षण किया। उन्होंने बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय टड़ियावां, अस्थायी गौ आश्रय स्थल टड़ियावां, कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, तथा आर.आर. सी. सेन्टर टड़ियावां का निरीक्षण किया। उन्होंने विकास खण्ड कार्यालय मे सामुदायिक शौचालय, स्टोर रूम, प्रेरणा कैन्टीन, ब्लाक सभागार, प्रशासनिक भवन, विभिन्न पटलों पर रक्षित अभिलेखों, आलमारियों तथा पंजिकाओं का निरीक्षण किया। स्टोर रूम में अभिलेखों एवं निष्प्रयोज्य सामग्री की वीडिंग न पाये जाने पर पटल सहायक अजेश कुमार को चेतावनी देते हुए एक सप्ताह में वीडिंग कराकर अनुपालन से अवगत कराने के निर्देश दिये। ब्लाक परिसर में सामने की ओर अवस्थित पार्क को सौन्दर्यीकरण एवं निष्प्रयोज्य भवनों के निस्तारण के निर्देश खण्ड विकास अधिकारी को दिये गये। एन.आर.एल.एम. के अन्तर्गत प्रगति अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर उन्होंने उपायुक्त श्रम रोजगार को बी.एम.एम. को नोटिस जारी करने तथा महेन्द्र कुमार बी.एम.एम. की लंबी अनुपस्थिति के कारण उनकी संविदा आधारित सेवा से कार्यमुक्त करने के निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बाल विकास परियोजना कार्यालय टड़ियावां का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय स्टाक में उपलब्ध पोषाहार की काफी बोरियॉं फटी हुए थीं तथा उससे पोषाहार निकल रहा था ऐसा प्रतीत हो रहा था कि जानबूझकर बोरियों काटकर पोषाहार निकाला गया है। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को मौके पर जॉच कर, उत्तरदायित्व निर्धारित कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। गौशाला के निरीक्षण के समय उसमें 155 पशु संरक्षित पाये गये तथा दो ग्रामीणों द्वारा सहभागिता योजनान्तर्गत दो गांवों को गौशाला से लिया गया। गौशाला से प्राप्त गोवर के बेहतर प्रबन्धन एवं हरे चारे की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया। कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, टड़ियावां में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किचन, शौचालय, क्लास रूम तथा हास्टल का निरीक्षण किया गया। क्लास रूम के पास के शौचालय में सिस्टर्न/फ्लस काम न करने पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए वार्डन प्रियंका सिंह, प्रभारी वार्डेन को कारण बताओ नोटिस जारी के करने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिये। आर.आर.सी. सेन्टर टड़ियावां का निरीक्षण करने पर उक्त सेन्टर असंचालित पाया गया, जबकि उक्त आर.आर.सी.सेन्टर का निर्माण वर्ष 2.22-23 में कराया गया था। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए ग्राम पंचायत अधिकारी पूनम राज के विरूद्ध नोटिस जारी विभागीय कार्यवाही एवं ग्राम प्रधान रूबी गुप्ता के विरूद्ध सुसंगत पंचायती राज अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही करने तथा आर.आर. सी.सेन्टर के व्यवस्थित संचालन तक सहायक विकास अधिकारी, पं. का वेतन बाधित करने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिये गये। निरीक्षण के समय इन्द्रसेन नाथ, खण्ड विकास अधिकारी, टड़ियावां डा. ए.के.सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, टड़ियावां तथा डा. वी.के. गुप्ता, पशु चिकित्सा अधिकारी, टड़ियावां के साथ ही अन्य ब्लाक स्तरीय अधिकारी /कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आकाश झां बने जिला लीगल सहायक



**ललितपुर।** अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के जिलाध्यक्ष महेन्द्र झां ने महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामआसरे विश्वकर्मा के निर्देश पर आकाश झां एड. ककड़ारी को संगठन का जिला लीगल सहायक नियुक्त किया है। आकाश झां के लीगल सहायक नियुक्त होने पर सजातीय बंधुओं ने खुशी का इजहार किया है। नवनियुक्त लीगल सहायक आकाश झां ने बताया कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी है, वह उसका भली प्रकार से निर्वाह्न करेंगे। साथ ही संगठन के समक्ष जिला स्तर पर आने वाली कानूनी समस्याओं को समझकर उसका यथोचित निस्तारण कराने में योगदान देंगे।

# जामनी बांध की बांयी नहर से सिंचाई के लिए पानी दिलाने की गुहार

■ किसानों ने लामबंद होकर डीएम को भेजा पत्र, रबी की फसल सूखने की कगार पर

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** बुन्देलखण्ड में कहावत मशहूर है कि जीके पांव न फटी विमाई-वो का जाने पीर पराई'। यह कहावत धरातल पर भी चरितार्थ होती नजर आ रही है। दरअसल मामला रबी की फसल से जुड़ा हुआ है। इन दिनों तेज चटक धूप पडऩे के कारण किसानों द्वारा बोई गई फसल सूखने की कगार पर पहुंच रही है। जिले के कई ग्रामीण अंचलों तक सिंचाई के लिए बांधों के जरिए नहरों से पानी नहीं पहुंच पा रहा है। यही मलाल अब एक बड़ी समस्या बनती नजर आ रही है। इस सम्बन्ध में गुरूवार को तहसील महरौनी के बानपुर क्षेत्र से लगे हुये करीब आधा दर्जन से अधिक ग्रामीण अंचलों के किसानों ने अपनी समस्या जिला प्रशासन के समक्ष रखी है। अब किसानों को इंतजार है कि प्रशासनिक स्तर पर उन्हें कब तक और कितना पानी सिंचाई के लिए मुहैया कराया जाता है, या फिर किसानों के खेतों में तैयार हो रही रबी की फसल सूखने की ओर अग्रसर रहेगी। मामला तहसील महरौनी के बानपुर से जुड़े गांव कुआगांव, उदया, उमरी, अजनौरा, हसरईयन, सूरी, बडोखरा इत्यादि ग्रामीण अंचलों से आये किसानों ने डीएम को भेजे ज्ञापन में सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर जामनी बांध की बांयी नहर से पानी की आपूर्ति कराते हुये सूख रहीं फसलों को बचाये जाने की गुहार लगायी है। किसानों ने डीएम को पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि यहां के किसानों ने बैंकों से कर्जा लेकर अपने-अपने खेतों में बड़ी ही उम्मींदों से रबी की फसल बोई है। अब जबकि फसल का बीज जमने पर आ रहा है तो तेज धूप के कारण फसल सूखने की ओर है। बताया कि यहां जामनी बांध की बांयी नहर से पानी की आपूर्ति सिंचाई के लिए की जाती है, लेकिन नहर में पानी न आने के कारण किसानों के माथे पर चिन्ता की लकीरें खिंचने लगी हैं। खेतों को पानी न मिलने से किसानों को भारी परेशानियां उठानी पड़ रहीं हैं। किसानों ने जिला प्रशासन से तत्काल कार्यवाही कराते हुये जामनी बांध की बांयी नहर से पानी को सिंचाई हेतु उपलब्ध कराये जाने की गुहार लगायी है। किसानों ने बताया कि पूर्व में भी जब अधिकारियों को पत्र दिया गया था तो उनके द्वारा आश्वासन तो दिया गया, लेकिन खेतों को अभी तक पानी उपलब्ध नहीं कराया गया।

# यातायात पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, एएसपी अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी यातायात कृष्ण कुमार मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस ने शहर के प्रमुख चौराहों, तिराहों, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ड्रिंक एण्ड ड्राइव, स्टंटिंग, मोडिफाइड साइलेंसर के खिलाफ चलाया गया अभियान और वाहन चालकों/परिचालकों को यातायात के नियमों के बारे में विस्तार से बताया गया यथा- दो पहिया वाहन पर चालक और पीछे बैठी सावरी अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाएं, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाएं, निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाना, नशे की हालत में वाहन न चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, सीट बेल्ट अवश्य बांधे, मोडिफाइड साइलेंसर न लगवाएं, आदि के बारे में जागरूक किया गया व नवीन गल्ला मंडी गेट पर ट्रैक्टर ट्रॉलियों, भारी वाहनों आदि में कोहरे के दृष्टिगत दृश्यता बनाए रखने के लिए निःशुल्क रिफ्लेक्टिव टेप चिपकाया गया। इसके अतिरिक्त यातायात पुलिस द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों पर यातायात जागरूकता अभियान चला कर प्रवर्तन की कार्यवाही के अंतर्गत 97 वाहनों का एम.वी. एक्ट की विभिन्न धाराओं में चालान किया गया।

## ईमानदारी आज भी जिंदा है

**ललितपुर।** आज के भौतिक युग में जिला चिकित्सालय से 108 एम्बुलेंस गाडी में तैनात स्वास्थ्य कर्मी अपनी दिन-रात की मेहनत करके अच्छे काम कर रहे हैं, जो कि काफी सराहनीय भी है। एम्ब्युलेंस के स्वास्थ्य कर्मी गंभीर मरीजों को अस्पताल हर हाल में पहुंचाने का काम कर रहे है। बताया जा रहा है कि साफ-सफाई के दौरान एंबुलेंस के कर्मचारी को एक सोने की धातु का सामान मिला, जिसे उसने अंदाज लगाते हुये मरीज को कॉल किया, जहां उसने इस बात को बताया कि यह मेरा ही गिरा है। जिस पर उसने तत्काल प्रभाव से उसे महिला की सोने की धातु की सामान वापस किया। इस कार्य को लेकर स्वास्थ्य कर्मी की सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। बताया जा रहा है कि महिला ललितपुर मेडिकल आई थी, जिसे एम्ब्युलेंस संख्या यू.पी.32 बी.जी. 8846 से सुबह एक मामले में करगन गांव में गए थे, जिसमें मरीज सचिन के पत्नी की हाथ की एक अंगूठी गाड़ी में गिर गई। मरीज की जिला अस्पताल में भर्ती करने के बाद गाड़ी की साफ सफाई के दौरान एमटी राजेंद्र और पायलट धर्मेंद्र को मिल गई, जिसे उसने ईमानदारी की मिशाल पेश करते हुए मरीज को कॉल करके वापस की और उनकी पत्नी को उनका सोने की अंगूठी वापस की।

# नागरिक लगा रहे नपाप से नाले की जलनिकासी की गुहार

अवधनामा संवाददाता



**बिलग्राम (हरदोई)** स्वच्छता अभियान पर लंबा बजट खर्च करने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई हैं।समस्या कोई नई नहीं है यह दशकों से चली आ रही है लेकिन पालिका के जिम्मेदार पदाशीन लोगों ने पीड़ित परिवारों का दर्द नहीं सुना।सड़क निर्माण हुआ लेकिन सड़क किनारे नाला निर्माण की इच्छाशक्ति नहीं बनाई गई।नतीज़न नाले का गंदा पानी लोगों के घरों में घुसने लगा। यह गंदा दूषित पानी लोगों के लिए परेशानी पैदा करने के बाद अब उनके आशियाने को भी जमींदोज करने की शुरुआत कर चुका है।ऐसा स्थानीय पीपल चौराहा से गुलाबबाड़ी चुंगी मार्ग पर सड़क किनारे बसे लोगों ने बताया है।जिनके आरोप हैं कि नाले का गंदा पानी उनके मकान की नींव में पहुंचने लगा है जिसकी वजह से घरों में सीलन व बदबू से जीना मुहाल है। अगर समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए तो वह दिन दूर नहीं जब उनके मकान स्वतः गिरने लगेगें।उन्होंने बताया कि कई बार नपाप प्रशासन बिलग्राम को समस्या से सम्बंधित मौखिक व लिखित शिकायत दर्ज कराई है लेकिन सुनवाई नहीं हुई है।वहीं दूसरी ओर दूषित पानी के जलभराव से राहगीरों को भारी समस्या उठानी पड़ती है।सदर बाजार के नाले का पानी मुख्य सड़क से क्रास होकर मोहल्ला मलकंठ वार्ड नंबर 11 में रंजीत राठौर,राम कृष्ण राठौर सहित अन्य लोगों के आरोप है कि उनके मकान के पास नाले का पानी आकर भर जाता है। जिससे मकान धंसने की आशंका है। आसपास गंदगी होने से बीमारी भी बनी रहती हैं। पालिका में कई बार शिकायत की। सदर बाजार से कन्नौज मार्ग को जोड़ने वाला यह एक मुख्य मार्ग है और दर्जनों गांव के लोग इसी रास्ते से अपना आवागमन करते हैं। चाहे जनप्रतिनिधि हो या कोई भी हो इसी मार्ग से आता जाता है रोड पर गड्ढे हो गए हैं।पूरे मामले पर पालिका प्रशासन ने बताया है कि समस्या सामने आई है नागरिकों के हितों में जल्द ही कदम उठाए जाएंगे।वर्तमान में बजट का अभाव है,आते ही आवश्यक निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम ने की बालश्रम उन्मूलन समिति की बैठक



**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स समिति एवं बाल श्रम उन्मूलन समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा जनपद में बाल श्रमिकों को चिन्हित करने में तेजी लायी जाये। उनके पुनर्वास के लिए गंभीरता से प्रयास किये जाएं। ऐसे बाल श्रमिकों का शैक्षिक व आर्थिक पुनर्वास कराया जाये। सभी चिन्हित 75 बच्चों का आर्थिक डाटा तैयार किया जाये। बैठक में दिवंगत सदस्यों के स्थान पर नये सदस्यों को चुना गया।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी सहायक श्रमायुक्त उपस्थित रहे।

### डीएम ने की अतिक्रमण रोधी अभियान की समीक्षा




**हरदोई।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने सभी अधिशाषी अधिकारियों से वर्चुअल माध्यम से अतिक्रमणरोधी अभियान के सम्बन्ध में बात की। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी नगर निकायों में सड़कों से अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया जाये। अतिक्रमण हटाने के लिए मार्गो को चिन्हित कर चूना गिरवा दिया जाये। माइक से पूरे निकाय में उदघोषणा करवाई जाये। वेंडिंग जोन व नो वेंडिंग जोन का पूरी तरह से पालन किया जाये। व्यापारियों के साथ बैठक कर ली जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### सांडी में इंडिया बैटरी सर्विस का हुआ उद्घाटन





**हरदोई।** सांडी तिराहा हरपालपुर रोड पर अजमल मेडिकल स्टोर के निकट बैटरी सर्विस का उद्घाटन सांडी के वरिष्ठ समाजसेवी अनिल गुप्ता द्वारा किया गया इस अवसर पर समाजसेवी अनिल गुप्ता ने कहा कोई भी कार्य लगन और मेहनत से करना चाहिए भविष्य में इसके अनेकों फायदे मिलते रहते हैं उन्होंने कहा इंडिया बैटरी सर्विस के अधिकृत विक्रेता मिर्जा मुजीब बैग से मेरे संबंध हैं इस दुकान से बैटरी इन्वर्टर सोलर पैनल वगैरा ग्राहकों को हर समय उपलब्ध मिलेंगे क्षेत्रीय लोगों से अनुरोध करते हुए उन्होंने कहा की एक बार सेवा का अवसर अवश्य प्रदान करें इस अवसर पर मिर्जा मुजीब मिर्जा लइक मोहम्मद आरिफ खान अयूब पठान हाफिज तरीक अहमद समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### डीएम ने की बालश्रम उन्मूलन समिति की बैठक

**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स समिति एवं बाल श्रम उन्मूलन समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा जनपद में बाल श्रमिकों को चिन्हित करने में तेजी लायी जाये। उनके पुनर्वास के लिए गंभीरता से प्रयास किये जाएं। ऐसे बाल श्रमिकों का शैक्षिक व आर्थिक पुनर्वास कराया जाये। सभी चिन्हित 75 बच्चों का आर्थिक डाटा तैयार किया जाये। बैठक में दिवंगत सदस्यों के स्थान पर नये सदस्यों को चुना गया।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी सहायक श्रमायुक्त उपस्थित रहे।

### पूर्व मे हुए दंगो की पीड़ितों ने की जांच की मांग



**संभल।** सम्भल में हुए दंगों की जांच की मांग करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है उनका कहना है जब 24 नवंबर को हुई घटना की जांच हो रही है तो सम्भल में इससे पूर्व हुए दंगों की भी जांच होनी चाहिए। सम्भल में दंगा पीड़ितों ने अपनी मांगों की तख्तिया लेकर गेस्ट हाउस पहुंचे जहां उन्होंने एक ज्ञापन एसडीएम वंदना मिश्रा को सौंपते हुए सम्भल में हुए 24 नवंबर से पूर्व दंगों की जांच की मांग की है। पीड़ितों ने सम्भल में हुए 1976, 1978, 1986 और 1992 के दंगों की न्यायिक जांच की मांग की है। उनका कहना है कि इन दंगों के पीड़ितो को इंसाफ मिलना चाहिए साथ ही इन दंगो में हुई आगजनी का भी मुआवजा मिलना चाहिए।

### डीएम ने की अतिक्रमण रोधी अभियान की समीक्षा

**हरदोई।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने सभी अधिशाषी अधिकारियों से वर्चुअल माध्यम से अतिक्रमणरोधी अभियान के सम्बन्ध में बात की। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी नगर निकायों में सड़कों से अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया जाये। अतिक्रमण हटाने के लिए मार्गो को चिन्हित कर चूना गिरवा दिया जाये। माइक से पूरे निकाय में उदघोषणा करवाई जाये। वेंडिंग जोन व नो वेंडिंग जोन का पूरी तरह से पालन किया जाये। व्यापारियों के साथ बैठक कर ली जाये।

# जिला जज व एसपी ने किया कारागार का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** जिला जज आलोक कुमार पाराशर, एसपी मो.मुश्ताक, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एडीजे/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यशवन्त कुमार सरोज, सीजेएम विभान्शु सुधीर, सीएमओ डा. इम्तियाज अहमद ने जिला कारागार के संयुक्त निरीक्षण में पुरूष बैरक, महिला बैरक, भोजन-शाला, अस्पताल का निरीक्षण किया। जेल में निरूद्ध बन्दियों से वार्तालाप किया गया तथा उनसे किसी भी प्रकार की समस्या तथा जेल प्रशासन से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत के बारे में पूंछा गया तो बन्दियों ने अवगत कराया जेल अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा अच्छा बर्ताव किया जाता है एवं कुछ बन्दियों द्वारा निशुल्क विधिक सहायता की मदद चाही गयी। लीगल एड काउन्सिल सिस्टम को संबंधित बन्दियों की पैरवी हेतु निर्देशित किया गया। बन्दियों से निशुल्क अधिवक्ता हेतु अवगत कराया गया तथा बन्दियों को बताया गया कि यदि उन्हें निशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो कारागार में स्थापित लीगल एड डिफेंस काउन्सिल में अपना प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकते है। भोजनशाला में साफ-सफाई की व्यवस्था सामान्य पायी गयी एवं सायं कालीन भोजन बनने की प्रक्रिया चल रही थी जो कि प्रदर्शित खाने की सूची के अनुसार थी। कारागार में स्थित अस्पताल का निरीक्षण किया गया और बीमार बन्दियों ने बताया कि उनका इलाज समय से हो रहा है। जिला कारागार में निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक लाल रत्नाकर सिंह, डिप्टी जेलर जीवन सिंह, उप कारापाल शंकुतला देवी, चिकित्साधिकारी डा.विजय कुमार द्विवेदी, फार्मासिस्ट विनोद कुमार, न्यायालय से अनवर खां स्टेनो उपस्थित रहे।

## पीएनबी आरसेटी ने कृषि उद्यमी बनने का दिया प्रशिक्षण

**ललितपुर।** पीएनबी आरसेटी ने स्व-रोजगार से जोडऩे हेतु शासन की मंशा के अनुसार बीपीएल महिला/ पुरूषों को आरसेटी द्वारा कृषि उद्यमी का प्रशिक्षण कार्यक्रम ब्लाक बार के ग्राम ग्राम सेमरा भागनगर में दिया। समापन पर निदेशक आरसेटी सतीश चन्द्र एवं स्वाति वर्मा ने संयुक्त रूप से एलडीएम कार्यालय द्वारा सीनियर मैनेजर मुकेश पटेल का आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है और यहां पर कृषि कार्य से ही देश की आय मुख्य साधन है। यदि उसको विधिवत व्यवसाय की दृष्टि से शुरू किया जाये। महिलायें अपना व्यवसाय शुरू करके स्वयं की आय में इजाफा कर अपना व अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना ही एक सफल उद्यमी का उद्देश्य होना चाहिए। महिला/पुरूष को सफल उद्यमी बनाकर अधिक से अधिक लाभ पहुंचाना आरसेटी की ट्रेनिंग का उद्देश्य हैं।

# सुम्मेरा तालाब के लिए 1.80 करोड़ रुपये स्वीकृत

**ललितपुर।** शासन द्वारा सुम्मेरा तालाब के सौन्दर्यीकरण के लिए एसएलटी के माध्यम से 1 करोड़ 80 लाख रूपए की धनराशि स्वीकृत हो चुकी है, जिसके क्रम में नगर पालिका द्वारा वर्क ऑडर व एग्रीमेंट किया गया। जिसके क्रम में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा सुम्मेरा तालाब का निरीक्षण कर निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देश के अनुपाल में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल व ईओ दिनेश विश्वकर्मा ने कार्य की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान ठेकेदार को अनुबंध की शर्तो के अनुसार समयांतर्गत कार्य पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान ईओ द्वारा तालाब में जमा घास जलकुम्भी को हटवाया गया व ठेकेदार को कार्य की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए कार्य किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। वहीं सुम्मेरा तालाब की बाउण्ड्री पर अतिक्रमणकारियों द्वारा किये गये अतिक्रमण को 02 दिवस के अंदर स्वयं ही हटाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। ईओ द्वारा हिदायत दी गई कि जो भी तालाब की बाउण्ड्री पर छज्जा, सीढ़ी, पानी निकासी, खिड़की, दरवाजे एवं छत व बाथरूम का पानी तालाब में निकाल रहे है। वह स्वयं हटा ले, अन्यथा नगर पालिका द्वारा किये गये हटा दिया जाएगा एवं समस्त हर्जे-खर्चे की वसूली संबंधित से की जायेगी। इस दौरान कर अधीक्षक/प्रभारी सफाई निरीक्षक राजेश जैन, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, राजस्व निरीक्षक आशुतोष, मुख्य स्टोर लिपिक महेन्द्र सिंह यादव, नजूल लिपिक सुधीर रावत, पार्षद रामकिंकर पटैरिया, ठेकेदार महेश श्रीवास्तव भैया, कमलेश चौधरी सहित पालिका के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

# नागरिक लगा रहे नपाप से नाले की जलनिकासी की गुहार

अवधनामा संवाददाता


**बिलग्राम (हरदोई)** स्वच्छता अभियान पर लंबा बजट खर्च करने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई हैं।समस्या कोई नई नहीं है यह दशकों से चली आ रही है लेकिन पालिका के जिम्मेदार पदाशीन लोगों ने पीड़ित परिवारों का दर्द नहीं सुना।सड़क निर्माण हुआ लेकिन सड़क किनारे नाला निर्माण की इच्छाशक्ति नहीं बनाई गई।नतीज़न नाले का गंदा पानी लोगों के घरों में घुसने लगा।यह गंदा दूषित पानी लोगों के लिए परेशानी पैदा करने के बाद अब उनके आशियाने को भी जमींदोज करने की शुरुआत कर चुका है।ऐसा स्थानीय पीपल चौराहा से गुलाबबाड़ी चुंगी मार्ग पर सड़क किनारे बसे लोगों ने बताया है।जिनके आरोप हैं कि नाले का गंदा पानी उनके मकान की नींव में पहुंचने लगा है जिसकी वजह से घरों में सीलन व बदबू से जीना मुहाल है।अगर समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए तो वह दिन दूर नहीं जब उनके मकान स्वतः गिरने लगेगें।उन्होंने बताया कि कई बार नपाप प्रशासन बिलग्राम को समस्या से सम्बंधित मौखिक व लिखित शिकायत दर्ज कराई है लेकिन सुनवाई नहीं हुई है।वहीं दूसरी ओर दूषित पानी के जलभराव से राहगीरों को भारी समस्या उठानी पड़ती है।सदर बाजार के नाले का पानी मुख्य सड़क से क्रास होकर मोहल्ला मलकंठ वार्ड नंबर 11 में रंजीत राठौर,राम कृष्ण राठौर सहित अन्य लोगों के आरोप है कि उनके मकान के पास नाले का पानी आकर भर जाता है। जिससे मकान धंसने की आशंका है।आसपास गंदगी होने से बीमारी भी बनी रहती हैं।पालिका में कई बार शिकायत की।सदर बाजार से कन्नौज मार्ग को जोड़ने वाला यह एक मुख्य मार्ग है और दर्जनों गांव के लोग इसी रास्ते से अपना आवागमन करते हैं।

## हर घर पहुंचा जल, घर-घर पहुंचे अधिकारी

**ललितपुर।** एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव ने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सैदपुर-कुम्हैड़ी ग्राम समूह पेयजल योजना के ग्राम भूसरा एवं उल्दनाकलां का भ्रमण कर योजना की हकीकत जानी। ग्राम भूसरा में 25 नग गृह पेयजल संयोजन किये गये। मौके पर उक्त गृह पेयजल संयोजनों से पेयजल आपूर्ति हो रही थी, जिस पर एडीएम ने हर्ष व्यक्त किया गया एवं मौके पर ग्रामीणों द्वारा बतायी गयी समस्याओं को त्वरित समाधान कर निस्तारण किया गया। ग्राम में सीसी रेस्टोरेशन एवं गृह पेयजल संयोजन का कार्य संतोषजनक पाया गया। इसी प्रकार ग्राम उल्दनाकलां में लगभग 100 नग गृह पेयजल संयोजनों से पेयजल आपूर्ति हो रही है। ग्राम उल्दनाकलां में कुछ कनेक्शन घर के बाहर पाये गये, जिन्हें फर्म प्रतिनिधि को 03 दिवस में घर के अन्दर करने हेतु एडीएम द्वारा निर्देशित किया गया। ग्राम उल्दनाकलां में भी सीसी का कार्य संतोषजनक पाया गया।

# उर्दू की संस्कृतिक एवं साहित्यक पंरपराका विमोचन समारोह आयोजित किया गया

अवधनामा संवाददाता



**संभल।** एमजीएम पीजी कॉलेज संभल में उर्दू अध्ययन एवं शोध विभाग द्वारा प्रोफेसर आबिद हुसैन हैदरी की पुस्तक संभल में उर्दू की सांस्कृतिक एवं साहित्यिक परंपराका विमोचन समारोह आयोजित किया गया।

इस समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ योगेंद्र सिंह ने की।उर्दू विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रियाज अनवर ने पुस्तक की विषय वस्तु की समीक्षा करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मीर शाह हुसैन आरिफ ने प्रोफेसर हैदरी की पुस्तक को संभल की साहित्यिक परंपरा का अहम दस्तावेज बताया।बदर जमाल साहिल ने कहा कि प्रोफेसर आबिद का व्यक्तित्व और कृतित्व बेमिसाल है।सैयद हुसैन अफसर ने नज़्म के माध्यम से अपने विचारों की अभिव्यक्ति की। श्री ताहिर सलामी ने पुस्तक को अदबी परंपरा में मील का पत्थर बताया। अंग्रेजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ मोहम्मद अहमद ने पुस्तक की भाषागत विशेषताओं का विश्लेषण किया।हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर फहीम अहमद ने पुस्तक को हिंदी और उर्दू भाषा के मध्य एक पुल जोड़ने वाली तथा भारत की साझा विरासत को आगे बढ़ाने वाली पुस्तक बताया। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर नसीम मुजफ्फर ने इस पुस्तक को साहित्य जगत में एक अहम कारनामा बताया। डॉक्टर किश्वर जहां जैदी,गौरी शंकर चौधरी, सुल्तान मोहम्मद खां कलीम,मुशीर खान तरीन ने भी अपने विचार प्रकट किए।मुख्य वक्ता डा राशिद अज़ीज़ ने पुस्तक में संभल की सांस्कृतिक एवं साहित्यिक परंपरा का गहन विश्लेषण किया।मुख्य अतिथि डॉक्टर डी एन शर्मा ने इस पुस्तक को हिंदी की अमूल्य निधि बताया। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो डॉ योगेंद्र सिंह ने कहा कि यह पुस्तक शोध छात्रों के साथ आम लोगों के लिए भी उपयोगी होगी। कार्यक्रम का संचालन शफीकुर्रहमान बरकाती ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर नावेद अहमद खान ने किया। इस कार्यक्रम में तौफीक आज़ाद एडवोकेट, कदीर जाफर, अखलाक हुसैन, हकीम बुरहान संभली, डॉक्टर यूनुस खान,पेकर संभली सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र-छात्राएं तथा अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

# चौथे टी20 में टीम इंडिया को इंग्लैंड से मिलेगी कड़ी टक्कर, पुणे में आसान नहीं होगी जीत

भारत और इंग्लैंड के बीच शुक्रवार, 31 जनवरी को चौथा टी20 मैच खेला जाएगा। टीम इंडिया इस मुकाबले को जीतकर सीरीज अपने नाम करना चाहेगी। हालांकि, पुणे में खेले जाने वाले चौथे टी20 में टीम इंडिया को इंग्लैंड से कड़ी टक्कर मिलनी वाली है। इससे पहले राजकोट में खेले गए तीसरे टी20 में भारत को 36 रनों से हार झेलनी पड़ी थी। फिलहाल, पांच मैचों की टी20 सीरीज में भारत 2-1 से आगे है।

वहीं चौथे टेस्ट से पहले सबसे बड़ा सवाल ये है कि प्लेइंग इलेवन में किसे मौका मिलेगा। क्योंकि रिंकू सिंह के चोटिल होने के बाद विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को सात नंबर पर मौका दिया गया था। जुरेल दूसरे और तीसरे टी20 में टीम इंडिया का हिस्सा थे, लेकिन दोनों ही मौकों पर वह फेल हुए। ऐसे में कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव के सामने बड़ा सवाल ये है कि क्या ध्रुव जुरेल पर फिर से भरोसा किया जा सकता है।



साथ ही विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन का प्रदर्शन भी उम्मीद के मुताबिक नहीं है। तेज रफ्तार के सामने संजू की कमजोरी साफ दिख रही है। सैमसन की खराब फॉर्म चौथे टी20 मैच से पहले भारतीय टीम प्रबंधन की चिंता का सबब होगा। मौजूदा सीरीज में उनका स्कोर 26,05 और 03 रहा है, जो चिंता की बात है। वह 145 किमी की रफ्तार से ज्यादा गेंदों का सामना नहीं कर पा रहे हैं। इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड 145 से 155 किमी की रफ्तार से गेंद डालते हैं जिनकी गति सैमसन के लिए परेशानी का कारण बन गई है।

रिंकू सिंह की कमर की तकलीफ के कारण सातवें नंबर पर ध्रुव जुरेल को उतारा गया, लेकिन वह इस फॉर्मेट में फिट नहीं हो पा रहे। ऐसे में कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव को सोचना होगा कि क्या अब रमनदीप सिंह को मौका देना चाहिए। रमनदीप सिंह एक फिनिशर होने के साथ बेहतर तेज गेंदबाज हैं।

वहीं मिडिल ऑर्डर भारत के लिए बड़ा परेशानी का सबब बना हुआ है। भारत का मिडिल ऑर्डर इंग्लैंड के लेग स्पिनर आदिल रशीद का सामना नहीं कर पा रहा है। वहीं शिवम दुबे, जिन्हें नितीश रेड्डी के चोटिल होने पर टीम में जगह मिली है, उन्हें मौका देना बनता है। दुबे स्पिन के सामने बड़े छक्के लगाने में माहिर हैं। ऐसे में अब ये देखना दिलचस्प होगा कि दुबे को मौका मिलता है या नहीं।

साथ ही तीसरे टी20 में लेफ्ट आर्म तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को रेस्ट दिया गया था। नतीजन टीम इंडिया को हार झेलनी पड़ी। ऐसे में अब एक सवाल ये भी है कि क्या अर्शदीप सिंह को मोहम्मद शमी की जगह वापस लाया जाए। मोहम्मद शमी काफी समय बाद टीम में लौटे हैं और राजकोट में उन्होंने अच्छी वापसी की है।

# 5 साल बाद रणजी ट्रॉफी में लौटे केएल राहुल, 24 गेंदों में नहीं आया एक भी रन, छाप छोड़ने में नाकाम रहे

लगभग 5 साल बाद घरेलू क्रिकेट में वापसी करने वाले केएल राहुल फ्लॉप साबित हुए। रणजी ट्रॉफी में कर्नाटक के लिए हरियाणा के खिलाफ खेलने वाले केएल राहुल ने अपना आखिरी रणजी ट्रॉफी मुकाबला 2020 में खेला था। कर्नाटक का पहला विकेट गिरने के बाद केएल राहुल बल्लेबाजी करने उतरे, लेकिन अपनी छाप छोड़ने में नाकाम रहे। राहुल ने 37 गेंदें खेली, जिसमें 24 गेंदों पर कोई रन नहीं बना सके। हालांकि, उन्होंने आउट होने से पहले 26 रन जरूर बनाए। केएल राहुल ने अपनी पारी में 4 चौके लगाए।

राहुल और मयंक अग्रवाल के बीच दूसरे विकेट के लिए 55 रनों की साझेदारी हुई। लेकिन जब कर्नाटक का स्कोर 99 रन था उसी



दौरान केएल राहुल अपना विकेट गंवा बैठे। पहले सेशन में बल्लेबाजी करने उतरे केएल राहुल 16 रन बनाकर नॉटआउट लौटे, लेकिन दूसरे सेशन में 10 रन बनाकर चलते बने।

इससे बाद कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल 149 गेंदों पर 91 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने पारी में 8 चौके और 3 छक्के भी जड़े। वहीं मयंक अग्रवाल के साथ बल्लेबाजी करने उतरे अनीश केवी ने 17 रन बनाए। पहले विकेट के लिए दोनों खिलाड़ियों ने 45 रन जोड़े। बाद में केएल राहुल 26 रन बनाकर आउट हुए। केएल राहुल को अंशुल कंबोज ने आउट किया, हरियाणा के गेंदबाजों की बात करें तो अब तक अंशुल कंबोज सबसे कामयाब गेंदबाज रहे हैं। अंशुल कंबोज ने 14 ओवर में 18 रन देकर 2 विकेट अपने नाम किए हैं।

# एफआईएच प्रो लीग हॉकी इंडिया के संभावित खिलाड़ियों में कई नये चेहरे

भारत ने आगामी एफआईएच प्रो लीग के लिये चुने गए संभावित खिलाड़ियों में छह से अधिक युवाओं को हॉकी इंडिया लीग और जूनियर स्तर पर उनके प्रदर्शन के आधार पर मौका दिया है। हॉकी इंडिया द्वारा घोषित 32 खिलाड़ियों की सूची में पहली बार जगह पाने वाले गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह, डिफेंडर यशदीप सिवाच, मिडफील्डर रबिचंद्र सिंह और राजिंदर सिंह और फॉरवर्ड अंगदबीर सिंह, उत्तम सिंह और अर्शदीप सिंह शामिल हैं।

टीम की कमान अनुभवी ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के हाथ में होगी जबकि हार्दिक सिंह उपकप्तान होंगे। एफआईएच प्रो लीग का भुवनेश्वर चरण 15 से 25 फरवरी तक खेला जायेगा। भारत को स्पेन, जर्मनी, आयरलैंड और इंग्लैंड से दो दो मैच खेलने हैं।

हॉकी इंडिया ने एक बयान में कहा जूनियर टीम में और हॉकी इंडिया लीग में शानदार प्रदर्शन से 22 वर्ष के अंगद बीर सिंह और 20 वर्ष के अर्शदीप सिंह को पहली बार एफआईएच प्रो लीग के मैचों के लिये सीनियर टीम में चुना गया है। पिछले साल मस्कट में जूनियर एशिया कप जीतने वाली टीम में रहे प्रिंसदीप भी सीनियर टीम के संभावित खिलाड़ियों में पहली बार चुने गए हैं।



कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा मैं चुनी हुई टीम से बहुत खुश हूं। मुझे उम्मीद है कि यह एक टीम के रूप में अच्छा प्रदर्शन करके मैच जीत सकती है। भारतीय टीम 2023.24 सत्र में नौ टीमों में सातवें स्थान पर रही थी। इसके बाद भारतीय टीम ने वापसी करते हुए पेरिस ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य पदक जीता।

***संभावित खिलाड़ी***

गोलकीपर : कृशन बहादुर पाठक, सूरज करकेरा, प्रिंसदीप सिंह

डिफेंडर : जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय, जुगराज सिंह, नीलम संजीप सेस, वरूण कुमार, यशदीप सिवाच

मिडफील्डर : राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, नीलाकांता शर्मा, एम रबिचंद्र सिंह, राजिंदर सिंह

फॉरवर्ड : अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, अंगद बीर सिंह, बॉबी सिंह धामी, शिलानंद लाकड़ा, दिलप्रीत सिंह, अराइजीत सिंह हुंडल, उत्तम सिंह, अर्शदीप सिंह।

## विराट कोहली की सुरक्षा में बड़ी चूक,फैन गौतम गंभीर स्टैंड से कूदकर मैदान पर पहुंचा

रणजी ट्रॉफी में दिल्ली वर्सेस रेलवे के मैच के दौरान विराट कोहली की सुरक्षा में चूक हुई है। दरअसल, विराट कोहली 20 जनवरी को करीब 13 साल बाद रणजी ट्रॉफी मैच में खेलने के लिए उतरे। दिल्ली के कप्तान आयुष बदोनी ने टॉस जीकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। उनका ये फैसला सही साबित हुआ। रेलवे की शुरुआत खराब रही। उसने 37 गेंद के भीतर सिर्फ 21 रन के स्कोर पर अपने 3 विकेट गंवा दिए। इसके बाद मैदान पर एक ऐसी घटना घटी, जिसने सबको हैरान कर दिया साथ ही अरुण जेटली स्टेडियम की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े किए हैं। मैच देखने आया एक दर्शक गौतम गंभीर स्टैंड के सामने लगी जाली फांदकर मैदान पर पहुंच गया। वह सीधा विराट कोहली के पास गया। उसने विराट कोहली के पैर छुए, इस बीच मैदान पर तैनात पुलिसकर्मी और सुरक्षा स्टाफ के कई सदस्य भी दौड़कर मैदान पर पहुंच गए।

# मेघालय के खिलाफ शार्दुल ठाकुर की बेहतरीन गेंदबाजी, हैट्रिक लेकर मचाया कोहराम

रणजी ट्रॉफी के 7वें राउंड का आगाज बेहतरीन रहा। एक तरफ जहां विराट कोहली ने दिल्ली के मैदान पर उतरकर घरेलू क्रिकेट में फैंस का सैलाब ला दिया वहीं शार्दुल ठाकुर ने मुंबई में हैट्रिक लेकर धमाल मचाया। मुंबई का आखिरी मुकाबला मेघालय के खिलाफ जारी है। ये मैच शरद पवार क्रिकेट अकादमी बीकेसी में खेला जा रहा है। मैच की शुरुआत में ही हैट्रिक लेकर शार्दुल ठाकुर ने मेघालय की टीम को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया है। उनकी इस हैट्रिक के दम पर मेघालय ने महज 2 रन पर ही अपने 6 बल्लेबाज गंवा दिए थे। मेघालय के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने उतरी मुंबई के लिए गेंदबाजी की शुरुआत शार्दुल ठाकुर ने की और पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज निशांत चक्रवर्ती को पवेलियन का रास्ता दिखाया।



इसके बाद तीसरे ओवर में हैट्रिक लेकर उन्होंने मेहमान टीम की कमर तोड़ दी। ठाकुर ने तीसरे ओवर की आखिरी तीन गेंदों पर बी अनिरुद्ध, सुमित कुमार और जसकीरत को शून्य पर आउट कर अपनी पहली फर्स्ट क्लास हैट्रिक ली।

ठाकुर रणजी ट्रॉफी में हैट्रिक लेने वाले मुंबई के पांचवें गेंदबाज हैं और रॉयस्टन डायस के बाद से 2023-24 में ये उपलब्धि हासिल करने वाले पहले गेंदबाज हैं। इस सीजन में अब तक सात मैचों में ठाकुर ने एक शतक और दो अर्धशतक के साथ 20 विकेट और 297 रन बनाए हैं। वहीं ग्रुप ए में तीसरे स्थान पर काबिज मुंबई को बोनस अंक हासिल करने के लिए मौजूदा मैच को एक पारी या 10 विकेट से जीतना होगा। इससे वे जम्मू-कश्मीर के बराबर हो जाएंगे, जबकि बड़ौदा दूसरे स्थान पर है। मुंबई को उम्मीद होगी कि वडोदरा में होने वाले दोनों टीमों के बीच आखिरी दौर के मैच से जम्मू-कश्मीर या बड़ौदा को एक से ज्यादा अंक नहीं मिलें।

# पैपराजी से परेशान दिखीं सारा अली खान, नेटिजेंस बोले करीना कपूर की कॉपी...



बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान हाल ही में मुंबई की सड़कों पर नजर आईं। इस दौरान वह कैमरे से बचती नजर आईं, जब पैपराजी ने उन्हें पोज देने के लिए कहा तो उन्होंने झट से मना कर दिया। सारा के इस बर्ताव पर अब नेटिजेंस उन्हें करीना कपूर के साथ कम्पेयर कर रहे हैं। सारा अली खान अक्सर पैपराजी के सामने खुशी से पोज देती नजर आई हैं, लेकिन ना जाने अब ऐसा क्या हो गया है कि वह पैपराजी को अवॉइड करती नजर आईं। सोशल मीडिया पर आए इस वीडियो में सारा अली खान पैपराजी द्वारा उनका पीछा किए जाने पर काफी अनकंफर्टेबल दिखीं।

कैमरे के सामने हमेशा मुस्कुराती नजर आने वाली अभिनेत्री सारा अली खान को जिम सेशन के बाद शहर में देखा गया। इस दौरान जब पैपराजी ने उन्हें तस्वीर के घेरा तो वह परेशान दिखीं। हमेशा की तरह विनम्र और शालीन दिखने वाली सारा पैपराजी के पीछा करने के दौरान थोड़ी चौंकी हुई दिखीं। इस दौरान जब एक व्यक्ति ने स्काई फोर्स अभिनेत्री से चिप्स का पैकेट लेने की पेशकश की तो उन्होंने हाथ जोड़कर मना कर दिया। हालांकि, बाद में उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया और अपने ड्राइवर को दे दिया।

सारा का यह वीडियो थोड़ी देर में ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस वीडोय को लेकर नेटिजेंस सारा और उनकी सौतेली मां करीना कपूर खान के बीच तुलना करते नजर आए। एक यूजर ने चुटकी लेते हुए लिखा, करीना की कॉपी कर रही है यह तो। एक और यूजर ने लिखा, सेलिब्रिटी होना आसान नहीं है, लोगों को उन्हें कुछ स्पेस देना चाहिए। एक और यूजर ने लिखा, डरी हुई लग रही है सारा।

# देवा से पहले इन हिंदी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं पूजा हेगड़े, कैसा रहा रिपोर्टकार्ड?




फिल्म देवा सिनेमाघरों में कल शुक्रवार 31 जनवरी को रिलीज होने जा रही है। यह फिल्म मलयालम फिल्म मुंबई पुलिस की रीमेक है। इसमें शाहिद कपूर के साथ पूजा हेगड़े नजर आएंगी। पूजा हेगड़े साउथ इंडस्ट्री की चर्चित अदाकारा हैं। हालांकि, बॉलीवुड में भी उन्होंने काम किया है। देवा से पहले वे हिंदी फिल्मों में बॉलीवुड के सुपरस्टार्स के साथ नजर आई हैं। चलिए जानते हैं...

पूजा हेगड़े ने साल 2016 में फिल्म मोहनजो-दाड़ो से बॉलीवुड फिल्मों में डेब्यू किया। अपनी पहली ही हिंदी फिल्म में उन्हें ऋतिक रोशन जैसे सुपरस्टार के साथ काम करने का अवसर मिल गया। मगर, उनकी डेब्यू हिंदी फिल्म ही फ्लॉप रही। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। करीब 120 करोड़ रुपये के बजट में बनी फिल्म सिर्फ 58.23 करोड़ ही कमा पाई।

साल 2019 में रिलीज हुई इस मल्टी-स्टारर फिल्म में पूजा हेगड़े नजर आईं। इस एक्शन कॉमेडी फिल्म को दर्शकों का प्यार मिला और बॉक्स ऑफिस पर हिट रही। ओपनिंग डे पर इस फिल्म ने 16.50 करोड़ रुपये कमाए और टोटल नेट कलेक्शन 194.60 करोड़ रुपये रहा। इस फिल्म में पूजा हेगड़े ने राजकुमारी माला का रोल अदा किया।

यूं तो यह फिल्म मूल रूप से साउथ की ही है, लेकिन हिंदी दर्शकों तक भी पहुंची। इसे हिंदी भाषा में भी रिलीज किया गया। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। साल 2022 में आई इस फिल्म में पूजा हेगड़े और प्रभास नजर आए थे।

साल 2022 में पूजा हेगड़े फिल्म सर्कस में नजर आईं। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रणवीर सिंह, जैकलीन फर्नांडिस और वरुण शर्मा जैसे सितारे भी नजर आए। मगर, यह फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर ही साबित हुई। करीब 150 करोड़ रुपये के बजट में बनी फिल्म 35.65 करोड़ रुपये पर ही सिमट गई।

साल 2023 में पूजा हेगड़े को बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान के साथ काम करने का मौका मिला। इस बॉलीवुड फिल्म से बहुत उम्मीदें थीं। मगर, कुछ खास रंग नहीं दिखा पाई। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने औसत प्रदर्शन किया। अब पूजा हेगड़े देवा में नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर निर्देशक रोशन एंड्रूयज कर रहे हैं। देखना दिलचस्प होगा कि पूजा हेगड़े की यह फिल्म क्या रंग जमाती है।

# परेश रावल बोले लॉप फिल्मों को बचाया, बदसूरत दुल्हन के लिए घूंघट का काम किया

परेश रावल की फिल्म स्टोरी टेलर हाल ही में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई है, जिसमें वह एक कहानीकार का किरदार निभा रहे हैं। इस फिल्म से जुड़ी कुछ खास बातें साझा करते हुए, परेश रावल ने दैनिक भास्कर से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने इंडस्ट्री में अच्छे राइटर्स की कमी, ओटीटी प्लेटफॉर्म, और बॉलीवुड बनाम साउथ जैसे टॉपिक पर भी अपने विचार साझा किए।

फिल्म स्टोरी टेलर के बारे में परेश रावल बताते हैं, इतनी बेहतरीन कहानी का हिस्सा बनना तो बहुत खुशी की बात है। यह ऐसे मौके होते हैं जो किसी की जिंदगी में बहुत कम आते हैं। और जब अच्छे लोगों के साथ काम करो, तो और भी मजा आता है जैसे अच्छे डायरेक्टर, राइटर, एक्टर और प्रोड्यूसर। वह कहते हैं, जब सत्यजीत रे की कहानी पर काम करने का मौका मिलता है, तो यह एक गर्व की बात होती है। हम तो सर के बहुत बड़े फैन थे, उनके साथ काम नहीं कर पाए, लेकिन उनकी लिखी हुई कहानी में काम करने का मौका मिलना हमारे लिए बड़े सौभाग्य की बात है।

जब परेश रावल से पूछा गया कि बॉलीवुड में स्टोरी टेलर की कमी हो रही है, क्योंकि



आजकल रीमेक और सीक्वल्स पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है, तो उन्होंने कहा, हां, बिल्कुल। हमें और अच्छे स्टोरी टेलर की जरूरत है। बॉलीवुड में अच्छे लेखक बहुत कम हैं। एक समय था जब सलीम-जावेद जैसे बड़े लेखक थे, फिर कुछ वक्त के लिए यह सिलसिला थम सा गया था। अब धीरे-धीरे कुछ नए राइटर आ रहे हैं, लेकिन इसकी जरूरत अभी भी बहुत है। उन्होंने आगे कहा, देखिए, अगर आपके पास कहानी नहीं है तो कुछ भी नहीं है। आप कितना भी शानदार कैमरा वर्क, खूबसूरत हीरो-हीरोइन लाकर फिल्म बना लें, लेकिन अगर कहानी ही सही नहीं है, तो दर्शक कैसे जुड़ेंगे? कहानी सबसे जरूरी चीज है, और हमारे यहां अच्छे लेखक की बहुत कमी है।

परेश रावल से पूछा गया कि अगर मौका मिला तो क्या वह राइटर या डायरेक्टर बनकर इंडस्ट्री में योगदान देंगे। इस पर उन्होंने कहा, मैं तो इंडस्ट्री में पहले से स्टोरीटेलर हूं। जो भी कहानी मैं करता हूं, वही मेरी अपनी स्टोरी बन जाती है। मेरा काम है उसे अच्छे से पेश करना और मैं उसी में पूरा फोकस करता हूं। वह मानते हैं, राइटर या डायरेक्टर बनने का सवाल नहीं है, क्योंकि मैं जिस भूमिका में हूं, वही मुझे सबसे ज्यादा पसंद है। मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण होता है अपने काम को दिल से और सही तरीके से करना।

ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपनी राय रखते हुए रावल कहते हैं, ओटीटी अच्छा है। ओटीटी ने तो हमारी इंडस्ट्री में ऑक्सीजन फूंक दी है। उन फिल्मों को बचाया है जो थिएटर में रिलीज होती तो एक पूरा शो भी नहीं चलता। ओटीटी ने जान बचाई है, इज्जत बचाई है। ओटीटी ने तो कई जगह पर बदसूरत दुल्हन के लिए एक घूंघट का काम किया है।

बॉलीवुड और साउथ फिल्मों के बीच की बहस हमेशा गर्म रहती है और कभी खत्म नहीं होती। इस पर परेश रावल कहते हैं, बॉलीवुड 1ह्य साउथ का जो डिबेट है, मुझे समझ नहीं आता कि क्यों इसे इतना बढ़ा दिया जाता है। किसी ने इसे शुरू किया होगा, लेकिन इसका कोई मतलब नहीं है। असल में, यह सोचने का तरीका ही गलत है।

उन्होंने आगे कहा, भारत में चाहे कोई भी भाषा हो, सभी फिल्मों को हम भारतीय फिल्में ही मानते हैं। हमें एक-दूसरे से सीखना चाहिए, जैसे हम हॉलीवुड से सीखते हैं, वैसे ही साउथ फिल्मों से क्यों नहीं सीख सकते? यह जो रवैया है कि हम बॉलीवुड वाले महान हैं और साउथ वाले कमतर हैं, यह बिल्कुल गलत है।

# अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर पुष्पा 2: द रूल हिन्दी भाषा में ओटीटी पर हुई रिलीज

अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर पुष्पा 2: द रूल सिनेमाघरों में डंका पीटने के बाद अब ओटीटी पर रिलीज हो गयी है। दक्षिण भारतीय अभिनेता अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर एक्शन थ्रिलर फिल्म पुष्पा 2: द रूल ने अपनी जबरदस्त सफलता से सभी को चौंका दिया। देश-दुनिया के बॉक्स ऑफिस पर ऐतिहासिक कमाई करने वाली पुष्पा पार्ट 2 की ओटीटी रिलीज की घोषणा हाल ही में मेकर्स ने की है। पुष्पाः द रूल को रीलोडेड वर्जन में ओटीटी पर स्ट्रीम किया जाएगा, यानी फिल्म में 23 मिनट एक्स्ट्रा जोड़े जाएंगे।

पुष्पा 2 5 दिसंबर 2024 को बड़े पर्दे पर रिलीज हुई थी और अब रिलीज के करीब 55 दिन बाद भी फिल्म सिनेमाघरों में चल रही है। मैथरी फिल्म्स ने 2 दिन पहले पुष्पा की ओटीटी रिलीज की घोषणा करते हुए बताया कि पैन इंडिया फिल्म 30 जनवरी से तमिल, तेलुगु, मलयालम




और कन्नड़ भाषाओं में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। जब से यह पोस्ट वायरल हुई है, तब से नेटिज़न्स कमेंट सेक्शन में पुष्पा 2 की हिंदी ओटीटी रिलीज को लेकर मेकर्स से सवाल कर रहे हैं। अब नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर इस पर सफाई दी है। दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म 30 जनवरी को ही हिंदी में ओटीटी दिग्गज नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम की जाएगी। गौरतलब है कि ओटीटी रिलीज में 23 मिनट का एक्स्ट्रा फुटेज शामिल किया गया है। इसलिए अब दर्शकों को ओटीटी पर पूरे 3 घंटे 44 मिनट देखने को मिलेंगे।

जब साल 2021 में पुष्पा पार्ट 1 सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, तब फिल्म के डिजिटल राइट्स अमेजन प्राइम वीडियो के पास थे। मेकर्स ने पहले पुष्पाः द राइज को प्राइम वीडियो पर हिंदी को छोड़कर सभी भाषाओं में स्ट्रीम किया, बाद में इसे हिंदी में रिलीज किया गया। अब नेटफ्लिक्स के पास पुष्पा 2: द रूल के डिजिटल राइट्स हैं, इससे यह साफ है कि यह फिल्म हिंदी में भी इसी प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन आएगी।

# जगदंबिका पाल ने की ओम बिरला से मुलाकात

**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार करने वाली संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने गुरुवार को समिति की रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंप दी। इससे पहले समिति ने बुधवार को 655 पेज वाली रिपोर्ट को बहुमत से स्वीकार किया था। इसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों की ओर दिए गए सुझावों को शामिल किया गया है। हालांकि, विपक्षी सांसदों ने इसे असंवैधानिक करार दिया था। उनका आरोप है कि यह कदम वक्फ बोर्डों को बर्बाद कर देगा। इसके उलट भाजपा सांसदों ने इस बात पर जोर दिया कि पिछले साल अगस्त में लोकसभा में पेश किया गया विधेयक वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में आधुनिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही लाने का प्रयास करने वाला है। बीते दिन भाजपा सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली समिति की रिपोर्ट को 11 के मुकाबले 15 मतों से मंजूरी दे दी गई। विपक्षी सदस्यों ने असहमति के नोट दिए हैं। समिति ने गत सोमवार को हुई एक बैठक में भाजपा सांसदों के सुझाए सभी संशोधनों को स्वीकार कर लिया था। इस दौरान विपक्ष के संशोधनों को खारिज कर दिया था। समिति में शामिल विपक्षी सांसदों ने वक्फ (संशोधन) विधेयक के सभी 44 प्रावधानों में संशोधन का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने दावा किया था कि समिति की ओर से प्रस्तावित कानून विधेयक के 'दमनकारी' चरित्र को बरकरार रखेगा और मुस्लिमों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करने का प्रयास करेगा। वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 को केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू की ओर से लोकसभा में पेश किए जाने के बाद 8 अगस्त, 2024 को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजा गया था। विधेयक का मकसद वक्फ संपत्तियों को विनियमित और प्रबंधित करने से जुड़े मुद्दों और चुनौतियों का समाधान करने के लिए वक्फ अधिनियम, 1995 में संशोधन करना है।

# प्रदूषित हो रही पलार नदी पर सुप्रीम कोर्ट का सख्त निर्देश, जांच के लिए पैनल गठित करने का दिया आदेश

**नुकसान**

**न्यायालय ने कहा कि चमड़े के कारखानों द्वारा नदी और आसपास के इलाकों में अनुपचारित अपशिष्ट बहाने से जल, भूमि और भूजल को भारी नुकसान हुआ है।**



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में चमड़े के कारखाने से निकल रहे अपशिष्टों के कारण प्रदूषित हो रही पलार नदी को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त होता हुआ दिख रहा है। जहां कोर्ट ने राज्य सरकार को जांच के लिए एक पैनल के गठन का निर्देश दिया है। साथ ही प्रदूषण के कारण प्रभावित परिवारों को मुआवजा देने की बात भी कही है। तमिलनाडु में चमड़े के कारखाने के चलते पलार नदी लगातार प्रदूषित होती जा रही है। इसको लेकर अब सुप्रीम कोर्ट एक्शन में आती हुई नजर आ रही है, जिसके तहत सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को तमिलनाडु में पलार नदी में चमड़े के कारखानों से निकलने वाले अपशिष्टों के कारण हो रहे गंभीर प्रदूषण को कम करने के लिए कई आदेश दिए। बता दें कि यह मामला वेल्लोर जिले के पर्यावरण प्रदूषण से जुड़ा हुआ था, जहां चमड़े के कारखानों के कचरे से पर्यावरणीय क्षति हो रही थी। हालांकि रिपोर्ट्स के अनुसार अधिकारियों ने एक केंद्रीय अपशिष्ट उपचार संयंत्र स्थापित किया था, लेकिन अदालत ने कहा कि चमड़े के उद्योगों ने पर्यावरणीय नियमों का सही तरीके से पालन नहीं किया है, जिसके कारण प्रदूषण का स्तर कम नहीं हो सका। अदालत ने यह भी कहा कि वेल्लोर जिला निगरानी समिति ने जो नियम बनाए थे, उद्योगों ने उनका पालन नहीं किया। इसलिए अदालत ने कुछ निर्देश जारी किए और कहा कि यह आदेश निरंतर रहेगा, और अदालत समय-समय पर इसके पालन की समीक्षा करेगी। साथ ही न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने तमिलनाडु सरकार से जैविक क्षति का आकलन करने और उसे दूर करने के लिए उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक पैनल गठित करने को कहा। यह पैनल एक सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में होगा और इसमें पर्यावरण विशेषज्ञ और राज्य सरकार के अधिकारी शामिल होंगे।

न्यायालय ने कहा कि चमड़े के कारखानों द्वारा नदी और आसपास के इलाकों में अनुपचारित अपशिष्ट बहाने से जल, भूमि और भूजल को भारी नुकसान हुआ है। इसके परिणामस्वरूप स्थानीय किसानों और निवासियों की हालत खराब हुई है, और सार्वजनिक स्वास्थ्य को खतरा हुआ है। अदालत ने प्रभावित परिवारों को मुआवजा देने का आदेश दिया और कहा कि अगर प्रदूषणकारी उद्योगों से मुआवजा नहीं लिया गया, तो राज्य सरकार को यह राशि वसूलनी चाहिए। साथ ही मामले में न्यायालय ने यह भी कहा कि राज्य सरकार को चार सप्ताह के भीतर एक समिति गठित करनी होगी, जो पर्यावरणीय नुकसान की भरपाई करने और इसे रोकने के उपायों की निगरानी करेगी। अदालत ने यह भी चेतावनी दी कि अगर इस आदेश का पालन नहीं किया गया।

# सुप्रीम कोर्ट ने समन आदेश में बताई खामिया



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को घटिया गुणवत्ता वाली दवा बनाने के आरोप में एक फर्म के खिलाफ कार्यवाही को खारिज कर दिया और कहा कि ट्रायल कोर्ट के समन आदेश में नाम मात्र के लिए भी कोई कारण नहीं दिया गया था। जस्टिस बीआर गवई और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि समन आदेश पूरी तरह से %बिना किसी कारण के% था। यह फैसला फर्म और अन्य की तरफ से आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के अक्तूबर 2023 के फैसले के खिलाफ दायर अपील पर आया, जिसमें कुरनूल ट्रायल कोर्ट में कार्यवाही को रद्द करने की उसकी याचिका को खारिज कर दिया गया था। पीठ ने फर्म के वकील की दलीलों का हवाला देते हुए कहा, हालांकि, हम अपीलकर्ताओं की तरफ से कई आधारों पर की गई दलीलों पर विचार करना जरूरी नहीं समझते हैं, क्योंकि वर्तमान अपील इस आधार पर स्वीकार किए जाने योग्य है कि मजिस्ट्रेट ने बिना कोई कारण बताए प्रक्रिया जारी की है। पीठ ने कहा, मौजूदा मामले में भी मजिस्ट्रेट ने नाम के लिए भी कोई कारण नहीं बताया है। समन आदेश पूरी तरह से बिना किसी कारण के है। हाईकोर्ट के आदेश को खारिज करते हुए पीठ ने ट्रायल कोर्ट के जुलाई 2023 के समन आदेश और संबंधित कार्यवाही को रद्द कर दिया।

# रूस ने यूक्रेन पर रात में दागे 80 से अधिक ड्रोन

**कीव।** अबतक इस संघर्ष में 10,000 यूक्रेनी नागरिकों की मौत हो चुकी है। रूस यूक्रेन में पावर ग्रिड पर भी हमले कर रहा है, जिसके कारण यूक्रेनी नागरिकों को बिजली और पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पिछले करीब तीन साल से जारी रूस-यूक्रेन के बीच संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच रात में रूस ने एक बार फिर यूक्रेन पर हमला किया। अधिकारियों ने बताया कि रूसी ड्रोन ने पूर्वोत्तर यूक्रेन में एक अपार्टमेंट बिल्डिंग में विस्फोट किया, जिसमें कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में नौ लोग घायल भी हुए। सुमी क्षेत्रीय प्रशासन ने बताया कि शाहेद ड्रोन ने रात के एक बजे के बाद प्रमुख शहर सुमी के अपार्टमेंट ब्लॉक में एक दीवार और खिलड़कियां उड़ा दी।

# तिरुवनंतपुरम में घंटों लापता रहने के बाद कुएं से मिला बच्ची का शव

**आरोप**

**अवैध रूप में भारत में रहने के आरोप में कोच्चि से दो बांग्लादेशी महिलाओं को गिरफ्तार किया गया।**



**तिरुवनंतपुरम।** जांच के दौरान बच्ची का शव घर के पास वाले कुएं से मिला। पुलिस ने बताया कि अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि बच्ची कुएं में कैसे गिरी, क्योंकि कुएं के आसपास दीवार है।

केरल के तिरुवनंतपुरम में दो साल की बच्ची की मौत पर रहस्य छाया हुआ है। बच्ची लापता होने के कुछ घंटों बाद अपने ही घर के पास कुएं में डूबी हुई पाई गई। पुलिस के अनुसार, सुबह से बच्ची को गायब देखकर माता-पिता ने पुलिस ने शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान बच्ची का शव घर के पास वाले कुएं से मिला। पुलिस ने बताया कि अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि बच्ची कुएं में कैसे गिरी, क्योंकि कुएं के आसपास दीवार है। परिवार वालों से पूछताछ की जा रही है। अग्निशमन और बचाव कर्मियों ने बच्ची के शव को कुएं से बाहर निकाला। अवैध रूप में भारत में रहने के आरोप में कोच्चि से दो बांग्लादेशी महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। उनकी पहचान 22 वर्षीय कोबीतिबा और 19 वर्षीय रूबीना शेख के तौर पर की गई है। दोनों को एर्नाकुलम ग्रामीण पुलिस सीमा के कोडानाडु से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि दोनों ने पहले पश्चिम बंगाल की सीमा पार की और फिर बंगलूरू की यात्रा की। यहां से उन्होंने एजेंट की मदद से फर्जी आधार कार्ड हासिल किया। दोनों बांग्लादेशी महिलाओं को अदालत के समक्ष पेश किया गया और फिर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दो सप्ताह पहले 28 वर्षीय थसलीमा बेगम की गिरफ्तारी के बाद एर्नाकुलम ग्रामीण जिला पुलिस प्रमुख वैभव सक्सेना ने एक विशेष अभियान ऑपरेशन क्लीन चलाया। इसी अभियान के तहत दोनों बांग्लादेशी महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि इन गिरफ्तारियों के साथ इस महीने ग्रामीण जिला पुलिस सीमा में हिरासत में लिए गए बांग्लादेशियों की संख्या बढ़कर सात हो गई है। इन गिरफ्तारियों के बाद पुलिस ने अवैध तरीके से सीमा पार कर फर्जी दस्तावेज हासिल करवाने वाले एजेंटों का पता लगाने के लिए पश्चिम बंगाल तक अपनी जांच का विस्तार करने का निर्णय लिया।

## मणिपुर में प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े सात लोग गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने तत्काल प्रभाव से 60 नौकरशाहों और 10 पुलिस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। एक आधिकारिक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। मणिपुर में सुरक्षा बलों ने पिछले दो दिन में प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि प्रतिबंधित कांगलेई यावोल कन्ना लूप (केवाईकेएल) के तीन सदस्यों और 'यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट-कोइरेंग' (यूएनएलएफ-के) के एक सक्रिय सदस्य को मंगलवार को तेंगनौपाल जिले में भारत-म्यांमा सीमा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा प्रतिबंधित 'पीपुल्स लिबरेशन आर्मी' के दो सदस्यों को बुधवार को गिरफ्तार किया। उन्हें इंफाल के पाओना बाजार क्षेत्र में जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। बयान में कहा गया है कि उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। इसके साथ ही सुरक्षा बलों ने बुधवार को थौबल जिले के तेंथा इलाके से 'पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक' (पीआरओ) के भी दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया। इस बीच मणिपुर सरकार ने तत्काल प्रभाव से 60 नौकरशाहों और 10 पुलिस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। एक आधिकारिक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। राज्य प्रशिक्षण अकादमी के महानिदेशक पॉलुनथांग वैफेई को अतिरिक्त मुख्य सचिव का पदभार दिया गया है, जबकि प्रधान मुख्य वन संरक्षक अनुराग बाजपेयी अतिरिक्त मुख्य सचिव (वस्त्र, वाणिज्य एवं उद्योग) होंगे।

# श्रीलंका की जेल से रिहा हुए तमिलनाडु के छह मछुआरे

**चेन्नई।** श्रीलंकाई तटरक्षक बल ने इन मछुआरों को उस समय गिरफ्तार कर लिया था, जब ये 12 जनवरी को मछली पकड़ने निकले थे। कथित तौर पर समुद्री सीमा पार करने के बाद इन मछुआरों की नौका भी जब्त कर ली गई थी। श्रीलंका की जेल से रिहा किए गए तमिलनाडु के रामेश्वरम जिले के छह मछुआरे चेन्नई पहुंच गए हैं। चेन्नई हवाई अड्डे पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि केंद्र और राज्य सरकार के हस्तक्षेप से उनकी रिहाई संभव हो सकी है। कोलंबो से विमान पर सवार होकर बुधवार रात छह लोग यहां हवाई अड्डे पर पहुंचे। राज्य के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया और सड़क मार्ग से उनके गृह जिले तक उन्हें पहुंचाने में मदद की।श्रीलंकाई तटरक्षक बल ने इन मछुआरों को उस समय गिरफ्तार कर लिया था, जब ये 12 जनवरी को मछली पकड़ने निकले थे। कथित तौर पर समुद्री सीमा पार करने के बाद इन मछुआरों की नौका भी जब्त कर ली गई थी। बाद में उन्हें अदालत में पेश किया गया और हिरासत में लिया गया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर को पत्र लिखकर गिरफ्तार लोगों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए केंद्र से तत्काल हस्तक्षेप किए जाने की मांग की थी। इससे पहले भारत ने भारतीय मछुआरों के मुद्दे पर श्रीलंका के सामने नाराजगी जताई थी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि डेल्फ्ट द्वीप के पास श्रीलंकाई नौसेना की फायरिंग में दो भारतीय मछुआरे गंभीर रूप से घायल हुए हैं। गंभीर रूप से घायल भारतीय मछुआरों का जाफना अस्पताल में इलाज चल रहा है। श्रीलंका के कार्यवाहक राजदूत को विदेश मंत्रालय में तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया है।

# अमेरिका को मिसाइलें लौटा दूंगा, समुद्री आक्रामकता रोके



**मनीला।** फिलीपींस ने चीन के सामने एक खास पेशकश रखी है, जिसके अनुसार अगर चीन समुद्री क्षेत्र में अपनी आक्रामकता पर लगाम लगाता है तो वह उत्तरी फिलीपींस में तैनात अमेरिकी टाइफॉन मिड-रेंज मिसाइल प्रणाली को हटा देगा। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने शुक्रवार को कहा कि अगर चीन विवादित दक्षिण चीन सागर में अपने आक्रामक और बलपूर्वक व्यवहार को रोक देता है, तो वे फिलीपींस से अमेरिकी मिसाइल प्रणाली हटा देंगे। अमेरिकी सेना ने पिछले साल अप्रैल में उत्तरी फिलीपींस में टाइफॉन मिड-रेंज मिसाइल प्रणाली स्थापित की थी, जिसका उद्देश्य संयुक्त युद्ध तत्परता के लिए प्रशिक्षण के रूप में लंबे समय से संधि सहयोगियों की तरफ से बताया गया था। चीन ने बार-बार मांग की है कि फिलीपींस मिसाइल प्रणाली को हटा दे, यह कहते हुए कि यह भू-राजनीतिक टकराव और हथियारों की दौड़ को भड़का रहा है। मिसाइल प्रणाली की चीन की आलोचना के बारे में पूछे जाने पर, राष्ट्रपति मार्कोस ने कहा कि वे चीन की स्थिति को नहीं समझते हैं क्योंकि फिलीपींस चीन की मिसाइल प्रणालियों पर टिप्पणी नहीं करता है जो %हमारे पास मौजूद मिसाइल प्रणालियों से एक हजार गुना अधिक शक्तिशाली हैं। मार्कोस ने केंद्रीय सेबू प्रांत में पत्रकारों से कहा, चलो चीन के साथ एक समझौता करते हैं- हमारे क्षेत्र पर दावा करना बंद करो, हमारे मछुआरों को परेशान करना बंद करो और उन्हें जीने दो, हमारी नावों को टक्कर मारना बंद करो, हमारे लोगों पर पानी की बौछार करना बंद करो, हम पर लेजर फायर करना बंद करो और अपना आक्रामक और बलपूर्वक व्यवहार बंद करो, और हम टाइफून मिसाइलों को वापस कर देंगे। उन्होंने कहा, %वे जो कुछ भी कर रहे हैं उसे बंद करने दो और मैं उन सभी को वापस कर दूंगा। चीनी अधिकारियों ने फिलीपींस राष्ट्रपति के बयानों पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की।एक वरिष्ठ फिलीपींस अधिकारी ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया, यूएस आर्मी की मोबाइल टाइफॉन मिसाइल प्रणाली, जिसमें एक लांचर और कम से कम 16 स्टैंडर्ड मिसाइल-6 और टॉमहॉक लैंड अटैक मिसाइलें शामिल हैं, को फिलीपींस रक्षा अधिकारियों के परामर्श से लगभग दो हफ्ते पहले उत्तरी फिलीपींस से राजधानी मनीला के पास एक रणनीतिक क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया गया था। एक फिलीपींस अधिकारी ने बताया कि अमेरिकी मिसाइल प्रणाली अब उस क्षेत्र के करीब पहुंच गई है, जहां दक्षिण चीन सागर में चीनी और फिलीपींस तट रक्षक और नौसेना बल लगातार तनावपूर्ण टकराव में शामिल रहे हैं। टॉमहॉक मिसाइलें 1,000 मील (1,600 किलोमीटर) से अधिक की यात्रा कर सकती हैं, जो मुख्य भूमि चीन के कुछ हिस्सों को उनकी सीमा में लाती है। फिलीपींस अधिकारी ने कहा कि मिसाइल प्रणाली अनिश्चित काल तक फिलीपींस में रहेगी। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने पिछले हफ्ते कहा था कि फिलीपींस अपने क्षेत्र में अमेरिकी मिसाइल प्रणाली को तैनात करने की अनुमति देकर क्षेत्र में तनाव और दुश्मनी पैदा कर रहा है और भू-राजनीतिक टकराव और हथियारों की होड़ को भड़का रहा है।

# कुरान जलाने वाले इराकी शख्स की मौत


**न्यायाधीश**

**स्वीडन में कुरान की कई प्रतियां जलाने वाले इराकी व्यक्ति की मौत हो गई है, स्टॉकहोम के एक न्यायाधीश ने गुरुवार को यह जानकारी दी।**



**स्टॉकहोम** स्वीडन में कुरान की प्रतियां जलाने के मामले में चर्चित ईसाई शरणार्थी सलवान मोमिका की मौत हो गई है। इससे पहले अप्रैल 2024 में भी दावा किया जा रहा था कि उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। स्वीडन में कुरान की कई प्रतियां जलाने वाले इराकी व्यक्ति की मौत हो गई है, स्टॉकहोम के एक न्यायाधीश ने गुरुवार को यह जानकारी दी। स्वीडिश मीडिया ने बताया कि वह पास के शहर में हुई गोलीबारी में मारा गया। 38 वर्षीय सलवान मोमिका ने 2023 में स्वीडन में इस्लाम की पवित्र पुस्तक को जलाने और अपवित्र करने की कई घटनाएं कीं। कुरान जलाने के वीडियो को दुनिया भर में वायरल हुआ और कई मुस्लिम देशों में इसके प्रति गुस्सा देखने को मिली, जिससे कई जगहों पर दंगे हुए। स्टॉकहोम जिला न्यायालय ने कहा कि गुरुवार को एक मुकदमे में फैसला सुनाया जाना था जिसमें मोमिका एक प्रतिवादी था, इसलिए उसे स्थगित कर दिया गया क्योंकि प्रतिवादियों में से एक की मृत्यु हो गई थी। न्यायालय के एक न्यायाधीश गोरान लुंडाहल ने पुष्टि की कि मृतक मोमिका था। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि मोमिका की मृत्यु कब और कैसे हुई। मोमिका और एक सह-प्रतिवादी पर स्टॉकहोम की अदालत में नस्लीय घृणा भड़काने का आरोप लगाया गया क्योंकि उन्होंने कुरान जलाने के संबंध में बयान दिए थे। गुरुवार सुबह फैसला सुनाया जाना था। पुलिस ने बताया कि उन्हें स्टॉकहोम के पास सोडरतालजे में बुधवार रात को गोलीबारी की सूचना मिली थी और उन्हें एक व्यक्ति मिला जिसके शरीर पर गोली लगी थी। थोड़ी देर बाद में उसकी मौत हो गई और हत्या की प्रारंभिक जांच शुरू की गई। प्रसारक एसवीटी ने सूत्रों का नाम लिए बिना बताया कि मृतक सलवान मोमिका था। उन्होंने आगे बताया कि मोमिका 2018 में इराक से स्वीडन आया थी और उसे 2021 में तीन साल का निवास परमिट दिया गया था। अभियोजक रासमस ओमान ने स्वीडिश समाचार एजेंसी टीटी को बताया कि इस मामले में कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले कुरान जलाने के मामले में सलवान मोमिका ने तर्क दिया कि उनके विरोध प्रदर्शन का लक्ष्य मुस्लिम लोगों को नहीं बल्कि इस्लाम धर्म को बनाना था। उसने तर्क दिया कि वे स्वीडन की आबादी को कुरान के संदेशों से बचाना चाहते थे। स्वीडिश पुलिस ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हवाला देते हुए उनके प्रदर्शनों की अनुमति दी, जबकि उनके खिलाफ आरोप दायर किए।

# तय समय से ज्यादा समय तक अमेरिका में रहे सात हजार भारतीय छात्र



**वाशिंगटन।** सेंटर फॉर इमिग्रेशन स्टडीज की जेसिका एम वॉन ने अमेरिकी हाउस कमेटी को बताया कि ब्राजील, चीन, कोलंबिया और भारत जैसे देशों में हजारों लोग अपनी वीजा अवधि से ज्यादा समय तक अमेरिका में रहते हैं। इनमें भारत के नागरिकों संख्या सबसे ज्यादा है, 7,000 से भी ज्यादा। भारत से अमेरिका जाकर अपनी पढ़ाई पूरी करने वाले छात्रों को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि 2023 में भारत से 7,000 से अधिक छात्र अमेरिका में अपने निर्धारित समय से अधिक समय तक रुके है। यह जानकारी सेंटर फॉर इमिग्रेशन स्टडीज की जेसिका एम वॉन ने अमेरिकी हाउस कमेटी को दी। उन्होंने बताया कि दुनिया के 32 देशों में छात्र और विनिमय आगंतुकों के अमेरिका में तय समय से अधिक रुकने की दर 20 प्रतिशत से भी ज्यादा है। विशेष रूप से, एफ-1 और एम-1 वीजा धारक, जो शैक्षिक और व्यावसायिक कामो के लिए आते हैं, इनमें सबसे ज्यादा लोग तय समय से अधिक रुकते हैं।वॉन ने अमेरिकी हाउस कमेटी को ये भी बताया कि ब्राजील, चीन, कोलंबिया और भारत जैसे देशों में हजारों लोग अपनी वीजा अवधि से ज्यादा समय तक अमेरिका में रहते हैं और भारत से आने वालों की संख्या सबसे ज्यादा है, करीब 7,000 से भी ज्यादा। उन्होंने इसके अलावा अमेरिका की आव्रजन नीतियों में सुधार की आवश्यकता की बात की, जिसमें एच-1बी वीजा जैसे कार्यक्रमों में सुधार की भी सिफारिश की गई है। साथ ही वॉन ने अमेरिकी हाउस कमेटी को बताया कि वीजा जारी करने की नीतियों में समायोजन की ज़रूरत है और आंतरिक प्रवर्तन को मजबूत करने की भी। इसके अलावा भी उन्होंने कहा कि कांग्रेस को कई महत्वपूर्ण तरीकों से कानून में संशोधन करना चाहिए। जेसिका एम वॉन ने अमेरिकी संसद को बताया कि छात्र वीजा आवेदकों पर दोहरे इरादे की अवधारणा लागू नहीं होनी चाहिए। इसका मतलब यह है कि छात्रों को यह दिखाना चाहिए कि वे अपनी पढ़ाई खत्म करने के बाद अपने देश वापस लौटेंगे, न कि अमेरिका में बसने का इरादा रखें। इसके अलावा, उन्होंने ॥-1क्कवीजा के लिए एक और सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि यह वीजा दो साल की अवधि के लिए दिया जाना चाहिए, जिसे चार साल तक बढ़ाया जा सकता है।

## एलन मस्क नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकित

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक वाहन की दिग्गज कंपनी टेल्सा के सीईओ, अरबपति कारोबारी और संयुक्त राज्य अमेरिका के सरकारी दक्षता विभाग के प्रमुख एलन मस्क को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया गया है।

इलेक्ट्रिक वाहन की दिग्गज कंपनी टेल्सा के सीईओ, अरबपति कारोबारी और संयुक्त राज्य अमेरिका के सरकारी दक्षता विभाग के प्रमुख एलन मस्क को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। यूरोपीय संसद के स्लोवेनियाई सदस्य ब्रांको ग्रिम्स ने पुष्टि की है कि 2025 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए एलन मस्क के नामांकन के लिए एक याचिका नॉर्वेजियन नोबेल समिति को पेश की गई है। ग्रिम्स ने अपने फेसबुक पोस्ट में कहा कि यह नामांकन अभिव्यक्ति का स्वतंत्रता (फ्री स्पीच) और मानवाधिकारों की रक्षा में उनके योगदान के लिए दिया गया है। मस्क (टेस्ला) और (स्पेसएक्स) के सीईओ हैं। साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक भी हैं। DOGE के प्रमुख के रूप में उनकी नियुक्ति के बाद, अब वे नए ट्रंप प्रशासन में काफी हद तक शामिल हैं।एक्स का अधिग्रहण करते समय, मस्क ने कहा था कि वह ऐसा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए कर रहे हैं। उन्होंने उस समय फ्री स्पीच का अपना मतलब समझाया था। उन्होंने कहा था, ÷फ्री स्पीच÷ से मेरा मतलब सिर्फ वह है जो कानून से मेल खाता हो। अगर लोग कम स्वतंत्र अभिव्यक्ति चाहते हैं, तो वे सरकार से इस संबंध में कानून पारित करने के लिए कहेंगे। इसके बाद से उन्होंने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए अपने आह्वान को और आगे बढ़ाया है। और कहा है कि उनका प्लेटफॉर्म एक्स इसमें विश्वास करता है। हाल ही में 21 जनवरी को, मस्क ने जर्मनी के चांसलर ओलाफ श्कॉल्ज को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ÷ओफ शिट्ज÷ कहा था। जो दावोस में विश्व आर्थिक मंच पर फ्री स्पीच पर नेता की टिप्पणियों के एक वीडियो पर प्रतिक्रिया दे रहे थे।ओफ शिट्ज पर शर्म आनी चाहिए!÷ मस्क ने एक पोस्ट में लिखा, जब ओलाफ श्कॉल्ज ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को अति-दक्षिणपंथी विचारों का समर्थन नहीं करना चाहिए।

# विमान हादसे में किसी के भी बचने की उम्मीद नहीं? नदी के बर्फीले पानी में पाया गया मलबा



**वॉशिंगटन।** टक्कर पूर्वी मानक समयानुसार (ईएसटी) रात लगभग नौ बजे उस समय हुई, जब कंसास के विचिटा से उड़ान भरने वाला एक क्षेत्रीय विमान हवाई अड्डे के रनवे पर पहुंचते समय एक सैन्य 'ब्लैकहॉक' हेलीकॉप्टर से टकरा गया। हेलीकॉप्टर ने प्रशिक्षण उड़ान भरी थी। अमेरिका में बुधवार को एक भीषण विमान हादसा हुआ, जिसमें वाशिंगटन के पास रोनाल्ड रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय एक यात्री विमान सेना के एक हेलीकॉप्टर से टकरा गया। इस हादसे में किसी के जिंदा रहने की उम्मीद नहीं है। हालांकि, हेलीकॉप्टर में मौजूद सेना के तीन जवानों के मौत की पुष्टि हो चुकी है। यह टक्कर इतना खतरनाक था कि विमान और हेलीकॉप्टर दोनों नदीं में दुर्घटनाग्रस्त हो गए। गुरुवार की सुबह को अधिकारियों ने बताया कि नदी से कोई भी जीवित व्यक्त को बरामद नहीं किया गया है। अमेरिकन एयरलाइंस फ्लाइट 5342 में चालक दल के चार सदस्य और 60 यात्री मौजूद थे। रिपोर्ट के अनुसार, विमान और हेलीकॉप्टर का मलबा पोटोमैक नदी के बर्फीले पानी में डूबा हुआ पाया गया। टक्कर पूर्वी मानक समयानुसार (ईएसटी) रात लगभग नौ बजे उस समय हुई, जब कंसास के विचिटा से उड़ान भरने वाला एक क्षेत्रीय विमान हवाई अड्डे के रनवे पर पहुंचते समय एक सैन्य 'ब्लैकहॉक' हेलीकॉप्टर से टकरा गया। हेलीकॉप्टर ने प्रशिक्षण उड़ान भरी थी। विमान के रेडियो ट्रांसपोंडर से मिले डेटा के मुताबिक, 'अमेरिकन एयरलाइंस' की उड़ान संख्या 5342 लगभग 400 फुट की ऊंचाई से करीब 140 मील प्रति घंटे की गति से हवाई अड्डे की ओर आ रही थी, तभी पोटोमैक नदी के ऊपर इसकी ऊंचाई तेजी से कम हो गई।इस घटना के बाद स्थानीय समुदाय में दुख की लहर दौड़ गई। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पीड़ितों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए कहा, यह एक बुरी स्थिति है।

# प्रयागराज रेलवे ने 222 मेला स्पेशल ट्रेनों के साथ 360 से अधिक ट्रेनों का किया संचालन

- प्रयागराज के सभी 9 स्टेशनों से दिशावार चलाई गईं स्पेशल ट्रेनें

**अवधनामा संवाददाता**



**महाकुम्भ नगर।** सनातन आस्था के महापर्व महाकुम्भ के सबसे बड़े अमृत स्नान मौनी अमावस्या पर्व पर 8 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र त्रिवेणी में स्नान किया। पिछले कई दिनों से करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन प्रयागराज से हो रहा था। प्रयागराज रेल मण्डल ने श्रद्धालुओं के सुरक्षित और सुगम आवागमन के लिए बुधवार को रिकॉर्ड 222 मेला स्पेशल ट्रेनों के साथ 360 से अधिक ट्रेनों का संचालन किया। प्रयागराज रेलवे के सभी स्टेशनों से मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन पूरे दिन किया जाता रहा।

प्रयागराज रेल प्रशासन ने मौनी अमावस्या के अमृत स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं के सुरक्षित और सुगम आवागमन के लिए विशेष प्रबंध किये थे। प्रयागराज रेल मण्डल और शहर के अन्य रेलवे स्टेशनों पर भी आश्रय स्थल, होल्डिंग एरिया के साथ आसान टिकट वितरण की व्यवस्था की गई थी। तीर्थयात्रियों के सुरक्षित प्रवेश और निकास के लिए जीआरपी और सिविल पुलिस की संयुक्त कार्ययोजना के अनुरूप कार्य किया गया। साथ ही करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं को सुरक्षित उनके गंतव्य स्टेशन तक पहुंचाने के लिए प्रयागराज रेल मण्डल ने रिकॉर्ड 222 मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया। रेल प्रशासन ने बताया कि नियमित ट्रेनों के साथ शहर के सभी स्टेशनों से 360 से अधिक ट्रेनें चलाई गईं।

### सभी स्टेशनों से चली स्पेशल गाड़ियां

**प्रयागराज।** प्रयागराज रेल प्रशासन ने बताया कि महाकुम्भ में मौनी अमावस्या के पर्व पर एनसीआर के प्रयागराज जंक्शन से 104, छिवकी से 23, नैनी से 17और सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन से 13 मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन हुआ। जबकि प्रयागराज परिक्षेत्र में एनआर के प्रयाग स्टेशन से 23, फाफामऊ स्टेशन से 05 और पूर्वोत्तर रेलवे के रामबाग स्टेशन से 09 तथा झूंसी स्टेशन से 28 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया। शहर में एनसीआर के स्टेशनों से 05 विस्तारित ट्रेनें, 05 रिंगरेल, 03 लंबी दूरी की गाड़ियां और गैर टाइम टेबल की 69 ट्रेनें चलायी गई।

### सुबह से एक्टिव हुए होल्डिंग एरिया

प्रयागराज। रेल प्रशासन ने बताया की सुबह 08 बजे के आस पास श्रद्धालुओं की संख्या जैसे ही बढ़नी शुरू हुई, खुसरोबाग स्थित होल्डिंग पॉइंट को ऑपरेट कर दिया गया था। सिविल पुलिस की मदद से श्रद्धालुओं को खुसरोबाग से गाइडेड तरीके से प्रयागराज स्टेशन ला कर उनके गंतव्य स्टेशन की ट्रेनों में बोर्ड कराया गया। एनसीआर के महाप्रबंधक उपेन्द्र जोशी वॉर रूम से और मंडल रेल प्रबंधक हिमांशु बडोनी कंट्रोल रूम से लगातार स्थिति की मानिटरिंग करते रहे।

# होटल के महाप्रबंधक की फर्जी आईडी बनाकर 42 हजार ठगे

**अवधनामा संवाददाता**

- पटियाला निवासी श्रद्धालु से हुई ठगी, पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस स्थित प्रतिष्ठित होटल कान्हा श्याम के महाप्रबंधक रूपेश कुमार सिंह के नाम पर साइबर ठगों ने फर्जी आईडी बना ली। इसके बाद खुद को मैनेजर बताकर पंजाब के पटियाला निवासी श्रद्धालु से 42 हजार रुपए ठग लिए। महाप्रबंधक की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार महाप्रबंधक ने पुलिस को बताया कि साइबर ठग ने उनके होटल में बुकिंग के नाम पर फर्जी नंबर का इस्तेमाल किया। उनके नाम से फर्जी आईडी बना ली। इसके बाद खुद को होटल का मैनेजर बताकर श्रद्धालु के लिए 24 जनवरी को होटल बुक कर दिया। उसने बुकिंग का पैसा सिविल लाइंस के एक्सिस बैंक के नाम पर मंगवाया गया।

तहरीर में उन्होंने बताया कि उनके पास पटियाला से फोन आया कि आपके होटल में कमरा बुक कराया गया है। इसके लिए ऑनलाइन पेमेंट भी किया है। इसके बाद उन्हें मामले की जानकारी हुई। पुलिस जांच में पता चला कि बैंक में साइबर ठग का पता उत्तराखंड के एक शहर का लिखा हुआ है।

ज्ञात हो कि इससे पहले भी ऐसा की एक मामला सामने आ चुका है। होटल कान्हा श्याम के महाप्रबंधक रूपेश कुमार सिंह ने 16 दिसंबर को सिविल लाइंस में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि उनके होटल के नाम से एक फर्जी वेबसाइट बनाई गई है। जिसका पता कान्हश्याम होटलइलाहाबाद.काम था। साइबर पुलिस की जांच में पता चला था कि यह साइट हरियाणा के एक शहर से ऑपरेट की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### वारन्टी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**जौनपुर।** खेतासराय पुलिस ने गुरुवार को भुड़कुड़हां निवासी एक वारंटी को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। पुलिस को इस वारंटी की लंबे समय से तलाश थी।उक्त ग्राम निवासी शम्भूनाथ पुत्र स्व जयश्री के विरुद्ध न्यायालय अपर सिविल जज जूनियर डिविजन न्यू कोर्ट दशम द्वारा कुर्की का आदेश जारी किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए खेतासराय थानाध्यक्ष रामाश्रय राय के निर्देशन में गठित टीम में शामिल उप निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह, पुलिस कांस्टेबल अंकुश सिंह ने गुरुवार सुबह 9ः15 बजे वारंटी को उसके पैतृक निवास भुड़कुड़हां से गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया कि उक्त आरोपित के खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी हुआ था।

### पूर्व गृह राज्यमंत्री के घर शोक जताने वालों का तांता



**जौनपुर।** महाराष्ट्र सरकार के पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह के पैतृक गांव सहोदरपुर में शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। पूर्व एमएलसी एवं जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन कुंवर वीरेन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ओमप्रकाश सिंह, राज्य महिला आयोग की सदस्य गीता बिंद, पूर्व प्राचार्य डॉ समर बहादुर सिंह,वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा नेता ब्लॉक प्रमुख पति विनय सिंह,अखिलेश कुमार सिंह पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष, प्रदीप के सिंह प्रबंधक, अमित पाण्डेय पत्रकार समेत सैकड़ों लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की। उपस्थित सभी लोगों ने स्व. गया प्रसाद सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। पूर्व एमएलसी ने कहाकि भगवान मृतक की आत्मा को शांति दे और परिजन को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। स्व. गया प्रसाद सिंह समाजसेवी और सरल व्यक्ति के धनी व्यक्ति थे। उल्लेखनीय है कि पूर्व गृह राज्यमंत्री के भतीजे गया प्रसाद सिंह 78 वर्ष का कुछ दिनों पूर्व देहान्त हो गया था।

### डीएम ने यातायात व्यवस्था का लिया जायजा



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के द्वारा जौनपुर-प्रयागराज सीमा मुंगराबादशाहपुर के सतहरिया में प्रयागराज महाकुम्भ में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए की गयी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा श्रद्धालुओं के लिए की गई खाने की व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता तथा यातायात व्यवस्था देखी गयी। इस दौरान जिलाधिकारी ने महाकुंभ के दौरान इस व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की साथ ही कहा कि इस सेवा कार्य में जिला प्रशासन के साथ स्वयं सेवी संस्थाएं भी जुड़ी हुई है। उन्होंने निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान कराने तथा यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित रहे इसके लिए पुलिस प्रशासन के लोग सक्रिय रहे। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा स्वास्थ्य शिविर का भी निरीक्षण किया गया। मछलीशहर बस अड्डे पर श्रद्धालुओं के लिए बनाये गये ठहराव स्थल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा श्रद्धालुओं को सूक्ष्म जलपान, बिस्कुट इत्यादि भी वितरित किया गया। इस अवसर पर ज्वांइट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल, जिला पंचायत राज अधिकारी नत्थुलाल गंगवार सहित अन्य उपस्थित रहे।

### महाविद्यालय शिक्षक कार्यकारिणी का हुआ गठन



**आजमगढ।** आज श्री शिवा डिग्री कॉलेज, तेरही कप्तानगंज आजमगढ़ में सर्वसम्मति से निर्विरोध महाविद्यालय कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें चुनाव अधिकारी के रूप में सुश्री आशिया बानो, महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय शिक्षक संघ प्रतिनिधि डॉ गिरजेश कुमार (उपाध्यक्ष) एवं डॉ आशुतोष सिंह (संयुक्त मंत्री) उपस्थित रहें। इस चुनाव प्रक्रिया में अध्यक्ष के पद पर डॉ मनोज कुमार द्विवेदी, उपाध्यक्ष डॉ आदेश कुमार मिश्र, महामंत्री डॉ पंकज कुमार, संयुक्त मंत्री श्री विक्रम सिंह, कोषाध्यक्ष श्री मनोज कुमार निर्वाचित हुए। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापकबन्धु उपस्थित रहे।

# विश्वविद्यालय में महात्मा गाँधी को पुण्यतिथि पर किया गया नमन

- गांधी ने राष्ट्र के लिए जीवन किया समर्पितः कुलसचिव

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में महात्मा गांधी के शहीद दिवस पर गांधी वाटिका में उनकी मूर्ति पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों एवं विद्यार्थियों ने पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन अत्यंत सरल था उन्होंने सदैव समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण की कामना की। गांधी ने देश की सामाजिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए सशक्त राष्ट्र निर्माण के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया।वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने कहा कि महात्मा गांधी के जीवन दर्शन से हमें सीख मिलती है कि सादगी से भरा जीवन ही हमें सच्चा सुख दे सकता है। परीक्षा नियंत्रक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। गांधी जी एक ऐसे भारत की कल्पना करते थे जहाँ हर व्यक्ति समानता, सद्भाव और न्याय के साथ जीवन व्यतीत कर सके। प्रो. विक्रम देव ने कहा कि राष्ट्रपिता गांधी के सपनों का भारत बनाने हेतु संकल्पित होना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वे सत्य अहिंसा,स्वदेशी, ग्राम स्वराज के प्रबल समर्थक पक्षधर एवं प्रचारक थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने किया। इस अवसर पर प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. प्रमोद यादव, एनएसएस समन्वयक डॉ. राज बहादुर यादव, उपकुलसचिव अजीत सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. शशिकांत यादव, डॉ श्याम कन्हैया सिंह, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ. मनोज पाण्डेय, डॉ अमित मिश्र समेत विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी जे. रीभा ने विकास भवन में विभिन्न कार्यालयों का किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**बाँदा।** जिलाधिकारी जे. रीभा ने विकास भवन स्थित विभिन्न सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दिव्यांगजन विभाग कार्यालय का निरीक्षण करते हुए पाया कि कार्यालय के बाहर कम रोशनी और गंदगी है।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लाइट की व्यवस्था बेहतर की जाए और सफाई को प्राथमिकता दी जाए। जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांगजन अधिकारी को यह भी निर्देश दिया कि कार्यालय में आने वाले दिव्यांग व्यक्तियों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया जाए,ताकि उन्हें एक ही समस्या के लिए बार-बार कार्यालय न आना पड़े।इसके अलावा जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण कार्यालय, मनरेगा, आरईएस डीसी मनरेगा कक्ष,एआर कॉपरेटिव सहायक निदेशक रेशम एवं मत्स्य जिला पंचायतराज कार्यालय और अन्य कार्यालयों का भी निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से उनके कार्यों की जानकारी ली और उन्हें सख्त निर्देश दिया कि वे प्रतिदिन सुबह 10 बजे से कार्यालय में समय से उपस्थित हों,अन्यथा उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सहायक निदेशक रेशम,सहायक निदेशक मत्स्य, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा के एई, जेई सहित दुग्ध विकास अधिकारी, एक्सियन जलनिगम, युवा कल्याण अधिकारी और अन्य अधिकारी अनुपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने अनुपस्थित अधिकारियों से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने और उनके खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि विकास भवन में सभी स्थानों पर बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और जिला पंचायतराज अधिकारी को शौचालयों की नियमित सफाई के निर्देश दिए।उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि कार्यालय परिसर में बेहतर प्रकाश व्यवस्था, सफाई और अभिलेखों का व्यवस्थित रख-रखाव किया जाए।इसके साथ ही, उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जिन विभागों ने आवश्यकता से अधिक कमरे ले रखे हैं, उन्हें खाली करके अन्य जरूरतमंद विभागों को प्रदान किया जाए। उन्होंने विकास भवन की बंद पड़ी दुकानों में एनआरएलएम समूह द्वारा कार्य संचालित करने के निर्देश भी दिए।निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, जिला विकास अधिकारी रामशंकर और पीडी डीआरडीए सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने की बात कही कि वे प्रतिदिन 10 से 12 बजे तक कार्यालय में रहकर जन समस्याओं का समाधान करें, ताकि जनता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

# सड़क सुरक्षा के अंतर्गत किया गया जागरूक



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक करने के उद्देश्य से आर आई पवन कुमार सोनकर के नेतृत्व में एक विशाल मानव श्रृंखला अग्रसेन चौराहा से निकला गया जो कचहरी से होते हुए एलवल तिराहे तक गया और अंत में हरीओध कला पर आकर समाप्त हुआ। इस अवसर पर सड़क पर चलने के नियम और वाहन चलाने के समय किन बातों का और किन सावधानियां को ध्यान में रखना चाहिए उसको बताया गया। इस विशाल मानव श्रृंखला में आजमगढ़ पब्लिक स्कूल , सर्वोदय पब्लिक स्कूल, एचएमपीएस स्कूल, डीएवी स्कूल, जीडी ग्लोबल स्कूल, महादेवी हायर सेकेंडरी स्कूल, सेंट जेवियर स्कूल, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, के अतिरिक्त एनसीसी स्काउट गाइड रॉजर्स रेंजर्स, एनएसएसए विंग के लोगो ने भाग लिया स छात्र-छात्राओं को इस अवसर पर सड़क सुरक्षा का शपथ भी दीलाया गया। इस अवसर पर अश्वनी सिंह राजपूत आरटीओ प्रशासन, आरटीओ प्रवर्तन डॉक्टर आर एन चौधरी, ए आरटीओ प्रशासन विष्णु दत्त मिश्रा, एआरटीओ प्रवर्तन अतुल यादव तथा यातायात पुलिस विभाग के लोग उपस्थित थे।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सबका मन मोहा

- स्व. फरजंद अली मेमोरियल इण्टर कालेज का वार्षिकोत्सव सम्पन्न
- एसडीएम ने दीप प्रज्जवलित कर की कार्यक्रम की शुरूआ



**अवधनामा संवाददाता**

**बाँदा।** गुरूवार को ग्राम करबई में स्व.फरजंद अली ममोरियल इण्टर कालेज का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बच्चों ने रंगारंग और सांस्कृतिक काय्रक्रम प्रस्तुत करके सबका मनमोह लिया। वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों के मुख्य अतिथि समेत अतिथियों द्वारा सम्मानित भी किया गया।अंत में प्रबंधक ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरूआत एसडीएम इरफान उल्ला खान ने दीप प्रज्लवलित कर की। इसके बाद स्कूल के बच्चों ने एक के बाद एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सबका मन मोह लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद एसडीएम ने सभी की हौसल आफजाई करते हुए कहा कि बांदा जनपद के छोटे ग्राम करबई में यह आयोजन काबिले तारीफ है।तालीम हासिल करने के लिए सभी अभिभावकों को आगे आना चाहिए। वहीं कार्यक्रम के दौरान बच्चों को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि महिला डिग्री कालेज की प्राचार्या डा.दीपाली गुप्ता ने कहा कि शिक्षा हासिल करना हमारा अधिकार है। लड़का और लड़की में कोई भेदभाव नहीं करना चाहिए। ग्रामीण परिवेश में स्व.फरजंद अली मेमोरियल इण्टर कालेज शिक्षा प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इसकी जितनी भी तारीफ की जाये कम है।वहीं बाँदा पैरा मेडिकल कालेज के चेयरमैन मकबूल अली ने कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को पांच हजार रूपये देकर सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व विधायक शिरोमणि भाई, प्रबंधक सफदर अली, प्राधानाचार्य ताज फातिमा,महिला कालेज के प्रवक्ता डा.सबीहा रहमानी, पैरा मेडिकल कालेज की डा.जरीना, फैसल अली, फैजान अली राज, यूसुफ रब्बानी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जॉनी ने किया।

# गांधी जी की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ।** शहर कांग्रेस कार्यालय पर निवर्तमान अध्यक्ष मोहम्मद नजम शमीम के अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 76 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमें शहर कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गांधी जी के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी और गांधी जी की मूर्ति रैदोपुर तिराहा पर जाकर माल्यार्पण कर वहां बैठकर रामधुन गाया गया । इस अवसर पर श्री नजम ने कहा कि आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर पूरा देश उन्हें नमन कर रहा है लेकिन हमारे देश में ही कुछ ऐसे तत्व हैं जो गोडसे की मूर्ति बनाकर पूजा कर रहे हैं जो बिल्कुल असहनीय और निंदनीय है और एक हिंदुत्ववादी ने तो गांधी जी की फेटो बनाकर उस पर गोली मारी थी और वर्तमान सरकार में खुले घूमते हैं स जिसकी निंदा की जानी चाहिए। खादी का इस्तेमाल ना सिर्फगरीब के रोजगार का साधन है बल्कि देश की आजादी की एक सोच है गांधीजी ने दुनिया में देशवासियों को हमेशा सत्य और अहिंसा का विचार दिया गांधीजी की आवाज पर सारा देश एक हो जाता था। आज भी गांधी जी हमारे दिलों में जिंदा हैं और उनके विचारों को हम अंगीकार कर आगे बढ़ रहे हैं स नजम शमीम, रेयाजुल हसन, गोविंद शर्मा,बालचन्द राम, मुशीर अहमद, मन्त्राज यादव,देवी प्रसाद पांडेय, समीर अहमद, मोहम्मद असलम, मोहम्मद ओबैद, राहुल यादव,नसर शमीम, मोहम्मद अफ्जल, अल्ताफ राजा,ओसामा, फहीम खान, अनीस अहमद, प्रमोद कुमार, अजय गौतम आदि लोग उपस्थित रहे।

# श्रद्धालुओं की कार और रोडवेज बस में आमने सामने टक्कर, तीन की मौत, तीन गम्भीर

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** मुंगरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र के जौनपुर रायबरेली हाईवे पर सतहरिया पुलिस चौकी के पास बीती भोर में करीब साढ़े चार बजे स्नान करके वापस जाते समय एक बैगन आर कार की प्रयागराज स्नानार्थियों को लेकर जा रही रोडवेज की बस से हुई आमने सामने की भिड़ंत में जहां कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई वही तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतहरिया में भर्ती कराया। गंभीर हालत देख चिकित्सक ने तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

महराजगंज जिले के थाना समदेऊआ गांव धनहानायक निवासी 45 वर्षीय संजय सिंह पुत्र रामधवन सिंह व 43 वर्षीय संजय सिंह की पत्नी विद्यावती सिंह, गोरखपुर जिले के खोरावर गांव निवासी 40 वर्षीय बिंदु सिंह पत्नी राजकुमार सिंह, गोरखपुर जिले के झगहा गांव निवासी 50 वर्षीय विमला देवी पत्नी सुभाष सिंह, महराजगंज जिले के समदेऊआ थाना क्षेत्र के धनहानायक गांव निवासी 52 वर्षीय महेश तिवारी पुत्र स्व 0 बच्चा तिवारी, व महेश तिवारी की 47 वर्षीय पत्नी किरन देवी तिवारी एक वैगन आर कार से प्रयागराज महाकुंभ से स्नान कर वापस अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही इनकी कार जौनपुर रायबरेली हाईवे पर सतहरिया पुलिस चौकी के पास पहुंची सामने से तेज रफ्तार आ रही एक रोडवेज बस से जोरदार भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि जहां कार के परखच्चे उड़ गए वहीं आस पास के लोग जग गए। मौके पर पहुंची चौकी पुलिस ने सभी को लोगो की मदद से कार से बाहर निकवाया। जिसमें संजय सिंह, बिंदु सिंह, और बिमला देवी की जहां मौके पर ही मौत हो गई। वहीं महेश तिवारी, विद्यावती सिंह और किरन देवी तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटनास्थल पर मौजूद चौकी प्रभारी गंगा सागर मिश्र ने सभी घायलों को इलाज हेतु एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतहरिया में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर हालत देख चिकित्सक ने तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस सम्बन्ध में चौकी प्रभारी गंगा सागर मिश्र ने बताया कि दोनो गाड़ियां पुलिस के कब्जे में है। सभी मृतक और घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। वहीं दूसरी ओर बस में कोई सवारी नही थी।

# साल में सिर्फ तीन माह ही काम कर सकी है जिला चिकित्सालय की सीटी मशीन

## पीपीपी माडल के अंतर्गत एचएलएल कं. को मिला है चलाने का ठेका परंतु पीपीपी माडल भी हुआ फेल, इसमे किसका है खेल

**अवधनामा संवाददाता**



**बाँदा।** इन दिनो जिला चिकित्सालय अपनी बदहाली पर रोता हुआ नजर आ रहा है , बाँदा सहित आसपास के जनपदों के मरीजों की भी आशा का केंद्र है जिला चिकित्सालय परंतु लापरवाहियों के कारण पिछले एक साल मे शायद ही 100 दिन चली होगी सीटी स्कैन मशीन , सीटी स्कैन मशीन पिछले लगभग चार पांच माह से बंद है और मरीज जिला चिकित्सालय के बाहर चल रहे सीटी स्कैन मशीन सेंटरों से अपना सीटी स्कैन करवाते है , जो अत्यधिक मंहगा पडता है परंतु बेबस लाचार मरीजों को सीटी कराना पडता है क्योकि डाक्टर ने इस जांच के लिये लिखा है ।

पीपीपी माडल से चलनी थी मशीन इसके लिये बाकायदा एचएलएल के साथ अनुबंध हुआ था परंतु जब मशीन को चलाने वाले रेडियोलाजिस्ट से बात हुयी तो उसने बताया कि मशीन के खराब होने की जानकारी सभी उच्चाधिकारियो को दे दी गयी थी परंतु पिछले पांच माह से किसी ने भी मशीन को सुधारने की प्रक्रिया पर कार्य नही किया ।

**आखिर क्या होती है सीटी स्कैन मशीन** — सीटी स्कैन मशीन, कंप्यूटेड टोमोग्राफ़ी (कंप्यूटर से बनाया गया एक्स-रे) स्कैन करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली मशीन है। सीटी स्कैन मशीन, शरीर के अंदर की 3ष्ठ छवियां लेती है। इन छवियों की मदद से, डॉक्टर शरीर की जांच कर सकते हैं। सीटी स्कैन मशीन में एक्स-रे किरणों का इस्तेमाल किया जाता है।

**सीटी स्कैन मशीन के बारे में ज़्यादा जानकारीः** सीटी स्कैन मशीन, शरीर के अंदर की विस्तृत छवियां लेती है। सीटी स्कैन मशीन, हड्डियों, अंगों, और ऊतकों की विस्तृत छवियां दिखाती है। सीटी स्कैन मशीन, कैंसर के स्तर के बारे में जानकारी देती है। सीटी स्कैन मशीन, ट्यूमर की पहचान करने में मदद करती है। सीटी स्कैन मशीन, बायोप्सी जैसी प्रक्रियाओं का सुझाव देती है। सीटी स्कैन मशीन, हड्डियों, मांसपेशियों, जोड़ों, हृदय, पेट, और आंतों जैसी अंगों की जांच करती है। सीटी स्कैन मशीन, फैट टिशू और ब्लड वेसल्स की जांच करती है। परंतु जिला चिकित्सालय की बंद सीटी स्कैन मशीन का लाभ अप्रत्यक्ष रूप से जिला चिकित्सालय के बाहर चल रहे सेंटरों को मिलता है अतः वो भी नही चाहते है कि जिला चिकित्सालय की सीटी मशीन कभी ठीक हो और मजीजो को फ्री सीटी स्कैन सुविधा का लाभ मिले ।जबकि जिला चिकित्सालय के जिम्मेदार हमेशा की तरह बजट ना होने का बहाना बना कर मशीन ठीक नही करवाते हैं।

### तीन वारंटी गिरफ्तारी

**बांदा।** थाना जसपुरा द्वारा विभिन्न अभियोगों में वांछित 3 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय किया गया पेश।पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जसपुरा पुलिस द्वारा 3 वारन्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय पेश किया गया।

उत्तर रेलवे

ई—ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई—ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची सं. | Catg-SMU-1-2025 |
| कार्य का विवरण | Allotment of Catering Stall at Various stations of Lucknow Division for a period of five (05 years) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.02.25 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.02.25 at 11:10 hrs. |
| वेबसाईट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

330/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# शेयर बाजार में हरे निशान पर क्लोजिंग, सेंसेक्स 226 अंक चढ़ा, निफ्टी 23250 के करीब पहुंचा



**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और एचडीएफसी बैंक जैसे दिग्गज शेयरों में खरीदारी के कारण गुरुवार को सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार तीसरे दिन बढ़त दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 226.85 अंक या 0.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,759.81 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 429.92 अंक या 0.56 प्रतिशत बढ़कर 76,962.88 अंक पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 86.40 अंक या 0.37 प्रतिशत बढ़कर 23,249.50 पर पहुंच गया।

**अदाणी समूह ने जारी किए दिसंबर तिमाही के नतीजे**

गुरुवार को अदाणी समूह ने दिसंबर तिमाही के नतीजे जारी किए। अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज का लाभ दिसंबर 2024 को समाप्त तीसरी तिमाही में लगभग आधा हो गया। कंपनी ने कहा कि ऑस्ट्रेलियन डॉलर में गिरावट के कारण वहां खनन पर वित्तीय लागत बढ़ने का कंपनी की आय पर असर पड़ा। पिछले साल की दिसंबर तिमाही में 1,888 करोड़ रुपये के लाभ की तुलना में कंपनी का मुनाफा 97% तक गिरकर 58 करोड़ रुपये रह गया।

**ब्लूचिप शेयरों में दिखी तेजी**

ब्लूचिप शेयरों में भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, बजाज फाइनेंस, नेस्ले, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एचडीएफसी बैंक सबसे ज्यादा लाभ में रहे। बजाज फाइनेंस के शेयरों में करीब 2 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, क्योंकि कंपनी ने बताया कि दिसंबर तिमाही में उसका समेकित शुद्ध लाभ 18 फीसदी बढ़कर 4,308 करोड़ रुपये हो गया।

**टाटा मोटर्स के शेयर में सात प्रतिशत से अधिक की गिरावट**

टाटा मोटर्स के शेयर में 7 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई, क्योंकि कंपनी ने दिसंबर 2024 को समाप्त तीसरी तिमाही के लिए समेकित शुद्ध लाभ में 22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,578 करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज की, जो इसके यात्री और वाणिज्यिक वाहन डिवीजनों से राजस्व में गिरावट से प्रभावित थी। आईटीसी होटल्स, बजाज फिनसर्व, अडानी पोर्ट्स, टेक महिंद्रा, जोमैटो और कोटक महिंद्रा बैंक अन्य पिछड़े हुए शेयर रहे।

**उतार-चढ़ाव के बाद बाजार में लौटी खरीदारी**

बाजार के जानकारों के अनुसार, भारतीय बाजार लाभ और हानि के बीच उतार-चढ़ाव के बावजूद सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए। अमेरिकी भंडार में वृद्धि के कारण तेल की कीमतों में गिरावट और अमेरिकी फेड के आक्रामक रुख के बाद अमेरिकी 10-वर्षीय प्रतिफल में कमी से एफआईआई की निकासी में कमी आ सकती है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, आगामी बजट को एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा जा सकता है, जो मौजूदा मंदी के रुझान को उलट सकता है, बशर्ते नीतियों से वृद्धि और उपभोग बहाल हो जाए।

**बजट को देखते हुए बाजार में उतार-चढ़ाव की उम्मीद**

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, मासिक समाप्ति के दिन बाजार में भारी उतार-चढ़ाव दिखा, लेकिन लगातार तीसरे सत्र में भी यह बढ़त के साथ आगे बढ़ा। शुरुआती उछाल के बाद, निफ्टी में मध्य सत्र में मुनाफावसूली देखी गई, लेकिन बाद में इसमें तेजी आई, जिससे यह अच्छी बढ़त के साथ बंद हुआ।

## अमेज़न एमएक्स प्लेयर के स्ट्रीमनेक्स्ट इवेंट में भारत में मुफ़्त मनोरंजन के भविष्य की रूपरेखा पेश की गई

**कानपुर।** अमेज़न एमएक्स प्लेयर के स्ट्रीमनेक्स्ट इवेंट के पहले संस्करण में वैश्विक मार्केटिंग लीडर, सर मार्टिन सोरेल, बेनेडिक्ट इवांस और प्रमुख मनोरंजन उद्योग की हस्तियों ने भाग लिया। यह स्ट्रीमनेक्स्ट इवेंट भारत में कंटेंट की खपत के बदलते परिप्रेक्ष्य को प्रदर्शित करने के साथ यह दिखाता है कि कैसे अमेज़न एमएक्स प्लेयर विज्ञापनदाताओं के लिए मजबूत और अविस्मरणीय ब्रांड बनाने में एक परिवर्तनकारी साझेदार बन रहा है। बॉबी देओल (आश्रम 3), सुनील शेट्टी और जैकी श्रॉफ (हंटर 2), रेमो डिसूजा और मलाइका अरोड़ा (हिप हॉप इंडिया 2), अशनीर ग्रोवर (राइज एंड फॉल) जैसी प्रमुख हस्तियों की शानदार उपस्थिति के बीच, अमेज़न एमएक्स प्लेयर ने 2025 के लिए अपनी 100 से अधिक नई शोज़ की सूची पेश की।

अमेज़न एड्स इंडिया के प्रमुख गिरीश प्रभु ने कहा, आज की बैठक का उद्देश्य अमेज़न एमएक्स प्लेयर की विशाल पहुंच को एक साथ लाना है, जो विज्ञापन तकनीक के साथ अमेज़ॅन के खरबों ग्राहक को एक साथ लेकर आती है। यह सभी ब्रांडों को सक्षम बनाने के बारे में है, न कि सिर्फ उन ब्रांडों को जो अमेज़न पर बिकते हैं, ताकि वे भारत में 250 मिलियन से अधिक विशिष्ट उपयोगकर्ताओं तक पहुंच सकें और प्रासंगिक विज्ञापन दे सकें। यह सीधे परिणाम मापने के बारे में है, जो किसी उत्पाद या ब्रांड के बारे में प्रारंभिक जागरूकता से लेकर अंतिम खरीद निर्णय तक होता है। फुल फनल विज्ञापन अब यहाँ पर है!




हिट ओरिजिनल, रियलिटी शो और एमएक्स विदेशी कंटेंट के साथ जिसमें के-ड्रामा, मंदारिन, तुर्की शो और अन्य बहुत कुछ शामिल है, अमेज़न एमएक्स प्लेयर भारत के सबसे बड़े मनोरंजन स्थलों में से एक है। अमेज़न एमएक्स प्लेयर के प्रमुख करण बेदी ने कहा, भारत में कोई अन्य स्ट्रीमिंग सेवा नहीं है जो मुफ्त में इतने बड़े पैमाने पर कंटेंट उपलब्ध कराती हो। बेदी ने यह भी बताया कि एमएक्स प्लेयर ऐप भारत में सबसे ज्यादा डाउनलोड किए जाने वाले ऐप्स में से एक है, जिसमें प्ले स्टोर पर 1.4 बिलियन से अधिक डाउनलोड हो चुके हैं।

## इंडिया गेट बासमती राइस की नई पैकेजिंग लॉन्च परंपरा और आधुनिकता का संगम हर खरीद को बनाए पारदर्शी और गुणवत्ता से भरपूर!




**नई दिल्ली।** खाद्य उद्योग में अपनी मजबूत पहचान बनाने वाली केआरबीएल लिमिटेड, जो दुनिया के नंबर 1 इंडिया गेट बासमती चावल की मूल कंपनी है, ने अपनी नई पैकेजिंग लॉन्च करने की घोषणा की है। उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई इस नई पैकेजिंग का उद्देश्य ग्राहकों को बेहतर जानकारी देना और उन्हें अपनी प्राथमिकताओं के अनुसार सही उत्पाद चुनने में सक्षम बनाना है।

केआरबीएल लिमिटेड के भारत बिजनेस हेड आयुष गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि नई पैकेजिंग उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लंबे समय से चली आ रही चुनौतियों का समाधान कर हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि ग्राहक बासमती चावल को लेकर ज्यादा जागरूक हों। इसमें एआर-सक्षम क्यूआर कोड से लेकर वैरिएंट-विशिष्ट प्रीफिक्स जैसी विशेषताएं जोड़ी गई हैं, जो ग्राहकों की खरीदारी प्रक्रिया को सरल और अधिक लाभकारी बनाएंगी। इस पैकेजिंग को एक उद्देश्य के साथ तैयार किया गया है, जो न केवल आकर्षक और उपयोगी है, बल्कि हमारे मूल्यों से भी पूरी तरह जुड़ी हुई है। यह पहल न केवल गुणवत्ता और इनोवेशन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, बल्कि उद्योग में एक विश्वसनीय अग्रणी के रूप में हमारी विरासत को और मजबूत भी करती है।

केआरबीएल लिमिटेड के आधुनिक व्यापार और ई-कॉमर्स के मार्केटिंग प्रमुख एवं बिजनेस प्रमुख कुणाल शर्मा ने कहा कि इस उपलब्धि को प्रस्तुत करने के लिए फिल्म का प्रीमियर सबसे उपयुक्त मंच था। फिल्मों का सार कहानी कहने में होता है, और इसी क्षमता का उपयोग कर हम अधिकतम जुड़ाव सुनिश्चित करना चाहते थे। इस उच्च-प्रभाव वाले एटीएल अभियान को रचनात्मकता और नवीनता के साथ तैयार किया गया था, ताकि यह संवाद पर प्रभावी रूप से हावी हो सके। प्रतिष्ठित स्थलों पर एनामॉर्फिक डिस्प्ले से लेकर खुदरा दुकानों में इमर्सिव एआई-सक्षम रोबोट तक, हर पहलू को खासतौर पर इस तरह डिजाइन किया गया है कि वह लोगों का ध्यान आकर्षित करे और विभिन्न प्लेटफार्मों और भौगोलिक क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाए।

इस बदलाव की यात्रा उपभोक्ता व्यवहार को समझने के लिए किए गए गहन शोध से शुरू हुई। अध्ययन से यह स्पष्ट हुआ कि उत्पाद की विस्तृत जानकारी का अभाव और मूल्य के आधार पर निर्णय लेना उपभोक्ताओं के सामने प्रमुख चुनौतियां थीं। इन्हीं जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नई पैकेजिंग तैयार की गई, जो ग्राहकों के लिए उत्पाद विकल्पों को अधिक स्पष्ट और पारदर्शी बनाएगी तथा उनके विश्वास को मजबूत करेगी।

इस नए दृष्टिकोण को हकीकत में बदलने के लिए केआरबीएल ने प्रसिद्ध ब्रांड कंसल्टिंग और डिजाइन फर्म लैंडर एसोसिएट्स के साथ साझेदारी की। इस सहयोग के तहत इंडिया गेट की समृद्ध विरासत और आधुनिक डिज़ाइन तत्वों को मिलाकर एक ऐसी पैकेजिंग विकसित की गई, जो अलग-अलग उपभोक्ता समूहों की आवश्यकताओं को पूरा कर सके। व्यापक शोध और परीक्षण के बाद तैयार की गई यह नई पैकेजिंग पारंपरिकता और आधुनिकता का बेहतरीन मिश्रण है। इसमें विस्तृत उत्पाद जानकारी, उपभोक्ता-अनुकूल चित्रण और क्यूआर कोड जैसी इंटरैक्टिव सुविधाएं शामिल की गई हैं, जो ग्राहकों को एक सहज और बेहतर अनुभव प्रदान करेंगी।

## दरअसल आपके सेंधा नमक में क्या है?

सेंधा नमक लंबे समय से भारतीय परंपरा का हिस्सा रहा है। आयुर्वेद में इसके प्राकृतिक गुणों के लिए इसका गुणगान किया जाता है। इन दिनों उपभोक्ता सेहत के प्रति जागरूक होते जा रहे हैं और ऐसे में लोग खाना पकाने के लिए सेंधा नमक का उपयोग करने लगे हैं। इस बदलाव से ज़ाहिर होता है कि लोग प्राकृतिक और कम प्रसंस्कृत सामग्री को प्राथमिकता दे रहे हैं जो संतुलित और सचेत जीवन शैली के अनुरूप है। लेकिन आज हमारे सामने बहुत से विकल्प हैं और ऐसे में यह समझना महत्वपूर्ण है कि किसी विश्वसनीय ब्रांड से ही उत्पाद लेना क्यों ज़रूरी है।

टाटा साल्ट हिमालयन रॉक साल्ट, भारत का नंबर 1 सेंधा नमक है। यह शानदार विकल्प है जो टाटा ब्रांड की विश्वसनीयता और गुणवत्ता आश्वासन के अनुरूप है। पहाड़ों से निकले इस सेंधा नमक में कैल्शियम, पोटेशियम और मैग्नीशियम जैसे प्राकृतिक खनिज होते हैं। ये खनिज प्राकृतिक रूप से सेंधा नमक में पाए जाते हैं, जो इसकी विशिष्टताओं में योगदान करते हैं। यह उन लोगों के लिए पसंदीदा विकल्प है जो अपने भोजन में अपेक्षाकृत अधिक प्राकृतिक तत्वों को शामिल करना चाहते हैं।

टाटा साल्ट हिमालयन रॉक साल्ट उन उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण है जो शुद्ध सामग्री पसंद करते हैं। सेंधा नमक का इस्तेमाल चाहे खाना पकाने में हो या फिर फिनिशिंग साल्ट के तौर पर हो, यह हमेशा हर व्यंजन में एक अनूठा स्वाद लाता है, जो आज के उपभोक्ताओं के सम्पूर्ण भोजन आनंद लेने के रुझान के अनुरूप है।

टाटा साल्ट हिमालयन रॉक साल्ट से न केवल आपके भोजन का स्वाद बढ़ता है, बल्कि यह बेहतरीन गुणवत्ता वाला विकल्प भी है। टाटा साल्ट की प्रीमियम उत्पाद प्रदान करने की लंबी विरासत के मद्देनज़र उपभोक्ता आश्वस्त रह सकते हैं कि वे एक ऐसे सेंधा नमक इस्तेमाल कर रहे हैं जो उच्च मानकों को बनाए रखता है, प्राकृतिक खनिजों के गुण और हर हाल में एक भरोसेमंद नाम की विश्वसनीयता प्रदान करता है।

## उत्तर प्रदेश के 72% स्वरोजगारियों की सुविधा के लिए डिजिट लाइफ़ इंश्योरेंस लेकर आया है ग्लो टर्म लाइफ़ इंश्योरेंस

**फ़ैजाबाद।** भारत की तेज़ी से बढ़ती आधुनिक डिजिटल लाइफ़ इंश्योरेंस कंपनियों में से एक, गो डिजिट लाइफ़ इंश्योरेंस लिमिटेड (डिजिट लाइफ़) ने अपना पहला इंडीवीजुअल प्योर टर्म लाइफ़ इंश्योरेंस प्लान डिजिट ग्लो टर्म लाइफ़ इंश्योरेंस÷ लॉन्च करने की घोषणा की है। इसे खास तौर पर स्वरोजगारी भारतीयों के लिए तैयार किया गया है। ग्राहक सेवा में सरलता और एजेंट की त्वरित ऑनबोर्डिंग के लिए, डिजिट लाइफ़ इंश्योरेंस ने यूपी के फ़ैजाबाद में सिविल लाइन्स में दर्शन एन्क्लेव्स में ऑफ़िस भी खोला है।

स्वरोजगारियों की आर्थिक सहायता के लिए, डिजिट लाइफ़ अपने खुद के तैयार किए गए टेक्नोलॉजी-इनेबल्ड मॉडल के ज़रिए तमाम डेटा प्वाइंट और वैकल्पिक क्रेडिट पैरामीटर का इस्तेमाल करके बेहतर फ़ाइनेंशियल अंडर राइटिंग तैयार करेगा। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के लगभग 72.7% प्रतिशत लोग स्वरोजगार करते हैं। भारत में करीब 30 करोड़ से ज्यादा स्वरोगारी हैं जो तमाम चुनौतियों, जैसे आय में उतार चढ़ाव, आय प्रमाण का न होना वगरह के कारण अपने लिए बेहतर टर्म लाइफ़ इंश्योरेंस नहीं खरीद पाते।

लॉन्च की जानकारी देते हुए गो डिजिट लाइफ़ इंश्योरेंस लिमिटेड के चीफ बिजनेस ऑफ़ीसर संदीप भारद्वाज, ने कहा कि उत्तर प्रदेश के स्वरोजगारी, जिनमें छोटे व्यापारी, गिग वर्कर, और पेशेवर शामिल हैं, हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। फिर भी ऐसे लोगों को पारंपरिक अंडर राइटिंग के चलते उपयुक्त लाइफ़ इंश्योरेंस कवर लेने में समस्या होती है। डिजिट ग्लो टर्म लाइफ़ इंश्योरेंस में, हमारा लक्ष्य इस असुविधा को खत्म करना है। इसमें हम इंश्योरेंस लेना आसान बना रहे हैं और कोशिश कर रहे हैं कि उत्तर प्रदेश के स्वरोजगारियों के लिए समावेशन हो पाए।

इंश्योरेंस को आसान बनाने के लिए, डिजिट लाइफ का टर्म प्लान कस्टामाइज़ किया जा सकेगा और यह किफायती भी होगा। इसमें लंबी कागजी कार्यवाई और लंबी प्रक्रिया का सामना स्वरोजगारियों को नहीं करना पड़ेगा। समाज के निम्न वर्ग के लोगों को भी इंश्योरेंस की सुविधा देने के लिए, प्लान में 10 लाख रुपए से 1 करोड़ रुपए तक के कवरेज के साथ कॉम्प्रिहेंसिव प्रोटेक्शन दिया जा रहा है। ऑनबोर्डिंग से लेकर रिनुअल और क्लेम सेटेलमेंट तक की पूरी प्रक्रिया 100% डिजिटल होगी, जिससे लंबी कागजी कार्यवाई की जरूरत नहीं पड़ेगी। वहीं यह प्लान मृत्यु होने पर फाइनेंशियल प्रोटेक्शन देगा, साथ ही इसमें एक्सिडेंटल डेथ, एक्सिडेंट के कारण टोटल एंड पर्मानेंट डिसेबिलिटी और टर्मिनल इलनेस जैसे वैकल्पिक कवरेज भी मौजूद होंगे। प्लान में पॉलिसी टर्म और प्रीमियम के भुगतान में भी लचीलापन मिलेगा। प्लान में 15 कॉमप्लिमेंट्री एडऑन वेलनेस बेनिफ़िट भी मिलने वाले हैं, जिनमें फ़्री टेलीकंसल्टेशन, डायग्नोस्टिक टेस्ट में छूट, दवा की डिलीविरी, क्रोनिक केयर प्रोग्राम, थेरेपी सेशन, एल्डर केयर प्रोग्राम वगरह शामिल हैं।

डिजिट लाइफ़ इंश्योरेंस ने शुरुआत से (30 सितंबर, 2024 तक) 56.4 लाख लोगों को कवर किया है और 55 लाख ग्राहकों को सेवा प्रदान करते हुए क्लेम में 127 करोड़ का भुगतान किया है। H1FY25 में कंपनी ने 531.52 करोड़ का प्रीमियम कमाया, और H1FY24 में कमाए 90.39 करोड़ के प्रीमियम की तुलना में इसकी वृद्धि सालाना आधार पर 488% रही।

## कैलाश सत्यार्थी की आत्मकथा दियासलाई का लोकार्पण




जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल (जेएलएफ) के मंच पर आज नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी की आत्मकथा दियासलाई का लोकार्पण हुआ। यह पुस्तक सत्यार्थी की जीवन यात्रा, उनके संघर्ष और दुनिया भर के बच्चों को शोषण से मुक्त करने की उनकी प्रेरक कहानी को दर्शाती है। लोकार्पण के दौरान कैलाश सत्यार्थी ने आत्मकथा के अध्यायों और उससे जुड़े अपने अनुभवों को साझा किया। दियासलाई के 24 अध्यायों में कैलाश सत्यार्थी ने विदिशा के एक साधारण पुलिस कांस्टेबल के परिवार में जन्म से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान और नोबेल शांति पुरस्कार तक की अपनी यात्रा को लिखा है। सत्यार्थी की जीवनी किशोरावस्था में सामाजिक रूढ़ियों को चुनौती देने से लेकर बच्चों को शोषण मुक्त करने के संघर्ष की प्रेरक गाथा है। पुस्तक चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि एक बार कैसे तथाकथित अछूत महिला के हाथों से खाना खाने पर उन्हें उनके ही समाज ने बहिष्कृत कर दिया और उन्हें एक छोटे से कमरे में परिवार से अलग अकेले वक्त बिताना पड़ा। उस प्रकरण के बाद ही उन्होंने अपना जातीय उपनाम शर्मा हटाने का फैसला किया। ..और मैं सत्यार्थी बन गया, जो सत्य का रक्षक है।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने मुंबई में 24 घंटे के टोयोटा हैकाथॉन 2025 का समापन किया

**मुंबई।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर टीकेएम ने आज मुंबई में आयोजित 24 घंटे के अपने टोयोटा हैकाथॉन 2025 के सफल समापन की घोषणा की। %सड़क सुरक्षा माह% 18 जनवरी - 17 फरवरी, 2025 के समय पर इस कार्यक्रम में मुंबई भर के 100 से अधिक स्कूलों के 400 से अधिक प्रतिभाशाली छात्रों ने हिस्सा लिया। इस तरह सड़क सुरक्षा चुनौतियों के लिए कार्रवाई योग्य महत्वपूर्ण समाधान विकसित करने के लिए एक मंच प्रदान किया गया। कार्यकम्र का समापन विद्यालंकार इंस्टीट्यूट, वडाला पूर्व में हुआ। इसके साथ ही कंपनी ने शिक्षा और सड़क सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के ओबीसी कल्याण, डेयरी विकास और अक्षय ऊर्जा मंत्री माननीय श्री अतुल मोरेश्वर सावे मुख्य अतिथि थे। विशिष्ट अतिथि श्री अर्पित सावे, अध्यक्ष, चैंबर ऑफ मराठवाड़ा उद्योग और कृषि थे। इस मौके पर टीकेएम के वरिष्ठ नेतृत्व की गरिमामयी उपस्थिति रही। इनमें श्री विक्रम गुलाटी, कंट्री हेड और कार्यकारी उपाध्यक्ष, कॉर्पोरेट मामले और प्रशासन तथा श्री सुदीप दलवी, मुख्य संचार अधिकारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष और राज्य मामलों के प्रमुख शामिल थे। भारत में सड़क दुर्घटनाओं में हर साल होने वाली मौतों की संख्या दुनिया भर में सबसे ज़्यादा है। हर साल, देश में सड़क दुर्घटनाओं के कारण 1,50,000 से ज़्यादा मौतें होती हैं। इनमें 5-29 साल की उम्र के लोगों की मौत का सबसे बड़ा कारण सड़क दुर्घटनाओं में हताहत होना है। इस संकट को समझते हुए, टीकेएम ने स्कूल और कॉलेज के पाठ्यक्रमों में सड़क सुरक्षा को शामिल करने के लिए 2018 में टोयोटा हैकाथॉन की शुरुआत की। टोयोटा हैकाथॉन, टीकेएम की व्यापक सड़क सुरक्षा पहल का एक प्रमुख स्तंभ है।

## नवभारत का महाकुंभ : भारत के सांस्कृतिक और आर्थिक विकास का विजन प्रस्तुत



**लखनऊ।** देश के प्रमुख हिंदी समाचार चैनल, टाइम्स नाउ नवभारत, की अगुवाई में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में नवभारत का महाकुंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में महाकुंभ के सांस्कृतिक, आर्थिक और आध्यात्मिक महत्व का जश्न मनाया गया, जो भारत की पहचान और प्रगति को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करता है।

नवभारत के इस महाकुंभ में कई जानी-मानी हस्तियां जुड़ीं, जिन्होंने सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और आर्थिक विषयों के अलावा महाकुंभ के कई पहलुओं पर चर्चा की। इस महाकुंभ की शुरुआत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की। उनके अलावा उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उत्तर प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, समाजवादी पार्टी के नेता अनुराग भदौरिया, राजनीतिक विश्लेषक सौरव मालवीय और आध्यामिक गुरु धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री आदि ने महाकुंभ के सांस्कृतिक, आर्थिक और आध्यात्मिक आयामों का प्रकाश डाला।

नवभारत का महाकुंभ के मंच पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, विकासशील देश के रूप में भारत की प्रगति और विकास, उसकी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर से गहरे रूप से जुड़े हुए हैं। संभल, जो कभी बिजली चोरियों की समस्या से जूझ रहा था, अब सच्चाइयों को उजागर करने का एक माध्यम बन गया है। संभल जैसे स्थान सनातन धर्म की धरोहर का प्रतीक हैं और ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व से भरे हुए हैं। हमारी सरकार न केवल मंदिरों के रूप में, बल्कि भारत के समृद्ध और विविध इतिहास के प्रतीक के रूप में भी ऐसे पवित्र स्थलों को फिर से जीवित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी नीतियां सनातन धर्म के सिद्धांतों से प्रेरित हैं, ताकि विकास समावेशी और स्थिर हो सके।

बातचीत के दौरान योगी आदित्यनाथ ने भारत और सनातन धर्म के वैश्विक दृष्टिकोण पर भी बात की। उन्होंने भारत के अल्पसंख्यकों को अपने पूर्वजों पर गर्व करने की सलाह भी दी। उन्होने कहा, इंडोनेशिया दुनिया के सबसे बड़े मुस्लिम बहुल देशों में से एक है और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति गर्व से भारत के साथ अपनी पूर्वजता को स्वीकार करते हैं और भगवान राम को अपना पूर्वज मानते हैं। भारत के मुस्लिम नेताओं को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। भारतीय संविधान सभी के लिए न्याय और समानता की गारंटी देता है। दुर्भाग्य से, अतीत में तुष्टिकरण ने समाज को विभाजित किया और विकास को बाधित किया। हमारी सरकार ने इन प्रथाओं को समाप्त करने का काम किया है और अब हम सबका साथ, सबका विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा, उत्तर प्रदेश में कुल 1 लाख 27 हजार संपत्तियों में से 1 लाख, 20 हजार सरकारी संपत्तियों को वक्फ के कब्जे से मुक्त करा दिया गया है। उत्तराखंड में सबसे पहले यूसीसी लागू होने की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह एक स्वागत योग्य कदम है। इससे लैंड जिहाद और लव जिहाद जैसे मुद्दों को हल करने में मदद मिलेगी।

ष्टरू योगी ने बातचीत में कहा, पिछले 15 दिनों में, 16 करोड़ श्रद्धालुओं ने महाकुंभ के दौरान प्रयागराज के पवित्र संगम में स्नान किया है, जो वास्तव में उनके जीवन का अद्भुत क्षण है। देश में ऐसे लोग भी हैं, जिन्होंने पहले कभी भारत की आस्थाओं का अपमान किया था, लेकिन अब वे संगम पर स्नान कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे एक वरिष्ठ नेता हैं, और देर-सबेर वह भी संगम में पवित्र स्नान के लिए आएंगे।

## आऊटस्टैंडिंग कैंब्रिज लर्नर अवाड्र्स में भारत के विद्यार्थियों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया

**नई दिल्ली।** कैंब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस एंड एसेसमेंट (कैंब्रिज) में इंटरनेशनल एजुकेशन ग्रुप ने भारत में आउटस्टैंडिंग कैंब्रिज लर्नर अवाड्र्स के विजेताओं की घोषणा कर दी है। इन अवाड्र्स द्वारा भारत में माध्यमिक स्कूल के विद्यार्थियों को नवंबर, 2023 और मार्च एवं जून 2024 की कैंब्रिज परीक्षाओं में उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया है।

कैंब्रिज आईजीसीएसई और इंटरनेशनल एएस एंड ए लेवल की परीक्षाओं में विभिन्न विषयों में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए भारत के 228 विद्यार्थियों को पुरस्कार दिया गया है। मुंबई में आयोजित इस समारोह में 82 विद्यार्थियों को एक ही विषय में विश्व में सबसे अधिक अंक प्राप्त करके 'टॉप इन द वर्ल्ड' अवार्ड जीतने के लिए सम्मानित किया गया तथा भारत में एक ही विषय में सबसे अधिक अंक पाने के लिए 110 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। ये अवार्ड



प्रदर्शित करते हैं कि भारत में विद्यार्थी मैथमैटिक्स और उसके बाद इंग्लिश में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। भारत से 'टॉप इन द वर्ल्ड' अवार्ड श्रेणी में सम्मानित होने वाले 88 प्रतिशत विद्यार्थी मैथमैटिक्स और इंग्लिश विषयों से हैं, जिनमें 80 प्रतिशत विद्यार्थी मैथमैटिक्स के हैं।

आऊटस्टैंडिंग कैंब्रिज लर्नर अवाड्र्स प्रोग्राम उन विद्यार्थियों की सफलता को सम्मानित करता है, जो दुनिया के 40 से अधिक देशों में कैंब्रिज इंटरनेशनल एजुकेशन द्वारा आयोजित परीक्षाओं में बेहतरीन प्रदर्शन करते हैं। कैंब्रिज द्वारा प्रदान की जाने वाली शिक्षा विद्यार्थियों को यूनिवर्सिटी और उसके बाद जीवन में सफलता प्राप्त करने का कौशल प्रदान करती है। दुनिया में सर्वश्रेष्ठ उच्च शिक्षा के संस्थान कैंब्रिज की पढ़ाई को मान्यता देते हैं और कैंब्रिज के विद्यार्थियों की क्रिटिकल थिंकिंग की स्किल, स्वतंत्र रिसर्च की क्षमताओं और विषय की गहरी नॉलेज को महत्व देते हैं।

विनय शर्मा, सीनियर वीपी, कैंब्रिज इंटरनेशनल एजुकेशन, साउथ एशिया ने कहा, ''हम उल्लेखनीय सफलता हासिल करने वाले अपने विद्यार्थियों को बधाई देते हैं। हमारा पूरा ध्यान कैंब्रिज के विद्यार्थियों पर केंद्रित होता है। कैंब्रिज शिक्षा का हर तत्व, पाठ्यक्रम, टीचिंग एवं लर्निंग, संसाधन और आकलन को सतर्कता से डिज़ाईन किया गया है ताकि लर्नर अपनी पूरी क्षमता का विकास कर जीवन में सफल हो सकें। हम अपने विद्यार्थियों को सहयोग करने के लिए पैरेंट्स और एजुकेटर्स को धन्यवाद देते हैं।''

इन अवाड्र्स द्वारा उन विद्यार्थियों की उपलब्धियों को भी सम्मानित किया जाता है, जिन्होंने उन विषयों में बेहतरीन प्रदर्शन करके 'हाई अचीवमेंट' हासिल किया है, जो भारत में कम विद्यार्थियों द्वारा लिए जाते हैं।

साथ ही जिन विद्यार्थियों ने कई विषयों में सबसे ज्यादा संचयी अंक हासिल किए हैं, उन्हें भी ये अवार्ड दिए जाते हैं। विजेता विद्यार्थियों ने पूरी दुनिया में कैंब्रिज परीक्षाओं में बैठने वाले हजारों विद्यार्थियों से बेहतर प्रदर्शन किया।

कैंब्रिज को अंतर्राष्ट्रीय परीक्षाएं कराने का 160 सालों से ज्यादा समय का अनुभव है। यह हर साल लगभग दस लाख विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करता है।

## रीजेंसी हेल्थ, लखनऊ ने हरदोई के बच्चे में डिस्टल रीनल ट्यूबलर एसिडोसिस के दुर्लभ केस का किया सफ़ल इलाज



**लखनऊ।** रीजेंसी हेल्थ, लखनऊ के पीडियाट्रिक्स डिपार्टमेंट ने हरदोई के एक छोटे बच्चे में डिस्टल रीनल ट्यूबलर एसिडोसिस के एक दुर्लभ और गंभीर केस का सफलतापूर्वक इलाज़ किया है। आदित्य [बदला हुआ नाम] को पैरों के बायलेट्रल बोइंग (द्विपक्षीय झुकाव), ग्रोथ फेलियर और पॉलियूरिया के लक्षणों से पीड़ित होने के बाद इस बीमारी का डायग्नोसिस किया गया था। इलाज़ के बाद अब लक्षण बेहतर है और उसके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। लखनऊ के रीजेंसी हेल्थ की डॉ. नेहा अग्रवाल, कंसल्टेंट पीडियाट्रिक एंडोक्रिनोलॉजिस्ट ने कहा, डिस्टल रीनल ट्यूबलर एसिडोसिस का अगर इलाज़ न किया जाए, तो यह बच्चे के विकास और वृद्धि को बाधित कर सकता है और रीनल फेलियर का कारण बन सकता है। लॉन्गटर्म कॉम्प्लिकेशन को रोकने और बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के लिए समय पर डायग्नोसिस और मैनेजमेंट जरूरी है। आदित्य ने रिज़ॉलव्ड एसिडोसिस और राहत के लक्षण के साथ महत्वपूर्ण सुधार प्रदर्शित किया है। ग्रोथ एसेसमेंट के साथ-साथ नियमित ब्लड गैस और इलेक्ट्रोलाइट मॉनिटरिंग उसके अच्छे स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण होगी। दो साल तक आदित्य का विटामिन डी की कमी के लिए इलाज किया गया। गौरतलब है कि विटामिन ष्ठ की कमी से बच्चों में रिकेट्स और पैरों के मुड़ने की समस्या होती है। हालांकि, रीजेंसी हेल्थ में जांच से पता चला कि डीआरटीए इन लक्षणों का एक कम आम लेकिन महत्वपूर्ण कारण है, जिसे अक्सर जागरूकता की कमी के कारण अनदेखा कर दिया जाता है। इलाज़ में आजीवन अल्काली और पोटेशियम रिप्लेसमेंट थेरेपी शामिल थी, साथ ही नियमित निगरानी और बार-बार होने वाले हाइपोकैलिमिया को मैनेज करने के लिए एडजस्टमेंट भी किया जा रहा था, हाइपोकैलिमिया इस बीमारी का एक प्रचलित कॉम्प्लिकेशन है।

## छोटी जाति में जन्म, फिर भी बड़ा काम, अठारहवीं शताब्दी में दिए धर्म के संदेश

# भारतीय संस्कृति के मूल्यों की स्थापना को समर्पित रहा माता अहिल्याबाई होलकर का पूरा जीवन : मिथिलेश नारायण

अवधनामा संवाददाता



**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया अहिल्याबाई होलकर का त्रिशताब्दी वर्ष**

**अमेठी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने गुरुवार को माता अहिल्याबाई होलकर का जन्म त्रिशताब्दी वर्ष मनाया। सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के काशी प्रांत के बौद्धिक शिक्षा प्रमुख मिथिलेश नारायण मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। मिथिलेश नारायण ने अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला और लोगों को प्राचीन भारतीय संस्कृति के मूल्यों के अनुरूप आचरण और कार्य व्यवहार के संदेश दिए।

मिथिलेश नारायण ने बताया कि अहिल्याबाई का जन्म छोटी जाति में हुआ था, फिर भी मालवा के राजा ने उनसे शादी की। उन्होंने समाज के लोगों को आपस में ऊंच-नीच की भावना को त्यागकर एक साथ रहने का संदेश दिया था। महिलाओं को सामाजिक कार्यों से जोड़ने के लिए उन्होंने राष्ट्र सेविका समिति नामक संगठन की स्थापना की थी। अपने शासनकाल के दौरान उन्होंने कई मंदिरों का निर्माण कराया। ध्वस्त हुए काशी विश्वनाथ मंदिर का भी निर्माण कराया। अहिल्याबाई होलकर को पूर्व जन्म में ब्रह्मा की मानस पुत्री माना जाता है। उन्होंने मालवा साम्राज्य के शासक के रूप में इंदौर में तीस वर्षों तक शासन किया और 18वीं शताब्दी में धर्म का संदेश दिया। कार्यक्रम में के पी एस स्कूल तारापुर, सरयू देवी सरस्वती विद्या मंदिर और डी पी एस पब्लिक स्कूल रामगंज की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में नगर में एक स्कूल के संचालक की पत्नी अर्चना पाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में महिला अभिभावकों की उपस्थिति अच्छी रखने के आयोजन समिति के प्रयास पूरी तरह फेल रहे।

मंच पर जिला सरसंघचालक रणजीत भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, भाजपा जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र, जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ल, आचार्य संजय सोनी, रवि प्रताप सिंह, सेवानिवृत्त सहायक विकास अधिकारी राम चन्द्र पाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराना हम सबकी जिम्मेदारी : डीएम

अवधनामा ब्यूरो



कलेक्ट्रेट में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बैठक करते डीएम

**जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की मासिक बैठक संपन्न**

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में जनपदीय स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की गई। बैठक में सर्वप्रथम गत बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना हम सब की जिम्मेदारी है, ऐसे में सभी संबंधित स्वास्थ्य केंद्र पर दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। जिलाधिकारी ने सभी एमओआईसी व डिप्टी सीएमओ को निर्देशित किया कि विभाग अन्तर्गत संचालित हो रहें विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा करें, जिन कार्यक्रमों के संचालन में कोई कमी पाई जाए उस पर विशेष जोर देकर कमियों को दूर कराया जाए। संचालित हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों की रेंडम चेकिंग भी कराई जाए, तथा अपने अधीनस्थ कर्मियों के साथ संवाद स्थापित करें। जिलाधिकारी ने सुपरवाइजरी विजिट बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुपरवाइजरी विजिट बढ़ाने से न केवल विभिन्न कार्यक्रमों को प्रभावी रूप में संचालित किया जा सकेगा, बल्कि लापरवाही अथवा क्षेत्र में सही कार्य न करने वालों की भी मॉनिटरिंग हो सकेगी। जिलाधिकारी ने सीएचसी, पीएचसी पर संस्थागत प्रसव बढ़ाने, हाईरिस्क प्रसव की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जननी सुरक्षा योजनान्तर्गत संस्थागत प्रसव लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत कराया जाए, इस कार्य में लापरवाही करने वालों पर आवश्यक कार्यवाही की जाए, एसएनसीयू के अन्तर्गत सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरूस्त रहे, फैमली प्लानिंग, आभा आईडी आदि का कार्य लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ण किया जाए, गर्भवती महिलाओं व बच्चों के शत प्रतिशत टीकाकरण किया जाए, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा, जिसके तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन, शपथ आदि कराया जायेगा। कुष्ठ रोगियों को चिन्हित कर दवा उपलब्ध कराई जायेगी। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 10 फरवरी को मनाया जायेगा।

## विधायक महाराजी प्रजापति ने छात्राओं को बांटे लैपटॉप



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** राजकीय महिला पालीटेक्निक में लैपटॉप वितरण कार्यक्रम उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विधायक महाराजी प्रजापति ने छात्राओं को लैपटाप बांटे। सरकार की यह योजना छात्राओं के डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। तकनीक के इस युग में छात्र छात्राओं को डिजिटल रूप में मजबूत करना समय की जरूरत है। लैपटॉप पाने वाली छात्राएं आनलाइन अध्ययन के साथ नये कौशल सीख सकेंगी और उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में अवकाश प्राप्त प्रोफेसर डॉ रुदल यादव, अनुराग प्रजापति, अरुण प्रजापति, महावीर कश्यप, हरीराम यादव, संदीप श्रीवास्तव, अशोक कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

## तीन दिन पूर्व लापता बच्चे का शव पोखरी में मिला

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बरसैना



गांव निवासी तीन दिन पूर्व गुम हुए एक 5 वर्षीय बच्चे का शव गांव के पोखरें में मिला जांच में जुटी पुलिस। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के बरसैना निवासी पिंटू उर्फ शिवबचन का 5 वर्षीय पुत्र अनिकेत बीते सोमवार दोपहर से गायब हो गया था परिजन काफी खोजबीन कर स्थानीय थाने में सूचना दिए पुलिस मुकदमा दर्ज कर खोज बिन में जुटी हुई थी उधर परिजन भी खोज बिन कर रहे थे की गुरुवार दोपहर में घर के पास पोखरी में उसका शव देखा तो लोगो की भीड़ इक्ट्ठा हो गई सूचना पाकर स्थानीय पुलिस पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई है।

## जिम मे हुई प्रतियोगिता, विजयी लोग सम्मानित



**सलोन, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** नगर सलोन में नई बाज़ार स्थित स्पेशल फोर्सेस फिटनेस जिम की सलोन ब्रांच में डेडलिफ्ट और प्रेस डम्बल, प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें डेडलिफ्ट में प्रथम दो अलग अलग भार में विजेता रहे इस्माईल घोसी और अभिषेक, द्वितीय दानिश और साहिल तृतीय रहे। गुड्डू मेवाती और फैसल, डम्बल प्रेस में अलग अलग भार में विजेता रहे सुहैल घोसी, सौरभ मिश्रा, रवि मौर्य, जावेद, बालेंद्र आयोजक जिम संचालक ट्रेनर मो. इरफ़ान रहे। प्रतियोगिता का संचालन तैय्यब सर और मो.तहसीन ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में रहे इसरार हैदर (रानू) पूर्व सभासद विकास नगर मो.शरीफ़ गड्डी सभासद नई बाजार मो. फिरोज़ इदरीसी मिल्कीयाना पूर्वी मोनू सिंह,अनूप यादव,ट्रेनर फैजान, साहिल राईनी, इमरान सर,अफ़रोज़ इदरीशी, मो इमरान,मुरसल सिद्दीकी, मो. ज़ैद मेवाती, मो रजी, वसीम सलमानी आदि रहे। स्पेशल फोर्सेस फिटनेस की द्वितीय शाखा जायस और फायर बर्ड जिम सलोन के लड़कों ने भी प्रतियोगिता में भाग लिया। कायक्रम हाफ़िज़ मो. शफ़ी की सरपरस्ती में संपन्न हुआ।

## संविधान सबका प्रयास यात्रा के तहत सांसद ने किया जनसंपर्क

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** सदर सांसद शशांक मणि के नेतृत्व में चल रही संविधान सबका प्रयास यात्रा के चौथे दिन पथरदेवा विधानसभा के तरकुलवा मंडल के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क कर संविधान के प्रति लोगो को जागरूक किया गया। इस दौरान सदर सांसद ने बारईपट्टी में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य संविधान के प्रति लोगों को जागरूक करने और सभी वर्गों को साथ लेकर चलने पर केंद्रित है। संविधान की मूल भावना और प्रस्तावना को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हम लोग गांव गांव जा रहे हैं और लोगों से संपर्क कर रहे हैं । उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि अपनी सत्ता बचाने के लिए कांग्रेस ने देश पर आपातकाल थोपा।

# ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस का डीएम ने किया निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

अवधनामा ब्यूरो



ईवीएम का निरीक्षण करते डीएम

**कुशीनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने आज निर्वाचन कार्यालय वेयरहाउस में रखे ईवीएम तथा वीवीपीएटी मशीन का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस के चारों तरफ लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की की स्थिति, कंट्रोल रूम, कक्षवार विद्युत आपूर्ति, खिड़कियों एवं रोशनदानों को सुरक्षित रखने के उपायों सहित अन्य बिंदुओं का गहन निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण दौरान नगर पालिका के माध्यम से साफ सफाई कराने सहित उपयोगी उपकरणों को सुरक्षित रखने का निर्देश संबंधित को दिए। निरीक्षण दौरान वेयरहाउस के बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से वाह्य सुरक्षा व्यवस्था की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए।

डीएम ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईवीएम और वीवी पैट वेयरहाउस की सुरक्षा के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा गार्ड्स की शिफ्टवार तैनाती सहित वेयरहाउस की अन्य सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी/उप जिलाधिकारी मो. जफर सहित निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## सत्य और अहिंसा के पुजारी थे राष्ट्रपिता गांधी: पवन



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के पुण्यतिथि, शहीद दिवस के अवसर पर नगर पालिका कार्यालय देवरिया परिसर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर किसान मोर्चा कार्यकर्ताओ ने माल्यार्पण-पुष्पांजलि कर उनको नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के लिये संघर्ष करते हुए भारत को पूरे विश्व मे पहचान दिलाई,गांधी जी ने अहिंसा के रास्ते पर चलते हुए देश की आजादी के लिए भारतवासियों को एकजुट किया। इसके अलावा उन्हें बापू और महात्मा की उपाधि भी दी गई है। महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों पर आधारित एक अनूठा आंदोलन चलाकर भारत को ब्रिटिश शासन से स्वतंत्र कराने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी जी के बताए हुए रास्ते पर चलकर हम सभी को समाज के सभी वर्गों के हितों के लिए कार्य करना चाहिए।इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ विनोद पाण्डेय, विजय कुशवाहा, बृजेश शर्मा, राकेश कुमार, नित्यानंद पाण्डेय, सुशील पाठक, रविन्द्र कुमार सिंह, राजू मिश्र उपस्थित रहे।

## शहादत दिवस पर याद किए गए महात्मा गांधी

**भाटपार रानी, देवरिया।** गुरुवार को भाटपार रानी तहसील क्षेत्र के नोनार कपरदार गांव स्थित मदरसा सायरा दारुल उलूम व अब्दुल वाहिद पब्लिक के प्रांगण में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की शहादत दिवस मनाई गई। इस मौके पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर देश की आजादी और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदानों पर व्यापक चर्चा हुई। संबोधित करते हुए कवि,शायर व पत्रकार मकसूद अहमद भोपतपुरी ने कहा कि गोराशाही के खिलाफ व्यापक संघर्ष, सत्य, अहिंसा, सत्याग्रह, राष्ट्रीय एकता, अखंडता, सर्व धर्म समभाव, छुआछूत उन्मूलन, हिन्दू-मुस्लिम एकता, धर्म निरपेक्षता, सादगी व विनम्रता का नाम ही महात्मा गांधी है।यह एक विश्व व्यापी मिशन है। महात्मा गांधी ने सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि दक्षिण अफ्रीका में भी जाकर रंग-भेद के खिलाफ जोरदार आंदोलन करते हुए भारतीयों को मान-सम्मान दिलाया।

## ड्राइवर को असलहा लगाकर लूटी कार आठ अभियुक्तों को पुलिस ने भेजा जेल



अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** हरचंदपुर थाना क्षेत्र में वादी रामतेज ने तहरीर देकर बताया कि मेरी अर्टिगा कार संख्या यूपी 44 बीएच 8618 को वहां चालक नकाब अहमद ने 16 जनवरी 2025 को लगभग 3:30 बजे अहमामऊ लखनऊ से तीन व्यक्तियों द्वारा कर को सुल्तानपुर चलने के लिए बुक किया गया। कुछ दूर चलने के बाद तीन व्यक्ति द्वारा मिले वह भी गाड़ी में बैठ गए।

गाड़ी जगदीशपुर वगाही पहुंचने पर अभियुक्तों द्वारा असलहा लगाकर ड्राइवर को कब्जे में लेकर उसके हाथ, पैर, मुंह को टेप से बांध दिया। मारपीट कर बटोही रेस्टोरेंट रायबरेली लखनऊ रोड के पास चालक को फेंक कर वे सभी गाड़ी छीन कर भाग गए थे। जिस संबंध में हरचंदपुर पर मुकदमा अपराध संख्या 14/2025धारा 303 (2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। विवेचना से पाया गया कि अभियुक्त अरविंद कुमार गौतम व मोहम्मद हसीब द्वारा अहमामऊ लखनऊ से योजनाबद्ध तरीके से बुक किया गया। जिनमें तीन साथी राजू प्रमोद शुभम भी थोड़ा आगे चलकर गाड़ी में बैठ गए थे। सुल्तानपुर रोड पर हैदरगढ़ टोल प्लाजा पर करने के बाद शुभम मिश्रा उर्फ सिंटू व हसीब ने ड्राइवर पर तमंचा लगा दिया। सभी ने मिलकर उसे मारपीट कर बंधक बना लिया और ड्राइवर को बांदा बनाकर रायबरेली ले गए। जहां बटोही रेस्टोरेंट के पास सड़क किनारे ड्राइवर को फेंक कर गाड़ी लोड कर भाग गए। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्राधिकार महाराजगंज के कुशल पर्यवेक्षण में अपराधियों के विरुद्ध ग्रंथ कार्रवाई के अंतर्गत 29 जनवरी को रात्रि दतौली रोड पर लगभग 2 बजे हरचंदपुर पुलिस टीम द्वारा सर्विलांस सेल के सहयोग से सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि पर प्रदर्शनी का आयोजन

## रोटरी क्लब के तत्वाधान में विरासत आजादी की कहानी, डाक टिकटों की जुबानी पर लगी प्रदर्शनी

अवधनामा ब्यूरो



प्रदर्शनी का अवलोकन करते अध्यक्ष व अन्य

**कुशीनगर।** रोटरी क्लब कुशीनगर एवं रोटरी क्लब देवरिया सेंट्रल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'विरासत आजादी की कहानी, डाक टिकटों की जुबानी, एक ऐतिहासिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ नगर पालिका कुशीनगर अध्यक्ष किरन जायसवाल ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और फीता काट कर किया।

प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए व नपाप अध्यक्ष ने कहा कि रोटरी क्लब द्वारा गांधी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी से आजादी कि लड़ाई, गुमनाम क्रांतिकारियों, देश कि विरासत के बारे में प्रेरक जानकारी लोगों को मिलेगी। पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, तहसीलदार धर्मवीर सिंह, राकेश जायसवाल, बिरला धर्मशाला के प्रबंधक वीरेंद्र तिवारी, बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य दयाशंकर तिवारी, अमृतांशु शुक्ला, कालिंदी त्रिपाठी, रेडक्रॉस के प्रदेश उपसभापति अखिलेंद्र शाही, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष विजय शुक्ल ने आयोजक गण को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश कि विरासत पर आधारित प्रदर्शनी में प्रदर्शित संग्रह प्रशंसनीय है। प्रदर्शनी में भारतीय डाक टिकट, 200 + देशों के सिक्के, स्वतंत्रता संग्राम और महात्मा गांधी से जुडी अमूल्य वस्तुओं का अनोखा संग्रह किया गया है।

राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता एवं बुक रिकार्ड होल्डर संग्रहकर्ता रोटरी हिमांशु कुमार सिंह ने बताया कि प्रदर्शनी में खादी के ऊपर जारी पहला डाक टिकट का सेट जो भारत सरकार ने 1948 में जारी किया था।

गणतंत्र भारत का पहला सिक्का, नोटों का कलेक्शन, रेडक्रास का पूरा इतिहास, रोटरी क्लब, भगवान राम, रामायण पर जारी विभिन्न देशों के डाक टिकट के अलावा कई संग्रह प्रदर्शित है।

अतिथियों का स्वागत करते हुए रोटरी क्लब कुशीनगर के अध्यक्ष वाहिद अली ने कहा कि आजादी कि विरासत को लेकर आयोजित वृहद प्रदर्शनी बहुत ही अनोखा है। इसके लिए संग्रहकर्ता हिमांशु, सीमा सिंह व अवलोकन के लिए आ रहे अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पारिवारिक मामलों को चिन्हित कर करें निस्तारण: बद्री विशाल

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया श्री देवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार



सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय देवरिया श्री बद्री विशाल पाण्डेय के अध्यक्षता में उनके विश्राम कक्ष में पारिवारिक वादों के अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण हेतु प्री-ट्रायल बैठक आहूत किया गया। माननीय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय देवरिया श्री बद्री विशाल पाण्डेय के द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत 8 मार्च के सफलता हेतु प्री-ट्रायल बैठक में परिवार न्यायालयों में अधिक से अधिक संख्या में पारिवारिक वादों को चिंन्हित कर निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया। उनके द्वारा पारिवारिक वादों से संबंधित वादों पर चर्चा कर उसके निस्तारण हेतु बल दिया गया है जिससे पत्रावलियों को संबंधित न्यायालय में प्रार्थना पत्र के माध्यम से लगवाकर राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण कर लाभ उठाया जा सकें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक वादों का निस्तारण पक्षकारों के साथ आपसी सुलह-समझौते के आधार पर किया जायेगा। इस बैठक में अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय श्री विकास कुमार उपस्थित रहे।

## आटो से जा रही महिला का बदमाशो ने मोबाइल छीना

**गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के हरैया से ऑटो पर सवार होकर शहर जा रही महिला का बाइक सवार दो बदमाश मोबाइल छीनकर फरार हो गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशो के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से फिरदौस खातून पुत्री सुलेमान निवासी मेवालीपुर थाना कोतवाली मंगलवार को हरैया चौराहे से आटो पकड़ कर शहर जा रही थी। उसी दौरान बाइक पर सवार दो बदमाश मोबाइल छीन कर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़िता के 8 तहरीर पर दो अज्ञात बदमाश के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## शासकीय कार्यों में लापरवाही के आरोप में पंचायत सचिव को डीपीआरओ ने निलम्बित किया

अवधनामा संवाददाता

**चार सहायक विकास अधिकारियों को नोटिस थमाई**

15वें वित्त आयोग के मद में आवंटित धनराशि का व्यय प्रतिशत जिले के औसत व्यय प्रतिशत से कम होने से नाराज़ मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने तीन विकास खंड के ए डी ओ पंचायत को नोटिस जारी की है। संग्रामपुर, सिंहपुर,तिलोई और जगदीशपुर विकास खंड में चालू वित्तीय वर्ष में 15 वें वित्त आयोग के मद में आवंटित धनराशि का व्यय प्रतिशत, जिले के औसत व्यय प्रतिशत से कम है। सीडीओ ने एडीओ पंचायत लालमणि सिंह, फ़िरदौस आलम, विजय यादव और शिवांश कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी की है।

**अमेठी।** विकास खंड जामों की दो ग्राम पंचायतों में पिछले वित्तीय वर्ष में स्वीकृत जनसेवा केंद्रों का निर्माण अभी तक नहीं हो पाया है।इन पंचायतों में तैनात ग्राम पंचायत सचिव भारत सरकार की ओर से ग्राम पंचायत को आवंटित वित्त आयोग की धनराशि खर्च करने में फिसड्डी साबित हुए हैं। शासकीय कार्यों के प्रति लापरवाही के आरोप में डी पी आर ओ मनोज कुमार त्यागी ने ग्राम पंचायत अधिकारी रामकुमार को निलम्बित कर दिया है।

डी पी आर ओ मनोज कुमार त्यागी ने पंचायत सचिव राम कुमार को चार बिंदुओं का आरोप पत्र जारी किया है। रामपुर चौधरी और चिटहुला ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2023-24में स्वीकृत जनसेवा केंद्रों का निर्माण अभी तक नहीं हो पाया है। आवंटित ग्राम पंचायतों में वित्त आयोग की धनराशि का व्यय प्रतिशत अत्यधिक कम है। पंचायत सचिव अपने कार्यभार की ग्राम पंचायतों में अभी तक वित्तीय वर्ष 2024-25की कार्ययोजना अभी तक अपलोड नहीं करा पाए हैं। रामकुमार को निलम्बित करते हुए डी पी आर ओ ने जारी आरोप पत्र में विकास खंड शाहगढ़ में तैनात ए डी ओ पंचायत रामदीन गौतम को जांच अधिकारी नियुक्त किया है।

## तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास

**कुशीनगर।** जिला एवं सत्र न्यायालय जनपद कुशीनगर द्वारा तीन साल पहले हुए हत्या के मामले में तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही प्रत्येक अभियुक्तों के विरुद्ध 25-25 हजार रुपए अर्थदंड भी लगा है। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत निरन्तर प्रभावी पैरवी कर दोषी अभियुक्तों को सजा दिलवायी जा रही है जिसके क्रम में थाना कसया पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 171/2022 धारा 302/34, 328/34, 506 भादवि में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध स्थानीय पुलिस व मॉनिटरिंग सेल के द्वारा प्रभावी पैरवी किया गया, जिसके फलस्वरुप न्यायालय द्वारा गुरुवार को तीन अभियुक्तों प्रेम प्रसाद पुत्र जोगिंदर, बाला प्रसाद पुत्र जोगिंदर व चाबस पुत्र राजबली निवासी सिसई गुरमिहया लाठौर टोला थाना कसया जनपद कुशीनगर के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाकर अपराध सिद्ध करते हुए उपरोक्त अभियुक्तों को आजीवन कारावास व प्रत्येक को 25,000/- रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियुक्त को सजा दिलाने में विवेचक अनिल उपाध्याय, अभियोजन अधिकारी गोरख प्रसाद यादव जिला एवं सत्र न्यायालय जनपद कुशीनगर, प्र0नि0 कसया ओमप्रकाश तिवारी, पैरोकार श्रीकान्त मौर्या थाना कसया का सराहनीय योगदान रहा है।

# भ्रष्टाचार से परेशान एसडीएम ने सभी कार्यालयों में लगवाई नोटिसें

अवधनामा संवाददाता

**तहसील परिसर में एक दर्जन कैमरे लगवाए**


**उत्कोच लेना और देना कानूनी अपराध है**



**अमेठी।** तहसील भ्रष्टाचार का पर्याय बनी हुई है। भ्रष्टाचार से परेशान एस डी एम ने सभी कार्यालयों में नोटिसें लगवाई हैं। एसडीएम ने भ्रष्ट कर्मियों की नकेल कसने के लिए तहसील परिसर में एक दर्जन सी सी टी वी कैमरे भी लगवाए हैं। तहसील में भ्रष्टाचार की शिकायतें आम हो गई हैं। सभी दफ्तर प्राइवेट आदमियों के सहारे चल रहे हैं। कुछ महीने पहले एक कर्मचारी को घूस लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया था। तहसील में राजस्व सम्बंधित शिकायतों के निस्तारण के मामले में उत्कोच लेने देने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। सूत्रों का कहना है कि सभी राजस्व निरीक्षक कार्यालयों के साथ नायब तहसीलदार, तहसीलदार और एस डी एम कार्यालय में बिना सुविधा शुल्क के कोई काम नहीं होता है। पैसे लेकर एक महीने के भीतर कम अधिक आय का आय प्रमाण पत्र जारी करने वाले एक लेखपाल को दो सप्ताह पहले एस डी एम ने निलंबित किया था। तहसीलदार के विरुद्ध भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर डी एम निशा अनंत ने उन्हें अमेठी से हटाकर कलेक्ट्रेट में सम्बद्ध किया है। तहसील में प्राइवेट कर्मी ही खेवनहार बने हुए हैं। सरकारी स्टाफ कम होने के कारण नायब तहसीलदार, तहसीलदार और एस डी एम की कोर्ट पर भी प्राइवेट कर्मचारी काम कर रहे हैं।

## 19 करोड़ से अधिक लेबर पेमेंट बकाया, नये साल में मनरेगा मजदूरों के हाथ खाली

अवधनामा संवाददाता



मनरेगा के अन्तर्गत भुगतान की धनराशि भारत सरकार की ओर से सीधे मजदूरों के खातों में भेजी जाती है। मैटेरियल पेमेंट भी सम्बन्धित फर्म को किया जाता है। भुगतान की सारी प्रक्रियाएं पूरी हैं। 29 नवम्बर से भारत सरकार से पैसा नहीं आया है। कार्यों की संख्या और लेबर कम हो गये हैं।

**शेर बहादुर**
**उपायुक्त, मनरेगा, अमेठी**

**अमेठी।** नये साल में मनरेगा मजदूरों के हाथ पूरी तरह खाली हैं। जिले में मनरेगा पटरी से उतर चुकी है। मनरेगा की वेबसाइट ठीक से काम नहीं कर रही है। कच्चे कार्यों में दिहाड़ी कर चुके हजारों मजदूरों को नवम्बर के बाद मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ है। 19 करोड रु से अधिक का मजदूरी का भुगतान बकाया है। ग्यारह करोड़ रुपए से अधिक का मैटेरियल पेमेंट भी अवशेष है। जिले के तेरह विकास खंडों में कुल जाब कार्ड धारकों की संख्या 216070 है। इनमें से क्रियाशील जाब कार्डों की संख्या 145584 है। जाब कार्डों का शत प्रतिशत सत्यापन नहीं हो पाया है। मजदूरी का भुगतान समय से न होने के कारण मजदूरों का मोह योजना से पूरी तरह भंग हो रहा है।लोग मनरेगा की जगह अन्य जगह दिहाड़ी तलाश रहे हैं। अधिकांश ग्राम पंचायतों में मनरेगा में काम करने वाले मजदूरों की संख्या पंजीकृत जाब कार्डों के सापेक्ष बमुश्किल दस फीसदी है। वर्तमान में अधिकांश ग्राम पंचायतों में काम करने वाले मजदूरों की संख्या इकाई में है। तालाबों की खुदाई और अन्य बड़े कार्यों की संख्या पचास से कम है। अधिकांश ग्राम पंचायतों में पंचायत सचिव और रोजगार सेवक झूठी अटेंडेंस लगा रहे हैं।

# डीएम मोनिका रानी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जल संरक्षण समिति की बैठक

- जल का संरक्षण सबकी जिम्मेदारी: जिलाधिकारी



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** बुधवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला जल संरक्षण समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि मानव जीवन के लिए हम सभी को जल संरक्षण का संकल्प लेना होगा। डीएम ने कहा कि पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए जन सामान्य की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु सभी सम्बन्धित विभाग प्रयास करें तथा इस कार्य में गैर-सरकारी संगठनों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों का भी सक्रिय सहयोग प्राप्त किया जाय। सरकारी एवं व्यावसायिक भवनों में वाटर रिचार्ज अवसंरचनाओं की स्थापना की समीक्षा करते हुए डीएम ने कहा कि सतही एवं भूमिगत जल के संरक्षण के लिए आवश्यक है कि सभी भवनों में वाटर रिचार्जिंग व्यवस्था के प्रबन्ध अवश्य किये जायें। डीएम ने कहा कि वाटर रिचार्जिंग से भूगर्भीय जल के स्तर में गिरावट को रोका जा सकता है। डीएम ने कहा कि भूमि के कटान के कारण भी जल स्रोतो एवं नदियों में सिल्ट जमा होने से वाटर रिचार्जिंग में बाधा उत्पन्न होती है।

डीएम ने सुझाव दिया कि नदियों के दोनों किनारों, पोखरों एवं तालाबों के चारों ओर बांस के प्लान्टेशन से इस समस्या का समाधान किया जा सकता है। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बैम्बू प्लान्टेशन को प्राथमिकता देने के साथ-साथ जल स्रोतों में तालाबों को अवैध कब्ज़ों से मुक्त कराया जाय। जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद बहराइच में इम्पलीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी (आई.एस.ए.) द्वारा कराये जा रहे जागरूकता कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अधि.अभि. जल निगम कमला शंकर ने बताया कि शुद्ध पेयजल के उपयोग एवं उसके भविष्य के लिए संरक्षित करनें के उद्देश्य से समस्त ग्राम पंचायतो में सामुदायिक बैठक कर आमजन को जागरूक किया जा रहा है। श्री शंकर ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक घर को आई.ई.सी. बुकलेट भी उपलब्ध करायी जा रही है। अधि.अभि. जल निगम ने बताया कि जिले के प्रत्येक राजस्व ग्राम में 05-05 महिलाओं की टीम बनाकर उनको जल जाँच की फील्ड टेस्ट किट उपलब्ध करायी गयी है जिसके माध्यम से उनके द्वारा ग्रामों में उपयोग किये जानें वाले जल का परीक्षण कर उसकी रिपोर्ट भारत सरकार के पोर्टल पर अपलोड की जा रही है।

# शहीदों की स्मृति पर दो मिनटर का मौन रख दी गई श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** शहीद दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति मे आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित शहीद स्मारक पर जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा ने पुलिस, राजस्व विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ 02 मिनट का मौन रख पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जिलाधिकारी ने कहा कि देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद कराने के लिए असंख्य वीर-बलिदानियों ने अपना सर्वत्र न्यौछावर कर हमें आजादी दिलाई, आज हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं, संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों के साथ जीवन-यापन कर रहे हैं, यह सब स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की ही देन है। उन्होने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अपने प्राणों की परवाह न कर देश को आजाद कराने के लिए तमाम प्रताड़ना झेलीं, लम्बे संघर्ष के बाद आजाद कराया, देश को आजादी दिलाने के लिए सभी ने भेद-भाव, ऊँच-नीच, जाति-पांत भुलाकर कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष किया और देश को आजाद कराया। उन्होने कहा कि आज भी हमारे वीर सैनिक देश की सरहदों की रक्षा, एकता-अखंडता के लिए अपने कठिन परिस्थितियों में अपने कर्तव्यों को अजांम दे रहे हैं, इन वीर सेनानियों के कारण ही हम देशवासी सुरक्षित है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वि./रा. राम जी मिश्र, अपर जिलाधिकारी न्यायिक नवीन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर राहुल मिठास, डिप्टी कलेक्टर ध्रुव शुक्ला, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी जगदीश कुमार दीक्षित, प्रशासनिक अधिकारी हरेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, सत्येंद्र सिंह, अनिल सक्सेना, रोहित दुबे, वीरेश पाठक, सौरभ पाण्डेय, पुष्पेन्द्र, कालीचरन, धीरेंद्र दुबे, प्रभाकर गंगवार, अनुज कुमार, राज कुमार, नईमुद्दीन, श्रीकृष्ण, राहुल, मो. आलम, वीरेंद्र कुमार, सत्येंद्र कुमार सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## 4 फरवरी तक कृषि यन्त्रों की बुकिंग कर सकते हैं कृषक

**बहराइच।** उप निदेशक कृषि ने बताया कि एस.एम.ए.एम. योजनान्तर्गत कृषि यन्त्रो जैसे रोटावेटर, पावर आपरेटेड वेफ कटर, कम्बाईन हारवेस्टर विद एस.एम.एस., हैरो, कल्टीवेटर, स्ट्रारीपर, किसान ड्रोन, कस्टम हायरिंग सेन्टर की खरीद पर ग्रामीण उद्यमी को 40 प्रतिशत तथा फार्म मशीनरी बैंक एफ.पी.ओ. को 80 प्रतिशत अनुदान देय है। इसी प्रकार इन सीटू योजनान्तर्गत ग्रामीण उद्यमी को कस्टम हायरिंग सेन्टर की खरीद पर 80 प्रतिशत तथा सुपर सीडर, बेलिंग मशीन, स्ट्रारेक, सेल्फ प्रोपेल्ड रीपर कम बाईन्डर पर 50 प्रतिशत का अनुदान देय है। इच्छुक व्यक्ति विभागीय पोर्टल एग्रीदर्शन डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर 04 फरवरी 2025 तक बुकिंग कर सकते हैं। पोर्टल पर जनपदवार व ब्लाकवार लक्ष्य प्रदर्शित हो रहा है। उप निदेशक कृषि ने बताया कि इच्छुक कृषक लैपटॉप, डेस्कटॉप, ऐण्ड्रायड मोबाइल अथवा किसी भी जनसेवा केन्द्र के माध्यम से विभागीय पोर्टल पर जाकर किसान कार्नर में योजना का चयन कर उपलब्धता जांचने के बाद रिपोर्ट टाईप में जाकर जिला या ब्लाक सेलेक्ट करते हुए कृषि यंत्र का चुनाव कर बुकिंग कर लाभ उठा सकते है।

# मोहम्मदी में दस महीने से फुंका पड़ा ट्रांसफार्मर, लोग परेशान

अवधनामा संवाददाता



**टूंडला।** ग्राम मोहम्मदी में दस महीने से ट्रांसफार्मर फुंका हुआ पड़ा हुआ है। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। वहां के ग्रामीणों ने कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियो को लिखित एवं मौखिक जानकारी देने के बाबजूद भी अभी तक ट्रांसफार्मर सही नहीं कराया गया है। जिससे लोगों को काफी समय से अंधकार में जीने पर विवश है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिकारियो से मांग की है कि जल्द से जल्द विद्युत ट्रांसफार्मर को बदलवाया जाये नहीं तो विद्युत कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया जायेगा। समाजवादी पार्टी एससी एसटी प्रकोष्ठ के पूर्व जिला उपाध्यक्ष नेमी चंद्र सुमन ने बताया कि ग्राम मोहम्मदी में जाकर लोगों की जनसमस्याए सुनी इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि एक साल से लगभग ट्रांसफार्मर फुंका हुआ है। एक्सईएन व एसडीओ टूंडला को अवगत कराने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। अगर ट्रांसफार्मर जल्द नहीं बदलवाया तो जेई के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जायेगा। मांग करने वालों में बबलू, यूनिस, अफजल खान, राजेश कुमार, आदित्य प्रताप सिंह, बलवीर, नेत्रपाल सिह, रिकू, राधा कुमार, विवेक कुमार, सौरभ कुमार, भूरी सिंह, छोटू कुमार, प्रशांत कुमार, जाकिर अली, ओम किशोर, अभिषेक आदि है।

## नहीं रहे सैन्य विज्ञान के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ.एम.पी. सिंह



**सुल्तानपुर।** गनपत सहाय महाविद्यालय में सैन्य विज्ञान के पूर्व विभागाध्यक्ष रहे डॉ.एम. पी.सिंह का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। डॉ एम पी सिंह का निवास सीताकुण्ड पर है। मूलतः वे लालगंज आज़मगढ़ के रहने वाले थे।उनकी पहचान एक कुशल शिक्षक के रूप में थी,वे बहुत ही सौम्य व्यक्तित्व के धनी थे। उनकी मृत्यु से पूरा मुहल्ला शिक्षक समुदाय में तथा सगे संबंधियों में शोक की लहर व्याप्त है। सभी ने उनके निधन पर दुख व्यक्त किया है।

## जिले की यातायात व्यवस्था हुई ठप



**सुल्तानपुर।** प्रयागराज हाईवे पर 11 बजे रात से लंबा जाम लगा हुआ है।सुलतानपुर से लेकर प्रतापगढ़ तक पूरा हाईवे जाम हो गया है।दोनों तरफ से वाहनों के आने-जाने से यातायात व्यवस्था चरमरा गई है।जिला प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। पुलिस बल का कहीं नामो निशान नहीं है। इस समय जिले की यातायात व्यवस्था भगवान भरोसे ही चल रही है।

## सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल हुए जितेन्द्र प्रताप सिंह

**सुल्तानपुर।** प्रदेश की योगी सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर की पार्टी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने अपनी पार्टी में राष्ट्रीय और प्रदेश की कार्यकारिणी का विस्तार किया है।जिसमे आज जिले के जितेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ टिंकू सिंह को युवा मंच का प्रदेश उपाध्यक्ष घोषित किया है।वही जहा इस घोषणा के बाद जितेन्द्र प्रताप सिंह के समर्थकों में खुशी की लहर है तो वही उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वालों ने एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर अपने खुशी का इजहार किया है।इस बाबत जब जितेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ टिंकू सिंह से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि मैं पार्टी के प्रति सदैव सजग रूप से काम करने का काम किया था।मुझे पार्टी हाइ कमान द्वारा जो नई जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठापूर्वक उसका निर्वाहन करूंगा।पार्टी में हमेसा मजबूत करने की दिशा में करते हुए पार्टी नीतियों का पालन करूंगा।जितेन्द्र प्रताप सिंह ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंत्री ओम प्रकाश राजभर व पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डॉक्टर अरविन्द राजभर को धन्यवाद देते हुए उनके द्वारा बनाये पार्टी के नियमो का पालन करने शपथ भी उठाई।

## डी एम ने ई0वी0एम0/वी0वी0 पैट वेयर हाउस (स्ट्रांग रूम) का किया मासिक निरीक्षण

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी कुमार हर्ष द्वारा सुलतानपुर-रायबरेली रोड स्थित अंकारीपुर, दूबेपुर में ई0वी0एम0 एवं वी0वी0 पैट वेयर हाउस का माह जनवरी 2025 का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बैलेट यूनिट, कंट्रोल रूम,स्ट्रांग रूम, रिजेक्टेड यूनिट कक्ष, वीवी पैट कक्ष, सीसीटीवी कैमरा आदि का अवलोकन किया गया। उक्त वेयर हाउस में विधानसभा क्षेत्र-सुलतानपुर,सदर,लम्भुआ, कादीपुर,इसौली निर्वाचन क्षेत्र की ई0वी0एम0/वी0वी0 पैट मशीने लॉक के अन्दर संरक्षित हैं। उन्होंने सम्बन्धित को निर्देशित करते हुए कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत स्ट्रांग रूम की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाय। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)गौरव शुक्ला,ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपड़ा,एवं मान्यता प्राप्त समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि व जिला निर्वाचन कार्यालय के स्टाफ गण उपस्थित रहे।

# सवालों के घेरों में पालिका प्रशासन का आउटसोर्सिंग फर्म

- शिकायत होने के बावजूद पालिका प्रशासन कर रहा अनदेखी
- स्वास्थ बीमा से लेकर आर्थिक लाभों से वंचित हैं आउटसोर्सिंग कर्मचारी

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** नगर पालिका परिषद में आऊटसोर्सिंग फर्म द्वारा संविदा कर्मचारियों के शोषण करने का नाम नहीं हो रहा खत्म, आये दिन संबंधित विभाग के अधिकारी से शिकायत होने के बावजूद आउटसोर्सिंग के कर्मचारियों का मामला निस्तारण होने का नाम ही नहीं ले रहा है। आउटसर्सिंग के कर्मचारियों के मुद्दे को लेकर आगामी पालिका के बोर्ड की बैठक में एक दर्जन से अधिक सभासद इस मामले को मुद्दा बना सकते हैं।दरअसल नगर *पालिका परिषद में आउटसोर्सिंग के माध्यम से मैन पावर की आपूर्ति का काम रेखा सिक्योरटी सर्विसेज को दिया गया है। शिकायत है कि अल्पज्ञान का बेजा फायदा उठाकर फर्म आउटसोर्सिंग के कर्मचारियों को उचित पारिश्रमिक नहीं दे रहा है। वही ई पी एफ का भुगतान कर्मचारियों के वेतन से फर्म द्वारा काटा तो जा रहा है लेकिन समय से कर्मचारियों के ई पी एफ खाते में जमा ही नहीं किया जा रहा।वही ई एस आई सी का , श्रम विभाग का रजिस्ट्रेशन कर्मचारियों का नहीं कराया गया है।सवाल उठता है कि पालिका प्रशासन आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के ऊपर हो रहे शोषण की अनिभिज्ञता क्यों जता रहा है।जब कि यही आउटसोर्सिंग कर्मचारियों द्वारा दुर्गा पूजा से लेकर तमाम धार्मिक कार्यक्रमों और वीआईपी कार्यक्रमों में अपनी अहम योगदान देने का काम करते हैं।सवाल उठता है कि जब फर्म को पालिका द्वारा टेंडर स्वीकृति कि या गया और एक साल के अंदर ही फर्म की शिकायत होने लगी तो बीते वित्तीय वर्ष में पुनः उक्त फर्म को टेंडर क्यों दिया गया।सवाल उठता है कि जीपीएफ की धनराशि अगर आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन से काटा जा रहा है तो कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में क्यों नहीं जमा किया जा रहा है। सवाल उठता है कि जिस स्वास्थ्य बीमा को लेकर प्रदेश सरकार भी आम जन को जागरूक कर रही हो ऐसे में ईएसआईसी आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का क्यों नहीं जमा होता।सवाल उठता है कि श्रम विभाग द्वारा क्या आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का फर्म द्वारा रजिस्ट्रेशन क्यों नहीं कराया गया जो कि किसी भी आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की दुर्घटना के बाद परिवार को आर्थिक सहायता मिल सके। वही आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को वर्दी भी फर्म द्वारा नहीं दिया जा रहा।बहरहाल इन सारे मामलों को लेकर जहां पालिका के आउटसोर्सिंग कर्मचारी पालिका प्रशासन को लगातार अवगत करा रहे हैं वही दर्जन भर सभासदों के लिखित शिकायत के बाद भी फर्म के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं की गई।देखना है कि इस आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की हक की लड़ाई लड़ने के लिए कौन वीणा उठाएगा यह तो आने वाला समय बतायेगा।

## छात्रवृत्ति की वेबसाईट खोली गयी

**मैनपुरी।** जिला समाज कल्याण अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि शासन स्तर से छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत सामान्य, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों हेतु जारी समय सारिणी के अनुसार त्रुटिपूर्ण छात्रवृत्ति आवेदन पत्र में आवश्यक संशोधन हेतु छात्रवृत्ति की वेबसाईट खोली गयी है, जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा अपने पिता के स्थान पर स्वंय के नाम से निर्गत आय प्रमाण पत्र को नवीन छात्रवृत्ति आवेदन में अंकित कर दिया गया है, उसे भी निर्धारित समयावधि में माता-पिता, अभिभावक अथवा पति के नाम से निर्गत आय प्रमाण पत्र को अंकित किया जाना है।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं :

**क्र. सं. : 1, ई-प्रापण निविदा संख्या :** उपमु.इं.-नि.-छपरा-01-2025, **कार्य का नाम :** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल के अन्तर्गत महराजगंज स्टेशन पर गुड्स शेड, पहुँच मार्ग, सरकुलेटिंग एरिया, लेबर शेड, नया स्टेशन भवन तथा उससे सम्बंधित कार्य तथा महाराजगंज-मसरख खण्ड के अन्तर्गत एल.एच.एस., लघु पुल, एफ.ओ.बी., पी.पी. शेल्टर, ट्रैक लिंकिंग एवं अन्य बचे हुए कार्य, **अनुमानित निविदा मूल्य :** रु. 29,69,18,379.06, **बयाना राशि :** रु. 16,34,600.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. 0.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 12 (बारह) माह।

- बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथि - **10.02.2025**
- उपरोक्त ई-निविदा सबमिशन की अन्तिम तिथि - **दिनांक 24.02.2025** को **15.00 बजे तक**
- उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि - **दिनांक 24.02.2025** को **15.30 बजे**
- निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

**श्री एस. के. सिंह, कार्यपालक इंजीनियर/निर्माण/गोरखपुर मो. नं. 9794845260**

**उप मुख्य इंजीनियर/नि., पूर्वोत्तर रेलवे, छपरा**

**मुजाधि/डब्ल्यू-389**

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

## यूपी व महाराष्ट्र के प्रभारी बने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव

**शिकोहाबाद।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव को उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र का प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह जिम्मेदारी उन्हें पिछड़े वर्गों के उत्थान और उनके अधिकारों की रक्षा हेतु सक्रिय भूमिका निभाने के लिए सौंपी गई है। रामपाल सिंह यादव, जो कि आगरा, उत्तर प्रदेश के निवासी हैं। लंबे समय से सामाजिक न्याय और पिछड़े वर्गों के हक की लड़ाई लड़ते आ रहे हैं। उनकी नियुक्ति से प्रदेशों में पिछड़े वर्ग के लोगों की समस्याओं के समाधान की उम्मीद जगी है। इस नई भूमिका में वे उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में पिछड़े वर्गों के हक और अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए सरकार से संवाद करेंगे और संगठन की गतिविधियों को मजबूती देंगे। रामपाल यादव ने कहा, मेरा उद्देश्य पिछड़े वर्ग के लोगों को उनके संवैधानिक अधिकार दिलाना और उन्हें सामाजिक, आर्थिक, एवं शैक्षिक रूप से सशक्त बनाना है। उनकी नियुक्ति से राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग संगठन में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है और इससे सामाजिक न्याय की मुहिम को और अधिक गति मिलेगी।

## ध्वनि प्रदूषण नियन्त्रण नियमों का पालन करें

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट नेतृत्व में ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम-2000 के तहत जनपद फिरोजाबाद में प्रभावी कार्रवाई की गई। इस अभियान के तहत लाइनपार पुलिस टीम द्वारा जामा मस्जिद, लेबर कॉलोनी से 02 लाउडस्पीकर तथा अल्ताफ मस्जिद, वेस्ट ग्लास से 03 लाउडस्पीकर हटवाए गए। इसके अलावा, अन्य संवेदनशील स्थानों पर लाउडस्पीकर की ध्वनि तीव्रता को इस प्रकार नियंत्रित किया गया कि वह प्रतिष्ठान की सीमा से बाहर न जाए। यह कार्यवाही ध्वनि प्रदूषण को कम करने और कानून का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई। यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा, ताकि ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण बना रहे और नागरिकों को शांतिपूर्ण वातावरण मिल सके। विशेष रुप से, आगामी बोर्ड परीक्षों को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है, जिससे विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए एक शांत माहौल मिल सके। फिरोजाबाद पुलिस सभी नागरिकों से अपील करती है कि वे ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण नियमों का पालन करें और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग दें।

## महुआ शाला में पीडीए पंचायत चौपाल कार्यक्रम हुआ



**शिकोहाबाद।** बाह विधानसभा के गांव महुआ शाला में पी डी ए पंचायत चौपाल कार्यक्रम का आयोजन बाह विधानसभा अध्यक्ष राजेश कुमार यादव एडवोकेट के नेतृत्व में हुआ जिसमे मुख्य अतिथि कृष्ण वर्मा जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी आगरा एवं डॉ मुकेश वर्मा विधायक शिकोहाबाद थे इस अवसर पर आगरा जिलाध्यक्ष कृष्ण वर्मा ने पी डी ए के बारे में जानकारी दी इस मौके पर आलोक यादव जिला सचिव समाजवादी पार्टी आगरा एवं समाजवादी पार्टी के प्रहलाद गुर्जर उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी आगरा प्रभारी विधानसभा बाह आगरा तथा सभी सम्मानित कार्यकर्त्ता सम्मिलित हुए।

## शहीद दिवस पर मौन धारण कर दी श्रद्धांजलि



**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी (शहीद दिवस) के अवसर पर समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों के द्वारा 2 मिनट का मौन धारण कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों/शाखाओं पर 2 मिनट का मौन धारण कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PnU-LKO-BSB-WRL-105-24-1 (Pay and Use-Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.02.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.02.2025 at 12:30 hrs. |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

322/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कार्यालय उप जिलाधिकारी, कैसरगंज।

संख्याः /र0का0-मत्स्यपालन पट्टा /नीलामी-विज्ञापन/2025 दिनांक : जनवरी, 2025

**विज्ञप्ति**

तहसील कैसरगंज में मत्स्य पालन हेतु निम्नलिखित तालाबों का आवंटन नीलामी पद्धति से किये जाने हेतु तहसील मुख्यालय पर शिविर का आयोजन किया गया है। शासनादेश संख्या 3136/1-02-1995/रा0-2 दिनांक 17-10-1995 में वर्णित नियमों के अनुरूप मछुवा समुदाय व अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग तथा बी0पी0एल0श्रेणी के व्यक्तियों के मध्य नीलामी पद्धति से तालाबों का 10 वर्ष के लिए पट्टा उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 के प्राविधानों के अनुसार किया जायेगा। दो हेक्टेयर से बड़े क्षेत्रफल के तालाबों का आवंटन नीलामी पद्धति से पंजीकृत मत्स्यजीवी समितियों के मध्य किया जायेगा। तालाबों की नीलामी प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु सूचना नियत प्रारूप पर प्रकाशित की जा रही है नियत तिथि को जिन तालाबों की नीलामी सम्पन्न नही हो पायेगी वह साप्ताहिक रुप से 04-02-2025 नियत स्थान पर शिविर के माध्यम से की जायेगी। यह भी उल्लेखनीय है कि जिन तालाबों की नीलामी प्रक्रिया जिस तिथि को पूर्ण हो जायेगी, आगामी तिथियों में उस पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। रिक्त जिसका विवरण निम्न प्रकार हैः-

नीलामी का स्थल - सभागार कक्ष तहसील कैसरगंज

नीलामी का समय - स्तम्भ-6 में उल्लिखित तिथि को अपरान्ह 2:00 बजे से

**नीलामी हेतु तालाबों का विवरण**

| क्रमांक | ग्राम तहसील का नाम | तालाब/पोखर का विवरण | | बोली बोलने के लिए जमानत धनराशि (आरक्षित बोली धनराशि का 10 प्रतिशत रू. 100 के पूर्णांक में) | नीलामी तिथि | नीलाम अधिकारी का पद नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | गाटा संख्या | क्षे. (हे.) | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लालपुर जलालपुर | 30क | 0.567 | 600.00 | 04.02.25 | ना0त0 फखरपुर |
| 2 | धरम सराय | 152 | 0.343 | 400.00 | 04.02.25 | ना0त0 फखरपुर |
| 3 | धरम सराय | 157 | 0.353 | 400.00 | 04.02.25 | ना0त0 फखरपुर |
| 4 | केशव कुण्डा | 6ब | 0.922 | 1000.00 | 04.02.25 | ना0त0 फखरपुर |
| 5 | सिद्दा | 92 | 0.220 | 300.00 | 04.02.25 | ना0त0 फखरपुर |
| 6 | रौन्दौपुर | 490 | 0.469 | 500.00 | 04.02.25 | ना0त0 फखरपुर |
| 7 | रौन्दौपुर | 232 | 0.257 | 300.00 | 04.02.25 | ना0त0 फखरपुर |
| 8 | कुडासपारा | 971 | 0.316 | 400.00 | 04.02.25 | ना0त0 फखरपुर |
| 9 | कुडासपारा | 497 | 0.231 | 300.00 | 04.02.25 | ना0त0 फखरपुर |
| 10 | अकबरपुर बुजुर्ग | 72 | 0.259 | 300.00 | 04.02.25 | ना0त0 फखरपुर |
| 11 | अकबरपुर बुजुर्ग | 345 | 0.324 | 400.00 | 04.02.25 | ना0त0 फखरपुर |
| 12 | हूसेपुर | 93मि0 | 0.223 | 300.00 | 04.02.25 | ना0त0 फखरपुर |
| 13 | सरायकाजी | 131 | 0.356 | 400.00 | 04.02.25 | ना0त0 फखरपुर |
| 14 | डिहवा कला | 270 | 0.328 | 400.00 | 04.02.25 | ना0त0 फखरपुर |
| 15 | डिहवा कला | 190मि0 | 0.393 | 400.00 | 04.02.25 | ना0त0 फखरपुर |
| 16 | रसूलपुर दरेहटा | 522 | 0.312 | 400.00 | 04.02.25 | ना0त0 फखरपुर |
| 17 | रसूलपुर दरेहटा | 619क | 0.251 | 300.00 | 04.02.25 | ना0त0 फखरपुर |
| 18 | सिरौली कला | 310 | 1.165 | 1200.00 | 04.02.25 | ना0त0 फखरपुर |
| 19 | माधौपुर (पंजीकृत मछुवा समिति हेतु) | 409 | 3.035 | 3100.00 | 04.02.25 | ना0त0 फखरपुर |
| 20 | माधौपुर | 195 | 0.854 | 900.00 | 04.02.25 | ना0त0 फखरपुर |
| 21 | माधौपुर | 196 | 0.206 | 300.00 | 04.02.25 | ना0त0 फखरपुर |
| 22 | माधौपुर | 230म | 0.456 | 500.00 | 04.02.25 | ना0त0 फखरपुर |
| 23 | गजाधरपुर | 765 | 0.263 | 300.00 | 04.02.25 | ना0त0 फखरपुर |
| 24 | गजाधरपुर | 815 | 0.388 | 400.00 | 04.02.25 | ना0त0 फखरपुर |
| 25 | मझौरा | 157 | 0.353 | 400.00 | 04.02.25 | ना0त0 फखरपुर |
| 26 | अलीपुर दरौना | 386 | 0.672 | 700.00 | 04.02.25 | ना0त0 फखरपुर |
| 27 | दूसरापारा | 213म | 0.324 | 300.00 | 04.02.25 | ना0त0 फखरपुर |
| 28 | भखरौली मुंगेशपुर | 121 | 0.320 | 400.00 | 04.02.25 | ना0 तह0 कैसरगंज |
| 29 | भखरौली कनपुरवा | 581मि0 | 0.417 | 500.00 | 04.02.25 | ना0 तह0 कैसरगंज |
| 30 | विजयपुर | 18 | 0.478 | 500.00 | 04.02.25 | ना0 तह0 कैसरगंज |
| 31 | विजयपुर | 482 | 0.275 | 300.00 | 04.02.25 | ना0 तह0 कैसरगंज |
| 32 | विजयपुर | 361म | 0.255 | 300.00 | 04.02.25 | ना0 तह0 कैसरगंज |
| 33 | कोडरी चन्दन | 25 | 0.535 | 600.00 | 04.02.25 | ना0 तह0 कैसरगंज |
| 34 | कन्दैला | 261 | 0.283 | 300.00 | 04.02.25 | ना0 तह0 कैसरगंज |
| 35 | पुरैनी | 1021म | 1.072 | 1100.00 | 04.02.25 | ना0 तह0 कैसरगंज |
| 36 | सखौता | 423म | 0.324 | 400.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 37 | परसोहर | 240मि0 | 1.801 | 1900.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 38 | गोन्दौरा | 513मि0 | 0.384 | 400.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 39 | जतौरा | 72मि0 | 1.546 | 1600.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 40 | जतौरा | 571 | 0.735 | 800.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 41 | घूरनपुर | 108 | 0.312 | 400.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 42 | खेसुवा | 455 | 0.543 | 600.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 43 | खेसुवा (पंजीकृत मछुवा समिति हेतु) | 498मि0 | 3.723 | 3800.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 44 | खेसुवा | 87 | 0.376 | 400.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 45 | रुदाइन (पंजीकृत मछुवा समिति हेतु) | 221म | 2.063 | 2100.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 46 | करमुल्लापुर | 471 | 0.279 | 300.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 47 | बरवलिया | 794स | 0.353 | 400.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 48 | मुस्तफाबाद | 671 | 0.206 | 300.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 49 | मुस्तफाबाद | 754 | 0.255 | 300.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 50 | मुस्तफाबाद | 766म | 0.267 | 300.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 51 | मुस्तफाबाद | 285 | 0.434 | 500.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 52 | खिजरापुर | 38 | 0.312 | 400.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 53 | सुर्जना जाफर मेंहदी (पंजीकृत मछुवा समिति हेतु) | 129मि0 | 2.225 | 2300.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 54 | मीरपुर कोनिया (पंजीकृत मछुवा समिति हेतु) | 2134 | 2.379 | 2400.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 55 | भौली | 89म | 1.048 | 1100.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 56 | रेवढा (पंजीकृत मछुवा समिति हेतु) | 1863ग | 2.614 | 2700.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 57 | जमापुर | 94 | 0.263 | 300.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 58 | खनेहटा | 14 | 0.251 | 300.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 59 | खनेहटा | 12ड | 1.522 | 1600.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 60 | खनेहटा | 557घ | 0.247 | 300.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 61 | खनेहटा | 501घ | 0.243 | 300.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 62 | खनेहटा (पंजीकृत मछुवा समिति हेतु) | 546ख | 2.582 | 2600.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 63 | खनेहटा | 605छ | 1.700 | 1800.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 64 | खनेहटा | 192क | 0.247 | 300.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 65 | खनेहटा | 500 | 0.696 | 700.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 66 | रसूलाबाद | 148 | 0.239 | 300.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 67 | मनिकापुर | 226 | 0.397 | 400.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 68 | मनिकापुर | 260ख | 0.664 | 700.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 69 | डिहवा खुर्द | 205 | 0.223 | 300.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 70 | शहबाजपुर भरथा | 353ञ | 0.409 | 500.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 71 | शहबाजपुर भरथा | 351 | 0.206 | 500.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 72 | शहबाजपुर भरथा | 298घ | 1.688 | 1700.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 73 | चहलार (पंजीकृत मछुवा समिति हेतु) | 174 | 3.646 | 3700.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 74 | चहलार | 55 | 1.704 | 1800.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 75 | चहलार (पंजीकृत मछुवा समिति हेतु) | 87 | 2.505 | 2600.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 76 | नरौडा | 59/2 | 0.999 | 1000.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 77 | नरौडा | 429 | 0.849 | 900.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 78 | नरौडा | 788मि | 0.421 | 500.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 79 | नरौडा | 1 | 1.449 | 1500.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 80 | नरौडा (पंजीकृत मछुवा समिति हेतु) | 11/2 | 3.157 | 3200.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 81 | नरौडा | 823मि | 0.749 | 800.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 82 | नरौडा | 390 | 1.303 | 1400.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 83 | देवीदासपुर | 861 | 0.304 | 300.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 84 | भोपतपुर (पंजीकृत मछुवा समिति हेतु) | 344मि | 2.687 | 2700.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 85 | महुरी कला | 137 | 0.279 | 300.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 86 | महुरीकला | 681म | 0.729 | 800.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 87 | सुमेरपुर | 15 | 0.295 | 300.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 88 | नन्दोलिया | 234म | 0.563 | 600.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 89 | नन्दोलिया | 11 | 0.312 | 300.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 90 | कुरसण्डा | 643म | 0.501 | 500.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 91 | कुरसण्डा | 599 | 0.263 | 300.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 92 | कुरसण्डा (पंजीकृत मछुवा समिति हेतु) | 425 | 2.140 | 2200.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 93 | हरनाअनौरा | 1050म | 0.603 | 600.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 94 | हरनाअनौरा | 939म | 0.729 | 700.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 95 | हरनाअनौरा | 350 | 0.239 | 300.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 96 | हरनाअनौरा | 502 | 0.555 | 600.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 97 | हरनाअनौरा | 816 | 0.352 | 400.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 98 | रमवापुर रघुवीर सिह | 249 | 0.259 | 300.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 99 | रमवापुर रघुवीर सिह | 238 | 0.279 | 300.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 100 | भौली | 129म | 0.206 | 200.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 101 | भौली | 253म | 0.372 | 400.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 102 | भौली | 473 | 0.227 | 300.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 103 | कुरमौरा | 52 | 0.238 | 300.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 104 | निमदीपुर | 478म | 1.372 | 1400.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 105 | रेवढा | 165 | 0.202 | 300.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| 106 | रेवढा | 940 | 1.396 | 1400.00 | 04.02.25 | ना0तह0जरवल |
| | | | 83.115 | | | |

**नीलामी की शर्तें :-**

1. नीलामी प्रक्रिया की शर्तें व पात्रता के सम्बन्ध में उ0प्र0राजस्व संहिता-2006 के प्राविधानों के अनुरुप होगी। जो राजस्व परिशद की बेवसाइड bor.up.nic.in पर उपलब्ध है।
2. नीलामी में बोली बोलने के इच्छुक व्यक्ति को जमानत की धनराशि बोली बोलने के पूर्व जमा करनी होगी एवं नीलामी सम्पन्न होने के बाद नीलामी ग्राह्यता को सर्वोच्च बोली की धनराशि, जो तय होगी, के 10 वर्ष के लगान का 1/10 अंश की धनराशि तत्काल जमा करना होगा। शेष धनराशि अगले नौ वर्षो में वार्षिक (प्रत्येक माह जून) में जमा करना होगा, ऐसा न करने पर जमानत धनराशि अथवा 10 वर्ष के लगान का 1/10 जमा भाग जब्त कर लिया जायेगा।
3. सम्बन्धित बोली दाता को नीलामी में भाग लेने से पूर्व अपना जाति, निवास प्रमाण पत्र, नीलाम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।
4. नीलामी स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है, अधोहस्ताक्षरी का निर्णय अन्तिम तथा सभी को मान्य होगा।

UPID-227593 Dated-29-01-2025

विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

**उप जिलाधिकारी, कैसरगंज।**

# पर्यावरण प्रबंधन जागरूकता पर आयोजित की कार्यशाला



कोल इंडिया स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/सिंगरौली।** बुधवार को एनसीएल की जयंत परियोजना में कोल इंडिया स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में पर्यावरण प्रबंधन जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अधिकारी मनोरंजन क्लब, जयंत में आयोजित हुआ। इस दौरान संजीव मेहरा, क्षेत्रीय अधिकारी, मध्य प्रदेश प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड, सिंगरौली, क्षेत्रीय महाप्रबंधक (जयंत) राजीव कुमार महाप्रबंधक (पर्यावरण), एनसीएल मुख्यालय संजीव कुमार, परियोजना अधिकारी (जयंत), विभिन्न विभागों के स्टाफ अधिकारी, अधिकारी व कर्मचारियों, स्कूली बच्चे सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अपने उद्बोधन में संजीव मेहरा ने एनसीएल की पर्यावरण संरक्षण को समर्पित हरित कोयला प्रेषण हेतु फ़र्स्ट माइल कनेक्टिविटी (एफ़एमसी) परियोजनाओं को सराहा। इसके अतिरिक्त उन्होनें उपस्थित सभी को वायु गुणवत्ता सूचकांक (त्त्क्ष्) के महत्व बारे में भी जागरूक किया। इस कार्यशाला के दौरान उपस्थित सभी को विभिन्न विषयों जैसे सतत विकास, नवीनीकरण उर्जा के उपयोग, पर्यावरण प्रबंधन, ठोस कचरा प्रबंधन, मिशन LiFäß इत्यादि से संबन्धित जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही उपस्थित सभी को वृक्षारोपण करने और प्रकृति के अनुरूप संसाधनों का प्रयोग करने हेतु प्रेरित भी किया गया। इसके अतिरिक्त नोडल अधिकारी (पर्यावरण) ने जयंत परियोजना द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों पर प्रकाश डाला।

# सहकारिता: सपा के 7 भाजपा के 6 डायरेक्टर जीते

कड़ी सुरक्षा के बीच डीसीडीएफ चुनाव के लिए कराया गया मतदान

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** जिला सहकारी विकास संघ डीसीडीएफ के निदेशक मंडल के लिए चुनाव में देर शाम तक सभी 13 निर्वाचित निदेशकों के परिणाम घोषित कर दिए गए। इससे पहले इटावा व औरैया जिले से कुल 13 सीटों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान हुआ। निदेशकों की 13 में से 7 सीटों पर सपा और 6 सीटों पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी जीते हैं। मतदान के दौरान सपा के राष्ट्रीय महासचिव विधायक शिवपाल सिंह यादव, भाजपा की सदर विधायक सरिता भदौरिया अपने-अपने समर्थकों के साथ डटे रहे। दोनो नेताओं ने अपने-अपने मताधिकार का भी प्रयोग किया। डीसीडीएफ के चुनाव को लेकर सुबह से ही गहमागहमी रही। आनंदनगर में सहकारी शीतगृह में बने मतदान केंद्र के आसपास काफी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रहा। मुख्य मार्ग पर वाहनों की आवाजाही भी रोकी गई। इटावा से संस्थागत की तीन, भरथना की दो, विधूना की चार, औरैया की दो और व्यक्तिगत से दो कुल 13 निदेशकों के चुनाव के लिए मतदान कराया गया। एसडीएम सदर एवं निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह राघव की देखरेख में पूरी चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। 13 पदों के लिए कुल 26 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा। देर शाम घोषित किए गए परिणाम में सपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व अध्यक्ष केपी सिंह चौहान, रामनरेश यादव, सीग्रेश यादव, श्रीनंदन, लाल सिंह, संजेशकुमारी और विशाल दुबे एवं भाजपा समर्थित विधूना से अभय कुमार सिंह, आरती, अशोक कुमार, आशुतोष सिंह, अरुण सिंह व अमित कुमार निर्वाचित हुए हैं।

संचालक मंडल के चुनाव के बाद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर चुनाव कराया जाना है। अध्यक्ष पद पर इस बार भाजपा और सपा के बीच घमासान होगा। भाजपा ने अध्यक्ष पद पर अभय कुमार सिंह को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है। वहीं सपा से केपी सिंह चौहान ही अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेंगे। आज की चुनाव प्रक्रिया में पूर्व मंत्री रामसेवक यादव, सपा जिला अध्यक्ष प्रदीपशाक्य, प्रदेश् सचिव गोपाल यादव, अरविंद यादव प्रधान गंगापुरा, कुं गजेंद्र सिंह, उदयभान सिंह यादव, सहकारी बैंक के निदेशक विश्वनाथ सिंह सेंगर, कुं जनमेजय सिंह भदौरिया, प्रो ब्रजेश यादव, सांसद जितेंद्र दोहरे, प्रो अरविंद यादव, सर्वेश शाक्य, कुंवर गजेन्द्र सिंह समेत बड़ी संख्या में सपा नेताओं का जमावड़ा लगा रहा। वहीं भाजपा से सदर विधायक सरिता भदौरिया, विकास भदौरिया आदि मौजूद रहे।



**तीन दशक सपा का कब्जा, पहली बार भाजपा ने दिखाया दम**

**इटावा।** डीसीडीएफ पर तीन दशक से भी अधिक समय से सपा का ही कब्जा रहा है। केपी सिंह चौहान इससे पूर्व भी कई बार अध्यक्ष निर्वाचित हो चुके हैं। इससे पूर्व हुए चुनाव में उनकी धर्म पत्नी शांति देवी चौहान अध्यक्ष पद पर काबिज रह चुकी हैं। इस बार भाजपा ने भी इस चुनाव में अपना पूरा जोर लगाया और पहली बार भाजपा के 6 प्रत्याशियों को विजय भी मिली है।

# जयवीर बने ब्लॉक अध्यक्ष नरेश भदौरिया ब्लॉक महामंत्री

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** ऑल टीचर्स इम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन अटेवा की अति महत्वपूर्ण बैठक अतिथि फ़ूड विलेज निकट आईटीआई चौराहा पर सम्पन्न की गई जिसमें सर्वसम्मति से प्राथमिक विद्यालय लुहन्ना के सहायक अध्यापक जयवीर सिंह पाल को ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। प्राथमिक विद्यालय बोसा के नरेश भदौरिया को महामंत्री व अभिषेक वर्मा को ब्लॉक कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। अन्य पदाधिकरियों में संजेश यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शैलेन्द्र तोमर व प्रवीण पाण्डेय को ब्लॉक उपाध्यक्ष, अतुल श्रीवास्तव को सह कोषाध्यक्ष, श्यामबाबू, अभय यादव व रोहित गुप्ता को ब्लॉक सन्गठन मंत्री, अभिषेख यादव व नितिन शाक्य को मीडिया प्रभारी, पंकज दिवाकर को प्रचार मंत्री, शेख निज़ामुद्दीन व चंद्रशेखर को सदस्य ब्लॉक कार्यकारिणी सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजय कुमार यादव ने की, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पर्यवेक्षक राजेश जादौन उपस्थित रहे, संचालन जिला महामंत्री डॉ लुवकुश जाटवानी ने किया। बैठक का आयोजन संयुक्त रूप से जिला सन्गठन मंत्री आलोक यादव, कोऑर्डिनेटर मोहम्मद राशिद अंसारी व अनिरूद्ध यादव ने किया। मधुर श्रीवास्तव बेसिक प्रभारी ने नव नियुक्त पदाधिकारियों से कहा कि अटेवा इस उम्मीद के साथ आपको यह दायित्व सौंप रहा है कि आप सभी मिलकर अटेवा के पेंशन आंदोलन को बढ़पुरा में जन जन तक पहुँचाने का कार्य करेंगे। नव नियुक्त ब्लाक अध्यक्ष ने पूरी कार्यकारणी के साथ यह विश्वास दिलाया कि बढ़पुरा ब्लाक जनपद में सर्वश्रेष्ठ कार्य कर उम्मीदों पर खरा उतरेगा। अंत मे सभी साथियों को टीम अटेवा इटावा की तरफ से बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं दी।

## पीड़िता ने राज्य महिला आयोग और डीजीपी को भेजी शिकायत

**सुमेरपुर हमीरपुर।** पिछले तीन दिन से मुकदमा दर्ज कराने के लिए अधिकारियों के यहां चक्कर काट रही पीडिता ने गुरुवार को मामले की शिकायत राज्य महिला आयोग एवं डीजीपी को भेजकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। इंगोहटा निवासी रेखा कुशवाहा का आरोप है कि वह मंगलवार को सुबह घर पर थी। तभी गांव के आधा दर्जन महिला पुरुष घर में घुस आये और उसके बाल पकड़कर घर से बाहर घसीट ले गए और जमकर मारा पीटा। इस घटना में उसका एक दांत टूट गया और सिर गर्दन आदि में गंभीर चोटें लगी हैं। इसके बाद भी पुलिस मुकदमा नहीं दर्ज कर रही है और उसके साथ उसके पति व भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीडिता ने राज्य महिला आयोग एवं डीजीपी से मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। इंगोहटा पुलिस चौकी इंचार्ज शिवशंकर पांडेय ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कराई जा रही है।

# पैरामेडिकल स्टूडेन्ट्स ने नुक्कड नाटक कर सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

ओपीडी में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

अवधनामा ब्यूरो



**सैफई, इटावा।** उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के ओपीडी में सड़क सुरक्षा माह के अर्न्तगत सड़क सुरक्षा के प्रति आम-जन को जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें पैरामेडिकल स्टूडेन्ट्स (इमर्जेसी एवं ट्रामा)ने नुक्कड नाटक कर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान सड़क सुरक्षा हेतु शपथ भी दिलायी गयी। कार्यक्रम में फैकेल्टी, मेडिकल स्टूडेन्ट्स तथा पैरामेडिकल स्टूडेन्ट्स(इमर्जेसी एवं ट्रामा)तथा ओपीडी में आये मरीजों ने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की शपथ ली।

कार्यक्रम में कुलपति प्रो0 (डॉ.) पीके जैन, प्रतिकुलपति प्रो0 (डॉ.) रमाकान्त यादव, संकायाध्यक्ष डॉ. आदेश कुमार, कुलसचिव डॉ. चन्द्रवीर सिंह, एसडीएम सैफई कौशल किशोर, सीओ सैफई पाहुप सिंह, वित्त निदेशक जगरोपन राम, डॉ. आई के शर्मा, डॉ.सोमेन्द्र पाल सिंह, डिप्टी एमएस इमर्जेसी डॉ. विश्वदीपक, डॉ. अतुल मिश्रा, डॉ. राजमंगल यादव, ओपीडी प्रभारी डॉ. गणेश कुमार वर्मा, डॉ. समीर गुप्ता, डॉ. नज्मुल इस्लाम, मुख्य नर्सिंग अधीक्षिका लवली जेम्स मेडिकल स्टूडेन्ट्स तथा इमर्जेसी एवं ट्रामा स्टूडेन्ट्स (पैरामेडिकल)उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसडीएम सैफई कौशल किशोर ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करें। नशे में वाहन न चलायें, ओवर स्पीड से बचें। इसके साथ ही दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा सीट बेल्ट जरूर लगायें। सीओ सैफई पाहुप सिंह ने कहा कि तेज गति में वाहन न चलायें तथा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें।

# आईएएस प्रशिक्षुओं के लिए शीतकालीन अध्ययन दौरा आयोजित

**सोनभद्र/विंध्यनगर/अवधनामा संवाददाता।** एनटीपीसी विंध्याचल ने 2024 बैच के आईएएस प्रशिक्षुओं के लिए सफल दो दिवसीय शीतकालीन अध्ययन दौरे का आयोजन किया। इस दौरान प्रशिक्षुओं को पावर सेक्टर, संचालन में उत्कृष्टता और पर्यावरण के प्रति स्थिरता-आधारित पहलों पर गहरे अनुभव प्राप्त हुए। दौरे में स्टेज-III और कंट्रोल रूम की यात्रा शामिल थी, जहां प्रशिक्षुओं ने पावर जनरेशन प्रक्रियाओं को करीब से समझा। राम सेवक जायसवाल, उप महाप्रबंधक (ईईएमजी) द्वारा स्टेशन के प्रदर्शन, प्रमुख उपलब्धियों और पर्यावरणीय पहलुओं पर एक महत्वपूर्ण प्रस्तुति दी, जिसमें खासतौर पर कार्बन-टू-मिथेनॉल प्रोजेक्ट को बताया गया। यह प्रोजेक्ट स्थायी ऊर्जा समाधान की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस कार्यक्रम में 18 सदस्यीय आईएएस प्रशिक्षु समूह ने वरिष्ठ नेतृत्व टीम के साथ संवाद भी किया, जिसमें ई सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) और संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) प्रमुख रूप से शामिल थे। साथ ही, कामना शर्मा, उप महाप्रबंधक (एचआर) ने स्टेशन की मानव संसाधन विकास, नेतृत्व प्रशिक्षण और सामुदायिक योगदान की पहल पर प्रकाश डाला, जिसमें बालिका सशक्तिकरण अभियान (जेम2024) का विशेष उल्लेख किया गया। इसके अलावा स्टेशन के संचालन, मानव संसाधन और सीएसआर कार्यों पर एक कॉर्पोरेट फिल्म भी दिखाई गई, जिसने स्टेशन की विविध पहलों का एक व्यापक अवलोकन प्रस्तुत किया। आईएएस प्रशिक्षुओं ने अध्ययन दौरे के समुचित आयोजन और गहन अनुभव के लिए अपनी सराहना व्यक्त की। आभार स्वरूप, उन्होंने ई सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) को एक स्मृति चिह्न भेंट किया।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए पुष्प अर्पित किए



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** कांग्रेस कार्यालय पर गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए पुष्प अर्पित किए गए। इसके बाद सरकारी कोल्ड स्टोर एवं नुमाइश में लगी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव ने कहा कि 30 जनवरी 1948 देश के इतिहास में एक काले दिन के तौर पर दर्ज है इस दिन दिल्ली के बिडला हाउस परिसर में नाथूराम गोडसे नामक व्यक्ति ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या कर दी थी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया। शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे ने कहा गांधी जी ने देश को आजाद करने के लिए अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आंदोलन किया उन्हें कई बार जेल जाना पड़ा। आज के दिन शहीद दिवस के रूप में भारत के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले वीर सपूतों को याद किया जाता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप मलखान सिंह यादव, पल्लव दुबे, प्रेम किशोर द्विवेदी, वाचस्पति दुबे, सरवर अली, सोजेव रिजवी, आसिफ जादरान, सतीश शाक्य, अवनीश वर्मा, तेजस शुक्ला, इकबाल खान मोहसिन अली आदि लोग उपस्थित रहे।

### आलोक बने रेहड़ी पटरी वेंडर्स अनुश्रवण सिमित के सदस्य



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष और जिले के प्रमुख समाजसेवी, स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर आलोक दीक्षित को शासनादेश संख्या 993/12-6-2020 के निर्देश के पी एम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत रेहड़ी पटरी वेंडर्स के प्रबंधन, अनुश्रवण एंव क्रियान्वयन के लिए नगर निकाय दारा गठित कमेटी का सदस्य बनाया गया है। इस सीमित का प्रमुख कार्य, वेडर्स की पहचान, उनकी जागरूकता, नगर निकाय और बैंकों के मध्य समन्वय, डिजिटल लेन देन, आई ई सी गतिविधियों का संचालन आदि शामिल है।

### सड़क हादसे में दो गंभीर, एक रेफर

**मौदहा हमीरपुर।** नेशनल हाईवे पर हुए सड़क हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनमें से एक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। पड़ोसी जनपद महोबा के कबरई निवासी जीतेंद्र कुमार (25)पुत्र भारत प्रसाद और भूपेंद्र कुमार(23)पुत्र राजकुमार फोर व्हीलर से कहीं जा रहे थे तभी नेशनल हाईवे पर अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे दोनों लोगों को गंभीर चोटों के चलते सीएचसी मौदहा लाया गया जहां पर जीतेंद्र कुमार को गंभीर चोंटों के चलते प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

### अज्ञात कारणों के चलते युवती ने खाया जहरीला पदार्थ

**कुरारा हमीरपुर।** कस्बे वार्ड 3 निवासिनी एक बालिका ने अज्ञात कारण के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया जिसे स्वजन सीएचसी लेकर गए जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया गया। कस्बे के वार्ड 3 टेण्डरी मोहाल निवासी मोहम्मद सलीम की 20 वर्षीय पुत्री रोशनी ने सुबह करीब 11 बजे किसी अज्ञात कारण के चलते कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे उल्टियां करते देख स्वजन सीएचसी कुरारा लेकर गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया।

# एनटीपीसी विंध्याचल ने आभार 2024-25 के तहत ऐतिहासिक उपलब्धि का उत्सव मनाया



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल ने अपनी महत्वपूर्ण उपलब्धि आभार 2024-25 के तहत शानदार तरीके से एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर विंध्याचल द्वारा यूनिट 3 के 644 दिनों तक बिना किसी रुकावट के उत्पादन की ऐतिहासिक उपलब्धि और चार बड़े ओवरहाल को सफलतापूर्वक पूरा करने की खुशी मनाई गई। यह मील का पत्थर एनटीपीसी के इतिहास में दूसरा सबसे बेहतरीन रिकॉर्ड है, जो विंध्याचल की संचालन उत्कृष्टता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में ई सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल), डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा), संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), सुजय कर्माकर, महाप्रबंधक (ग्रीन केमिकल्स और बीई), अतिन कुंडू, महाप्रबंधक (परियोजना), और ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस) के साथ-साथ कई कर्मचारीगणउपस्थित रहे। इस विशेष अवसर पर राजेश भारद्वाज, पूर्व-एचओपी (अंता) और पूर्व महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) विंध्याचल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विंध्याचल की टीम के नेतृत्व की सराहना की और कर्मचारियों को प्रेरित करते हुए उनके योगदान को अहम बताया। कार्यक्रम में कई महत्वपूर्ण वीडियो संदेश भी साझा किए गए, जिसमें समीर शर्मा, परियोजना प्रमुख(सिम्हाद्री) व पूर्व मुख्य महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण विंध्याचल), आशुतोष सतपथी, महाप्रबंधक (ओ एंड एम), लारा और पूर्व महाप्रबंधक (मेंटेनेंस और एडीएम विंध्याचल), पार्थ नाग, महाप्रबंधक (सेंनपीईईपी) एवं पूर्व महाप्रबंधक (ऑपरेशन विंध्याचल) ने टीम विंध्याचल की इस शानदार सफलता की सराहना की।इस दौरान एक विशेष प्रस्तुति भी दी गई, जिसमें यूनिट 3 की यात्रा, उसमें आने वाली चुनौतियां, लागू की गई सर्वोत्तम प्रथाएं और ओवरहाल प्रक्रिया से मिलने वाली महत्वपूर्ण सीखों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का समापन एक सांस्कृतिक संध्या के साथ हुआ, जिसमें कर्मचारियों द्वारा शानदार प्रस्तुतियां दी गई, और श्री सौरभ बनौधा, उप महाप्रबंधक (आईटी) ने बांसुरी वादन से सभी को मंत्रमुग्ध किया। आभार 2024-25 कार्यक्रम ने न केवल विंध्याचल की इस ऐतिहासिक सफलता को सराहा, बल्कि यह स्टेशन की निरंतर सुधार और संचालन में उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित किया। इस कार्यक्रम का कुशल संचालन पुनीत कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक (एमटीपी) और काजल गजानन अम्बेकर, सहायक रसायन ने किया। अंत में, अरुण कुमार जैन ने धन्यवाद ज्ञापन किया और कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम की सराहना की, जो उनकी मेहनत और इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर की प्राप्ति में उनके योगदान को मान्यता देता है।

# जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना,जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, प्रेगनेंट महिलाओं की पोर्टल पर फीडिंग, चाइल्ड रजिस्ट्रेशन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत पोर्टल पर बेनिफिशियरी अपलोड करने, फैमिली प्लानिंग, संस्थागत प्रसव आदि की समीक्षा करते हुए संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मां एवं नवजात ट्रैकिंग पोर्टल पर शत प्रतिशत डेटा फीड किया जाय। शत प्रतिशत जन्म पंजीकरण सुनिश्चित कराया जाय। गर्भवती महिलाओं में एनीमिया न हो इसके लिए नियमित रूप से आयरन की दवाई दी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा दी जाए। कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनस्वास्थ्य के कार्यो /विभाग के स्वास्थ संबंधी विभिन्न योजनाओं में तेजी लाई जाए। गर्भवती महिलाओं,बच्चों के टीकाकरण आदि पर विशेष ध्यान दिया जाए, नियमित टीकाकरण से वंचित छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर माइक्रोप्लान बनाकर शत प्रतिशत टीकाकरण किया जाए। आशा, आंगनवाड़ी कार्यकत्री,एएनएम एवं विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को नियमित रूप से समयबद्ध ढंग से भुगतान किया जाय, इसमें अनावश्यक देरी नही की जानी चाहिए, स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों का समयबद्धता से भुगतान किया जाय। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि लाभार्थियों को समयबद्ध ढंग से योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए इसमें अनावश्यक पेंडेंसी नहीं रहनी चाहिए। कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पोर्टल पर लाभार्थियों का डाटा समय से फीड कराया जाए। कहा कि फैमिली प्लानिंग के कार्यो में तेजी लाई जाए तथा इसके लिए लोगों की काउंसलिंग की जाए, इसमें डॉक्टरों को जो लक्ष्य दिया गया है लोगों की काउंसलिंग कर तथा आशाओ को लक्ष्य देकर उसको प्राप्त किया जाए। कहा कि शतप्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जाए तथा इसमें आशाओं द्वारा 100 प्रतिशत डिलीवरी की रिपोर्टिंग एवं विजिट किया जाए। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम,टीवी उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम आदि की समीक्षा करते हुए संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान सीडीओ चंद्र शेखर शुक्ला, सीएमओ डॉ गीतम सिंह, समस्त डिप्टी सीएमओ व एसीएमओ, सीएमएस पुरूष व महिला अस्पताल, समस्त एमओआईसी तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# महाकुंभ: श्रद्धालुओं को विभिन्न विद्यालयों में रुकने की व्यवथा की गई

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिह ने आज सुबह आदर्श इण्टर कालेज राबर्ट्सगंज में रात्रि में महांकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं को रहने की स्थिति का जायजा लिये। बृहस्पतिवर की शाम में महाकुंभ प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं को रात्रि विश्राम करने व जाम की समस्या से राहत दिलाने के मकसद से जनपद के विभिन्न इण्टर कालेज, महाविद्यालय व तकनीकी संस्थान में रहने की व्यवस्था के साथ ही जरूरी सहयोग करने के लिए सम्बन्धित उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया था, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़ें। इसी निर्देश के क्रम में सम्बन्धित उप जिलाधिकारी अपने क्षेत्र में भ्रमण कर जो श्रद्धालु जिस रूट पर मिलें, नजदीक के विद्यालयों में रात्रि विश्राम कराने के साथ ही सहयोग भी किया गया। इसी के मद्देनजर जिलाधिकारी ने आदर्श इण्टर कालेज राबर्ट्सगंज में रात्रि विश्राम के लिए रूके श्रद्धालुओं के जानकारी के लिए पहुंचकर स्थिति का जायजा लिये। मौके पर मौजूद अध्यापक से जानकारी लेने पर बताया गया कि सुबह 7 से 8 बजे तक श्रद्धालुगण महाकुंभ प्रयागराज के लिए रवाना हो चुके हैं और रात्रि विश्राम के समय उन्हें किसी प्रकार की कोई अव्यवस्था का सामना नहीं करना पड़ा।

# जिला स्तरीय नवप्रर्वतन प्रदर्शनी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** नवप्रवर्तन जन जागरूकता के अन्तर्गत असंगठित क्षेत्र के नवप्रवर्तकों हेतु जिला स्तरीय नवप्रर्वतन प्रदर्शनी का आयोजन जिला विज्ञान क्लब के तत्वावधान में कृषि विज्ञान केन्द्र कुरारा में किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी घनश्याम मीना तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला उपस्थित रहे।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उ0 प्र0 (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग उ0प्र0 शासन) द्वारा प्रायोजित जिला स्तरीय नवप्रर्वतन प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्?घाटन एवं प्रदर्शनी अवलोकन तथा आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन कर विधिवत शुभारम्भ करते हुये जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कहा कि यह बहुत हर्ष की बात है किसान अच्छा कार्य कर रहे हैं प्रदर्शनी में इन्नोवेटिव खाद्य पदार्थ और संयंत्रों का प्रदर्शन सराहनीय है सोच को बदलने से दशा बदल जायेगी उन्होंने जनपद में हो रहे नवप्रर्वतन के कार्यो की जानकारी देते हुए कहा कि सही दिशा देने की आवश्यकता है मृदा परीक्षण पर जोर देते हुये बताया कि ÷मिट्टी में किन पोषक तत्वों की कमी है जानकारी होने पर पूर्ति करने के बाद कोई भी फसल की जा सकती है संसाधनों का सही उपयोग कर मार्केटिंग अच्छे तरीके से करने पर जोर देते हुये कहा कि सही दिशा देने की आवश्यकता है। अच्छा परिणाम प्राप्त होगा। कृषि विज्ञान केंद्र में फसलों, सब्जियों के उत्पादन एवं पॉली हाउस का अवलोकन करते हुए सराहना की।

आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला ने नवप्रर्वतन प्रदर्शनी में पुरुष कृषकों के उत्पादों के साथ महिला कृषकों एवं एन. आर. एल एम. समूहों की महिलाकों की / सहभागिता पर तारीफ की. कार्यक्रम की उपादेयता एव अतिथियों का स्वागत जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक डा0 जी.के. द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक महेश कुमार गुप्ता उपस्थित रहे. धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र डाश राजीव कुमार सिंह ने किया। निर्णायक जिला कृषि रक्षा अधिकारी डा0 इन्द्रेशु गौतम, डा0 शालिनी, डा0 प्रशान्त कुमार व डा0 एस.पी.एस सोमवन्शी कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक रहे। नवप्रर्वतकों में महिपाल सिंह को प्रथम स्थान होने पर रु0 8000,रामरतन प्रजापति को द्वितीय स्थान पर 5000/- भावना त्रिपाठी को तृतीय स्थान पर 3000/- एवं अनीता, केशव प्रसाद मिश्रा, शैलेन्द्र प्रजापति सरिता व लालजी को सांत्वना पुरस्कार प्रत्येक को 2000 रु के साथ स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर माल्यार्पण के साथ सम्मानित किया गया।

# खिलाड़ियों को एमएलसी ने किया सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** गुरुवार को दो क्रिकेट मैच खेले गए। पहला मैच मुगलसराय रेलवे और वाराणसी के बीच खेला गया, जिसमें वाराणसी ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला किया। मुगलसराय रेलवे की टीम ने निर्धारित 16 ओवरों में 155 रन बनाए, जिसमें सिद्धांत पाठक ने 38 गेंदों पर 67 रन और अभिषेक ने 25 गेंदों पर 49 रन बनाए। वाराणसी की टीम ने जवाब में 2 गेंद शेष रहते मैच जीत लिया, जिसमें सम्राट ने 16 गेंदों पर 42 रन और आदित्य पांडे ने 36 गेंदों पर 39 रन बनाए। मुगलसराय रेलवे की तरफ से प्रतीक कुमार ने 3 विकेट लिए। दूसरा मैच डॉ. एचपी सिंह क्रिकेट अकादमी और हिंडाल्को के बीच खेला गया, जिसमें डॉ. एचपी सिंह क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला किया। हिंडाल्को की टीम ने निर्धारित 15 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 141 रन बनाए, जिसमें विपुल तिवारी ने 28 गेंदों पर 56 रन और विवेक ने 24 गेंदों पर 37 रन बनाए। डॉ. एचपी सिंह क्रिकेट अकादमी की टीम ने जवाब में 12 ओवरों में ही मैच जीत लिया, जिसमें प्रदीप चौबे ने 38 गेंदों पर 76 रन और रिषभ ने 17 गेंदों पर 33 रन बनाए। इस तरह से डॉ. एचपी सिंह क्रिकेट अकादमी की टीम ने यह मैच 8 विकेट से जीता। पहले मैच का मैन ऑफ द मैच सम्राट और दूसरे मैच का मैन ऑफ द मैच प्रदीप चौबे रहे। मैच के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में आशुतोष सिन्हा (एमएलसी) और पूर्व बीजेपी जिला अध्यक्ष आशोक मिश्रा उपस्थित रहे। मैच के अम्पायर राहुल चौरसिया और बृजभूषण सिंह थे, जबकि स्कोरर आयुष वर्मा और आयुष दुबे थे।

# विदेशी श्रद्धालु बोले- इतनी भीड़ को नियंत्रित करना सरकार की कुशलता



- विदेशियों ने की महाकुम्भ की व्यवस्था में जुटे सभी कर्मचारियों की तारीफ, बताया अनुशासित और दक्ष
- यूएसए, रूस और सेंट्रल एशिया से बड़ी संख्या में विदेशी तीर्थयात्रियों ने महाकुम्भ में लगाई है पुण्य की डुबकी

अवधनामा ब्यूरो

**महाकुम्भनगर/लखनऊ।** प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ 2025 आस्था, भक्ति और संस्कृति का अद्वितीय संगम बन चुका है। इस भव्य आयोजन में देश-विदेश से श्रद्धालुओं का विशाल जनसैलाब उमड़ रहा है। हर किसी के मन में आस्था की ज्योति प्रज्ज्वलित हो रही है। सभी संगम में पुण्य की डुबकी लगाकर मोक्ष की कामना कर रहे हैं। इस दौरान विदेशी तीर्थयात्री भी महाकुम्भ की अद्भुत व्यवस्था से अभिभूत नजर आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा किए गए बेहतरीन प्रबंधों की सभी ने मुक्त कंठ से सराहना की है। महाकुम्भ में शिरकत करने पहुंचे विदेशी श्रद्धालु भी यहां की व्यवस्था से काफी प्रभावित हैं। अमेरिका के हवाई से आए एक श्रद्धालु ने कहा कि यह कल्पना से परे है कि इतने अधिक लोग एक साथ एकत्रित होकर आस्था के इस महासंगम में शामिल हुए हैं। इतनी विशाल संख्या में लोगों और यहां के बुनियादी ढांचे को देखते हुए, यह अविश्वसनीय है कि सरकार इसे इतनी कुशलता से संचालित कर पा रही है। हर कोई एक-दूसरे की सहायता करता दिख रहा है। फ्लोरिडा, अमेरिका से आई मारिया ने कहा कि वह 12 साल पहले भी कुंभ मेले में आई थीं और इस अनुभव ने उन्हें इतना प्रभावित किया कि वे इसे फिर से देखने आई हैं। उन्होंने कहा कि यह मेरे जीवन का सबसे यादगार अनुभव है। मैं पिछले 26 वर्षों से हर साल भारत आती हूं और यहां की संस्कृति से प्रेम करती हूं। पुलिस प्रशासन ने जिस तरह भीड़ को संभाल रखा है, वह प्रशंसनीय है। रूस के मॉस्को से आई जूलिया ने कहा कि हम पहली बार महाकुम्भ में आए हैं और यहां की व्यवस्था से बहुत प्रभावित हैं। यहां का माहौल बहुत ही सुरक्षित और पवित्र है। इतने विशाल आयोजन को जिस प्रकार प्रशासन ने व्यवस्थित किया है, वह अविश्वसनीय है। अल्माटी, कजाकिस्तान से आई अलेना ने कहा कि यह मेरा सपना था कि मैं कुंभ मेले में आऊं। मैं महादेव की कृपा से यहां पहुंच पाई और इस अनुभव को शब्दों में बयां करना मुश्किल है। वहीं पंजाब के पठानकोट से आई अंजू ने कहा कि प्रशासन द्वारा तीर्थयात्रियों को हर संभव सहायता दी जा रही है। हमें अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। बता दें कि सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने इस विराट आयोजन को सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। महाकुम्भ के दौरान लाखों-करोड़ों श्रद्धालु प्रतिदिन संगम तट पर स्नान करने के लिए उमड़ रहे हैं, लेकिन इतनी बड़ी भीड़ को संभालने में प्रशासन ने जिस दक्षता और अनुशासन का परिचय दिया है, वह सराहनीय है। सरकार ने महाकुम्भ के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए आधुनिक तकनीक का भी भरपूर उपयोग किया है। भीड़ प्रबंधन के लिए ड्रोन कैमरों की मदद ली जा रही है, जिससे किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटा जा सके। सरकार द्वारा की गई इन व्यवस्थाओं का ही परिणाम है कि न केवल भारतीय श्रद्धालु बल्कि विदेशी पर्यटक भी इस ऐतिहासिक आयोजन को देखने और अनुभव करने के लिए बड़ी संख्या में उमड़ रहे हैं।

## श्रद्धालुओं को घर पहुंचाने हेतु दिनभर मशक्कत करते रहे स्काउट एंड गाइड के सेवार्थी



मौनी अमावस्या के महापर्व के अगले दिन तीर्थराज प्रयाग में देश-विदेश से पधारे करोड़ो श्रद्धालुओं को रास्ता दिखाकर गंतव्य तक पहुंचाने में लगे रहे। महापर्व के बाद संगम क्षेत्र में अत्यधिक भीड़ बढ़ गई। भारत स्काउट एंड गाइड के प्रदेशिक मुख्यालय से सेक्टर 06 से सम्पूर्ण 25 सेक्टरों में भारत स्काउट एंड गाइड के रोवर और रेंजर्स द्वारा दिन भर भूले भटके को आपस में मिलाना व रास्ता दिखाकर घर पहुंचाने का कार्य किया गया। कैंप कार्यालय की देखरेख मेला नोडल अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक पी एन सिंह द्वारा की जा रही है। महापर्व के बाद उमड़ी भीड़ पर माध्यमिक शिक्षा और बेसिक शिक्षा विभाग के स्काउट मास्टर और गाइड कैप्टन के मार्गदर्शन रेलवे स्टेशन प्रयागराज, प्रयाग, प्रयागराज संगम, झूंसी पुल, चुंगी, बैरहना पुल, बेला कछार एक, बेला कछार दो, नेहरू पार्क, दुर्जनपुर, रहिमापुर, सरस्वती गेट, सरस्वती हाइटेक, लेप्रोसी, लक्ष्मी द्वार, रूद्राक्ष चौराहा, आई कुंभ चौराहा, नागवासुकी तिराहा आदि स्थलों से चिलचिलाती धूप में रोवर और रेंजर्स द्वारा मेहनत, लगन, निष्ठा एवं विनम्रता की भाव से श्रद्धालुओं की हर संभव मदद की गई। मौनी अमावस्या पर एक महिला अपने परिजन से बिछड़ गया गई जिसको कैंप कार्यकाल में आश्रय दिया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बुजुर्ग से शिष्टाचार भेंट की व शीघ्रातिशीघ्र परिजन से मिलवाने व घर पहुंचाने का आश्वासन दिया। जिला सचिव कमलेश द्विवेदी ने सभी स्काउटर्स को शिद्दत व ईमानदारी से सेवा करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। जिला नोडल डॉ आकांक्षा केशरी, जिला संगठन आयुक्त वेद प्रकाश भगत, डी ओ सी गाइड गायत्री यादव के निर्देशन में सुरेन्द्र प्रताप सिंह, तीर्थराज पटेल, राजीव रंजन पटेल, इरशाद मसूरी अहमद, पंकज कुमार मिश्र, प्रिया कक्कड़, दर्शी श्रीवास्तव, शशि सोनकर, मीरा सिंह, आकांक्षा कुशवाहा, गीता वर्मा, गरिमा सिंह, प्रियंका, पूनम वर्मा, बृजेश यादव, सावित्री यादव, अवधेश यादव, नरेंद्र सिंह, अजय मिश्रा, रचना, संदीप कुमार, कुलदीप कुमार, अजय, आशु पांडे, मीरा सिंह,, उमलेश चौरसिया, मनीष पाठक, अनिल कुमार तिवारी, डॉ सुधा शुक्ला, कमलाकांत, विनीता राय आदि स्नानार्थियों को गंतव्य तक पहुंचाने में लगे रहे।

## एबीवीपी कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धालुओं की मदद की गई




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रयागराज महाकुम्भ 2025 में घटित दुःखद घटना के पश्चात् अपने विभिन्न अयामों एवं गतिविधियों के माध्यम से लगातार श्रद्धालुओं की सहायता हेतू कार्य कर रही है। कल 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के महास्नान के अवसर पर महाकुम्भ मेला क्षेत्र में बड़ी संख्या में स्नानार्थी पधारे थे। इस दौरान मेला क्षेत्र में घटित दुःखद घटना के पश्चात् विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता श्रद्धालुओं की सेवा एवं सहायता हेतू देर रात्रि से तत्पर हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता अपने विभिन्न आयामों के माध्यम से सेवा कार्य में जुट कर महाकुम्भ में पधारे स्नानर्थियों की सहायता हेतू कार्य कर रहे हैं। मेला क्षेत्र में मेडिवीज़न एवं फार्माविज़न के माध्यम घटना के तुरंत बाद से श्रद्धालुओं को चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई है एवं उनके मरहमपट्टी की भी व्यवस्था कर रहे हैं।

## प्रयागराज आतिशबाजी संघ ने श्रद्धालुओं को बांटा प्रसाद

प्रयाग की गंगा यमुनी तहजीब को साकार करते हुए प्रयागराज आतिशबाजी संघ के तत्वावधान में मौनी आमावस्या पर आये हुए श्रद्धालुओं के लिए एतिहासिक चौक स्थित नीम के पेड़ के पास महाभंडारे का आयोजन किया। 72 घंटे के इस भंडारे में अब तक लाखों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

यहां श्रद्धालुओं के रूकने की व्यवस्था की गयी थी। जिसमें अधिकांश महिला श्रद्धालुओं ने रूक कर प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद वितरण के मौके पर महापौर उमेश कुमार गणेश केसरवानी ने कहा कि प्रयागराज आतिशबाजी संघ के इस प्रयास की जितनी सराहना की जाय कम है। संरक्षक कादिर भाई ने बताया कि यह महाभंडारा 72 घंटे से अनावरत चल रहा है। यहां श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए अस्थाई आश्रय स्थल की व्यवस्था की गई है। कादिर ने बताया कि खासकर महिला श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था यहां की गई है। उनका कहना था कि यहां अब तक लाखों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर यहां लोगों को बिदा करते समय एक लीटर की पानी की बोतल दी गयी जिससे की आगे के सफर में उन्हें पानी की समस्या से दो चार न होना पड़े।



प्रयागराज आतिशबाजी संघ के सचिव मो. सोएब ने बताया कि भंडारे में हैजेनिक महाप्रसाद का वितरण किया जा रहा है। जिसमें एक लीटर की पानी की बोतल, विस्किट के पैकेट, चाय, पकौडी तहरी, आदि हैं। उनका कहना था कि यदि इसी तरह से श्रद्धालुओं का आना जारी रहा तो भंडारा आगे और बढा दिया जायेगा। संघ का लक्ष्य है कि कम से कम 5 लाख श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया जाय। इस मौके पर सुशील खरबंदा, रोहता पाहुजा, सतीश चंद्र केसरवानी, शिवशंकर सिंह,पार्षद सुनीता चोपड़ा, नेम कुमार, आनंद घडियाल, दिनेश सिंह, देवेन्द्र सेठ, मो. नसीम, मो. उमर, करम इलाही, मुन्ना खत्री, अब्दुलरब, इस्त्यिक अहमद, बृजेश चौरसिया, इम्तियाज आदि रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दिखा शाबान का चांद

**लखनऊ।** इस्लामी महीने रजब की 29 तारीख गुरुवार को इस्लामी महीने शाबान का चांद हो गया। मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली और शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने गुरुवार को ऐलान किया कि शुक्रवार 31 जनवरी को पहली शाबान होगी। मौलाना खालिद रशीद ने बताया कि शबे-बरात 13 फरवरी को होगी। मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने बताया कि नवासए रसूल हजरत इमाम हुसैन का जन्मदिन 3 शाबान रविवार 2 फरवरी को होगा। वहीं आल इंडिया शिया चांद कमेटी के महासचिव मौलाना तसनीम मेहदी और इदारए शरैय्या फिरंगी महल के अध्यक्ष मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली ने भी गुरुवार को शाबान का चांद होने का ऐलान करते हुए शुक्रवार को शाबान की पहली तारीख होने का ऐलान किया। वहीं यौमे विलादत हज़रत अब्बास 4 शबान 3 फरवरी शबेबराअत 13 फरवरी यौमे विलादत इमामे ज़माना अस 14 फरवरी को होगी।

### रौजाए जैनबिया में जश्ने मसर्रत आज

**लखनऊ।** हजरत मोहम्मद साहब (स) की नवासी हजरत जैनब (स.अ.) की विलादत के मौके पर रौजाए जैनबिया टिकैत राय तालाब में शुक्रवार (31 जनवरी) को जश्ने मसर्रत शीर्षक से एक महफिल का आयोजन सानिये जहरा महफिल कमेटी की ओर से किया जाएगा।महफिल को मौलाना शौजफ काजिम जरवली दोपहर 1 बजे खिताब करेंगे। इसके बाद शायर ए अहलेबैत एजाज जैदी द्वारा दी गई मिसरे तरह इमाम मांगते हैं तुमसे मशविरा जैनब और शायर ए अहलेबैत हिलाल नकवी द्वारा दी गई मिसरे तरह दुरूद और हजारों सलाम जैनब पर इन दोनों मिसरे तरह पर शायर अपने कलाम पेश करेंगे। महफिल की अध्यक्षता मौलाना अम्मार काजिम जरवली व संचालन जाहिद कानपुरी करेंगे।

### विश्व कुष्ठ दिवस का आयोजन

**लखनऊ।** त्वचा विज्ञान विभाग और सामुदायिक चिकित्सा विभाग ने संयुक्त रूप से एकजुट हो जाओ, काम करो, खत्म करो थीम के तहत विश्व कुष्ठ दिवस का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में कुष्ठ रोग, इसके उपचार और समय रहते पता लगाने और रोकथाम के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। उत्तर प्रदेश की राज्य कुष्ठ अधिकारी डॉ. जया देहलवी ने कुष्ठ रोग के उपचार और रोकथाम पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। उन्होंने कुष्ठ रोग में विकलांगता पुनर्वास के महत्व पर भी प्रकाश डाला, विकृति को रोकने और रोगियों की गतिशीलता में सुधार करने में माइक्रोसेलुलर रबर फुटवियर की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में रोग संचरण को सीमित करने में मदद करने के लिए कुष्ठ रोग के मामलों की समय पर रिपोर्टिंग की आवश्यकता पर बल दिया। इस कार्यक्रम में एरा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. (प्रो.) अब्बास अली महदी और प्राचार्य डॉ. (प्रो.) जमाल मसूद की उपस्थिति ने सार्वजनिक स्वास्थ्य और कुष्ठ उन्मूलन प्रयासों के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को मजबूत किया।

गणतंत्र दिवस के शुभ मौके पर समस्त छात्र, छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई





भगवती प्रसाद
प्रभारी प्रधानाध्यापक
संविलयन विद्यालय फर्द मुंडेरा, क्षेत्र मोतीचक, कुशीनगर

कार्यालयः नगर पंचायत-कपिलवस्तु, जनपद-सिद्धार्थनगर


स्वच्छ कपिलवस्तु
सुंदर कपिलवस्तु
स्वस्थ कपिलवस्तु
पत्रांकः 959/न.पं.कपि.सि.नगर/2024-25
दिनांकः 25.01.2025


नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री


योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उ.प्र.


अरविंद कुमार शर्मा
मा. नगर विकास मंत्री


राकेश राठौर गुरु
मा. राज्य नगर विकास मंत्री


जगदम्बिका पाल
मा. सांसद


श्याम धनी राही
मा. विधायक


सुभाष यदुवंशी
मा. विधान परिषद सदस्य

उमाशंकर
अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), सिद्धार्थनगर

डॉ. राजा गणपति आर
जिलाधिकारी
सिद्धार्थनगर

महाकुंभ-2025

टोल फ्री-1533

26 जनवरी, 2025 (76वें गणतंत्र दिवस) के शुभ अवसर पर नगर पंचायत कपिलवस्तु के सम्मानित नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



नगर पंचायत कपिलवस्तु के सम्मानित जनता से विनम्र अपील की जाती है-

➢ खुले में शौच कदापि न करें। शौचालय का प्रयोग करें। ➢ डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में अपना सहयोग अवश्य करें एवं सूखा कूड़ा व गीला कूड़ा अलग करके कचरा संग्राहक को सौपें। ➢ नगर पंचायत द्वारा चलाई जा रही **'गाय के लिए रोटी'** वाहन में फलों, सब्जियों के छिलके, सूखा खाना एवं अन्य पदार्थ अवश्य दान करें। ➢ नगर में एकल प्रयोग वाली पालीथीन का प्रयोग पूर्णतया प्रतिबन्धित है। इसका प्रयोग ना करें। पर्यावरण को प्लास्टिक के प्रदूषण से मुक्त बनायें। ➢ कूड़ा-करकट आदि नालियों, सड़कों, खुले स्थानों में न फेंके, सफाई में सहयोग करें। ➢ पौधा लगायें, पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने में सहयोग करें। ➢ सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण न करें। ➢ जल ही जीवन है इसकी बचत करें और भूगर्भ जलस्तर को बनाये रखने में अपना सहयोग करें। ➢ गृहकर व सेल्फ असेसमेन्ट हेतु हाउसहोल्ड सर्वे में सहयोग प्रदान करें। ➢ जन्म और मृत्यु की सूचना 21 दिनों के भीतर कार्यालय में दर्ज करायें। ➢ पथ प्रकाश बिन्दुओं को क्षति ना पहुंचायें। ➢ कूड़ेदान का प्रयोग करें। ➢ किसी भी समस्या के लिए टोल फ्री नं.1533 पर कॉल करें। ➢ यह नगर आपका है इसे स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखने में सहयोग करें।

**सुविधायें:-** ➢ पानी की पूर्ति प्रतिदिन समयानुसार की जाती है। ➢ मुख्य सड़कों एवं प्रत्येक वार्डों में सफाई की समुचित व्यवस्था की गयी है। ➢ नगर पंचायत अपने संसाधन बढ़ाये जाने एवं इस निकाय को सुदृढ़ बनाये जाने हेतु तत्पर है।

नवीन सिंह
अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत-कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर

आरती देवी
अध्यक्षा, नगर पंचायत-कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर

**समस्त सम्मानित सदस्यगण:–** ➢ श्रीमती सुशीला देवी, सभासद वार्ड नं.1, ➢ श्रीमती तारामती देवी, सभासद वार्ड नं.2, ➢ श्री धर्मेन्द्र कन्नौजिया, सभासद वार्ड नं.3, ➢ श्री जमाल अहमद, सभासद प्रतिनिधि वार्ड नं. 5, ➢ श्रीमती बबुनी गिरी, सभासद वार्ड नं.6, ➢ श्री राजकुमार चौधरी, सभासद वार्ड नं.7, ➢ श्रीमती ममता यादव, सभासद वार्ड नं.9, ➢ श्री अजीजुर्रहमान, सभासद वार्ड नं.10, ➢ श्री सतीश जायसवाल, सभासद वार्ड नं.11, ➢ श्री कमरूद्दीन, सभासद वार्ड नं.12, ➢ श्रीमती विद्यावती, सभासद वार्ड नं.13, ➢ श्री अब्दुल अली, सभासद वार्ड नं.14, ➢ श्री संदीप मोदनवाल, सभासद वार्ड नं.15, ➢ श्री दिनेश यादव, सभासद वार्ड नं.16



जावेद आलम उर्फ चुन्ने प्रधान
अध्यक्ष प्रतिनिधि, नगर पंचायत-कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर